विषय सूची

अध्याय	**1**	परिचय : सांख्यिकी एक विषय	5
अध्याय	**2**	समंकों का संकलन, अर्थ, प्रकार, संग्रह	16
अध्याय	**3**	समंकों का वर्गीकरण तथा सारणीयन	29
अध्याय	**4**	समंकों का चित्रमय प्रदर्शन	48
अध्याय	**5**	समंकों का बिन्दुरेखीय प्रदर्शन	63
अध्याय	**6**	सांख्यिकी माध्य	86
अध्याय	**7**	अपकिरण का माप	161
अध्याय	**8**	सहसम्बन्ध	209
अध्याय	**9**	प्रतीपगमन विश्लेषण	238
अध्याय	**10**	गुणसम्बन्ध	262
अध्याय	**11**	निर्देशांक	292
अध्याय	**12**	काल–श्रेणियों का विश्लेषण	326
अध्याय	**13**	आन्तरगणन तथा बाह्यगणन	354
अध्याय	**14**	सम्भावना सिद्धान्त	379
अध्याय	**15**	सैद्धान्तिक आवत्ति वितरण	419

अध्याय - 1

परिचय : सांख्यिकी एक विषय
(Introduction : Statistics as a Subject)

सांख्यिकी का उद्‌गम एवं विकास
(Origin and Growth of Statistics)

यद्यपि आधुनिक अर्थ में, 'सांख्यिकी' शब्द बहुत पुराना नहीं है, तथापि यह शब्द प्राचीन काल से प्रयुक्त होता रहा है। इस शब्द की उत्पत्ति किस प्रकार हुई यह एक रोचक विषय है।

आंग्ल भाषा के 'Statistics' तथा 'Statistical' शब्दों की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'Status', इटैलियन भाषा के 'Statsta' और जर्मन भाषा के शब्द 'Statistsik' से हुई। इन सभी शब्दों का अर्थ राजनैतिक राज्य (Political State) है। 'Statistics' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग करने का श्रेय जर्मनी के प्रसिद्ध गणिताचार्य गॉटफ्रायड एचेनवाला को प्राप्त है। इन्हें सांख्यिकी का जन्मदाता भी कहा जाता है। सत्रहवीं शताब्दी में प्रसिद्ध कवि सम्राट विलियम शेक्सपीयर तथा महाकवि मिल्टन ने अपनी रचनाओं में इस शब्द का प्रयोग इसी अर्थ में किया था। शेक्सीपयर ने अपने प्रसिद्ध नाटक 'हैम्लेट' तथा 'साइम्बलाइन में और मिल्टन ने अपने महाकाव्य 'पैराडाइज रीगेन्ड' में इस शब्द का प्रयोग किया था। 1770 में बेरन जे. एफ. वॉन बॉपलफील्ड ने अपनी पुस्तक 'The Element of Universal Erudition' में सांख्यिकी पर एक अध्याय सम्मिलित किया था। उन्होंने सांख्यिकी को 'ज्ञात संसार' के आधुनिक राज्यों की राजनैतिक अवस्था सिखाने वाले विज्ञान के रूप में परिभाषित किया था।

पिछली तीन शताब्दियों में सांख्यिकी विज्ञान का बहुमुखी विकास हुआ था। इस विषय में 'अब्राहम डी मॉयर, लाप्लेस, गॉस, गाल्टन, कार्ल पियर्सन, विलियम एस. गोसेट, आर. ए. फिशर आदि के नाम उल्लेखनीय है। भारत में प्रो. पी. सी. महालानोबिस, डॉ वी. के. आर. राव एवं डॉ. पी. वी. सुखात्मक के नाम सांख्यिकी के विकास के क्षेत्र में विशेष तौर पर उल्लेखनीय हैं।

सांख्यिकी विज्ञान की उत्पत्ति दो स्त्रोतों से हुई है :-

(1) सरकारी अभिलेख; तथा

(2) गणित

(1) सरकारी अभिलेख (Governemnt Records) : यह सबसे प्राचीन स्त्रोत है। सरकारी कार्यों के लिये जनसंख्या की गणना की जाती थी। उदाहरणार्थ, 'मिस्त्र में पुलिस के पास प्रत्येक परिवार के मुखिया का लेखा होता है। इसी प्रकार जूडिया में जनसंख्या की गणना ईसा से 2030 वर्ष पूर्व हुई थी। जिसके अनुसार जनसंख्या का अनुमान 3,800,000 लगाया गया था। रोम में पहली जनगणना ईसा में 430 वर्ष पूर्व हुई थी। रोम में जनगणना के अतिरिक्त फौजी शक्ति, कर क्षमता, जन्म तथा मत्यु -दर सम्बन्धी समंक एकत्रित किये जाते थे। चूँकि समंक अधिकांशतः सरकारी कार्यों के लिये एकत्र किये जाते थे, इसलिये इसको 'सरकारी-विज्ञान' या 'राजतन्त्र की कला' कहा जाता था। सोलहवीं शताब्दी के आरम्भ में सांख्यिकी पर कई पुस्तकें प्रकाशित हुई।

(2) गणित (Mathematics) : आधुनिक सांख्यिकी विधियाँ, विशेषतया न्यादर्श के आधार पर समग्र का ज्ञान, गणित के संभावना सिद्धान्त पर आधारित है। इंग्लैंड व फ्रांस में प्रचलित जुए की प्रवत्ति से इस सिद्धान्त का उद्‌गम हुआ। सत्रहवीं शताब्दी में डी मॉयर, फरमेट, गैलिलियों और प्रमुख गणितशास्त्री 'जैम्स बरनौली, डैनियल बरनौली, इत्यादि ने हार-जीत के अवसर जानने के लिये सम्भावना सिद्धान्त की रचना की। आधुनिक संख्या-शास्त्री, प्राचीन काल के जुआरी की भाँति, किसी कार्य में निहित जोखिम को मापने में लगा है। किसी एक घटना से क्या होगा, बताना कठिन है परन्तु घटनाओं की संख्या अधिक हो तो सम्भावना अथवा अनुमान-संबंधी सिद्धान्त की सहायता से ठीक-ठीक अनुमान लगाया जा सकता है। प्रसिद्ध गणितशास्त्री डी मौरे ने सामान्य वक्र की खोज की, जो आधुनिक सांख्यिकी

सिद्धान्त का महत्त्वपूर्ण अंग है। पिछली शताब्दी में सांख्यिकी रीतियों में काफी प्रगति हुई है। प्रमुख संख्या-शास्त्रियों फ्रांसीसी गैलटर्न, ए. एल. बाउले, एजवर्थ कार्ल पियर्सन, आर. ए. फिशर, येट्स आदि ने सांख्यिकी विधियों के विकास में महत्त्वपूर्ण सहयोग दिया। इन्हीं के प्रयत्नों के सांख्यिकी एक समद्धिशाली शास्त्र बन सकी है।

सांख्यिकी का विकास (Growth of Statistics) : सांख्यिकी की उत्पत्ति राज्य विज्ञान (Science of Statecraft) के रूप में हुई। प्राचीन काल में सांख्यिकी का प्रयोग राज्यों के शासन प्रबन्ध को उचित रूप से चलने के लिये किया जाता था। आधुनिक समय में सांख्यिकी को निर्णय लेने का एक महत्त्वपूर्ण साधन माना जाता है। वास्तव में, प्रत्येक विज्ञान सांख्यिकी का प्रयोग किसी न किसी रूप में अवश्य करता है। सांख्यिकी के विकास के निम्नलिखित दो प्रमुख कारण हैं :-

(1) सांख्यिकी की बढ़ती हुई माँग (Increasing Demand for Statistics) : आधुनिक युग में व्यापार, वाणिज्य एवं सरकारी कार्यों में बहुत प्रगति हुई है। सांख्यिकी उचित नीतियों के निर्धारण में सहायता देती है इसलिये इसकी आवश्यकता बहुत बढ़ जाती है। व्यापार के कार्य क्षेत्र में वद्धि होती जा रही है तथा व्यापारिक समस्यायें जटिल होती जा रही हैं। इस जटिलता को वास्तविक तथ्यों के आधार पर सुगमता से सुलझाया जा सकता है।

सरकार को उचित रूप से शासन चलाने के लिये सांख्यिकी का अधिकाधिक प्रयोग करना पड़ रहा है। प्राचीन काल में सरकारी कार्य केवल आन्तरिक कानून व्यवस्था तथा देश को विदेशी आक्रमणों से बचाना था। सरकार आर्थिक समस्याओं से कम-से-कम हस्तक्षेप करने की नीति अपनाती थी; परन्तु आज सरकार का कार्य केवल कानून व्यवस्था को बनाये रखना अथवा विदेशी आक्रमणों से बचाना ही नहीं है। अब सरकार प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय है और उन सब कार्यों में अग्रसर है जो मानव-कल्याण के लिए आवश्यक है। उपयुक्त नीतियों के निर्माण में सांख्यिकी का अत्यधिक योगदान है।

विज्ञान के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है। अन्वेषण कार्य बहुत तेजी से बढ़ रहा है। सांख्यिकी विज्ञान अन्वेषण कार्य के लिये एक प्रकार का उपकरण है। इस प्रकार अनेक दिशाओं में सांख्यिकी की बढ़ती हुई माँग से सांख्यिकी विधियों के विकास को बहुत अधिक प्रोत्साहन मिला है।

(2) सांख्यिकी की घटती हुई लागत (Decreasing Cost of Statistics) : सांख्यिकी का प्रयोग समंकों को एकत्र करने में लगे समय और लागत पर निर्भर करता है। विद्युतगणक (Electronic Computers) के अविष्कार से समंक एकत्र करने के समय व लागत में बहुत बचत हुई है। उदाहरण के लिये, बड़े-बड़े अंकों का योग, गुणा, भुजा, वर्ग व वर्गमूल कुछ ही क्षणों में मशीनों द्वारा ज्ञान किया जा सकता है। फलस्वरूप सांख्यिकी का प्रयोग समस्याओं को हल करने में दिन-प्रति-दिन बढ़ता जा रहा है।

सांख्यिकी सिद्धान्तों के विकास में समंकों का एकत्र तथा विश्लेषण करने की लागत में बहुत कमी हुई है। उदाहरण के लिए निदर्शन रीति सहायता से समग्र का अध्ययन बहुत सरल हो गया है। 1935 में सांख्यिकी की एक शाखा परीक्षण के प्रारूप में भी काफी विकास हुआ है। इसके द्वारा समंकों का एकत्र करने तथा उनके विश्लेषण में लागत एवं समय की बहुत बचत हुई है। यद्यपि अनेक विद्वानों ने सांख्यिकी के विकास में योगदान दिया था तथापि आर. ए. फिशर तथा कार्ल पियर्सन के नाम विशेष तौर पर उल्लेखनीय हैं।

सांख्यिकी की परिभाषायें
(Definitions of Statistics)

'सांख्यिकी' शब्द की अनेक परिभाषायें दी गई है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे तथ्यों के समूह (facts and figures or data) के रूप में माना है तथा कुछ ने सांख्यिकीय विधियों (Statistical Methods) के रूप में। कुछ प्रसिद्ध विद्वानों द्वारा दी गई परिभाषाओं का यहाँ विवेचन किया गया है।

वेब्स्टर (Webster) सांख्यिकी की परिभाषा इस प्रकार दी है :-

''समंक एक राज्य की जनता की स्थिति से सम्बन्धित वर्गीकृत तथ्य हैं - विशेष रूप से वे तथ्य जिनको अंकों के रूप में अथवा किसी भी सारणी या वर्गित पद्धति द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त परिभाषा बहुत ही संकीर्ण है। इसके द्वारा सांख्यिकी का क्षेत्र केवल राजकीय लाभ के अंक संकलन में है। वास्तव में सांख्यिकी का क्षेत्र अब अत्यन्त विस्तत हो गया है।

डॉ. बाउले के अनुसार, ''किसी अनुसन्धान से सम्बन्धित अंकों में व्यक्त किये गये उन तत्वों के विवरण को समंक कहते हैं जिन्हें एक-दूसरे के सम्बन्ध में रखा जा सकता है।''

इस परिभाषा के अनुसार समंकों की तीन विशेषतायें होती हैं :-

(*i*) समंक तथ्यों को संख्यात्मक रूप से व्यक्त करते हैं;

(*ii*) समंक किसी अनुसन्धान से सम्बन्धित होते हैं; तथा

(*iii*) तुलना करने के लिए समंकों को एक-दूसरे के सम्बन्ध में रखा जाता है।

इस परिभाषा में समंकों की कुछ ही विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया है - समस्त विशेषताओं पर नहीं; अर्थात् यह परिभाषा भी संकीर्ण है।

प्रो. यूल तथा केण्डल के अनुसार, ''समंकों का तात्पर्य उन संख्यात्मक तथ्यों से है। जो पर्याप्त सीमा पर अनेक प्रकार के कारणों से प्रभावित होते हैं।'' यह परिभाषा भी पूर्ण नहीं है क्योंकि इसमें समंकों की केवल दो विशेषताओं का ही उल्लेख किया गया है। (क) संख्या में व्यक्त होना तथा (ख) अनेक कारणों से प्रभावित होना।

प्रो. हौरेस सेक्रिस्ट (Prof. Horace Secrist) ने सांख्यिकी शब्द की परिभाषा इस प्रकार दी है :-

''सांख्यिकी से हमारा अभिप्राय तथ्यों के उस समूह से है, जो अनेक कारणों से पर्याप्त मात्रा में प्रभावित होते हैं, जिन्हें अंकों में व्यक्त किया जाता है, जिनकी गणना या अनुमान परिशुद्धता के एक उचित स्तर के अनुसार की जाती है, जिन्हें पूर्व-निश्चित उद्देश्य के लिए एक व्यवस्थित ढंग से संग्रहीत किया जाता है तथा तुलना के लिए एक-दूसरे के सम्बन्ध में रखा जा सकता है।''

इस परिभाषा के अनुसार समंकों के निम्न प्रमुख लक्षण कहे जो सकते हैं :-

(1) तथ्यों के समूह (Aggregate of Facts) : अकेला अथवा असम्बद्ध अंक समंक नहीं कहलाता। व्यक्तिगत अथवा असम्बद्ध समंकों की तुलना नहीं की जा सकती क्योंकि उनका आपस मे कोई सम्बन्धी नहीं होता। उदाहरण के लिए, यह वाक्य 'राम की आय 50,000 रू. वार्षिक है' सांख्यिकी नहीं कहलायेगा यद्यपि यह तथ्य अंकों में व्यक्त है। इसी प्रकार उत्पादन, बिक्री, जन्म, मत्यु , रोजगार, क्रय, आदि के अकेले अंक समंक नहीं हो सकते। पिछले पाँच या दस वर्षों के उत्पादन, बिक्री आदि में समंकों को सांख्यिकी कहेंगे क्योंकि इनकी तुलना की जा सकती है।

(2) विविध कारणों से प्रभावित (Affected to a Market Extent by Multiple of Causes) : साधारणतया, समंकों पर कई कारणों का प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिए, चावल की उपज बहुत बातों पर निर्भर है, जैसे वर्षा ठीक हुई है या नहीं, भूमि की क्षमता, बीज की किस्म, खाद का प्रयोग, खेती का ढंग, इत्यादि। निश्चित रूप से यह कहना बहुत कठिन है कि चावल की उपज पर इन सब कारणों का अलग-अलग क्या प्रभाव पड़ा। चावल की उपज इन सब कारणों के सम्मिलित प्रभाव का परिणाम है। भौतिक शास्त्र तथा रसायन शास्त्र में अलग-अलग कारणों का प्रभाव आसानी से ज्ञात किया जा सकता है। सांख्यिकी विज्ञान में इस दिशा में कुछ कार्य अवश्य हो रहा है। तो भी घटनाओं का अलग-अलग प्रभाव जानना बहुत कठिन है क्योंकि बहुत से प्रभाव है जो नाप-तौल के योग्य नहीं है।

(3) संख्यात्मक रूप में अभिव्यक्त (Numerically Expressed) : गुणात्मक वाक्य जैसे 'भारत की जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है'' या ''गेहूँ का उत्पादन काफी नहीं है'' आदि स्पष्ट हैं तथा इनका कोई अर्थ नहीं निकलता। सांख्यिकी तथ्यों को संख्यात्मक रूप में व्यक्त करती है जिसके अनेक लाभ हैं।

(4) यथोचित परिशुद्धता (Reasonable Standard Accuracy) : समंक दो विधियों से एकत्र किये जा सकते हैंः गिनती अथवा माप, और अनुमान से। अनुमान विधि पूर्ण गणना विधि की तुलना में इतनी शुद्ध नहीं है। उदाहरण के लिये अनुमान है कि 1992 में दस लाख व्यक्तियों ने 26 जनवरी की परेड देखी; इसका अर्थ है कि कुछ हजार व्यक्ति अधिक हो सकते हैं या कुछ हजार कम हो सकते हैं। यदि हम कक्षा में बैठे विद्यार्थियों को गिनकर कहें कि 60 विद्यार्थी बैठे हैं तो यह वाक्य शत-प्रतिशत शुद्ध होगा कुछ परिस्थितियों में शत-प्रतिशत शुद्धता होना असम्भव है, अतः उनमें अनुमान विधि अपनानी पड़ती है। जाँच के उद्देश्य एवं क्षेत्र के अनुसार ही शुद्धता होना असम्भव है, अतः उनमें अनुमान विधि अपनानी पड़ती है। जाँच के उद्देश्य एवं क्षेत्र के अनुसार ही शुद्धता के स्तर का निर्णय किया जाता है। उदाहरण के लिए, मनुष्यों की ऊँचाई सेन्टीमीटर में नापी जा सकती है। परन्तु दो शहरों के बीच की दूरी नापने के लिए हम किलोमीटर में ही नाम ज्ञात करेंगे। जैसा कि ऊपर कहा गया है प्रत्येक सांख्यिकी अध्ययन में शत-प्रतिशत शुद्धता नहीं हो सकती, तो भी यथोचित परिशुद्धता होना आवश्यक है अन्यथा समंक भ्रामक होंगे।

(5) सुनियोजित ढंग से संग्रहीत (Collected in a Systematic Manner) : समंक एकत्र करने से पहले तथा सुव्यवस्थित योजना बना लेना चाहिये। अव्यवस्थित ढंग से समंक एकत्र करने पर गम्भीर परिणाम होने की आशंका हमेशा बनी रहेगी।

(6) पूर्व निश्चित उद्देश्य (Pre-determined Purpose) : समंक पूर्व-निश्चित उद्देश्य के लिए एकत्र किये जाने चाहियें। बिना उद्देश्य संग्रहीत किये गये समंक प्रायः निरर्थक होते हैं।

(7) पारस्परिक सम्बन्ध (Placed in Relation to each other) : समंक सम्बद्ध होने चाहियें ताकि उनकी तुलना सुगमता से की जा सके। प्रायः उनकी तुलनाएं समयानुसार अथवा क्षेत्रानुसार की जाती है। उदारहण के लिए, भारत की 1991 की जनसंख्या की तुलना पिछले वर्षों की जनसंख्या से की जा सकती है। भारत की जनसंख्या की तुलना अमरीका और इंगलैंड की जनसंख्या के साथ की जा सकती थी। सार्थक तुलना तभी हो सकती है जबकि समंकों का आपस में सम्बद्ध हो। ऊँटों की ऊँचाई की तुलना मनुष्यों की ऊँचाई से की जायें तो यह सार्थक नहीं होगी।

उपर्युक्त वर्ण से यह स्पष्ट है कि सभी समंक संख्यात्मक होते हैं किन्तु सभी संख्यात्मक तथ्य समंक नहीं होते (All statistics are numeral statements of facts but all numerical statements of facts are not statistics) अतः अंकों को समंक तभी कहा जा सकता है जबकि उसमें उपर्युक्त लक्षण विद्यमान हो।

सांख्यिकी विधियाँ
(Statistical Methods)

कई लेखकों ने, जिनमें बाउले, बोडिन्गटन, सैलिंगमैन तथा क्रोक्सटन और कॉउटन के नाम उल्लेखनीय हैं, सांख्यिकी की परिभाषा बहुवचन के रूप में की है।

प्रो. ए. बाउले ने तीन परिभाषायें दी है : एक स्थान पर बाउले ने कहा कि कि ''सांख्यिकी गणना का विज्ञान है।'' यह परिभाषा बहुत ही संकीर्ण है, क्योंकि यह केवल एक ही पक्ष प्रस्तुत करती है। विश्लेषण, निर्वचन, आदि पक्षों का उल्लेख इस परिभाषा से नहीं मिलता।

बोडिंगटन (Boddington) के अनुसार, ''सांख्यिकी अनुमानों और सम्भावनाओं का विज्ञान है।'' यह परिभाषा भी ठीक नहीं है क्योंकि इसमें अनुमान तथा सम्भावनाओं के एक पक्ष पर ही प्रकाश डाला गया है, अन्य पक्षों को इसमें स्थान नहीं मिलता।

कॉक्सटन (Croxton) तथा **कॉउडन (Cowden)** ने एक बहुत सरल तथा विस्तत परिभाषा इस प्रकार दी है : ''सांख्यिकी को संख्यात्मक तथ्यों के संग्रहण, प्रस्तुतीकरण, विश्लेषण और निर्वचन से सम्बन्धित कहा जा सकता है।''

यह परिभाषा सांख्यिकी अनुसन्धान (Statistical Investigation) की चार अवस्थाओं का वर्णन करती है। (*i*) समंकों का संकलन, (*ii*) प्रस्तुतीकरण, (*iii*) विश्लेषण एवं (*iv*) निर्वचन।

उपर्युक्त परिभाषा में व्यवस्था (Organisation) का समावेश नहीं है। यह कहना अधिक उचित होगा कि सांख्यिकी समंकों के एकत्रीकरण उनकी व्यवस्था, प्रस्तुतीकरण विश्लेषण तथा निर्वचन का विज्ञान है।

(1) समंकों का संकलन (Collection of Data) : सांख्यिकी अनुसन्धान में समंकों का संकलन सबसे प्रमुख कार्य है। समंक सांख्यिकी विश्लेषण तथा निर्वचन की आधारशिला की तरह होते हैं। यदि समंक अशुद्ध अपर्याप्त हैं तो उनसे निकाले जाने वाले निष्कर्ष भी भ्रमात्मक होंगे। समंक दो प्रकार के होते हैं — प्राथमिक व द्वितीयक। प्राथमिक समंक अनुसन्धानकर्ता द्वारा आरम्भ से अन्त तक नये सिरे से एक किये जाते हैं। द्वितीयक समंक पहले से ही अन्य व्यक्तियों व संस्थाओं द्वारा एकत्रित एवं प्रकाशित किये जा चुके होते हैं, अनुसन्धानकर्ता तो केवल उनका प्रयोग करता है। चाहे समंक प्राथमिक हो या द्वितीयक, उनके संकलन व प्रयोग में बहुत सावधानी की आवश्यकती होती है।

(2) एकत्रित समंकों को व्यवस्थित करना (Organising Collected Data) : समंकों को व्यवस्थित करने में सबसे पहला कार्य सम्पादन का है। सम्पादन का कार्य बहुत ही ध्यानपूर्वक किया जाना चाहियें ताकि अशुद्धियों, अतर्कपूर्ण और अनावश्यक तथ्यों को अलग किया जा सके। जब समंकों का सम्पादन कार्य पूरा हो जाता है तब उनका वर्गीकरण किया जाता है। वर्गीकरण इस मुख्य उद्देश्य एक ही विशेषता वाले समंकों के साथ रखना होता है। इन समंकों के आधार पर सारणी बनाई जाती है। सारणी बनाने का उद्देश्य समंकों तथा पंक्तियों में बाँटना है ताकि प्रस्तुत समंक आसानी से समझ में आ सकें तथा सांख्यिकीय विश्लेषण के लिए प्रयोग किये जा सकें।

(3) व्यवस्थित समंकों को प्रस्तुत करना (Presenting the Organised Data) : समंकों को एकत्र करने तथा व्यस्थित करने के पश्चात् प्रस्तुत किया जाता है। ठीक प्रकार से प्रस्तुत समंक सांख्यिकी विश्लेषण में बहुत सहायक होते हैं। एकत्रित समंकों को प्रस्तुत करने की तीन विधियाँ हैं :-

(*i*) सांख्यिकी, सारणी

(*ii*) चित्र, तथा

(*iii*) रेखाचित्र

(4) समंकों का विश्लेषण (Analysis of Data) : समंकों को एकत्र, व्यवस्थित तथा प्रस्तुत करने के पश्चात उनका विश्लेषण किया जाता है इस पुस्तक में अधिकांश समंकों के विश्लेषण की रीतियों का ही वर्णन किया गया है। विश्लेषण रीतियाँ सरल से सरल एवं कठिन से कठिन हैं लेकिन इस पुस्तक में केवल उन्हीं विश्लेषण रीतियों का उल्लेख किया गया है जो साधारणतया प्रयोग में आती हैं, जैसे केन्द्रीय प्रवत्ति के माप , विचरण के माप, सहसम्बन्ध, प्रतीपगमन आदि।

(5) समंकों का निर्वचन (Interpretation of Data) : सांख्यिकी अनुसंधान में अंतिम कार्य निर्वचन करना अर्थात एकत्रित या विश्लेषण समंकों से निष्कर्ष निकालना है। निर्वचन का कार्य बहुत की कठिन होता है जिसके लिये उच्चकोटि के अनुभव एवं योग्यता की आवश्यकता है। यदि विश्लेषित समंकों का ठीक ढंग से निर्वचन किया जाये तो अनुसंधान का उद्देश्य विफल हो जायेगा और निष्कर्ष अशुद्ध होंगे। उचित निर्वचन के द्वारा ही सही निष्कर्षों पर पहुँच कर ठीक निर्णय लिया जा सकता है।

स्मरण रहे कि सांख्यिकी अनुसंधान की पाँचों अवस्थायें एक-दूसरे से सम्बन्धित हैं। इसका विभाजन सांख्यिकी रीतियों के क्रमबद्ध अध्ययन में सहायता देता है।

सांख्यिकी की परिभाषा में नवीन प्रवत्ति
(New Trends in the Definition of Statistics)

पिछले कुछ वर्षों से सांख्यिकी विज्ञान में गणितीय सम्भावना सिद्धान्त का बहुत प्रयोग किया जा रहा है, इसलिये सांख्यिकी को 'अनिश्चितता में निर्णय लेने की कला व विज्ञान' माना जाने लगा है। निम्न परिभाषाओं से इसका स्पष्ट आभास होता है:-

हैडले (Hadley) के शब्दों में, ''आधुनिक अर्थ में सांख्यिकी अनिश्चितता वाली किसी स्थिति के बारे में संकलित समंकों का प्रयोग करके उस स्थिति के विषय में ठोस निष्कर्ष निकाले की विधि है।''

वॉलिस तथा **राबर्ट** के अनुसार, ''सांख्यिकी अनिश्चितता की परिस्थितियों में बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने की विधि है।''

सांख्यिकी निष्कर्ष शायद ही कभी पूर्ण सत्य होते हैं। जब उनका प्रयोग किया जाता है तो अनिश्चितता बनी रहती है। सांख्यिकी निष्कर्षों में अनिश्चितता का विचार करके हमें सांख्यिकी विज्ञान को ठुकराना नहीं चाहिये। जॉन आई. गिफिन ने ठीक ही कहा है : - ''यद्यपि सांख्यिकी ज्ञान अपूर्णता तथा अनिश्चितता की विशेषता से सदा युक्त रहता है, तथापि इस अपूर्ण तथा अनिश्चित ज्ञान को बेकार समझकर अस्वीकार नहीं करना चाहिये क्योंकि सांख्यिकी विधियाँ अपूर्णतया तथा अनिश्चितता के मापन की व्याख्या करती है।''

सांख्यिकी — विज्ञान अथवा कला
(Statistics — Science or Art)

सांख्यिकी विज्ञान है अथवा कला या दोनों ही, यह विवाद का विषय है विज्ञान का अभिप्राय एक क्रमबद्ध ज्ञान के भण्डार से है। विज्ञान कारणों एवं प्रभावों का अध्ययन करके वैज्ञानिक सिद्धान्तों एवं रीतियों का सामान्ययन करता है: यह तथ्य का निष्पक्ष वर्णन करता है तथा पक्षपातपूर्ण निर्णयों को दूर करने का भरसक प्रयत्न करता है। विज्ञान उस प्रकाश-स्तम्भ (Light House) के समान है जो आते-जाते जलयानों को अपना मार्ग ढूँढ़ने में सहायता तो करता है लेकिन उन्हें यह नहीं बताता कि वे किसी ओर जायें। प्रकाश की सहायता से जलयानों को स्वयं ही अपना मार्ग खोजना पड़ता है।

कार्ल पियर्सन के मतानुसार वह ज्ञान जो (*i*) नागरिकों को मानसिक शिक्षा दे, (*ii*) महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं पर प्रकाश डाले, (*iii*) व्यावहारिक जीवन में आनन्द प्रदान करें, (*iv*) हमारी कलात्मक भावनाओं को सन्तुष्टि प्रदान करें, विज्ञान कहा जा सकता है। सांख्यिकी में इन सभी बातों का समावेश है — अतः इसे विज्ञान माना जा सकता है।

सांख्यिकी विज्ञान अवश्य है परन्तु इसे भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा समाजशास्त्र जैसा विज्ञान नहीं माना जा सकता। इसे वैज्ञानिक पद्धतियों का विज्ञान कहा जा सकता है क्योंकि यह अन्य विज्ञानों के सिद्धान्तों के प्रतिपादन में सहायता देती है। सांख्यिकी विज्ञान तथा अन्य विज्ञान में भी मूल अन्तर है। सांख्यिकी विधियाँ अन्य क्षेत्रों का ज्ञान प्राप्त करने में सहायक होती हैं इसलिये कहा जाता है कि ''सांख्यिकी की सहायता के बिना विज्ञान रूपी वक्ष में फल नहीं लगता , उसी प्रकार विज्ञान की सहायता के बिना सांख्यिकी की जड़े मज़बूत नहीं होती।''

कला किसी निश्चित उद्देश्य को पूरा करने का ढंग बताती है। यह व्यावहारिक ज्ञान है अर्थात् — विज्ञान यदि ज्ञान (Knowledge) है तो कला क्रिया है। कला के निम्न लक्षण होते हैं :-

(1) कला उन क्रियाओं का समूह है जिनके द्वारा समस्याओं का हल किया जाता है।

(2) कला तथ्यों का वर्णन ही नहीं करती बल्कि उसके गुण दोषों तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने के उपाय भी बताती है।

(3) कला की साधना में विशेष निपुणता और अनुभव आदि की आवश्यकता होती है।

सांख्यिकी में सभी उपर्युक्त विशेषतायें पाई जाती हैं। सांख्यिकी में हम विभिन्न सांख्यिकीय रीतियों और नियमों का ही अध्ययन नहीं करते अपितु यह भी सीखते हैं कि निश्चित उद्देश्यों की पूर्ति के लिये व्यवहार में इनका प्रयोग किया प्रकार किया जाये। विभिन्न सांख्यिकीय रीतियों का प्रयोग करने के लिए निपुणता और अनुभव अनिवार्य है। अतः सांख्यिकी कला भी है।

यह कहना उचित होगा कि सांख्यिकी विज्ञान तथा कला दोनों ही है — टिप्पेट ने ठीक ही कहा है कि, ''सांख्यिकी विज्ञान तथा कला दोनों है - यह विज्ञान है क्योंकि इसकी रीतियाँ मौलिक रूप से व्यवस्थित हैं और उनका सर्वत्र प्रयोग होता है, यह एक कला है क्योंकि इसकी रीतियों का सफल प्रयोग पर्याप्त सीमा तक सांख्यिकी की योग्यता व विशेष अनुभव तथा उनके प्रयोग क्षेत्र, जैस अर्थशास्त्र के ज्ञान पर निर्भर होता है।''

सांख्यिकी के कार्य
(Functions of Statistics)

सांख्यिकी के निम्नलिखित मुख्य कार्य हैं :-

(1) तथ्यों को स्पष्ट रूप में प्रकट करना (To Present Facts in a Definite Form) : अंकों में कही गई बात विश्वसनीय होती हैं। साधारण कथनों को संक्षिप्त तथा स्पष्ट रूप से प्रकट करना सांख्यिकी का मुख्य कार्य है। अंकों द्वारा प्रकट तथ्य, अस्पष्ट कथनों की तुलना में कही अधिक विश्वसनीय होते हैं। सांख्यिकी तथ्यों को संक्षिप्त तथा स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करके शीघ्रता से समझने योग्य बनाने में सहायक होती है। उदाहरण के लिये, यह वाक्य कि, ''भारत में चावल का उत्पादन बढ़ रहा है'' निरर्थक है क्योंकि इसमें स्पष्टता का अभाव है। लेकिन यह तथ्य कि भारत में चावल का उत्पादन 1990-91 में 74.1 m. tonnes था स्पष्ट सूचना प्रदान करता है। इसी प्रकार यह वाक्य कि ''भारत में बहुत बेकारी है'', भारत की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है'' वस्तुओं की कीमत तेजी से बढ़ रही हैं'' आदि कोई स्पष्ट सूचना नहीं देते क्योंकि जब तक समस्या अंकों में व्यक्त न की गई हो तब तक समस्या की वास्तविक स्थिति का ज्ञान नहीं होता।

(2) तथ्यों को सरल तथा संक्षिप्त रूप में प्रकट करना (To Present Facts in a Simple and Condensed Form) : सांख्यिकी तथ्यों को सरल तथा संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करती है। बिखरे हुए समंकों के अपार समूह से कोई परिणाम नहीं निकाले जो सकते। उदाहरणार्थ, एक कारखाने में काम करने वाले 20,000 मजदूरों के वेतन के समंक अपने आप में निरर्थक हैं लेकिन उनका प्रयोग औसत वेतन ज्ञात करने में किया जा सकता है। कुल वेतन को व्यक्तियों की संख्या से भाग देकर औसत वेतन ज्ञात होगा। मान लिजिये कारखाने में काम करने वाले मज़दूरों का औसत वेतन 1275 रू. है। वेतन समंकों को विस्तत अध्ययन के लिये विभिन्न वर्गों में इस प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है : -

मासिक वेतन (रू. में)	मज़दूरों की संख्या
800 से कम	5,280
800-1000	8,320
1000-1200	3,122
1200-1400	1,887
1400 से अधिक	1,391
योग	**20,000**

विभिन्न सांख्यिकी रीतियों जैसे वर्गीकरण, केन्द्रीय प्रवत्ति के माप , अपकिरण के माप, आदि का प्रयोग करके जटिल सांख्यिकी सामग्री को सरल बनाया जा सकता है जिसके आधार पर महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं।

(3) तथ्यों का तुलनात्मक अध्ययन (To Facilitate Comparison of Data) : समंकों की पारस्परिक तुलना के बिना कोई परिणाम नहीं निकाले जा सकते। भारत में 1988-89 में प्रचलित कीमतों के आधार पर राष्ट्रीय आय 3875.2 करोड़ थी जो बढ़कर 1989-90 में 4252.4 करोड़ हो गई।

(4) सिद्धान्तों को बनाने व जाँच करने में सहायता प्रदान करना (To help in formulating and testing hypothesis): सिद्धान्तों को बनाने, उनकी जाँच करने तथा नये सिद्धान्तों को खोजने में सांख्यिकी विधियों का बहुत योग है। उदाहरण के लिये, कोई सिक्का निष्पक्ष है या नहीं, क्लोरोमाइसीन मलेरिया बुखार रोकने में समर्थ है या नहीं, मुद्रा की मात्रा कम करने से कीमतों की वद्धि रूकती है या नही , आदि-आदि परिकल्पानओं की जाँच सांख्यिकी के उचित उपकरणों द्वारा की जा सकती है।

(5) व्यक्तिगत ज्ञान व अनुभव में वद्धि करना (To Enlarge Individual Knowlede and Experience) : अन्य विज्ञानों की भाँति सांख्यिकी भी व्यक्तिगत व अनुभव में वद्धि करती है। सांख्यिकी के अध्ययन से विचारों को स्पष्टता और निश्चयात्मकता मिलती है, तर्क शक्ति का विकास होता है तथा समस्याओं के समाधान के लिये उचित दष्टिकोण स्वयं ही विकसित होने लगता है। सांख्यिकी का ज्ञान न होने पर अनेक विद्वान स्वयं ही अपने आप में कुछ कमी महसूस करते हैं। सत्य तो यह है कि अच्छे नागरिक के लिये सांख्यिकी का ज्ञान उतना की आवश्यक है जितना लिखने या बोलने की शक्ति।

(6) अन्य विज्ञानों के नियमों की जाँच करना (To Test Laws of Other Sciences) : सांख्यिकी विधियाँ विभिन्न विज्ञानों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करती है। अधिकांश विज्ञानों के नियम निगमन प्रणाली पर आधारित होते हैं। जहाँ नियम निगमन प्रणाली के आधार पर नहीं बनाये जा सकते वहाँ सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया जा सकता है।

(7) पूर्वानुमान में सहायता प्रदान करना (To Help in Forecasting) : व्यापारिक संगठनों की नीतियाँ तथा योजनायें कार्यान्वित करने से पहले ही बना ली जाती है। भविष्य की प्रवत्ति का ज्ञान योजनाएँ तथा नीतियाँ बनाने में बहुत ही सहायक सिद्ध होता है। सांख्यिकीय विधियाँ भविष्य में होने वाली घटनाओं के बारे में सही जानकारी देती हैं। उदाहरण के लिये, एक व्यापारी को यह जानने के लिए कि 1992 में कितना उत्पादन करना चाहिए इस बात का अनुमान आवश्यक है कि उस वर्ष में कितनी बिक्री की आशा है। वह बिक्री के बारे में कल्पना कर सकता है लेकिन श्रेष्ठ यह होगा कि वह गत वर्षों की बिक्री के समंकों का विश्लेषण करके अगले वर्ष की बिक्री का सांख्यिकी विधियों के प्रयोग द्वारा अनुमान लगाये।

(8) उचित नीतियों को निर्माण में सहायता प्रदान करना (To Help in Formulating Suitable Policies) : उचित नीतियों को निर्धारित करने में सांख्यिकी आधारभूत सामग्री प्रदान करती हैं। उदाहरण के लिए, इस बात का निर्णय कि "1992 में भारत कितना चावल निर्यात करे" भारत के आन्तरिक उत्पादन तथा माँग पर निर्भर करेगा। जब तक चावल के आन्तरिक उत्पादन तथा माँग का अनुमान नहीं लगाया जायेगा तब तक निश्चित रूप से यह कहना कि भारत से 1992 में कितना चावल निर्यात किया जाए कठिन है। अगर हमें यह ज्ञान हो कि चावल का उत्पादन 15 करोड़ टन होगा तथा माँग 13 करोड़ टन, तब हम आसानी से यह कह सकते हैं कि 2 करोड़ टन चावल निर्यात किया जा सकता है। वास्तव में, सांख्यिकीय तथ्य तथा विधियाँ उचित निर्णय लेने में बहुत सहायक होते हैं।

सांख्यिकी का महत्त्व
(Importance of Statistics)

सांख्यिकी का प्रयोग प्राचीन काल से ही चला आ रहा है। तब सांख्यिकी को राजनीतिक अंकगणित कहा जाता था। आधुनिक काल में सांख्यिकी की महत्ता इतनी बढ़ गई है और दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है कि सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग उचित नीतियों के निर्माण में लगभग प्रत्येक क्षेत्र में किया जाता है : जैसे शासन प्रबन्ध, व्यवसाय एवं वाणिज्य, आर्थिक नियोजन, जीवनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, ज्योतिषशास्त्र, भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, शिक्षा, औषधि, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, नक्षत्रविज्ञान तथा ऋतुविज्ञान। कुछ प्रमुख क्षेत्रों में सांख्यिकी की महत्ता का वर्णन नीचे दिया गया है।

शासन प्रबन्ध में महत्त्व
(Importance in Administration)

प्राची काल से ही सांख्यिकी का प्रयोग शासन-प्रबन्ध को सुचारु रूप से चलाने में होता रहा है। प्राचीन काल में सरकार का प्रमुख कार्य कानून-व्यवस्था को बनाये रखना तथा देश को विदेशी आक्रमणों से बचाना समझा जाता था। अधिकांश समंक फौजी शक्ति, कर, जनसंख्या, अपराध आदि से ही सम्बन्धित होते थे। आधुनिक काल में राजकीय क्रियाओं का अत्यधिक विकास हो चुका है। सरकार उन सब कार्यों में भाग लेती है जिनका सम्बन्ध देशवासियों के कल्याण में वद्धि करना हो। समंक तथा सांख्यिकीय विधियाँ मानव की कल्याण-वद्धि में बहुत सहायक सिद्ध हो रही हैं। आजकल सांख्यिकी केवल जनशक्ति, फौजी शक्ति अथवा जन्म तथा मत्यु के समंकों तक ही सीमित नहीं है अपितु प्रत्येक क्षेत्र में समस्याओं के समाधान हेतु इसका प्रयोग हो रहा है। सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों जैसे यातायात, रक्षा, रेलवे, खाद्य, वाणिज्य, डाक व तार, कृषि आदि के कार्य को कुशलतापूर्वक करने के लिए सांख्यिकी पर निर्भर रहना पड़ता है। उदाहरण के लिए, यातायात विभाग द्वारा दिल्ली की यातायात समस्या को तब तक हल नहीं किया जा सकता जब तक यह पता न हो कि कितनी बसें इस समय चल रही हैं, और कितनी बसों की आवश्यकता है। इन समंकों के आधार पर यह निर्णय लिया जा सकता है कि कितनी बसें और मँगाई जाएँ। युद्ध के समय भी सांख्यिकी की बहुत आवश्यकता पड़ती है क्योंकि दुश्मन की शक्ति का सही अनुमान लगाए बिना युद्ध में सफलता पाना असम्भव ही प्रतीत होता है।

सरकार द्वारा नियुक्त विभिन्न आयोगों व समितियों की रिपोर्ट समंकों पर ही आधारित होती हैं। सरकार को पुराने कानूनों में संशोधन करने के लिये तथा नये कानूनों का निर्माण करने के लिए भी सांख्यिकीय सामग्री का सहारा लेना पड़ता है। राष्ट्रीय स्तर पर अधिकांशतः सरकार द्वारा ही समंक एकत्रित किए जाते हैं। इस समंकों को सरकार के अनेक शोधकर्त्ता तथा शोध संस्थाएँ भी प्रयोग में लाती हैं।

व्यवसाय तथा वाणिज्य में महत्व
(Importance in Business and Commerce)

व्यापार के बढ़ते हुए आकार तथा प्रतिस्पर्धा ने व्यापारिक समस्याओं को और भी अधिक कठिन बना दिया है। प्राचीन काल में जब व्यापार का आकार छोटा होता था तो व्यापारी का व्यापार के क्षेत्र में सीधा सम्बन्ध होता था। एक छोटे व्यापार का मालिक स्वयं ही प्रबन्धक, हिसाब लेखक, विक्रेता अथवा क्रेता का कार्य करता था। उसके लिए अपने ग्राहकों से निजी सम्बन्ध रखना सम्भव था तथा व जान सकता था कि उसके ग्राहकों की क्या आवश्यकताएं हैं। व्यापार का आकार बढ़ने से व्यापारी के लिए हजारों, लाखों ग्राहकों से निजी सम्बन्ध रखना लगभग असम्भव सा हो गया है। प्रबन्ध-व्यवस्था एक विशिष्ट कार्य माना जाता है तथा प्रबन्धक को व्यापारिक कार्यों की योजना, उनकी व्यवस्था, निरीक्षण तथा नियन्त्रण करना पड़ता है। चूँकि ग्राहक से निजी सम्बन्ध रखना अत्यन्त कठिन हो गया है इसलिए व्यापार को पहले की तुलना में कहीं अधिक अनिश्चितताओं का समाना करना पड़ता है। साथ-साथ अब उत्पादन भविष्य की माँग को ध्यान में रखकर किया जाता है। इसलिए जब तक वस्तु की माँग का ठीक-ठीक अनुमान न लगा लिया जाए तब तक व्यापार में लाभोपार्जन आदि असम्भाव नहीं तो कठिन अवश्य है। अतः सफल निर्णय करने के लिए व्यापारी को सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग करना चाहिए। व्यापार वास्तव में अनुमानों तथा सम्भावनाओं पर आधारित होता है। अतः व्यापार की सफलता अनुमानों की शुद्धता पर आधारित होती है।

व्यापारिक गतिविधियाँ मुख्य रूप से निम्नलिखित भागों में बाँटी जा सकती हैं :-

(1) उत्पादन (Production);

(2) विक्रय (Sales);

(3) क्रय (Purchases);

(4) वित्त (Finance);

(5) श्रम (Personnel);

(6) लेखा (Accouting);

(6) बाजार शोध, (Market Research)

सांख्यिकीय विधियों की सहायता से प्रत्येक क्षेत्र में उचित नीति निर्धारण के लिय संख्यात्मक सूचना प्राप्त की जा सकती है। उदाहरणार्थ मंडी की अनुसंधान करने वाले ग्राहकों की पसन्द जानने के लिए न्यादर्श विधि का प्रयाग करते हैं। इसी प्रकार माल की किस्म को ऊँचा रखने के लिए सांख्यिकीय गुण नियंत्रण का प्रयोग किया जाता है। बिक्री के संख्यात्मक तथ्यों को प्रस्तुत करने के लिये सांख्यिकीय सारणियों तथा चार्टों का प्रयोग किया जाता है। इसी प्रकार वस्तुओं की कीमतें निर्धारित करने के लिए समंकों से बहुत सहायता मिलती है।

व्यापारिक पूर्वानुमान की सहायता से व्यापारी संभावित घटनाओं का प्रभाव बड़ी शुद्धता से जान सकता है। आधुनिक व्यापार सांख्यिकीय विश्लेषण व नियन्त्रण के द्वारा ही व्यवस्थित किया जा रहा है। हमारे देश में वैज्ञानिक, प्रबन्ध आन्दोलन ने आंकड़ों को एकत्र करने तथा उनका ध्यानपूर्वक निर्वचन करने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया है।

यद्यपि सांख्यिकीय विधियाँ निर्णय लेने में सहायक हैं, तथापि वे व्यावाहारिक ज्ञान का स्थान नहीं ले सकतीं। एक व्यावहारिक व्यापारी को अपने व्यापार की तकनीकि विशेषताओं, व्यापार सम्बन्धी पूर्ण ज्ञान, व्यापारिक ज्ञान व सांख्यिकीय विधियों की निर्वचन योग्यता में सामंजस्य स्थापित करना चाहिये।

अर्थशास्त्र में महत्व

(Importance in Economics)

1890 में प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. मार्शल ने कहा था कि "समंक वे तण हैं जिनसे प्रत्येक अर्थशास्त्री की भांति मुझे भी ईटें बनानी पड़ती है।" अर्थात् अर्थशास्त्र के भिन्न-भिन्न नियमों का आधार ही समंक हैं। अर्थशास्त्र सम्पत्ति के उत्पादन, वितरण उपभोग तथा आय की बचत और विनियोजिन सम्बन्धी जटिल ढांचे से है। सांख्यिकीय समंक तथा सांख्यिकीय विधियाँ आर्थिक समस्या को समझने व आर्थिक नीतियों के निर्धारण में बहुत सहायक है। वास्तव में ये अर्थशास्त्री की परीक्षणशाला के यंत्र-सयंत्र हैं। उदाहरण के लिए, क्या उत्पन्न करना है, कैसे उत्पन्न करना है और किसके लिए उत्पन्न करना है, आदि प्रश्न सांख्यिकीय आंकड़ों की सहायता से ठीक तरह हल किये जा सकते हैं। उपभोग सम्बन्धी समंकों की सहायता से हम पता लगा सकते हैं कि किस प्रकार समाज के भिन्न-भिन्न समुदाय के लोग अपनी आय को खर्च करते हैं। इस प्रकार के आंकड़ों से लोगों के रहन-सहन के जीवन-स्तर तथा कर योग्य क्षमता का पता लगाया जा सकता है। विनियम के क्षेत्र में हम माँग तथा पूर्ति पर आधारित मूल्यों के सिद्धान्त, उत्पादन की लागत, बैंक तथा साख-पत्र का अध्ययन करते हैं। किसी वस्तु की पूर्ति के घटने अथवा बढ़ने से उसके मूल्य पर क्या प्रभाव होगा या अधिकाधिक लाभ कमाने की दष्टि से एकाधिकारी कौन -सी कीमत लें, आदि प्रश्नों का उत्तर सांख्यिकी की सहायता से सरलता से दिया जा सकता है।

सांख्यिकीय विधियाँ केवल आर्थिक नीतियों के बारे में सहायक नहीं है, अपितु सफलताओं का मूल्यांकन भी उन पर निर्भर है। उदाहरण के लिए, यदि बढ़ती हुई जनसंख्या को रोकने के लिए परिवार नियोजन पर जोर दिया गया तो सांख्यिकीय विधियों द्वारा यह पता लगाया जा सकता है कि परिवार नियोजन कितना सफल रहा है। अर्थशास्त्र के क्षेत्र में सांख्यिकी का प्रयोग इतना बढ़ गया है। 1926 में आर. ए. फिशर ने कहा "सांख्यिकी को अर्थशास्त्र की शाखा मान लेना एक दुखद मिथ्या भ्रम है।"

आजकल विश्व के लगभग सभी देश आर्थिक नियोजन का पालन कर रहे हैं। देश की आर्थिक योजना का निर्माण पर्याप्त तथा विश्वसनीय समंकों के आधार पर ही किया जा सकता है। समंकों से यह ज्ञात होता है कि देश की अल्पकालीन तथा दीर्घकालीन आवश्यकतायें क्या हैं तथा किन-किन समस्याओं को प्राथमिकता दी जाये। यदि योजनाएँ समंकों के आधार पर नहीं बनाई गई तो उनमें लाभ के स्थान पर हानि हो सकती है।

हमारे देश में पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव 1951 से हुआ। देश में अभी तक सात पंचवर्षीय योजनाएँ पूरी हो चुकी हैं तथा आठवीं येाजना तैयार की जा रही है। इन योजनाओं का आधर समंक ही है। दुर्भाग्यवश भारतीय समंक स्वतंत्रता के 44 वर्ष बाद भी बहुत दोषों से युक्त हैं, जैसे अपर्याप्त, अविश्वसनीयता आदि। परिणामस्वरूप, योजनाओं में निर्धारित बहुत से अनुमान गलत सिद्ध हुए और हम लक्ष्य तक नहीं पहुँच सके। योजना आयोग ने यह स्वीकार किया कि, "अपर्याप्त और अशुद्ध समंकों के आधार पर किया जाने वाला नियोजन, अर्थव्यवस्था के न होने से भी बुरा है।

सांख्यिकी तथा भौतिक विज्ञान

(Statistics and Physical Sciences)

भौतिक विज्ञान, विशेषतया खगोल विद्या, भूगर्भ-शास्त्र तथा भौतिक-शास्त्र आदि क्षेत्रों में सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग सर्वप्रथम हुआ। जीव विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान में सांख्यिकी का जितना प्रयोग बीसवीं शताब्दी में हुआ है उतना भौतिक

विज्ञान में नहीं हुआ। अब भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में, विशेषतया खगोल विद्या, रसायन-शास्त्र, इंजीनियरिंग भूगर्भ, मौसम विज्ञान आदि में सांख्यिकी का प्रयोग निरन्तर बढ़ रहा है।

सांख्यिकी तथा प्राकृतिक विज्ञान
(Statistics and Natural Sciences)

सभी प्राकृतिक विज्ञानों जैसे, खगोलविद्या, जीवशास्त्र, ऋतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान आदि में सांख्यिकीय विधियाँ बहुत ही उपयोगी सिद्ध हुई हैं। उदाहरण के लिये, किसी बीमारी का पता लगाने में डॉक्टर को शरीर का तापमान, नाड़ी की गति, आदि वास्तविक तथ्यों पर निर्भर करना पड़ता है। इस प्रकार यह पता लगाने के लिए कि अमुक औषधि ठीक है अथवा नहीं, डॉक्टर को परीक्षण करने पड़ेंगे। परीक्षणों की सहायता से यह पता लगाना पड़ेगा कि कितने रोगी उस औषधी से ठीक हुए। वनस्पति-शास्त्र में मौसम का पौधों पर प्रभाव, मिट्टी की किस्म, आदि परीक्षणों के लिये सांख्यिकी का अधिक प्रयोग होता रहा है। वास्तव में, ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहाँ सांख्यिकी समंकों एवं विधियों का प्रयोग न होता हो।

सांख्यिकी की अनुसंधान में महत्ता
(Importance of Statistics in Research)

सांख्यिकीय अनुसंधानों के द्वारा ही ज्ञान के भंडार में वद्धि हुई है। उदाहरण के लिये , फसलों में कितनी उपज हुई तथा विभिन्न प्रकार की खाद तथा मिट्टी सम्बन्धी सांख्यिकीय विधियों के द्वारा की निश्चित एवं विश्लेषित किये जाते हैं। वास्तव में, ऐसा कोई भी अनुसंधान-कार्य नहीं है जहाँ सांख्यिकीय समंकों एवं विधियों का प्रयोग न होता हो।

सांख्यिकी के अन्य लाभ
(Statistics and Other Uses)

पिछले कुछ पष्ठों में यह वर्णन किया गया है कि सांख्यिकी का विभिन्न क्षेत्रों में किस प्रकार प्रयोग होता है। इसके अतिरिक्त सांख्यिकी कई संस्थाओं जैसे बैंकर्स, दलाल, बीमा कम्पनियों, लेखा-निरीक्षकों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, मजूदर संगठनों, व्यापारिक संगठनों तथा वाणिज्य चैम्बरों आदि के लिये भी बहुत लाभदायक है। बैंक अधिकारी नकद रुपये की आवश्यकता का अनुमान लगाते हैं ताकि बैंक सुचारु रूप से चल सके। बीमा कम्पनियों की बीमे की दर भी मत्यु सम्बन्धी समंकों पर आधारित होती है।

सांख्यिकी के उपयोगों की उपर्युक्त सूची अन्तिम नहीं है। यह सूची तो केवल सुझाव मात्र है। वास्तव में, सांख्यिकी वह जो सांख्यिकी करती है। मानव-कल्याण वद्धि में सांख्यिकी एक प्रकार से कार्य -साधक सिद्ध हुई है तथा प्राणीमात्र की लगभग प्रत्येक समस्या का समाधान सांख्यिकी के द्वारा की सम्भव है। वास्तव में, सांख्यिकी का ज्ञान प्रत्येक अच्छे नागरिक के लिये आवश्यक है।

यह स्मरण रखना चाहिये कि सांख्यिकी की उपयोगिता यद्यपि सार्वभौमिक है तथापि प्रत्येक समस्या का समाधान उसकी स्थिति विशेष को ध्यान में रखकर ही करना चाहिये। "बिना पर्याप्य सोच-विचार किये सांख्यिकी का प्रयोग भयानक सिद्ध होगा।"

सांख्यिकी की सीमायें
(Limitations of Statistics)

यद्यपि सांख्यिकी का उपयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है तथापि यह कोई जादू नहीं है जो प्रत्येक समस्या का समाधान कर सके। जब तक समंक सुव्यवस्थित ढंग से संग्रहीत व निर्वाचित न हों तब तक शुद्ध निष्कर्ष पर पहुँचने की सम्भावना बनी रहती है। इसलिये सांख्यिकी की सीमाओं तथा उसके दुरुपयोग के विषय में जानकारी नितान्त आवश्यक है। सांख्यिकी की कुछ सीमायें निम्नलिखित हैं :-

(1) **सांख्यिकी व्यक्तिगत इकाइयों का अध्ययन नहीं करती (Statistics does not deal with individuals) :** सांख्यिकी तथ्यों का समूह है। सांख्यिकीय निष्कर्ष सामूहिक व्यवहार का अध्ययन करने में सहायक होते हैं, समूह की व्यक्तिगत इकाइयों के विषय में जानकारी प्रदान नहीं करते। उदाहरण के लिये, यदि हम कहें कि किसी परीक्षा में विद्यार्थियों के औसत अंक 60 थे तो इसका तात्पर्य यह नहीं कि प्रत्येक विद्यार्थी ने 60 अंक प्राप्त किये — कुछ विद्यार्थियों ने

60 से कम अर्थात 0, 5, 25 आदि तथा कुछ ने 60 से अधिक अर्थात 70, 78, 90 आदि अंक भी प्राप्त किये होंगे। सांख्यिकी में व्यक्तिगत इकाइयों का अध्ययन नहीं किया जाता जैसे किसी एक व्यक्ति की आय, भार आदि।

(2) सांख्यिकी गुणात्मक तथ्यों का अध्ययन नहीं करती (Statistics does not deal with qualitative phenomenon): सांख्यिकी केवल संख्यात्मक तथ्यों का ही अध्ययन करती है गुणात्मक तथ्यों का नहीं। इस प्रकार के गुणात्मक तथ्यों जैसे ईमानदारी, कुशलता, बुद्धिमता, अन्धत और बहरापन, आदि का अध्ययन प्रत्यक्ष रूप में नहीं हो सकता। इन समस्याओं का विश्लेषण तभी हो सकता है जब हम उनको संख्यात्मक रूप से प्रस्तुत करें। उदाहरण के लिये, छात्रों की बौद्धिक योग्यता का अनुमान परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जा सकता है।

(3) सांख्यिकीय परिणाम केवल औसतन सत्य होते हैं (Statistical results are ture only on an average) : सांख्यिकी के नियम केवल औसत रूप से ही सत्य होते हैं। भौतिकशास्त्र और रसायनशास्त्र जैसे विज्ञानों के नियमों की भाँति सांख्यिकी के नियम प्रत्येक दशा में लागू नहीं होते। उदाहरण के लिये, यदि यह कहा जाये कि भारत में पुरुषों की औसत आयु 52.5 वर्ष है, इसका यह अर्थ यह नहीं कि प्रत्ये पुरुष 52.5 वर्ष तक जीवित रहता है, अपितु कुछ पुरुष सौ साल तक जीवित रहते हैं तथा कुछ पैदा होते ही मर जाते हैं। अतः यह बात औसत रूप से ठीक है।

(4) सांख्यिकीय रीति किसी समस्या के अध्ययन की विभिन्न रीतियों में से एक है (Statistics in only one of the methods of studying a problem) : एक समस्या के समाधान अथवा अध्ययन के लिये सांख्यिकी प्रत्येक परिस्थिति में सर्वश्रेष्ठ हल नहीं बताती। प्रायः किसी एक विशेष समस्या का उस देश की सभ्यता, धर्म तथा दर्शन-शास्त्र के अनुसार की अध्ययन किया जाता है। सांख्यिकी इस प्रकार की समस्यायें हल करने में असमर्थ है। इसलिये सांख्यिकी द्वारा प्राप्त निष्कर्ष की अन्य तथ्यों द्वारा पुष्टि कर लेनी चाहिये।

(5) सांख्यिकी का दुरुपयोग सम्भव है (Statistics can be misused) : सांख्यिकी की सबसे प्रमुख सीमा यह है कि इसका सरलता से दुरुपयोग हो सकता है। सांख्यिकी के द्वारा सही अथवा गलत बातों की पुष्टि की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, कोई भी व्यक्ति सांख्यिकी का उचित प्रयोग नहीं कर सकता — इसके लिये अभ्यास कुशलतापूर्वक निष्कर्ष निकालने की योग्यता अनिवार्य है, अन्यथा निष्कर्ष गलत होने की सम्भावना बहुत अधिक रहती है। अदक्ष (inexperienced) व्यक्ति सांख्यिकी का उचित प्रयोग नहीं कर सकता।

(6) सांख्यिकी केवल साधनमात्र है, समस्या का समाधान नहीं (Statistics only provides a means and not a solution to the problem) : सांख्यिकी किसी समस्या के समाधान में केवल एक साधन मात्र है — समस्या का समाधान नहीं है। निष्कर्ष निकालते समय पक्षपातरहित तथा स्वार्थहीन होना अत्यन्त आवश्यक है अन्यथा सांख्यिकी जो कच्ची सामग्री के रूप में समंकों को प्रस्तुत करती है, दुरुपयोग किया जा सकता है।

(7) सांख्यिकी का प्रयोग वही व्यक्ति कर सकता है जिसे सांख्यिकीय रीतियों का पूर्ण ज्ञान हों जो उन रीतियों के प्रयोग से भली-भाँति परिचित हो और उनमें दक्ष हो। सांख्यिकी के क्षेत्र में दक्षता न होने पर समंकों का प्रयोग करना व उनका विश्लेषण करके उनसे निष्कर्ष निकालना अत्यन्त खतरनाक होता है क्योंकि ऐसे निष्कर्ष प्रायः अशुद्धियों से परिपूर्ण तथा भ्रमात्मक होते हैं।

❑❑

अध्याय - 2

समंकों का संकलन, अर्थ, प्रकार, संग्रह (Statistical Data-Meaning and Types, Collection and Rounding of Data)

समंक-संकलन एक महत्वपूर्ण क्रिया है क्योंकि अनुसन्धान के लिये समंक मूलाधार हैं और उसकी सफलता अथवा असफलता पूरी तरह से समंकों पर निर्भर करती है। समंकों की पर्याप्तता और उसमें शुद्धता का होना भी जरूरी है ताकि उनसे सही निष्कर्ष प्राप्त किये जा सकें। अतः यह कहना अनावश्यक न होगा कि समंकों का संकलन करते समय अत्यन्त सावधानी, सतर्कता, दढ़ता , विश्वास, निष्पक्षता और धैर्य से काम लिया जाना चाहिये ताकि समंकों के रूप में एकत्रित कच्ची-सामग्री कहीं अशुद्ध व अविश्वसनीय न हो जाये। स्मरण रहे, अविश्वसनीय एवं अशुद्ध समंकों से भ्रमात्मक निष्कर्ष निकलने की सम्भावना सदैव बनी रहती है।

प्राथमिक तथा द्वितीयक समंक (Primary and Secondary Data)

समंक दो प्रकार के होते हैं (1) प्राथमिक तथा (2) द्वितीयक समंक

(1) प्राथमिक समंक (Primary Data) : प्राथमिक समंकों से अभिप्राय उन समंकों से है जिन्हें अनुसंधानकर्त्ता स्वयं अपने किसी विशिष्ट उद्देश्य से एकत्र करता है। दूसरे शब्दों में, वे समंक, जो किसी सांख्यिकीय अनुसन्धान के लिये, किसी अनुसन्धानकर्त्ता या एजेन्सी द्वारा मौलिक रूप से पहली बार एकत्र किये जाते हैं प्राथमिक समंक कहलाते हैं। स्पष्ट है कि प्राथमिक समंकों के संकलनों की योजना मौलिक होती है और प्राथमिक समंक मौलिक अनुसन्धान का ही परिणाम होते हैं।

(2) द्वितीयक समंक (Secondary Data) : द्वितीयक समंक वे हैं जो पहले से ही अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं द्वारा किसी उद्देश्य के लिए एकत्रित किये जा चुके होते हैं और अनुसंधानकर्त्ता केवल उनका प्रयोग करता है। अतः ऐसे समंक नये एवं मौलिक नहीं होते। अनुसंधानकर्त्ता उन्हें स्वयं एकत्र भी नहीं करता, बल्कि दूसरे लोगों द्वारा एकत्र समंकों का स्वयं के लिये प्रयोग करता है। उपरोक्त उदाहरण में यदि अनुसन्धानकर्त्ता, सरकार द्वारा संकलित औद्योगिक श्रम संबंधी समंकों का प्रयोग कर लेता है तो वे उसके लिये द्वितीयक समंक माने जायेंगे।

प्राथमिक तथा द्वितीयक समंकों में अंतर (Distinction Between Primary and Secondary Data)

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि प्राथमिक तथा द्वितीयक समंकों में अन्तर केवल अवस्था (Degree) या सापेक्षता (Relativity) का है, प्रकृति का नहीं। एक ही प्रकार के समंक यदि एक व्यक्ति के लिये प्राथमिक हैं तो दूसरे के लिए द्वितीयक बन जाते हैं। सामान्यता समंक, जिस एजेन्सी द्वारा पहली बार एकत्र किये जाते हैं उसके लिये वे प्राथमिक सामग्री का कार्य करते हैं। किन्तु जब वही समंक किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रयोग किया जाते हैं तो उसके लिये द्वितीयक सामग्री का रूप ले लेते हैं। प्राथमिक तथा द्वितीयक समंकों के बीच मुख्य अंतर इस प्रकार है :-

(1) प्राथमिक समंक मौलिक होते हैं और वे सांख्यिकीय विधियों के लिये कच्चे माल की भाँति हैं। इसके विपरीत द्वितीयक समंक मौलिक नहीं होते क्योंकि उन पर सांख्यिकीय यन्त्रों का एक बार प्रयोग हो चुका होता है। इसलिये वे निर्मित माल की भाँति होते हैं।

(2) प्राथमिक समंक रीति के अनुसार सम्पूर्ण क्षेत्र या समय में से एकत्र किये जाते हैं, जबकि द्वितीयक समंक अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं द्वारा पूर्व-संकलित होते हैं।

(3) प्राथमिक समंकों में अधिक छान-बीन या संशोधन करने की आवश्यकता नहीं होती; जबकि द्वितीयक समंकों का प्रयोग करने से पूर्व उनकी शुद्धता की पूरी जाँच पड़ताल, और आवश्यकतानुसार उनमें संशोधन करने पड़ते हैं।

(4) प्राथमिक समंकों के संकलन में अधिक समय, परिश्रम व धन की आवश्यकता होती है क्योंकि योजना को नये सिरे से प्रारम्भ करना होता है। इसके विपरीत द्वितीयक समंकों को पत्र-पत्रिकाओं, सरकारी व गैर सरकारी प्रकाशनों से सिर्फ उद्धत कर लिया जाता है। इसलिये उन पर धन , समय व परिश्रम की बहुत कम आवश्यकता होती है।

प्राथमिक समंकों के संकलन की रीतियाँ
(Methods of Collecting Primary Data)

उपरोक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो ही चुका है कि संकलन की समस्या मुख्य रूप से केवल प्राथमिक समंकों से ही सम्बद्ध है। प्राथमिक समंकों का संकलन करने के लिये मुख्यतः निम्नलिखित रीतियाँ प्रयोग में लाई जाती हैं :-

(1) प्रत्यक्ष व्यक्तिगत अनुसन्धान (Direct Personal Investigation) : इस रीति के अंतर्गत अनुसन्धानकर्त्ता स्वयं अनुसन्धान क्षेत्र में जाकर सम्बद्ध लोगों से सम्पर्क स्थापित करके सूचना प्राप्त करता है। इस रीति को 'प्रत्यक्ष' रीति इसलिये कहा जाता है क्योंकि जिस व्यक्ति के बारे में सूचना प्राप्त करनी होती है, वह सूचना स्वयं उसी व्यक्ति-विशेष से प्राप्त की जाती है, न किसी अन्य व्यक्ति से फिर, इस 'व्यक्तिगत अनुसंधान' इसलिए कहा जाता है क्योंकि अनुसन्धानकर्त्ता ''स्वयं'' क्षेत्र में जाकर सूचना प्राप्त करता है, न कि अपने सहायकों द्वारा। इस रीति का यूरोप में सर्वप्रथम प्रयोग श्री ली प्ले और भारत में आर्थर यंग ने किया था।

इस रीति का प्रयोग कब किया जाना चाहिये ?

(*i*) जहाँ अनुसन्धान का क्षेत्र सीमित हो।

(*ii*) जब समंकों की मौलिकता व शुद्धता की अधिक आवश्यकता हो।

(*iii*) जब अनुसंधान-योजना की सूक्ष्मता को देखते हुए अनुसन्धानकर्त्ता के वैयक्ति अनुभव, तीक्ष्ण बुद्धि व सतत निरीक्षण की आवश्यकता समझी जाये।

(*iv*) जब समंकों को गोपनीय रखना हो।

प्रणाली के गुण (Merits of the Method)

(*i*) **शुद्धता :** अनुसंधानकर्त्ता कार्य-क्षेत्र में स्वयं उपस्थित रहता है इसलिये उसके द्वारा प्रत्यक्ष सूचनाएँ निश्चित रूप से शुद्ध एवं मौलिक होती हैं।

(*ii*) **विश्वसनीयता :** अनुसंधानकर्त्ता स्वयं कार्य-क्षेत्र में उपस्थित रहता है और जाँच-कार्य के दौरान, यदि सूचना देने वालों के मन में कोई संदेह है तो दूर करके, सही-सही सूचना प्राप्त करने में सफल रहता है। इतना ही नहीं, अनुसन्धानकर्त्ता को इस बात का संदेह होने पर कि संसूचक जान-बूझ कर गलत सूचनाएँ दे रहा है, वह इसकी जाँच प्रश्नों को घुमा फिरा कर आसानी से कर सकता है।

(*iii*) **विस्तत सूचनाओं की प्राप्ति :** इस रीति का एक अन्य गुण, मुख्य सूचना के साथ-साथ अनेक सम्बन्धित सूचनाओं का सहज की प्राप्त हो जाना है। उदाहरणार्थ, श्रमिकों की आय-व्यय संबंधी जाँच करते समय, उनकी रोजगार-स्थिति रहन-सहन की दशाएँ, उन्हें प्राप्त सुविधाएँ आदि के बारे में अनेक उपयोगी सूचनाएँ प्राप्त की जा सकती हैं।

(*iv*) **सजातीयता :** चूँकि इस रीति के अंतर्गत सूचनाएँ एक ही व्यक्ति द्वारा एकत्र की जाती हैं इसलिये समंकों में एकरूपता बनी रहती है।

(*v*) **लोचदार प्रणाली :** यह रीति लोचदार है। अनुसन्धानकर्त्ता आवश्यकतानुसार प्रश्नों में थोड़ा बहुत परिवर्तन करके मनचाही सूचना प्राप्त कर सकता है।

(*vi*) **सार्थकता :** इस प्रणाली में सूचना देने वालों से अनुसन्धानकर्त्ता व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करता है, जिससे जाँच-कार्य काफी उत्साहवर्धक रहता है और फलतः उसकी सार्थकता बढ़ जाती है।

प्रणाली के दोष (Demerits of the Method)

(*i*) **सीमित क्षेत्र :** इस रीति का सबसे बड़ा दोष, विस्तत अनुसन्धान -क्षत्रों के लिये इसका अनुपयुक्त होना है।

(*ii*) **अपव्यय :** यह रीति अपव्ययी है क्योंकि इसमें धन, समय व परिश्रम अधिक लगाना पड़ता है।

(*iii*) **पक्षपात :** इस प्रणाली में अनुसंधानकर्त्ता के व्यक्तिगत पूर्वग्रह पक्षापात तथा सनक के कारण, परिणामों के दूषित होने की पूरी सम्भावना बनी रहती है।

(*iv*) **भ्रमात्मक निष्कर्ष :** कार्य-क्षेत्र के सीमित होने के कारण, यह सम्भव है कि प्राप्त समंक पूरे समग्र का सही प्रतिनिधित्व न करें और फलतः भ्रमात्मक निष्कर्ष प्राप्त हों।

(*v*) **अनुसन्धान की विषयगत प्रकृति :** इस प्रणाली की सफलता मुख्य रूप से अनुसन्धानकर्त्ता की बुद्धिमता, कार्य-दक्षता, चतुराई व दूरदर्शिता पर निर्भर करती है। यदि अनुसन्धानकर्त्ता में ये सभी गुण नहीं है तो फिर परिणामों के असंतोषजनक व अविश्वसनीय होने की सम्भावना बढ़ जाती है।

रीति के प्रयोग सम्बन्धी सावधानियाँ (Precautions) : इस रीति के प्रयोग करते समय निम्न बातों पर ध्यान देना अति आवश्यक है।

(*i*) अनुसंधानकर्त्ता अनुसंधान-कला में प्रवीण, व्यवहार-कुशल, परिश्रमी व धैर्यवान् हो।

(*ii*) अनुसंधानकर्त्ता उस क्षेत्र की विशेषताओं, रीति-रिवाजों तथा भाषा इत्यादि से पूरी तरह परिचित हो।

(*iii*) पूछे जाने वाले प्रश्न संक्षिप्त व सारगभित हो।

(*iv*) अनुसन्धानकर्त्ता को बिना पक्षपात व पूर्वाग्रह के, जाँच-कार्य करना चाहिये।

(*v*) उसे इस बात की पुष्टि कर लेनी चाहिये कि प्रश्न सही व्यक्ति से पूछे गए है और वह व्यक्ति प्रश्नों का उत्तर देने की योग्यता भी रखता है।

(2) अप्रत्यक्ष मौखिक अनुसन्धान (Indirect Oral Investigation) : इस रीति कें अन्तर्गत, समस्या से प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तियों से सूचना प्राप्त नहीं की जाती बल्कि समस्या से अप्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित व्यक्तियों से मौखिक पूछ-ताछ करके सूचनाएँ एकत्रित की जाती हैं। इसलिये इसे 'अप्रत्यक्ष अनुसन्धान' कहते हैं।

प्रणाली का प्रयोग कब किया जाये :-

(*i*) यह रीति वहाँ प्रयोग की जाती है जहाँ क्षेत्र अत्यन्त विस्तत हो।

(*ii*) प्रत्यक्ष रूप से सूचना देने वाले लोगों से व्यक्तिगत सम्पर्क करना सम्भव न हो सके या अज्ञान, रुचिहीनता अथवा जान-बूझकर वह व्यक्ति सूचना देने में असमर्थ हो या ऐच्छिक रूप से असमर्थता प्रकट करे।

(*iii*) जब विषय से सम्बन्धित व्यक्तियों से प्रश्न करना उचित ही न समझा जाये, यह इसे गुप्त रखना हो या उनसे पक्षपातपूर्ण व्यवहार की आशा हो।

इस रीति का प्रयोग अधिकतर सरकारी स्तर पर नियुक्त तथा सीमितयों द्वारा किया जाता है। अपराधों की जाँच पड़ताल के मामले में भी इस रीति का अधिक प्रयोग किया जाता है।

प्रणाली के गुण (Merits of the Method)

(*i*) **मिव्ययिता :** यह प्रणाल मितव्ययी है क्योंकि इसमें समय, धन, परिश्रम आदि कम लगता है।

(*ii*) **सरल तथा सुविधाजनक :** प्रत्यक्ष व्यक्तिगत अनुसन्धान की तुलना में यह एक सरल सुविधाजनक प्रणाली है क्योंकि इसमें कार्य शीघ्रता से हो जाता है और अधिक परेशानी नहीं उठानी पड़ती।

(*iii*) **विस्तत क्षेत्र :** यह प्रणाली विस्तत क्षेत्र वाले इस अनुसन्धानों के लिये अधिक उपयुक्त है जहाँ सूचकों से प्रत्यक्ष सम्पर्क करना सम्भव न हो या लाभप्रद न हो।

(*iv*) **विशेषज्ञों की सम्मति प्राप्त होना :** इस प्रणाली का एक महत्वपूर्ण गुण यह है कि अनुसन्धान-प्रणाली पर विशेषज्ञों की राय तथा उनके सुझाव अनायास की प्राप्त हो जाते हैं जिससे अनुसन्धान को प्रभावी ढंग से पूरा करने में सहायता मिलती है।

(*v*) **निष्पक्षता :** इस प्रणाली के अन्तर्गत अनुसन्धानकर्ता के व्यक्तिगत पक्षपात की सम्भावना कम होती हैं, क्योंकि जाँच-कार्य प्रगणकों की सहायता से पूरा कराया जाता है।

प्रणाली के दोष (Demerits of the Method)

(*i*) **अशुद्ध परिणामों की सम्भावना :** इस रीति में सूचनाएँ, समस्या से परोक्ष सम्बन्ध रखने वाले लोगों से प्राप्त की जाती हैं जिससे परिणामों के अशुद्ध होने की सम्भावना अधिक रहती है। फिर, अनुसन्धानकर्त्ता को, प्रत्यक्ष निरीक्षण तथा व्यक्तिगत सम्पर्क के अभाव में पूरी तरह से प्रगणकों पर आश्रित होना पड़ता है, जिससे परिणाम अशुद्ध होने की संभावना और भी बढ़ जाती है।

(*ii*) **साक्षियों के दोष :** जिन साक्षियों से सूचनाएँ प्राप्त की जाती हैं उनकी थोड़ी सी लापरवाही या पक्षपात व अज्ञानता के कारण समंक दूषित हो जाते हैं। फिर, साक्षियों का गलत चयन, अनुसन्धान के परिणामों की और भी अशुद्ध बना देता है।

रीति के प्रयोग सम्बन्धी सावधानियाँ (Precautions) : इस रीति के प्रयोग में सम्भवतः सबसे अधिक सावधानी तथा सतर्कता बरतने की आवश्यकता होती है। इसलिये निम्न बातों को सदैव ध्यान में रखना चाहिये :-

(*i*) साक्षियों की बातों पर न तो पूर्ण विश्वास और न ही अविश्वास करना चाहिये।

(*ii*) साक्षियों की संख्या पर्याप्त होनी चाहिये अन्यथा निष्कर्ष गलत या अभिनत हो सकते हैं।

(*iii*) सूचाकों की मनोवत्ति तथा मनोविज्ञान का ध्यान रखना आवश्यक है। कुछ लोग जन्मजात जरूरत से ज्यादा आशावादी होते हैं तो कुछ लोग निराशावादी, जिसके लिये पहले से ही समायोजन कर लेना आवश्यक हे।

(*iv*) यह भी सोच लेना चाहिये कि साक्षियों को समस्या से सम्बद्ध सभी पहलुओं का पूर्ण ज्ञान नहीं है। परन्तु उनका विश्वास प्राप्त के लिये उनकी जानकारी पर अनावश्यक सन्देह करना भी ठीक नहीं।

(*v*) साक्षियों से पूछ-ताछ करते समय जाँचकर्ता को धैर्य, विनम्रता, चतुराई और निष्पक्षता से काम लेना चाहिये।

(3) स्थानीय स्त्रोतों से सूचना प्राप्त करना (Information through Local Sources or Correspondents) : इस रीति के अन्तर्गत अनुसन्धानकर्त्ता द्वारा विभिन्न स्थानों पर, स्थानीय व्यक्ति नियुक्त कर दिये जाते हैं जो समय-समय पर अपने अनुभवों के आधार पर अनुमानतः सूचनायें भेजते रहते हैं। उल्लेखनीय बात यह है कि ये सम्वाददाता सूचनाओं का संकलन अपने ही तौर-तरीकों, रुचि, निर्णय आदि के आधार पर करते हैं। इसलिये ऐसे समंकों में अशुद्धियों की सम्भावना अधिक होती है।

रीति का प्रयोग : इस रीति का प्रयोग अधिकतर समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं और आकाशवाणी द्वारा किया जाता है। यह रीति ऐसे जाँच-विषयों के लिये ही अधिक उपयुक्त है जिनमें शुद्धता की कम आवश्यकता होती है।

प्रणाली के गुण (Merits of the Method)

(*i*) **विस्तत क्षेत्र :** यह प्रणाली विस्तत क्षेत्र के लिये अधिक उपयुक्त है।

(*ii*) **मितव्ययी :** यह प्रणाली धन, समय व परिश्रम की दष्टि से मितव्ययी है।

प्रणाली के दोष (Demerits of the Method)

(*i*) **शुद्धता व मौलिकता की कमी :** इस प्रणाली द्वारा संकलित समंकों में शुद्धता व मौलिकता की कमी होती है क्योंकि ये मुख्यतया अनुमानों पर आधारित होते हैं।

(*ii*) **एकरूपता का अभाव :** अलग-अलग सम्वाददाताओं द्वारा सूचना एकत्र करने के आधार व तरीके भिन्न-भिन्न होते हैं। फलस्वरूप समंकों में एकरूपता नहीं आ पाती।

(*iii*) **अभिनत निष्कर्ष :** सम्वाददाताओं की मनोवत्तियाँ और पूर्व -धारणायें समंकों को प्रभावित किये बिना नहीं रह पाती, जिससे निष्कर्ष अभिनत तथा एकांगी हो जाते हैं।

(*iv*) **विलम्बपूर्ण रीति :** इस प्रणाली में विलम्ब अधिक होता है। कभी-कभी सम्वाददाताओं द्वारा सूचनायें इतनी देर से भेजी जाती हैं कि विषय का महत्व ही समाप्त हो जाता है।

रीति के प्रयोग सम्बन्धी सावधानियाँ (Precautions)

(*i*) सम्वाददाताओं की नियुक्ति पूर्ण सतर्कता और सोच-समझकर की जानी चाहिये।

(*ii*) सम्वाददाताओं को अपनी व्यक्तिगत राय का कम-से-कम प्रयोग करना चाहिये।

(*iii*) एक निश्चित क्षेत्र में सम्वाददाताओं की संख्या पर्याप्त होनी चाजिये ताकि अभिनतियों की क्षतिपूर्ति होती रहे।

4. सूचकों द्वारा प्रश्नावली भरवाकर सूचना प्राप्त करना (Information through Questionnaire to be Filled in by Informants) : यह रीति को ''डाक-प्रश्नावली प्रणाली'' (Mailed Questionnaire Method) भी कहते है। इस रीति के अन्तर्गत सर्वप्रथम अनुसन्धानकर्त्ता जाँच से सम्बन्धित प्रश्नों की एक सूची (प्रश्नावली) तैयार करता है। फिर, एक-एक प्रति सूचकों के पास डाक भिजवा दी जाती है जो उनके उत्तर भरकर निश्चित तिथि तक वापिस लौटा देते हैं। प्रश्नावली के साथ एक अनुरोध-पत्र भी लगाया जाता है जिसमें सूचना एकत्र करने का उद्देश्य बताने के साथ-साथ सूचक को यह भी आश्वासन दिया जाता है उसके द्वारा दी गई सूचनायें पूर्णतया गुप्त रखी जायेंगी।

रीति के प्रयोग सम्बन्धी सावधनियाँ (Precautions) : यह रीति सरल अवश्य है किन्तु इसका प्रयोग करते समय भिन्न-भिन्न सावधानियाँ ध्यान में रखना आवश्यक है :-

(*i*) सूचना देने वाले व्यक्ति का सहयोग प्राप्त करने के लिये पहले उसे जाँच के उद्देश्य आदि के बारे में स्पष्ट जानकारी करा देनी चाहिये।

(*ii*) प्रश्नावली में निम्नलिखित गुण होने चाहियें : (*a*) प्रश्न मधुर भाषा हों, (*b*) प्रश्न, सरल, स्पष्ट तथा छोटे हों, (*c*) प्रश्न दो अर्थी नहीं होने चाहियें, (*d*) प्रश्नों की संख्या कम हो, (*e*) प्रश्नों की रचना इस प्रकार होनी चाहिये कि उनका उत्तर 'हाँ' या 'नहीं' में दिया जा सके, (*f*) प्रश्न ऐसे हो कि जिनकी गलत सत्यता की आड़ी-जाँच या प्रति-जाँच हो सके, (*g*) प्रश्न, शंका या विरोध उत्पन्न करने वाले न हों अर्थात् उनसे सूचना देने वाले व्यक्ति की मानसिक, धार्मिक, साम्प्रदायिक तथा सामाजिक भावनाओं को ठेस न पहुँचती हो।

(*iii*) प्रबन्ध इस प्रकार का हो कि सूचनायें शीघ्र से शीघ्र प्राप्त हो जायें।

(*iv*) सूचकों ने प्रश्नों का उत्तर बिना किसी पक्षपात या पूर्वाग्रह के दिया है, इसकी प्रतिदर्श-जाँच करा लेना सदैव हितकर होगा।

प्रणाली के गुण (Merits of the Method)

(*i*) **मौलिकता :** इस रीति में प्राप्त सूचनायें मौलिक तथा विश्वसनीय होती है क्योंकि सूचनायें स्वयं सूचकों द्वारा उपलब्ध करायी जाती हैं।

(*ii*) **मितव्ययिता :** यह एक मितव्ययी रीति है क्योंकि इसमें परिश्रम, समय व धन कम खर्च होता है।

(*iii*) **विस्तत क्षेत्र :** यह रीति विस्तत क्षेत्र के अनुसन्धानों के लिये अधिक उपयुक्त है।

प्रणाली के दोष (Demerits of the Method)

(*i*) **सीमित व्याप्ति :** यह रीति केवल शिक्षित समाज के लिये उपयुक्त है। चूँकि अशिक्षित व्यक्तियों से इस रीति द्वारा सूचनायें प्राप्त नहीं की जा सकती। फलतः सीमित व्याप्ति (Limited Coverage) इस रीति का प्रमुख दोष है।

(*ii*) **अपर्याप्त तथा अपूर्ण सूचना :** यह प्रायः देखने में आया है कि सूचक अधिकतर प्रश्नावलियाँ वापिस ही नहीं भेजते। फिर, कुछ प्रश्नावलियाँ अधूरी प्राप्त होती हैं क्योंकि सूचकों की उदासीनता, आलग्य या शंका के कारण

अनेक प्रश्नों के उत्तर भरे ही नहीं जाते अथवा अस्पष्ट व अबाधगम्य ढंग से दिये जाते हैं। स्मरण रहे, अधूरी सूचनायें अभिनति तथा विभ्रमों को जन्म देती हैं जिससे परिणाम भ्रमात्मक निकलते हैं।

(*iii*) **विश्वसनीयता की कमी :** इस रीति द्वारा प्राप्त समंक कई कारणों से कम विश्वसनीय होते हैं। प्रथम, कई बार सूचक जानबूझकर सही बात छिपा लेते हैं और गलत सूचना भर देते हैं। द्वितीय, यदि प्रश्नावली सावधानी से तैयार नहीं की गई है और पूछे गये प्रश्न अस्पष्ट व दो-अर्थी हैं तो प्राप्त सूचनाओं के दूषित होने की पूरी सम्भावना रहती है।

(*iv*) **प्रति-जाँच का अभाव :** इस रीति में प्रश्नावली स्वयं सूचकों द्वारा भरी जाती हैं। अतः दिये गये उत्तरों की प्रति-जाँच (Cross Checking) हेतु, अनुपूरक प्रश्न पूछे जाने की गुँजाइश बहुत कम होती है। फिर, सूचना देने वाले व्यक्ति के मन में यदि किसी प्रश्न-विशेष के बारे में सन्देह है तो उसके समाधान का कोई अवसर नहीं होता और फलस्वरूप सूचनायें गलत तथा अधूरी प्राप्त होती हैं।

(*v*) **अव्यावहारिकता :** यह रीति अव्यावहारिक भी है क्योंकि अधिकांशत सूचक अपने कुछ व्यक्तिगत मामलों, जैसे आय, सम्पत्ति, आदतें, परिवार आदि के बारे में लिखित रूप से सूचना देने के लिये तैयार नहीं होते।

5. प्रगणकों द्वारा अनुसूचियां भिजवाना (Schedules Sent Through Enumerators) : सूचकों द्वारा प्रश्नावली भरवाने में अनेक कठिनाइयाँ हैं और प्राप्त सूचनायें भी पर्याप्त, अपूर्ण, अधुरी व अशुद्ध होती हैं। इन कठिनाइयों को दूर करने के लिये यह रीति अपनाई जाती है। इस रीति के अनुसार नियुक्त किये गये प्रगणक, अपने-अपने क्षेत्र में अनुसूचियाँ लेकर घर-घर जाते हैं और सूचकों से व्यक्तिगत रूप से प्रश्न पूछकर, उनके उत्तर दर्ज कर लेते हैं। इस प्रकार इस रीति में और पहली वाली रीति में जहाँ थोड़ी-सी समानता है। (दोनों रीतियों में प्रश्नों के उत्तर स्वयं सूचकों से लिये जाते हैं, अन्य व्यक्तियों या साक्षियों से नहीं), वहाँ इन दोनों में आधारभूत अन्तर यह है कि पहली रीति में प्रश्नावली सूचक के पास डाक से भेजी जाती है और सूचक स्वयं उसे भरकर डाक से ही वापिस भेज देता है। इसके विपरीत इस रीति में तैयार की गयी अनुसूची को संचकों के पास प्रगणक स्वयं ले जाता है और उनसे प्रश्नों के उत्तर पूछ कर उन्हें अनुसूची से स्वयं भरता है।

रीति के प्रयोग सम्बन्धी सावधानियाँ (Precautions) : इस प्रणाली का प्रयोग करते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना आवश्यक है :-

(*i*) प्रश्नावली-सम्बन्धी सभी आवश्यक बातों, जिनका वर्णन इससे पहले वाली प्रणाली में किया गया है, का अनुसूची तैयार करते समय भी पालन किया जाना चाहिये।

(*ii*) इस रीति की सम्पूर्ण प्रगणकों के सही चयन और उनकी योग्यता पर निर्भर करती है। अतः प्रगणकों की नियुक्ति करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि वे — (क) बुद्धिमान, निपुण, धैर्यवान, ईमानदान, परिश्रमी तथा व्यवहार-कुशल हों, (ख) भली-भाँति प्रशिक्षित हों, (ग) पक्षपात की भावना से अछूते हों, (घ) अनुसंधान-कार्य में रुचि रखते हो तथा (ड) उस क्षेत्र की भाषा, परम्पराओं, रीति-रिवाजों व परिस्थितियों से भली-भाँति परिचित हों।

(*iii*) प्रगणकों के लिये प्रशिक्षण की पूर्व व्यवस्था करनी चाहिये जिससे कि वे अनुसूची भरने में निपुण हो जायें और सम्भावित कठिनाइयों का उन्हें ज्ञान हो सके।

(*iv*) प्रगणकों के लिये प्रशिक्षण की पूर्व व्यवस्था करनी चाहिये जिससे कि वे अनुसूची भरने में निपुर्ण हो जायें और सम्भावित कठिनाइयों का उन्हें ज्ञान हो सके।

रीति का प्रयोग : इस रीति का प्रयोग प्रायः बड़े व्यापार गहों , सार्वजनिक उपक्रमों, शोध-संस्थाओं, सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा किया जाता है। भारत में एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण समस्या, जनगणना अनुसन्धान इसी प्रणाली द्वारा किया जाता है।

प्रणाली के गुण (Merits of the Method)

(*i*) **विस्तत क्षेत्र :** यह प्रणाली विस्तत क्षेत्र वाले अनुसन्धानों के लिये सर्वाधिक उपयुक्त है।

(*ii*) **शुद्धता :** इस रीति द्वारा प्राप्त सूचनाओं में शुद्धता होती है क्योंकि अनुसन्धान-कार्य योग्य, प्रशिक्षित तथा अनुभवी प्रगणकों द्वारा किया जाता है।

(*iii*) **विश्वसनीयता :** इस रीति के अन्तर्गत प्रगणकों का सूचकों से व्यक्तिगत सम्पर्क होने के कारण प्राप्त सूचनायें अत्यधिक विश्वसनीय होती हैं।

(*iv*) **निष्पक्षता :** इस प्रणाली में व्यक्तिगत पक्षपात की सम्भावना बहुत कम होती है।

(*v*) **असीमित व्याप्ति :** इस रीति की व्याप्ति काफी विस्तत है क्योंकि 'डाक प्रश्नावली प्रणाली' के विपरीत इस रीति का प्रयोग अशिक्षित सूचकों वाले क्षेत्रों के लिये भी आसानी से किया जा सकता है।

प्रणाली के दोष (Demerits of the Methods)

(*i*) **महंगी प्रणाली :** यह एक मंहगी प्रणाली है जिससे समय तथा धन काफी खर्च होता है। इसलिये इस रीति का प्रयोग पर्याप्त वित्तीय साधनों वाली संस्थायें या फिर सरकार ही कर सकती है।

(*ii*) **जटिलता :** यह अनुसन्धान की एक जटिल रीति है। विशेष रूप से योग्य प्रगणकों का चयन, उनकी प्रशिक्षण-व्यवस्था व उनके कार्य का निरीक्षण आदि सरल कार्य नहीं है।

(*iii*) **स्वाभाविक अभिनति :** प्रगणकों के व्यक्तित्व में जन्मदाता अन्तर होने के कारण, उनके द्वारा संकलित सूचनाओं में भी अन्तर या विचरण का होना स्वाभाविक है, जिससे परिणाम सही नहीं निकलते।

उपयुक्त रीति का चुनाव : उपर्युक्त सभी प्रणालियाँ अपनी-अपनी दष्टि से उचित हैं और प्रत्येक प्रणाली के अपने लाभ व दोष हैं। हाँ कहना कि इसमें से कौन सी प्रणाली अधिक उचित है अत्यन्त कठिन है क्योंकि एक उपयुक्त रीति का चुनाव काफी हद तक (*i*) अनुसंधान की प्रकृति अर्थात् समस्या के स्वरूप, (*ii*) उद्देश्य एवं क्षेत्र, (*iii*) आर्थिक साधन, (*iv*) अभीष्ट शुद्धता की मात्रा तथा (*v*) उपलब्ध समय पर निर्भर करता है। इसलिये अलग-अलग प्रकार की समस्याओं के लिये अलग-अलग रीतियाँ ही उपयुक्त हो सकती हैं।

अनुसूची तथा प्रश्नावली
(Schedule and Questionnaire)

प्राथमिक प्रकृति के अनुसन्धानों में आवश्यक सूचनायें अनुसूचियाँ भरवाकर प्राप्त की जाती हैं। यद्यपि अनुसूची तथा प्रश्नावली में अन्तर हैं, किन्तु व्यवहार में दोनों का एक ही अर्थ लिया जाता है। प्रश्नावली एक ऐसा फार्म या प्रपत्र है जिसमें अनुसन्धान विषय से सम्बन्धित अभीष्ट तथा विस्तत जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रश्नों का क्रमानुसार तथा प्राथमिकतानुसार ब्यौरा होता है जिसका उत्तर सूचकों द्वारा दिया गया है।

उत्तम प्रश्नावली के गुण
(Essentials of a Good Questionnaire)

सांख्यिकी अनुसंधान की सफलता मुख्य रूप से प्रश्नावली की उत्तमता पर निर्भर करती है। अतः इस दष्टि से एक प्रश्नावली की रचना करते समय निम्न बातों को विशेष रूप से ध्यान में रखना चाहिये :-

(1) कम प्रश्न (Less Questions) : जहाँ तक संभव हो सके प्रश्नों की संख्या कम रखनी चाहिये। प्रश्नों की आदर्श 15 से 20 मानी जाती है। हाँ ! प्रश्न इतने कम भी नहीं होने चाहियें कि पर्याप्त सूचना की प्राप्त न हो सके और उनकी संख्या इतनी अधिक भी नहीं होनी चाहिये कि सूचक को घबराहट महसूस हो।

(2) उचित कम (Logical Sequence) : प्रश्नों को उनके महत्व या प्राथमिकता के क्रम में रखना चाहिये और परस्पर सम्बन्धित प्रश्नों को आगे या पीछे न देकर, एक-ही स्थान पर क्रमबद्ध किया जाना चाहिए।

(3) सरलता व स्पष्टता (Simplicity and Clarity) : प्रश्न सरल व स्पष्ट होने चाहिएँ और वे लम्बे, जटिल तथा दो-अर्थों वाले नहीं होने चाहिएँ। फिर, अनिश्चितता उत्पन्न करने वाले शब्द जैसे 'शायद', 'अक्सर', 'कभी-कभी' आदि का प्रयोग कदापि नहीं करना चाहिये।

(4) संक्षिप्तता (Conciseness or Concision) : प्रश्न ऐसे होने चाहिएँ जिनका उत्तर 'हा' या 'नहीं' में दिया जा सके।

(5) शिष्ट शैली (Courteous Style) : प्रश्नों की भाषा तथा शैली मधुर व सम्मानजनक होनी चाहिये। असम्मानजनक शब्दों जैसे, 'चपरासी', 'नौकर' आदि का प्रयोग नहीं करना चाहिये।

(6) आपत्तिजनक या वर्जित प्रश्न (Undesirable Questions) : ऐसे प्रश्न कभी नहीं पूछने चाहियें जो सूचकों के आत्मसम्मान और उनकी धार्मिक व सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हों, अथवा उनसे सूचना देने वालों के मन में शंका, उत्तेजना या विरोध उत्पन्न होता हो।

(7) प्रश्नों के स्वरूप (Types of Questions) : राबर्ट वैलेस एवं एडवर्ड विलेट के अनुसार प्रश्नों का स्वरूप निम्न हो सकता है :-

(अ) **बन्द प्रश्न (Shut Questions) :** ऐसे प्रश्नों के सम्भाव्य उत्तर, अनुसन्धानकर्त्ता द्वारा स्वयं सुझाये जाते हैं और सूचक को उनमें से केवल एक को टिक (✓) करना होता है। बन्द प्रश्न भी कई प्रकार के हो सकते हैं :-

(*i*) सरल विकल्प वाले प्रश्न जैसे, हाँ या नहीं

(*ii*) त्रिविकल्प वाले प्रश्न जैसे, हाँ, नहीं, कुछ नहीं कह सकता

(*iii*) बहु-विकल्प वाले प्रश्न जैसे क्या आप धूम्रपान करते हैं ? हाँ, नहीं, कभी-कभी, कभी-कभार

(ख) **खुले प्रश्न (Open Questions) :** ये ऐसे प्रश्न होते हैं जिनका उत्तर सूचक को स्वयं अपने शब्दों में देना होता है। इन प्रश्नों को उद्देश्य सूचक के व्यक्तिगत विचार जानना है और इसलिये उसे उत्तर के रूप में कोई विकल्प नहीं बताया जाता। खुले प्रश्नों का प्रयोग कम-से-कम करना चाहिये क्योंकि बहुत कम लोग इनका उत्तर दे पाते हैं। उदाहरणार्थ — आप की राय में बरोजगारी को कम करने के क्या उपाय किये जाने चाहिएँ ? महँगाई किस प्रकार रोकी जा सकती है ?

(स) **विशिष्ट सूचना देने वाले प्रश्न (Specific Informations Questions) :** ये वह प्रश्न होते हैं जिनका उद्देश्य सूचकों से विशिष्ट जानकारी प्राप्त करना है। उदाहरणार्थ, आपकी आय कितनी है ? आपका शैक्षिक स्तर क्या है ? आपके बच्चे कितने हैं ?

(8) सूचना प्रश्नों से बचना (To avoid leading questions) : उदाहरण के तौर पर 'आप पौण्डस पाउडर ही क्यों इस्तेमाल होना चाहिये जिनसे उत्तरों की सत्यता की परस्पर जाँच की जा सके।

(9) क्रास-जाँच (Cross Check) : शुद्धता के उच्च-स्तर को बनाये रखने की दष्टि से प्रश्नावली में कुछ प्रश्नों का भी समावेश होना चाहिये जिनसे उत्तरों की सत्यता की परस्पर जाँच की जा सके।

(10) पूर्व परीक्षण व संशोधन (Pre-testing and Rectification) : जब प्रश्नावली तैयार हो जाये तो अनुसंधान कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व उसका कुछ लोगों पर परीक्षण कर लेना चाहिये। प्रश्नावली का पूर्व-परीक्षण एक लाभप्रद क्रिया है क्योंकि इससे प्रश्नावली के दोष और प्रश्नों सम्बन्धी कठिनाइयों का पहले से ही ज्ञान हो जाता है।

(11) निर्देश व टिप्पणी (Instructions and Footnote) : प्रश्नावली में सूचक के लिये आवश्यकतानुसार निर्देश दे देने चाहियें। जैसे, प्रश्नावली कब कहाँ, और किस पते पर लौटानी है। इसके अलावा यदि किसी प्रश्न में व्याख्या की आवश्यकता है तो उसकी चिन्हित करके उसकी टिप्पणी फुटनोट के रूप में कर देनी चाहिये।

(12) व्याख्या-पत्र या निवेदन पत्र (Covering Letter) : जाँच के आयोजकों की तरफ से प्रश्नावली के साथ एक प्रपत्र लगा होना चाहिए जिसमें निम्न बातें शामिल हों — (*i*) अपना परिचय तथा अनुसन्धान का उद्देश्य, (*ii*) सूचकों को इस बात का आश्वासन कि उनकी सूचनाओं को गुप्त रखा जायेगा और न ही दुरुपयोग किया जायेगा, (*iii*) डाक प्रश्नावली रीति की स्थिति में पता लिखा लिफाफा संलग्न होना चाहिये, (*iv*) शीघ्र तथा सही उत्तरों के लिये, सूचकों को उपहार-कूपन्स आदि के रूप में प्रोत्साहन देने की व्यवस्था होनी चाहिए, (*v*) इच्छुक सूचकों को यदि वे माँग, तो जाँच रिपोर्ट की एक कापी देने का आश्वासन भी होना चाहिये।

प्रश्नावली का नमूना
(Model)

सुपर बाजार से वस्तुओं को खरीदने सम्बन्धी "ग्राहकों की पसन्द" का सर्वेक्षण करने के लिये एक उपयुक्त प्रश्नावली का उदाहरण निम्न हैं :-

सुपर बाजार सम्बन्धी ग्राहकों की पसन्द

नोट : कृपया नीचे दिये वर्ग में आवश्यक सूचनायें भरिये और अपने उत्तर को 'सही' का निशान लगाकर प्रकट कीजिए।

I सामान्य

1. नाम .....
2. पता .....
3. आयु .....
4. लिंग ..... स्त्री ☐ पुरुष ☐
5. व्यवसाय * नौकरी ☐ व्यापार ☐ अन्य ☐
6. मासिक आय
   - 100 से 500 तक ☐
   - 500 से 1000 तक ☐
   - 1000 से ऊपर ☐
7. परिवार की सदस्य-संख्या
   - 1 से 3 तक ☐
   - 4-6 तक ☐
   - 7 से ऊपर ☐

II विशिष्ट

1. आप सुपर बाजार क्यों जाते हैं ?
   - (*i*) घर के निकट है। हाँ ☐ नहीं ☐
   - (*ii*) घर के रास्ते में पड़ता है। हाँ ☐ नहीं ☐
2. सुपर बाजार की प्राथमिकता देने का क्या कारण है ?
   - (*i*) सभी वस्तुओं की एक स्थान पर पूर्ति होना हाँ ☐ नहीं ☐
   - (*ii*) माल की अच्छी किस्म हाँ ☐ नहीं ☐
   - (*iii*) अधिक अच्छे डिजाइन हाँ ☐ नहीं ☐
   - (*iv*) उचित व निश्चित मूल्य हाँ ☐ नहीं ☐
3. क्या आप सभी वस्तुयें सुपर बाजार से खरीदते हैं ? हाँ ☐ नहीं ☐
4. आप एक महीनें में कितनी बार सुपर बाजार जाते हैं ?
   1 से 6 दिन ☐ 6 से 10 दिन ☐ 19 से ऊपर ☐
5. वहाँ के 'सेल्समैन' का व्यवहार आप को कैसा लगता है ?
   - (*i*) विनम्र ☐ (*iv*) रूखापन ☐
   - (*ii*) सहायताशील ☐ (*v*) असहयोगी ☐
   - (*iii*) कुशल ☐ (*vi*) अकुशल ☐
6. वस्तुयें प्राप्त करने में कोई कठिनाई तो नहीं होती ? हाँ ☐ नहीं ☐
7. क्या आप पुरुष सेल्समैन की बजाय महिला सेल्समैन पसन्द करते हैं ? हाँ ☐ नहीं ☐

द्वितीयक सामग्री : स्रोत और उसका प्रयोग
(Secondary Data : Sources and its Uses)

इस तथ्य को ऊपर स्पष्ट किया जा चुका है कि द्वितीयक समंक के समंक होते हैं जो पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति या संस्था द्वारा एकत्रित किये गये होते हैं। एम. एस. ब्लेयर के अनुसार, द्वितीयक समंक वे हैं जो पहले से ही अस्तित्व में हैं और जो वर्तमान प्रश्नों के उत्तर के लिए न होकर, बल्कि किसी दूसरे उद्देश्य के लिए एकत्र किये गये हैं।'' इस प्रकार स्पष्ट है कि द्वितीयक सामग्री का संकलन नहीं किया जाता बल्कि उसको 'उद्धत' करके उसका केवल अपने उद्देश्य हेतु प्रयोग किया जाता है।

द्वितीयक समंकों के स्रोत
(Sources of Secondary Data)

द्वितीयक समंकों के निम्न दो स्त्रोत हो सकते हैं :-

(1) प्रकाशित स्त्रोत (Published Sources) : प्रायः देखने में आता है कि विभिन्न विषयों पर सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाएँ अथवा व्यक्ति, प्राथमिक अनुसन्धान द्वारा प्राप्त समंकों को समय-समय पर प्रकाशित करते रहते हैं जिनका प्रयोग प्रायः अन्य लोगों द्वारा द्वितीयक सामग्री के रूप में किया जाता है। प्रकाशित समंकों के स्त्रोत इस प्रकार हैं :-

(*i*) **अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाशन :** विदेशी सरकारों तथा अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा प्रकाशित समंक जैसे U.N. Statistical Year Book, Demographic Year Book; Annual Reports of I.M.F., I.L.O., I.B.R.D. etc.

(*ii*) **सरकारी प्रकाशन :** केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों द्वारा भी विभिन्न विषयों से सम्बन्धित समंकों का प्रकाशन किया जाता है और इन समंकों में विश्वसनीयता की मात्रा भी अधिक होती है। उदाहरणार्थ, Five Year Plans (Draft and Progress Reports), R.B.I. Bulletin, Economic Survey (Annual); Census Reports etc.

(*iii*) **अर्द्ध-सरकारी प्रकाशन :** अर्द्ध-सरकारी संस्थाएँ जैसे नगरी-निगम, नगर पालिकाएँ, जिला परिषदें, पंचायतों आदि के द्वारा भी विभिन्न समस्याओं (जन्म स्मरण व स्वास्थ्य आदि) सम्बन्धी समंकों को प्रकाशन किया जाता है।

(*iv*) **आयोगों व समितियों के प्रतिवेदन :** सरकार द्वारा समय-समय पर नियुक्त किये गये आयोगों व समितियों की रिपोर्टों का भी प्रकाशन किया जाता है। उदाहरणार्थ — वित्त-आयोग, एकाधिकार आयोग, गोरवाला कमेटी, झा कमेटी, अलेक्जेन्डर समिति, हजारी समिति रिपोर्ट आदि।

(*v*) **अनुसन्धन व शोध संस्थाओं के प्रकाशन** : अनेक शोध संस्थायें समय-समय पर अपने शोध-परिणामों को प्रकाशित करती रहती हैं। उदाहरणार्थ — भारतीय सांख्यिकी अनुसन्धान (I.S.I.), राष्ट्रीय प्रतिदर्श जाँच संगठन (N.S.S.O), व्यवहारिक आर्थिक शोध की राष्ट्रीय परिषद (NCAER) इत्यादि।

(*vi*) **व्यापारिक व वित्तीय संस्थाओं के प्रकाशन :** व्यापारिक-वित्तीय संस्थाएँ तथा व्यावसायिक परिषदों जैसे FICCI, Trade Unions, Ahmedabad Mill Owners Association, Bank Bodies, Institute of Charted Accountants; Stock Exchanges, कुछ महत्वपूर्ण विषयों के प्रतिवेदन तथा समंक प्रकाशित करती हैं।

(*vii*) **समाचार पत्र तथा पत्रिकाएँ :** इसके अलावा समाचार-पत्र, सामयिक पत्रिकाएँ, मैगजीन्स आदि जैसे (Economic Times, Eastern Economists, The Financial Express, Indian Journal of Economics, Capital, Commerce) आदि द्वारा भी वर्तमान आर्थिक-सामाजिक विषयों पर महत्वपूर्ण समंक प्रकाशित किये जाते हैं।

(2) अप्रकाशित स्त्रोत (Unpublished Sources) : कुछ ऐसी सांख्यिकी सामग्री भी होती है जिसका विधिवत प्रकाशन तो नहीं हो पाता परन्तु फिर भी वह काफी उपयोगी होती है और उसका द्वितीयक सामग्री के रूप में प्रयोग किया जाता है। जैसे प्राध्यापकों द्वारा किये गये शोध-कार्य, कालिजों के रिकार्ड आदि।

द्वितीयक समंकों का प्रयोग करते समय सावधानियाँ
(Precautions in the Use of Secondary Data)

द्वितीयक समंकों की मुख्य समस्या उनके संकलन की न होकर, उनके सही और संशोधित रूप में प्रयोग करने की होती है। इसमें यह कभी नहीं भूलना चाहिये कि दूसरे लोगों द्वारा संकलित समंकों में त्रुटियों तथा सीमाएँ हो सकती हैं। ऐसे समंकों की आलोचनात्मक जाँच एवं विस्तत संपादन किये बिना , उनका प्रयोग करना सदैव खतरनाक होता है। अतः द्वितीयक समंकों का प्रयोग करने से पूर्व अनुसन्धानकर्त्ता को इस बात की पूरी जाँच कर लेनी चाहिये कि उपलब्ध समंक वर्तमान उद्देश्य के लिये (*i*) विश्वसीनयता, (*ii*) अनुकूलता तथा (*ii*) पर्याप्तता का गुण रखते हैं अथवा नहीं।

सावधानियाँ (Precautions) : द्वितीयक समंकों का प्रयोग करने से पूर्व उनके बारे में निम्न तथ्यों की जाँच-पड़ताल अवश्य कर लेनी चाहिये :-

(1) पिछले अनुसन्धानकर्त्ता की योग्यता : सर्वप्रथम यह पता लगाना चाहिए कि सामग्री का संकलनकर्त्ता क्या अनुभवी, योग्य, ईमानदार व निष्पक्ष व्यक्ति था। यदि उत्तर 'हाँ' में है तो उसका प्रयोग करना चाहिये अन्यथा नहीं।

(2) उद्देश्य व क्षेत्र : दूसरा उन समंकों के अनुसन्धान का उद्देश्य व क्षेत्र क्या था ? यदि वर्तमान और पिछले अनुसन्धान के उद्देश्य व क्षेत्र में काफी हद तक समानता है तो समंकों को प्रयोग करना चाहिये अन्यथा नहीं।

(3) समंक संकलन की रीति : इस बात की जाँच करना कि समंक संकलन की जो रीति पहले अपनाई गया थी, (*i*) वह कहाँ तक उपयुक्त थी, (*ii*) और वर्तमान प्रयोग के लिये कहाँ तक उपयुक्त तथा विश्वसनीय है। साथ ही, यदि प्रतिदर्श अनुसन्धान किया गया था तो क्या प्रतिदर्श, यथेष्ट था या अपर्याप्त था।

(4) इकाई की उचित परिभाषा : द्वितीयक सामग्री के प्रयुक्तकर्त्ता को इन बात की भी जाँच कर लेनी चाहिए कि पूर्व-अनुसंधान की इकाइयाँ, अर्थ, परिभाषा व समरूपता की दष्टि से वर्तमान -प्रयोग के अनुकूल है या नहीं।

(5) अनुसंधान का समय व परिस्थितियाँ : इस बात की भी जाँच कर लेनी चाहिए, कि उपलब्ध समंक किस काल व समय में तथा 'किन' परिस्थितियों में संकलित किये गये थे। स्मरण रहे, मन्दी काल में परिवर्तन होने पर समंकों की उपादेयता कम हो जाती है। अतः उनमें उचित संशोधन करके ही उनका प्रयोग किया जाना चाहिये।

(6) शुद्धता की मात्रा का स्तर : इस सम्बन्ध में एक सावधानी यह भी जरूरी है कि उपलब्ध सामग्री में पिछले अनुसन्धानकर्त्ता द्वारा शुद्धता का स्तर क्या रखा गया था ? शुद्धता की मात्रा कम होने पर समंक अविश्वसनीय हो जाते हैं और उनका प्रयोग कदापि नहीं करना चाहिए।

(7) तुलना व जाँच : अनुसन्धानकर्त्ता द्वारा समंकों की परीक्षात्मक-जाँच अवश्य की जानी चाहिये इसके दो तरीके हो सकते हैं। प्रथम, उपलब्ध समंकों में से कुछ की परीक्षात्मक-जाँच करके उनकी विश्वसनीयता का पता लगाया जाए। द्वितीय, यदि वर्तमान समस्या (उद्देश्य) से सम्बन्धित समंक, अपने स्त्रोतों से उपलब्ध है, तो उनकी परस्पर तुलना द्वारा शुद्धता की जाँच कर लेनी चाहिये। यदि उनमें काफी अन्तर है तो ऐसी दशा में नये सिरे से स्वयं अनुसन्धान करना अच्छा होगा, बजाय इसके कि द्वितीयक सामग्री पर भरोसा किया जाये।

समंकों का सम्पादन
(Editing of Data)

समंकों के संकलन के पश्चात उनका ठीक ढंग से सम्पादन अत्यन्त आवश्यक है। सम्पादन का मुख्य उद्देश्य त्रुटियों का संशोधन करना है। सम्पादन का काम ठीक रूप से करने के लिये बहुत अनुभव की आवश्यकता है अन्यथा समंकों का संग्रह करने में की गई मेहनत बेकार सिद्ध हो सकती है।

प्राथमिक सामग्री का सम्पादन
(Editing or Primary Data)

प्राथमिक सामग्री का सम्पादन करते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना चाहिये।

(*i*) समंक पूर्ण होने चाहिये।

(*ii*) समंकों में सामंजस्य होना चाहिये।

(*iii*) समंक शुद्ध होने चाहिये।

(*iv*) समंकों में सजातीयता होनी चाहिये।

(1) पूर्णता की जाँच (Editing for Completeness) : सम्पादक को देखना चाहिये कि प्रश्नावलियाँ तथा अनुसूचियाँ सब प्रकार से पूर्ण हों अर्थात प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दिया गया हो। यदि कुछ महत्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है तो सूचकों से सम्पर्क स्थापित करके अनुसूचियों को पूर्ण कर लेना चाहिये। सम्भवतः भरसक प्रयत्न के बाद भी कुछ प्रश्नों का सही उत्तर न मिला हो; ऐसी दशा में उस प्रश्नावली को छोड़ देना चाहिये।

(2) संगति की जाँच (Editing for Consistency) : सम्पादन करते समय यह देखना चाहिये कि प्रश्नों के उत्तर परस्पर विरोधी तो नहीं हैं। यदि उत्तर परस्पर विरोधी हों तो उस प्रश्नावली का दुबारा देखना अथवा जहाँ सम्भव हो सूचना देने वाले से सम्पर्क करके उससे सही उत्तर प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिये।

(3) शुद्धता की जाँच (Editing for Accuracy) : निष्कर्षों की विश्वसनीयता सूचना की शुद्धता पर निर्भर करती है। यदि सूचना ही गलत है तो निष्कर्ष भी गलत होगें इसलिये सम्पादक को यह देखना आवश्यक है कि सूचना हर प्रकार से सही है। यदि अशुद्धता गणित सम्बन्धी है तो उसका आसानी से पता लगाया जा सकता है और उसको सही किया जा सकता है। यदि सूचना ही अशुद्ध है जैसे आयु के बारे में गलत सूचना तो इस गलती का पता लगाना व सही करना बहुत कठिन होगा।

(4) एकरूपता की जाँच (Editing for Uniformity) : सम्पादक को एकरूपता के लिये सारे प्रश्नों की जाँच करनी चाहिये। प्रायः प्रश्नावली में दिये गये उत्तरों में एकरूपता का अभाव होता है। उदाहरणार्थ, आय सम्बन्धी सूचना वित्तीय वर्ष के स्थान पर 'कलैण्डर वर्ष' या 'सम्वत वर्ष' के आधार पर दी जा सकती है। ऐसी परिस्थिति में यदि एकरूपता बनाये रखने के लिये समंकों का सम्पादन न किया जाये तो प्राप्त परिणाम भ्राम (भ्रामक) होंगे।

द्वितीयक समंकों के प्रयोग में सावधानियाँ
(Precautions in the Use of Secondary Data)

क्योंकि द्वितीयक समंक अन्य व्यक्तियों द्वारा संकलित होते हैं इसलिये यह आवश्यक है कि प्रयोग करने से पहले उनकी भली-भाँति जाँच कर ली जाये। वास्तव में उनके प्रयोग में बहुत ही सावधानी से काम लेना चाहिये। इस सम्बन्ध में प्रो. बाउले का कथन उल्लेखनीय है : ''प्रकाशित समंकों को बिना उनका अर्थ व सीमायें जाने जैसे का तैसा स्वीकार कर लेना खतरे से खाली नहीं है।'' ऐसे समंक कई कारणों से अशुद्ध हो सकते हैं, जैसे पक्षपातपूर्ण अपर्याप्त न्यादर्श का प्रयोग करते समय अनुसंधानकर्ता की निम्नलिखित बातें ध्यान में रखनी चाहिएँ :-

(1) क्या समंक अनुसंधान के उद्देश्य के अनुकूल हैं ? (Whether the data are suitable for the purpose of investigation) : समंकों को प्रयोग करने से पूर्व अनुसंधानकर्त्ता को देख लेना चाहिये कि समंक अनुसंधान के उद्देश्य के अनुकूल है। समंकों की उपयुक्तता का निश्चय अनुसंधान के स्वरूप तथा क्षेत्र को ध्यान में रखकर किया जा सकता है। उदाहरण के लिये, यदि उद्देश्य एवं क्षेत्र में भिन्नता है तो यह निर्भर करना पड़ेगा कि वर्तमान अनुसंधान में वह कहाँ तक उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। मान लीजिये अनुसंधान का उद्देश्य 'मजदूरी के वेतन' (भत्तों-सहित) का अध्ययन करना हैं। यदि संकलित समंक केवल मूल वेतन (Basic Wages) से संबंधित हैं तो उपर्युक्त अनुसंधान के उद्देश्य के अनुकूल नहीं हैं।

(2) क्या समंक अनुसंधान के उद्देश्य के लिये पर्याप्त हैं ? (Whether the data are adequate for the investigation) : समंक की उपयुक्तता का निश्चय करने के पश्चात यह देखना आवश्यक है कि क्या ये समंक अनुसन्धान के उद्देश्य के लिये पर्याप्त हैं। परीक्षण की आवश्यकता तथा भौगोलिक क्षेत्र के सन्दर्भ में समंकों की पर्याप्तता को निश्चित किया जायेगा। उदाहरण के लिए, यदि प्राप्त समंक केवल उत्तर प्रदेश की चीनी मिल तक ही सीमित है तो हम सारे भारत में चीनी मिलों के मज़दूरों वेतन का अध्ययन इन समंकों के आधार पर नहीं कर सकते। पर्याप्तता का प्रश्न समंकों के समय को ध्यान में रखकर भी निश्चित किया जा सकता है। उदाहरण के लिये, हम पिछले आठ-दस वर्षों की कीमतों का अध्ययन करना चाहें और हमारे पास प्राप्त समंक केवल दा या तीन वर्ष के लिये हैं तो ये समंक हमारे उद्देश्य के लिय अपर्याप्त होंगे।

(3) क्या समंक विश्वसनीय हैं ? (Whether the data are reliable) : समंकों की विश्वनीयता की जाँच कई दष्टिकोणों से की जा सकती है, जैसे किस संस्था द्वारा समंक एकत्रित किये गये, समंक संकलन में किसी रीति का प्रयोग हुआ; शुद्धता का स्तर क्या था, इत्यादि सब बातों से सम्बन्धित सूचना का पता लगाा सम्भव नहीं होता। अतः विश्वसनीयता की जाँच करना सबसे कठिन कार्य है।

द्वितीयक समंकों की विश्वनीयता, पर्याप्तता तथा उपयुक्तता की जाँच करने के लिये निम्न बातों को ध्यान में रखना चाहिये।

(1) उद्देश्य एवं क्षेत्र (Object and Scope) : यह जान लेना आवश्यक है कि क्या प्राथमिक रूप से जब समंक एकत्र किये गये थे जो अनुसन्धान का उद्देश्य व क्षेत्र था। अनुसन्धान के उद्देश्य व क्षेत्र, जिनके लिये अब उनका द्वितीयक समंक के रूप में प्रयोग किया जा रहा है, भिन्न थे तो समंक अनुपयुक्त होंगे।

(2) संकलन रीति (Method of Collection) : समंक संकलन के लिये कौन-सी रीति का प्रयोग किया गया था इसका ज्ञान आवश्यक है। यदि निदर्शन रीति का प्रयोग किया गया था तो इस बात का पता लगाना चाहिये कि न्यादर्श यथेष्ट

था और समग्र का ठीक प्रतिनिधित्व करता था। इस बात की भी जानकारी होनी चाहिये किस समंक संकलन के संगठन एवं निरीक्षण का उपयुक्त प्रबन्ध किया गया था या नहीं।

(3) अनुसन्धानकर्त्ता व प्रगणकों की योग्यता (The ability and integrity of investigation and enumerators) : क्या समंकों का संकलन किन्हीं विशेष तथ्यों को प्रमाणित करने के लिये पक्षपातपूर्ण ढंग से किया गया था ? यदि हाँ, तो ऐसे समंकों पर विश्वास नहीं किया जा सकता और उनका प्रयोग अनुचित होगा। उन्हीं समंकों का प्रयोग किया जाना चाहिये जो अनुभवी, निष्पक्ष, ईमानदार, अनुसन्धानकर्ता द्वारा संकलित किये गये हों।

(4) अनुसन्धान में प्रयुक्त इकाइयों की परिभाषा (Definition of units) : यह देख लेना चाहिये कि पूर्व अनुसन्धान में प्रयुक्त सांख्यिकीय इकाइयों के अर्थ वर्तमान प्रयोग के अनुकूल हैं या नहीं — यदि इकाइयों की परिभाषा में अन्तर है तो द्वितीयक समंकों का प्रयोग बिना आवश्यक समायोजन किये नहीं करना चाहिये।

(5) विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त द्वितीयक समंकों की तुलना (Comparison of secondary data obtained from different sources) : यदि एक ही विषय पर अनेक साधनों से द्वितीयक समंक उपलब्ध हैं तो उनकी सत्यता की जाँच करने के लिये उनमें तुलना कर लेनी चाहिये। यदि उनमें काफी अन्तर है तो सबसे अधिक विश्वसनीय स्त्रोत से प्राप्त समंकों का प्रयोग करना चाहिये।

(6) समंक-संकलन का समय और परिस्थितियाँ (Time and conditions of collection of data) : यह जान लेना आवश्यक है कि उपलब्ध सामग्री किस समय से सम्बन्धित है तथा किन परिस्थितियों में एकत्र की गई थी। यदि परिस्थितियों में बहुत अंतर है तो द्वितीयक समंकों का प्रयोग अनुचित होगा। उदाहरणार्थ, युद्ध काल में संग्रहीत समंकों का प्रयोग शान्तिकाल में नहीं करना चाहिये। इसी प्रकार अपवाद काल (Depression Period) में संकलित समंकों का उपयोग अभिवद्धि काल (Boom Period) में नहीं करना चाहिये।

(7) शुद्धता का स्तर (Degree of Accuracy) : द्वितीयक समंकों के प्रयोग से पूर्व यह जान लेना चाहिये कि प्रस्तुत समंकों में शुद्धता का स्तर क्या रखा गया था और उसे प्राप्त करने में कहाँ तक सफलता हुई। प्रकाशित समंकों की शुद्धता का स्तर उपयोगकर्त्ता द्वारा किये जाने वाले अनुसन्धान के स्तर से कम नहीं होना चाहिये।

(8) परीक्षात्मक जाँच (Test Checking) : अनुसंधानकर्ता को द्वितीयक समंकों में से कुछ की परीक्षात्मक जाँच कर लेनी चाहिये ताकि यह ज्ञात हो जाये कि वे कहाँ तक विश्वसनीय हैं।

यदि उपर्युक्त बातों को ध्यान में नहीं रखा जाऐगा तो द्वितीयक समंकों के आधार पर जो निष्कर्ष निकाले जायेंगे वे अशुद्ध और अविश्वसनीय हो सकते हैं।

❑❑

अध्याय - 3

समंकों का वर्गीकरण तथा सारणीयन
(Classification and Presentation of Data)

वर्गीकरण
(Classification)

वर्गीकरण अध्याय में समंक संग्रह करने की विभिन्न रीतियों का विवेचन किया गया। संग्रहीत समंक अव्यवस्थित दशा में होते हैं और उनका विश्लेषण एवं निर्वचन बहुत कठिन होता है। जब तक इस सामग्री को व्यवस्थित करके सरल व समझने योग्य न बनाया जाये, उससे कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। उदाहरण के लिये, जनसंख्या सम्बन्धी समंकों (Census Data) से आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, आदि पर एकत्र की गई सूचना व्यर्थ सिद्ध होगी, जब तक कि इसे संक्षिप्त तथा सुव्यस्थित ढंग से प्रस्तुत न किया जाये। यह तथ्य निम्न सारणी से स्पष्ट हे जायेगा :-

आयु श्रेणी (वर्षों में)	व्यक्तियों की संख्या (करोड़ में)
10 वर्ष से कम	6.5
10-20	8.0
20-30	10.0
30-40	15.0
40-50	13.0
50-60	11.0
60 से अधिक	5.3
	योग 68.8

उपर्युक्त सारणी 68.8 करोड़ व्यक्तियों की आयु केवल 7 श्रेणियों में प्रस्तुत करती है। इस सारणी द्वारा बहुत सुगमता से निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि वर्गीकरण तथा सारणीयन में समंकों को इस प्रकार से प्रस्तुत किया जाता है कि वे सरलता से समझे जा सकें और उनका विश्लेषण एवं निर्वचन सुगम हो जाये।

वर्गीकरण का अर्थ
(Meaning of Classification)

समंकों का संकलन तथा सम्पादन करने के पश्चात् उनका वर्गीकरण किया जाता है। समंकों को समान गुणों के आधार पर व्यवस्थित करके वर्गों या विभागों में प्रस्तुत करने की क्रिया को वर्गीकरण कहते हैं। वर्गीकरण की क्रिया बहुत कुछ डाक-घर में पत्र छाँटने की क्रिया के समान है। डाक-घर में, एकत्रित पत्रों को, भौगोलिक आधार अर्थात् उनके गन्तव्य स्थानों, उनके पिन कोड, जैसे मुम्बई, मैसूर, पटना आदि के अनुसार छाँटा जाता हैं, इसके पश्चात उन्हें एक समान गुण के आधार पर जैसे एक ही गन्तव्य स्थान के पत्रों को एक थैले में अन्य स्थान के पत्रों को अन्य थैलों में रख देते हैं। ठीक इसी प्रकार वर्गीकरण की क्रिया है। विभिन्न मदों से समान गुणों के आधार पर व्यवस्थित किया जाता है।

वर्गीकरण के उद्देश्य

(Objects of Classification)

वर्गीकरण के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं :-

(1) सांख्यिकी सामग्री को सरल एवं संक्षिप्त बनाना (To Condense and Simplify the Collected Data) : वर्गीकरण का मुख्य उद्देश्य सांख्यिकीय सामग्री की जटिलता को दूर करके उसे सरल व संक्षिप्त बनाना है। लाखों और करोड़ों समंकों को कुछ ही श्रेणियों में व्यवस्थित करके इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि वे आसानी से समझे जा सकें। उदाहरणार्थ, एक कारखाने में यदि 1,000 कर्मचारी काम करते हैं तो वेतन को इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है:-

वेतन (रू. में)	कर्मचारियों की संख्या
800 से कम	50
800-1000	150
1000-1200	350
1200-1400	200
1400-1600	150
16001-1800	80
1800 से अधिक	20
	योग 1,000

(2) समंकों की समानता व असमानता को स्पष्ट करना (To Bring Out Points of Similarities and Dissimilarities of Data) : वर्गीकरण में सांख्यिकीय तथ्यों की समानता व असमानता स्पष्ट हो जाती है। समान गुण वाले मद एक साथ रखे जाते हैं, 'स्त्री', 'विवाहित', अविवाहित', 'साक्षर' आदि।

(3) तुलना में सहायक होना (To Facilitate Comparison of Data) : वर्गीकरण से समंकों का तुलनात्मक निर्वचन सरल हो जाता है। उदाहणार्थ, दो कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा किसी एक में प्राप्त अंक आगे सारणी में दिये गये हैं। इस सारणी से तुलनात्मक अध्ययन बहुत सुगम हो जाता है क्योंकि इसे देखकर यह कहा जा सकता है कि कक्षा 'ख' के विद्यार्थी कक्षा 'क' से अच्छे हैं।

विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक

अंक	कक्षा 'क'	कक्षा 'ख'
0-10	5	5
10-20	10	6
20-30	18	25
30-40	25	32
40-50	22	24
50-60	8	3
60-70	7	2
योग	**95**	**97**

(4) सारणीयन का आधार प्रस्तुत करना (To Reveal the Basis of Tabulation) : वर्गीकरण द्वारा सारणीयन तथा भावी विश्लेषण की अन्य क्रियाओं का समुचित आधार प्रस्तुत किया जाता है।

वर्गीकरण की मुख्य रीतियाँ

(Main Methods of Classification)

समंक मुख्यतः निम्नलिखित आधार पर वर्गीकृत किये जा सकते हैं :-

(1) भौगोलिक (Geographical), (2) समयानुसार (Chronological), (3) गुणात्मक (Qualitative), तथा (4) संख्यात्मक (Quantitative).

(1) भौगोलिक वर्गीकरण (Geographical Classification) : इस रीति के अंतर्गत समंकों का वर्गीकरण भौगोलिक आधार पर किया जाता है। उदाहरणार्थ, खाद्य उत्पादन की मात्रा भारत में राज्यानुसार इस प्रकार प्रस्तुत की जा सकती है :-

1989-90 में खाद्यान्न का उत्पादन

राज्यों के नाम	उत्पादन (हजारों टनों में)
हिमाचल प्रदेश	1410.9
कर्नाटक	7127.5
मध्य प्रदेश	14805.2
पंजाब	18985.6
तमिलनाडु	8124.4

(2) समयानुसार वर्गीकरण (Chronological Classification) : जब समंक समय के अनुसार व्यवस्थित किये जायें तो समयानुसार इस प्रकार प्रस्तुत कर सकते हैं :-

वर्ष	भारत की जनसंख्या (करोड़ में)
1921	24.80
1931	27.60
1941	31.30
1951	35.70
1961	43.80
1971	54.90
1981	68.38
1991	83.44

(3) गुणात्मक वर्गीकरण (Qualitative Classification or Classification According to Attributes) : गुणात्मक वर्गीकरण में समंक गुणों अथवा विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत किये जाते हैं, जैसे — लिंग, आयु, व्यवसाय, साक्षरता, धर्म आदि। ध्यान देने योग्य यह बात है कि गुणात्मक समंकों की प्रत्यक्ष रूप से माप नहीं हो सकती। केवल यह पता लगाया जा सकता है कि प्रस्तुत अध्ययन में अमुक गुण विद्यमान है या नहीं। उदाहरण के लिये, अन्धता का अध्ययन करते समय यह ज्ञात कर सकते हैं कि एक निश्चित संख्या में कितने व्यक्ति अन्धे हैं लेकिन हम उनकी अन्धता की सीमा का पता नहीं लगा सकते। इस प्रकार हम केवल एक गुण या विशेषता का अध्ययन कर रहे हैं तो दो वर्ष या श्रेणियाँ बनेंगी — एक जिसमें वह गुण या विशेषता विद्यमान है, तथा दूसरी जिसमें वह गुण या विशेषता विद्यमान नहीं है, उदाहरणार्थ, जनसंख्या को लिंगानुसार निम्न दो भागों में विभाजित किया जा सकता है :-



इसी प्रकार जनसंख्या का वर्गीकरण, साक्षरता, धर्म आदि के आधार पर किया जा सकता है। जिस वर्गीकरण में केवल दो वर्ग या श्रेणियाँ होती हैं उसे साधारण (Simple) अथवा द्वन्द भाजन वर्गीकरण (Dichotomous Classification) कहते हैं। यदि समंकों को दो श्रेणियों के स्थान पर कई वर्गों या श्रेणियों में विभाजित करते हैं तो वह बहुगुणीय वर्गीकरण (Manifold Classification) कहलाता है। उदाहरण के लिये, हम जनसंख्या के पहले लिंगानुसार पुरुषों एवं स्त्रियों में विभाजित कर लें, फिर प्रत्येक वर्ग को साक्षरता के आधार पर शिक्षित अथवा अशिक्षित में बाँट लें। तत्पश्चात, अन्य गुणों के आधार पर उन्हें उपवर्गों में विभाजित कर दें। इस प्रकार यह क्रम किसी अन्य गुण अथवा विशेषता के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। बहुगुण वर्गीकरण का एक नमूना आगे दिया गया है।



(4) वर्गान्तरों के अनुसार या संख्यात्मक वर्गीकरण (Quantitative Classification) : संख्यात्मक वर्गीकरण सामान्यतः वर्गान्तरों (Class Intervals) के अनुसार किया जाता है। सबसे छोटी और सबसे बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए सभी समंकों को विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को निम्न रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं :-

अंक	विद्यार्थियों की संख्या
0-20	8
20-40	12
40-60	25
60-80	15
80-100	10
	योग 70

ऐसे वर्गीकरण में दो तत्व होते हैं :-

(1) चर (Variable) तथा

(2) वर्ग-आवत्ति (Class Frequency)

(1) चर (Variable) : 'चर' शब्द का अभिप्राय उन तथ्यों से है जिनका अंकात्मक माप या प्रत्यक्ष माप सम्भव होता है और जो मात्रा अथवा आकार में घटते-बढ़ते रहते हैं। एक चर खण्डित या विच्छिन्न (Discrete) अथवा अखण्डित या

अविच्छिन्न (Continuous) हो सकता है। अखण्डित चर को एक निश्चित सीमा में गणितीय शुद्धता के साथ मापा जा सकता है। जब एक व्यक्ति की ऊँचाई 4 फुट से बढ़कर 5 फुट होती है तो वह 4 फुट से 5 फुट तक ही प्रत्येक ऊँचाई से गुजरेगा। लेकिन खण्डित चर में ऐसा नहीं होता। एक खण्डित चर कुछ निश्चित सीमाओं से ही गुजर सकता है। उदाहरणार्थ एक घर में कमरों की संख्या पूर्णांक में ही हो सकती है जैसे 1, 2 या 3 आदि, डेढ़, या ढाई संख्या नहीं हो सकती। इसी प्रकार, यदि एक घर में दो बच्चे और अन्य बच्चा जन्म लेता है तो कुल संख्या 3 होगी न कि $2\frac{1}{4}$, $2\frac{1}{2}, 2\frac{3}{4}$ आदि। व्यावहारिक दष्टि से अधिकांश चर अखण्डित होते हैं। अखण्डित एवं खण्डित आवत्ति वितरणों के दो उदाहरण नीचे दिये गये हैं :-

खण्डित आवत्ति विवरण		अखण्डित आवत्ति वितरण	
बच्चों की संख्या	**परिवारों की संख्या**	**वजन (पौण्ड में)**	**व्यक्तियों की संख्या**
0	10	100-110	10
1	40	110-120	15
2	80	120-130	40
3	100	130-140	45
4	250	140-150	20
5	150	150-160	4
6	50	160-170	2
योग	680	**योग**	136

(2) वर्ग आवत्ति (Class Frequency) : वर्ग बना लेने के पश्चात् यह जानना आवश्यक है कि इस समूह में से कितने मद किस वर्ग विशेष में आते हैं। इन मदों या अवलोकनों (Observations) की संख्या उस वर्ग की आवत्ति कहलाती है। ऊपर दिये गये उदाहरण में 10 व्यक्ति ऐसे हैं जिनका वजन 100-110 पौण्ड के बीच है। इस संख्या 10 को 100-110 वर्ग की आवत्ति कहते हैं। इस प्रकार पाँच -पाँच मदों के खण्ड (Block) बन जाते हैं। ऐसा करने से गणना में बहुत सहायता मिलती है। अन्त में हम इन रेखाओं की संख्या गिनकर मद के सामने आवत्ति वाले स्तम्भ में लिख देते हैं।

खण्डित या विच्छिन्न आवत्ति वितरण की रचना
(Formation of a Discrete Frequency Distribution)

इस प्रकार के वितरण का बनाना बहुत ही सरल है। इसमें हम केवल मदों की पुरावत्ति की संख्या गिनते हैं। इस संख्या की उस श्रेणी की आवत्ति कहते हैं। गिनने के लिये मिलान रेखाओं (Tally Bars) का प्रयोग किया जाता है : "प्रत्येक वर्ग में आने वाले एक मद या इकाई के लिये एक खड़ी रेखा (।) उस वर्ग के सामने लगा दी जाती है। इस प्रकार पाँच-पाँच समूहों में आवत्ति की गणना करने से वर्गीकरण का कार्य सरल हो जाता है। इस रीति को अनुमेलन विधि (Four and Cross Method) कहते हैं। अंत में, इन रेखाओं को गिन लिया जाता है और वर्ग के सामने लिख दिया जाता है। इन संख्या को उस वर्ग की आवत्ति कहते हैं। निम्न उदाहरण से यह स्पष्ट हो जायेगी :

उदाहरण : एक कक्षा के 25 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक इस प्रकार हैं :-

10 20 20 30 40 25 25 30 40 20 25 25 50

15 25 30 40 50 40 50 30 25 25 15 40

एक विच्छिन्न आवत्ति वितरण की रचना कीजिये।

हल : आवत्ति वितरण की रचना

अंक	मिलान रेखायें (Tally Bars)	आवत्ति
10	|	1
15	||	2
20	|||	3
25	𝍸 ||	7
30	||||	4
40	𝍸	5
50	|||	3
		योग 25

इस सारणी से स्पष्ट है कि 1 विद्यार्थी ने 10 अंक प्राप्त किये तथा 3 विद्यार्थी ऐसे हैं जिनमें से प्रत्येक ने 20 अंक प्राप्त किये, 5 विद्यार्थी ऐसे हैं जिनमें से प्रत्येक ने 40 अंक प्राप्त किये, आदि। यह रीति उसी दशा में उपयोगी है जहाँ मदों की बहुत अधिक पुरावत्ति होती है अन्यथा सारणीयन को कोई विशेष लाभ नहीं होता। व्यवहार में इस रीति का बहुत कम प्रयोग होता है।

उदाहरण 2 : निम्न कथन के प्रत्येक शब्द में अक्षरों की संख्या लिखिये तथा विच्छिन्न (Discrete) आवत्ति वितरण की रचना कीजिये:-

"Without an adequate understanding of the statistical methods, the investigator in the social sciences may be like the blind man groping in dark room for a black cat that is not there. The methods of statistics are useful in a ever-widening range of human activities in any field of thought in which numericals data may be had".

हल : आवत्ति वितरण की रचना

प्रत्ये शब्द में अक्षरों की संख्या	मिलान रेखायें (Tally Bars)	आवत्ति
1	||	2
2	𝍸 𝍸 ||||	14
3	𝍸 𝍸 |||	13
4	𝍸	5
5	𝍸 |	6
6	||	2
7	𝍸	5
8	|||	3
9	|	1
10	||	2
11	|	1
12	|	2
13	|	1
		योग 57

अखण्डित या अविच्छिन्न वितरण की रचना

(Formation of a Continuous Frequency Distribution)

अखण्डित आवत्ति वितरण समंकों को प्रस्तुत करने की सबसे अधिक प्रचलित रीति है। इस प्रकार के वर्गीकरण में निम्न विशेष शब्दों का प्रयोग होता है :-

(1) वर्ग सीमायें (Class Limits) : एक वर्ग (Class) में दो सीमायें होती है। उनमें से एक को निम्न सीमा (Lower Limit) तथा दूसरी को उच्च सीमा (Upper Limit) कहते हैं। उदाहरण के लिये, 20-40 वर्ग में 20 निम्न सीमा तथा 40 उच्च सीमा है। कभी-कभी वर्ग सीमायें अनिश्चित-सी रहती हैं। इन्हें खुले सिरों वाली सारणी या विवर्तमुखी सारणी (Open-end Table) कहते हैं, जैसे नीचे उदाहरण से स्पष्ट होगा :-

वेतन (रू. में)	कर्मचारियों की संख्या
1000 से कम	10
1000-1200	60
1200-1400	120
1400-1600	50
1600 से अधिक	5
	योग 245

(2) वर्ग-विस्तार (Magnitude of Class-interval) : किसी वर्ग की उच्च तथा निम्न सीमा निम्न सीमा के अन्तर को वर्ग-विस्तार या वर्गान्तर कहते हैं। उदाहरणार्थ, 20-40 का वर्ग-विस्तार 20 है (40-20)। सूत्र के रूप में :-

वर्ग-विस्तार = उच्च सीमा (Upper Limit) – निम्न सीमा (Lower Limit)

(3) मध्य-मूल्य या मध्य-बिन्दु (Mid-value or Mid-point) किसी वर्ग की सीमाओं के मध्य स्थान को मध्य-मूल्य या मध्य-बिन्दु कहते हैं। इसे ज्ञात करने के लिये वर्ग की निम्न सीमा व उच्च सीमा को जोड़कर दो (2) से भाग देते हैं। सूत्र के रूप में :

$$\text{मध्य-बिन्दु} = \frac{\text{निम्न सीमा} \quad \text{उच्च सीमा}}{2} \left[\text{Mid Point} = \frac{\text{Lower Limit} + \text{Upper Limit}}{2} \right]$$

यदि एक वर्ग 10-20 है तो इसका मध्य बिन्दु 15 होगा, अर्थात्

$$\text{मध्य-बिन्दु} = \frac{20+10}{2} \quad 15$$

(4) वर्ग आवत्ति (Class Frequency) : किसी वर्ग-विशेष से सम्बन्धित मदों की संख्या को वर्ग-आवत्ति कहते हैं। पीछे दिये गये उदाहरण में 120 से 130 के वर्ग की आवत्ति है। जिसका अर्थ है कि 40 व्यक्तियों का वजन 120 से 130 पौण्ड के बीच में है। यदि एक प्रत्येक वर्ग की आवत्ति का योग करें तो हम कुल आवत्ति का पता लगा सकते हैं। इस प्रकार , उक्त उदाहरण में कुल आवत्ति 136 हैं, जिसका अर्थ है कि कुल 136 व्यक्तियों के वजन का अध्ययन किया गया है। वर्गान्तर द्वारा वर्गीकरण करने की दो रीतियाँ हैं :-

(क) अपवर्जी रीति (Exclusive Method);

(ख) समावेशी रीति (Inclusive Method).

(क) अपवर्जी रीति (Exclusive Method) : जब वर्गों की रचना इस प्रकार हो कि एक वर्ग की उच्च सीमा (Upper Limit) दूसरे वर्ग की निम्न सीमा हो तो इसको अपवर्जी रीति कहते हैं। निम्न समंक इस रीति द्वारा प्रस्तुत किये गये हैं :-

आय (रू. में)	व्यक्तियों की संख्या
700-800	50
800-900	100
900-1000	200
1000-1100	150
1100-1200	40
1200-1300	10
	योग 550

इस सारणी से यह स्पष्ट हो जाता है कि अपवर्जी रीति में एक वर्ग की उच्च सीमा उससे अलग वर्ग की निम्न सीमा बनती है। इस प्रकार उपर्युक्त उदाहरण में 50 व्यक्ति 700 और 800 रुपये के वर्ग में हैं, लेकिन जिस व्यक्ति की आय पूरे 800 रू. है उसे 800-900 के वर्ग में सम्मिलित किया जायेगा। यह रीति व्यवहार में सबसे अधिक प्रचलित है। लेकिन इस रीति के प्रयोग में एक साधारण व्यक्ति, जिसे सांख्यिकी का ज्ञान नहीं है, भ्रम में पड़ सकता है। उदाहरण के लिये, यदि किसी व्यक्ति से पूछा जाये कि वह एक मास में कितनी बार सुपर बाजार गया तथा उससे कहा जाये कि वह 0-5, 5-10, 10-20, 25-20 के सामने निशान लगा दे। यदि वह 10 बार सुपर बाजार गया तो वह भ्रम में पड़ सकता है कि निशान 5 से 10 वाले वर्ग में लगाये अथवा 10 से 15 वाले वर्ग में। किसी स्पष्ट निर्देश के न होने पर कुछ व्यक्ति 5 से 10 वाले वर्ग तथा कुछ 10 से 15 वाले वर्ग में निशान लगायेंगे। अतः जब भी इस रीति का प्रयोग किया जाये प्रश्नावली में स्पष्ट निर्देशों का उल्लेख अवश्य होना चाहिये। जब कभी वर्गान्तर 0-10, 10-20, 20-30 आदि दिये हों पाठक को यह सोच लेना चाहिये कि इस सारणी मे अपवर्जी रीति का प्रयोग किया गया है।

(ख) समावेशी रीति (Inclusive Method) : इस रीति के अनुसार किसी वर्ग की उच्च सीमा उसी वर्ग में सम्मिलित होती है तथा एक वर्ग की ऊपरी सीमा और उससे अगले वर्ग की निचली सीमा में अंतर होता है निम्नलिखित उदाहरण से यह रीति स्पष्ट हो जायेगी :-

आय (रू. में)	व्यक्तों की संख्या
700-799	50
800-899	100
900-999	200
1000-1099	150
1100-1199	40
1200-1299	10
	योग 550

700 से 799 के वर्ग में उन व्यक्तियों को सम्मिलित किया जायेगा जिनकी आय 700 से 799 के बीच में है। यदि किसी व्यक्ति की आय 800 रू. है तो उसे दूसरे वर्ग में सम्मिलित किया जायेगा। उपर्युक्त उदाहरण से यह स्पष्ट है कि अपवर्जी रीति के प्रयोग से उत्पन्न भ्रम समावेशी रीति में नहीं है। यदि हम चाहे तो वर्ग 700-799.5 या 700-799.9 आदि बना सकते हैं। यह स्मरण रखना चाहिये कि समावेशी तथा अपवर्जी रीतियों द्वारा वर्ग आवत्ति एक समान ही होती है यद्यपि वर्गान्तर दोनों रीतियों में भिन्न होते हैं।

वर्गीकरण के सिद्धान्त

(Principles of Classification)

वर्गीकरण करते समय निम्न बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है :-

(1) यथासम्भव वर्गों की संख्या कम से कम होनी चाहिये। जहाँ तक हो सके वर्गों की संख्या 5 या 15 के बीच हो। यदि समंक अधिक होने के कारण वर्गों की संख्या 15 से अधिक हो जाए तो कोई बात नहीं 5 से कम नहीं होनी चाहिये, अन्यथा वर्गीकरण समंकों की मुख्य विशेषता को भली-भाँति प्रस्तुत नहीं कर पाएगा। वर्गों की संख्या मूल रूप से निम्नलिखित बातों पर निर्भर करती है :-

(क) वर्गीकरण के लिये समंकों की संख्या (Number of figures to be classified), तथा

(ख) समंकों का विस्तार (Magnitude of Figures):

प्रोफेसर स्टर्जेस (Prof. Sturges) ने वर्गों की संख्या ज्ञात करने के लिये निम्न सूत्र का सुझाव दिया है :-

$n = 1 + 3.22 \log N$

n = वर्गों की संख्या (Number of Classes);

N = मदों की संख्या (Number)।

इस सूत्र के अनुसार अवलोकनों की संख्या बहुत अधिक हो जाने पर भी वर्गों की संख्सा अधिक नहीं होती। शायद ही कभी 20 वर्ग बनाये जाये। निम्न उदाहरण से यह बात स्पष्ट हो जायेगी :-

मदों की संख्या	स्टर्जेस का नियम	वर्गों की संख्या
50	$n = 1 + 3.322 \log (50)$	1+ 5.6 = 6.6 या 71
	$= 1 + 3.322 (1.6990)$	
500	$n = 1 + 3.322 \log 500$	1 + 8.9 = 9.9 या 10
	$= 1 + 3.322 (2.6999)$	
5,000	$n = 1 + 3.322 \log 5,000$	1 + 12.2 = 13.2 या 11
	$= 1 + 3.322 (3.6990)$	
50,000	$n = 1 + 3.322 \log 50,000$	1 + 15.5 = 16.5 या 17
	$= 1 + 3.322 (4.6992)$	

वर्गों की संख्या पूर्णांक में ही हो सकती है इसलिये 6.6, 9.9 आदि को 7.10 लिखा गया है।

(2) जहाँ तक सम्भव हो विषय संख्या (Odd Numbers) वाले वर्गान्तर नहीं लेने चाहिये जैसे 3, 11, 17 आदि। यथासम्भव 5 से अथवा 5 के गुणांक का वर्गान्तर रखना चाहिये। उदाहरण के लिये 5, 10, 20, 50 और 100 आदि। ऐसा करने से समंकों का विश्लेषण सरल हो जाता है।

(3) प्रथम वर्ग की निम्न सीमा जहाँ तक हो सके शून्य (Zero) अथवा 5 के गुणक

$$i = \frac{L \quad S}{1 \quad 3.22 \log N}$$

500 से आरम्भ करनी चाहिए। उदाहरण के लिये, यदि दिये हुए समंकों में न्यूनतम संख्या 33 है तथा वर्गान्तर 10 है तो पहला वर्ग 60 से 70 का लेना ठीक रहेगा न कि 63 से 73 का। इसी प्रकार यदि सबसे कम संख्या 76 है तो 76-81 वर्ग के स्थान 75-80 का वर्ग अधिक उचित रहेगा।

(4) सततता (Continuity) बनाये रखने तथा ठीक वर्गान्तर ज्ञात करने के लिये अपवर्जी रीति का प्रयोग उचित रहेगा। जहाँ समावेशी रीति का प्रयोग किया गया है वहाँ ठीक वर्गान्तर निकालने के लिये वर्ग सीमाओं में समायोजन (Adjustment) की आवश्यकता होती है। इसके लिये प्रथम वर्ग की उच्च सीमा तथा द्वितीय वर्ग की निम्न सीमा का

अन्तर ज्ञात करके उसे 2 से विभाजित कर देते हैं। प्राप्त भागफल को प्रत्येक वर्ग की निम्न सीमा का अन्तर ज्ञात करके उसे 2 से विभाजित कर देते हैं। प्राप्त भागफल को प्रत्येक वर्ग की निम्न सीमा में से घटाकर उच्च सीमा में जोड़ देते हैं। सूत्र के रूप में :-

$$\text{इन एण्ड (Correction Factor)} = \frac{\text{प्रथम वर्ग की उच्च सीमा} \quad \text{द्वितीय वर्ग की निम्न सीमा}}{2}$$

ऐसा करने से समावेशी वर्गान्तर अपवर्जी बन जाते हैं।

नीचे लिखे उदहारण से यह बात स्पष्ट हो जायेगी :-

प्राप्तांक	विद्यार्थियों की संख्या
10-19	5
20-29	10
30-39	15
40-49	8
50-59	2
	योग 40

$$\text{शोधन खंड} = \frac{20 \quad 19}{2} \quad 0.5$$

इस राशि को प्रत्येक वर्ग की निम्न सीमा में से घटायेंगे और उच्च सीमा में जोड़ देंगे। परिवर्तित वर्ग इस प्रकार बनेंगे :-

प्राप्तांक	विद्यार्थियों की संख्या
9.5-19.5	5
19.5-29.5	10
29.5-39.5	15
39.5-49.5	5
49.5-59.5	2
	योग 40

स्मरण रखना चाहिये कि समायोजन से पहले वर्गान्तर 9 था तथा समायोजन के पश्चात् 10 है। एक और उदाहरण लीजिये :-

प्राप्तांक	विद्यार्थियों की संख्या
5-9.5	8
10-14.5	10
15-19.5	2
	योग 20

$$\text{शोधन खंड} = \frac{10 \quad 9.5}{2} \quad 0.25$$

परिवर्तित वर्ग-सीमायें इस प्रकार होंगी :-

चर	आवत्ति
4.75-9.75	8
9.75-14.75	10
14.75-19.75	2
योग	**20**

अब वर्गान्तर 4.5 के स्थान पर 5 है।

एक और उदाहरण लीजिये।

चर	आवत्ति
5-9.99	8
10-14.99	10
15-19.99	5
योग	**20**

शोधन खण्ड = $\frac{10 \quad 9.99}{2} \quad \frac{0.01}{2} \quad 0.005$

समायोजन के पश्चात् वर्ग-सीमायें इस प्रकार होंगी :-

चर	आवत्ति
4.995-9.995	8
9.995-14.995	10
14.995-19.995	2
योग	**20**

(5) विवर्तमुखी या खुले सिर वाली सारणी (Open-end Table) का प्रयोग, जहाँ तक सम्भव हो, नहीं किया जाना चाहिये। खुले सिरे वाली सारणी वह है जिसमें प्रथम वर्ग की निम्न सीमा तथा अंतिम वर्ग की उच्च सीमा न दी हो, जैसे वेतन 500 रू. से कम 500-600, 600-700, 700-800, 800-900, 900 से अधिक। उच्च सीमा के न देने पर बिना कल्पना किये वर्गान्तर ज्ञात करना कठिन हो जाता है और विश्लेषण में भी परेशानियाँ होती हैं। इसलिये खुले सिरे वाली सारणी का जहाँ तक हो प्रयोग नहीं करना चाहिये।

निम्नलिखित उदाहरणों से उपर्युक्त सिद्धान्तों का प्रयोग स्पष्ट हो जायेगा :-

उदाहरण 3 : एक कक्षा के 40 विद्यार्थियों द्वारा सांख्यिकी की एक परीक्षा देने में प्राप्त अंक नीचे दिये गये हैं। प्रथम वर्ग 65-70 लेकर एक आवत्ति वितरण की रचना कीजिए।

सांख्यिकी में प्राप्त अंक

83, 80, 91, 81, 88, 82, 87, 97, 93, 97, 75, 85, 72, 92
84, 90, 87, 78, 83, 98, 86, 80, 93, 86, 88, 88, 82, 72
89, 82, 85, 94, 80, 89, 84, 92, 76, 81, 65, 94

हल : **आवत्ति वितरण की रचना**

सांख्यिकी में प्राप्त अंक	मिलान रेखायें	आवत्ति
65-70	I	1
70-75	II	2
75-80	III	3
80-85	𝍸 𝍸 II	12
85-90	𝍸 𝍸 I	11
90-95	𝍸 II	7
95-1000	IIII	4
		योग 40

उदाहरण 4 : निम्न समंकों का उचित वर्गान्तर लेते हुए वर्गीकरण कीजिये :-

35 कर्मचारियों द्वारा प्राप्त मासिक वेतन (रू. में)

1370	1950	1130	1780	1240	1350	1920
1970	1875	1598	1580	1460	1352	1430
1282	1313	1461	1390	1260	1612	1213
1314	1415	1518	908	1104	1982	1876
1392	1451	1260	1111	1226	988	1367

हल : न्यूनतम और अधिकतम वेतन में अन्तर 1970-908 = 1062 यदि हम 200 का वर्गान्तर ले तो 6 वर्ग इस प्रकार बनेंगेः-

वेतन (रू. में)	मिलान रेखायें	कर्मचारियों की संख्या
900-1100	III	3
1100-1300	𝍸 III	8
1300-1500	𝍸 𝍸 III	13
1500-1700	𝍸	5
1700-1900	III	3
1900-2100	III	3
		योग 35

सारणीयन

(Tabulation)

समंकों का वर्गीकरण करने के बाद उन्हें व्यवस्थिति ढंग से सारणियों के रूप में प्रस्तुत करना आवश्यक होता है ताकि आंकड़ों से यथोचित निष्कर्ष निकाले जा सके। क्राक्सटन एवं काउडेन का कहना है कि "स्वयं अपने प्रयोग हेतु या अन्य लोगों द्वारा प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से समंकों को किसी उपयुक्त रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। आमतौर पर समंक या तो सारणियों में क्रमबद्ध किये जाते हैं या रेखीय (Graphic) विधियों द्वारा उनका चित्रण किया जाता है।"

जहाँ तक सारणीयन के अर्थ का प्रश्न है सारणीयन, समंकों को प्रस्तुत करने की एक व्यवस्थिति पद्धति है। प्रो. ब्लेयर के शब्दों में, "विस्तत अर्थ में , सारणीय समंकों की खानों (Columns) और पंक्तियों (Rows) के रूप में एक क्रमबद्ध व्यवस्था है।"

प्रो. कौनर के मतानुसार, "सारणीय किसी विचाराधीन समस्या को स्पष्ट करने के उद्देश्य से किया जाने वाला सांख्यिकीय तथ्यों का क्रमबद्ध एवं सुव्यवस्थित प्रस्तुतीकरण है।"

उद्देश्य (Objects) — सारणीय के तीन उद्देश्य हैं — (*i*) समंकों को व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करना, (*ii*) आंकड़ों को संक्षिप्त ढंग से प्रकट करना, तथा (*iii*) समस्या को अधिक सरल व स्पष्ट बनाना।

सारणीय का महत्व या लाभ
(Importance of Tabulation)

(1) सरलता : सारणीयन से समंकों की जटिलता समाप्त हो जाती है और फलस्वरूप आवश्यक सूचनायें जल्दी तथा आसानी से समझ में आ जाती है।

(2) स्थान व समय की बचत : सारणीयन द्वारा विशाल तथ्यों को थोड़े व संक्षिप्त रूप में व्यक्त किया जाता है, जिससे समय तथा स्थान की बचत होती है।

(3) तुलनात्मक अध्ययन की सुविधा : सारणीयन-क्रिया तुलनात्मक अध्ययन को सम्भव बनाती है क्योंकि इसमें समान व तुलना-योग्य समंकों को परस्पर निकटवर्ती खानों में रखा जाता है।

(4) आकर्षण प्रदर्शन : सारणीयन के फलस्वरूप नीरस आंकड़े भी आकर्षक लगने लगते हैं।

(5) सांख्यिकी विवेचना में सहायक : सारणीबद्ध समंकों का सांख्यिकीय विवेचन जैसे माध्य, अपकिरण, विषमता, सह-सम्बन्ध आदि आसानी से ज्ञान किया जा सकता है।

सारणीयन व वर्गीकरण में अन्तर
(Distinction Between Classification And Tabulation)

वर्गीकरण तथा सारणीयन में काफी अंतर है।

(1) सारणीयन समंकों के वर्गीकरण के बाद की एक स्थिति है। सर्वप्रथम आंकड़ों को वर्गीकृत किया जाता है, तत्पश्चात उन्हें सारणियों में प्रस्तुत किया जाता है। इस प्रकार वर्गीकरण, सारणीयन का आधार है।

(2) वर्गीकरण में संकलित समंकों को उनके समान व असमान गुणों के आधार पर विभिन्न वर्गों (Classes) या श्रेणियों (Series) में बांटा जाता है जबकि सारणीयन में उन्हीं वगीकृत तथ्यों को खानों और पंक्तियों में प्रस्तुत किया जाता है। इस दष्टि से सारणीयन वर्गीकरण का एक यन्त्रात्मक पहलू (Mechanical Aspect) है।

(3) वर्गीकरण सांख्यिकीय विश्लेषण की एक विधि है जबकि सारणीयन समंकों के प्रस्तुतीकरण की एक प्रक्रिया है।

(4) वर्गीकरण के अन्तर्गत समंकों को वर्गों व उपवर्गों में बांटा जाता है जबकि सारणीयन में उन्हें शीर्षक व उपशीर्षकों में रक्खा जाता है।

सारणी की रचना के नियम या सारणी के प्रमुख अंग
(Rules or Main Parts of Table)

(1) शीर्षक (Title) : प्रत्येक सारणी का एक संक्षिप्त, स्पष्ट एवं पूर्ण शीर्ष होना चाहिये ताकि समंकों की एक दष्टि में जानकारी हो सके।

(2) खाने की पंक्तियाँ (Columns and Rows) : खानों व पंक्तियों की संख्या सारणीयन के उद्देश्य एवं प्रस्तुत सामग्री के आकार को ध्यान में रखकर पहले से ही निश्चित कर लेनी चाहिये। ध्यान रहे, खानों की संख्या अधिक होने से समस्या जटिल व अस्पष्ट हो सकती है। प्रत्येक खाने का उपशीर्षक (Caption) देना आवश्यक है। उपशीर्षक यथासम्भव संक्षिप्त होना चाहिए और प्रत्येक खाने पर क्रम खाने पर क्रम संख्या लिख देनी चाहिये।

(3) खानों की रूलिंग (Ruling of Columns) : विषय-सामग्री का महत्वपूर्ण भाग मोटी या दोहरी रेखाओं से बनाना चाहिए जिससे कि द्रष्टा का ध्यान तुरन्त आकर्षित हो सके। कम महत्व के खानों को हल्की रेखाओं द्वारा प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

(4) तुलनात्मक अध्ययन (Comparative Study) : ध्यान रहे, जिन समंकों की परस्पर तुलना करनी हो वे पास-पास रक्खे जायें।

(5) पदों की व्यवस्था (Arrangement of Items) : एक आदर्श सारणी की दष्टि से यह आवश्यक होगा कि विभिन्न पदों को उनके महत्व के अनुसार सारणी में स्थान दिया जाय अर्थात् महत्वपूर्ण पदों को पहले और कम महत्व वाले पदों को बाद में रखा जाये। अधिकतर उन पदों को पहला स्थान दिया जाता है जिनको कई वर्गों में विभक्त करना होता है।

(6) टिप्पणियाँ (Foot-notes) : यदि समंकों से सम्बन्धित कोई आवश्यक सूचना सारणी में देने से रह गई है, अथवा किसी तथ्य से सम्बन्धित विशेष स्पष्टीकरण की आवश्यकता है तो उसके लिए सारणी के नीचे व्याख्यात्मक टिप्पणी (Explanatory) दे देनी चाहिए।

(7) स्त्रोत (Source) : सारणी को संदेहरहित व प्रभावशाली बनाने के लिये समंकों का स्त्रोत अवश्य स्पष्ट कर देना चाहिये।

(8) योग (Total) : सारणी में प्रयुक्त होने वाले समंकों के योग व अन्तर्योग की व्यवस्था इस प्रकार की जानी चाहिए कि खानों व पंक्तियों के योग की जाँच व स्पष्टीकरण (Verification) स्वतः ही हो सके।

(9) इकाई एवं व्युत्पन्न समंक (Unit and Derivatives) समंकों के माप की इकाई को सम्बन्धित खानों के ऊपर लिख देना चाहिये। इसी प्रकार प्रतिशत, अनुपात, गुणक व माध्य आदि व्युत्पन्न समंकों को मूल्य समंकों के पास वाले खाने में रखना चाहिये।

(10) सामान्य नियम (General Rules) : इसके अलावा सारणी का आकर्षक होना आवश्यक तथा उसका आकार दिये हुए स्थान अर्थात् कागज के अनुकूल हो। सारणी स्वयं में समंकों की एक मुँह बोलती तस्वीर होनी चाहिये। डॉ. बाउले का कहना है कि ''एक सामान्य व्यक्ति का सारणी को समझने के लिये किया गया विशेष प्रयत्न, सही अर्थों में, सारणी की दोषपूर्ण रचना समझी जायेगी''। वास्तव में सारणी समंकों का एक ऐसा दर्पण है जिसमें झांकने पर वस्तु-स्थिति की पूर्ण जानकारी तुरन्त हो जानी चाहिये।

ध्यान रहे, सारणीय एक सरल नहीं वरन् तान्त्रिक कार्य है। श्री हैरी जरोम (Harry Jerome) के मतानुसार, ''एक आदर्श सांख्यिकीय सारणी निपुणता व प्राविधि की कसौटी है और स्पष्ट रूप से प्रस्तुत की गई सूचनाओं तथा स्थान की मितव्ययिता की सर्वोत्कृष्ट कला-कृति है।'' संक्षेप में सारणीयन के कार्य में निपुणता, अनुभव व सामान्य विवेक का होना अत्यन्त आवश्यक है। डॉ. बाउले का कहना है कि 'संकलन तथा सारणीयन में सामान्य विवेक एक प्रमुख आवश्यकता है तो अनुभव प्रमुख शिक्षक।''

सारणी के प्रमुख 'भाग' निम्न प्रारूप में स्पष्ट किये गये हैं :-

तालिका शीर्षक (Title)
(शीर्ष संकेत)

Sub Heading	Caption				Total
	Sub-heads		Sub-Heads		
	Column Head	Column Head	Column Head	Column Head	
Total					

Foot note

सारणियों के प्रकार
(Types of Tables)

सांख्यिकीय सारणियों का वर्गीकरण मुख्य रूप से (क) उद्देश्य, (ख) मौलिकता एवं (ग) रचना से आधार पर किया जाता है।

(अ) उद्देश्य के आधार पर सारणीयन

उद्देश्य के आधार पर सारणियाँ दो प्रकार की होती हैं — (1) **सामान्य उद्देश्य वाली सारणी** (General Purpose Table) तथा (2) **विशेष उद्देश्य वाली सारणी** (Special Purpose Table)। सामान्य उद्देश्य वाली अथवा सन्दर्भ सारणी का प्राथमिक उद्देश्य समंकों को इस प्रकार प्रस्तुत करना होता है व्यक्तिगत इकाइयों का पाठकों द्वारा तुरन्त पता लगाया जा सके (क्राक्स्टन एवं काउडेन)। यह सारणी अत्यधिक विस्तत होने के कारण अधिक उपयुक्त नहीं समझी जाती है। यही कारण है कि इसका प्रयोग अधिकतर सरकारी रिपोर्टों के सन्दर्भ में किया जाता है। इसके विपरीत विशेष उद्देश्य वाली अथवा सारांश सारणी (Summary Table) किसी उद्देश्य विशेष की पूर्ति के लिए तैयार की जाती है तथा इसका आधार सामान्य सारणी से अपेक्षाकृत छोटा होता है।

(ब) मौलिकता के आधार पर सारणीयन

मौलिकता के आधार पर सारणियाँ दो प्रकार की होती हैं — (1) **मौलिक या प्राथमिक सारणी** (Original or Primary Table) तथा (2) **व्युत्पन्न सारणी** (Derivative Tabel)। मौलिक सारणी में समंकों को मौलिक रूप में रखा जाता है जबकि व्युत्पन्न सारणी में समंकों के योग, प्रतिशत, अनुपात, गुणांक व माध्य आदि मूल्यों को प्रस्तुत किया जाता है।

(स) रचना के आधार पर सारणीयन

रचना अथवा बनावट के आधार पर सारणियाँ दो प्रकार की होती है :-

(1) सरल सारणी (Simple Table) : जब समंकों को केवल एक ही गुण अथवा विशेषता के आधार पर प्रस्तुत किया जाता है, तो उसे सरल सारणी करते हैं, जैसे जनसंख्या का आयु (Age) अथवा लिंग (Sex) अथवा राज्यों के अनुसार वितरण। सरल अर्थात् एक-गुण सारणी का उदाहरण नीचे दिया गया है :-

Illustration 1.

Distribution of Population by Age-groups.

Age-grops (Years)	Number of Persons (Millions)
0-20	— —
20-5	— —
over 50	— —
Total	**— —**

(2) जटिल सारणी (Complex Table) : जब समंकों को एक से अधिक विशेषताओं के आधार पर प्रस्तुत किया जाता है तो उसे जटिल सारणी कहते हैं। जटिल सारणी पुनः तीन रूपों में विभाजित की जा सकती है :-

(*i*) **द्विगुण सारणी (Double or Two-way Table) :** द्विगुण सारणी उसे कहते हैं जिसमें समंकों की केवल दो विशेषताओं को समावेश किया जाता है जैसे जनसंख्या का आयु तथा लिंग (Sex) के आधार पर वितरण। इस दष्टि से द्विगुण सारणी का उदाहरण इस प्रकार होगा : -

Illustration 2.

Distribution of Population by Age and Sex

Age-groups (Years)	Number of Persons (Millions)		
	Male	Female	Total
0-20	—	—	—
20-50	—	—	—
over 50	—	—	—
Total	**—**	**—**	**—**

(*ii*) **त्रिगुण सारणी (Treble or Three-way Table) :** त्रिगुण सारणी में एक तथा तीन गुणों के आधार पर समंकों को प्रदर्शित किया जाता है जैसे जनसंख्या का आयु, लिंग तथा साक्षरता (Age, Sex and Literacy) के अनुसार वितरण। उदाहरण इस प्रकार है :-

Illustration 3 : Draw up a blank table showing the distribution of population in a district A, according to five age-groups from 0 to 100 years, sex and literacy.

Distribution of Population by Age, Sex and Literacy

Age-Groups (Years)	Number of Persons (Millions)								
	Male			Female			Total		
	Literate	Illiterate	Total	Literate	Illiterate	Total	Literate	Illiterate	Total
0-20									
20-40									
40-60									
60-80									
80-100									
Total									

(*iii*) **बहुगुण सारणी (Manifold or Higher Order Table) :** जब समंकों को तीन से अधिक विशेषताओं के आधार पर प्रस्तुत किया जाता है जो उसे बहुगुण सारणी करते हैं। उदाहरण के लिए जनसंख्या को आयु, लिंग, साक्षरता तथा राज्यों में वितरण के आधार पर इस प्रकार दिखाया जायेगा :-

Illustration 4 :

जनसंख्या का राज्य, आयु, लिंग व साक्षरता के अनुसार वितरण

(Distribution of Population by States, Age, Sex and Literacy)

राज्य State	आयु-वर्ग (Age-Groups) (years)	व्यक्तियों की संख्या (मिलियन)								
		पुरुष (Male)			स्त्री (Female)			योग (Total)		
		L	IL	T	L	IL	T	साक्षर	निरक्षर	योग
1. Assam असम	0-20									
	20-50									
	Over 50									
	Total									
2. Bihar बिहार	0-20									
	20-50									
	Over 50									
	Total									

नोट — इस सारणी को इसी प्रकार अन्य प्रान्तों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

Illustration 5 : एक रिक्त सारणी बनाइये जिसमें जनशक्ति समंकों का वितरण आयु (Age), लिंग (Sex) तथा ग्रामीण-शहरी निवास (Rural-Urban Character of Residence) के आधार पर दिखाया जा सके।

Solution : प्रस्तुत प्रश्न के लिये त्रिगुण सारणी तैयार की जायेगी। आयु वर्ग चार माने गये हैं।

जनशक्ति का आयु, लिंग तथा ग्रामीण-शहरी निवास के अनुसार वितरण

(Distribution of Manpower by Age, Sex and Character of Residence)

Age-Groups आयु-वर्ग	Urban (शहरी)			Rural (ग्रामीण)			Total (योग)		
	Male	Female	Total	Male	Female	Total	Male	Female	Total
0-20									
20-40									
40-60									
Over 60									
Total									

Illustration 6 : एक समाचार-पत्र में एक ही परिवार में रहने वाले क्षय-ग्रस्त व्यक्तियों (Tubercular Persons) में फ्लू (Influenza) के प्रभाव से सम्बन्धित निम्न विवरण प्रकाशित हुआ :-

'एक लाख निवासियों में से ठीक पांचवें भाग के बराबर व्यक्तियों में क्षयरोग (T.B.) के लक्षण प्रकट हुए और उनमें से 5000 व्यक्ति फ्लु से पीड़ित हुए परन्तु उनमें से केवल 1000 व्यक्ति ही अदूषित (Uninfected) घरों में रहते थे। इसके विपरीत जिन्हें फ्लू नहीं हुआ, ऐसे क्षय-ग्रस्त व्यक्तियों के 15 वें भाग पर अभी भी स्पर्श अर्थात् संक्रमण (Infection) का प्रभाव था। कुल मिलाकर 21 हजार व्यक्ति फ्लु से पीड़ित हुए और 41 हजार संक्रमण से प्रभावित थे परन्तु ऐसे व्यक्तियों की संख्या केवल 2000 थी जो फ्लु के शिकार हुए और क्षय रोग से प्रभावित नहीं हुए तथा जो ऐसे घरों में रहते थे जहाँ फ्लू का कोई और रोगी नहीं था ? उपर्युक्त सूचना को संक्षिप्त सारणी में पुनर्व्यवस्थित कीजिए।

Solution :

Table showing the incidence of influenza among tubercular persons living in same family

	फ्लू से पीड़ित Having Influenza			फ्लू से पीड़ित नहीं Not Having Incluenza		
	दूषित घर Infected Houses	अदूषित Uninfected Houses	योग Total	दूषित घर Infected Houses	अदूषित Uninfected Houses	योग Total	Grand Total महायोग
क्षयग्रस्त Having T.B.	1,000	4,000*	5,000	1,000	14,000¶	15,000	20,000
क्षयग्रस्त नहीं Not Having T.B.	14,000	2,000	16,000§	25,000**	39,000	64,000	80,000
योग (Total)	15,000	6,000	21,000	26,000	53,000	79,000	1,00,000

* Persons having influenza and living in uninfected houses (out of tubercular persons) are 5000 – 1000 = 4000

¶ Persons not having influenza and living in uninfected houses (out of tubercular persons) are 15000 – 1000 = 14000 (∵ 20,000 – 5,000 = 15,000)

§ No. of persons not having T.B. but having influenza are 21,000 – 5,000 = 16,000.

** Total no. of persons living in infected houses are 41,000. Figures known are 15000 + 1000. So persons living in such houses with T.B. effect and no influenza effect are 41,000 – (15,000 + 1,000) = 25,000.

द्विचर आवत्ति सारणी

(Bivariate or Two-directional Frequency Table)

कभी-कभी दो आवत्ति वितरण , जिनमें परस्पर कुछ सम्बन्ध होता है, एक-साथ द्विचर आवत्ति सारणी के रूप में रखे जाते हैं। यह वितरण, जिसे आड़ी वर्गीकृत-सारणी (Cross-classified Table) भी कहते हैं, दो चरों के मध्य बहत सम्बन्ध (Borad Relationship) का विश्लेषण करने में सहायक सिद्ध होता है। उदाहरणार्थ, सेवाकाल और मजदूरी के आधार पर किया गया श्रम-शक्ति का वर्गीकरण, यह स्पष्ट करता है कि क्या मजदूरी की दरें सेवा की अवधि से सम्बन्धित हैं अर्थात् उससे प्रभावित होती हैं। इसी प्रकार व्यक्तियों की लम्बाई तथा भार के आधार पर तैयार की गई द्विमुखी सारणी दोनों चरों के मध्य कार्यात्मक-सम्बन्ध (Functional Relationship) को स्पष्ट करती है। ध्यान रहे, ऐसी सारणी सम्बन्ध-स्थापन का कोई सांख्यिकीय माप प्रस्तुत नहीं करती बल्कि एक सामान्य चाक्षुष प्रभाव (Visual Impact) रखती है।

रचना विधि : इसकी रचना विधि नीचे एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट की गई है।

Illustration 7. नीचे 20 पतियों और पत्नियों की आयु के अंक दिये गये हैं। इन समंकों को एक द्विचर वर्गीकृत वितरण सारणी के रूप में प्रस्तुत कीजिए, जिनमें वर्ग-विस्तार 5 का अर्थात् वर्गान्तर 20-25, 25-30 आदि हों।

क्रम संख्या	:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
पतियों की आयु	:	28	37	42	25	29	49	37	35	23	41
पत्नियों की आयु	:	23	30	40	26	25	41	35	25	21	38
क्रम संख्या	:	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20
पतियों की आयु	:	27	39	23	33	36	32	22	29	38	48
पत्नियों की आयु	:	24	34	20	31	29	35	23	27	34	47

Solution :

(1) यहाँ प्रथम चर, पतियों की आयु है और दूसरा चर पत्नियों की आयु। दोनें चरों में न्यूनतम आयु 20 वर्ष तथा अधिकतम आयु 49 वर्ष है। अतः दोनों के लिये 20-25, 25-30, 30-35, 35-40, 40-45, 45-50 वर्गान्तर पर्याप्त रहेंगे।

नोट : ध्यान रहे, दोनों चरों के लिये समान वर्ग-विस्तार या एक-समान वर्गान्तर होना आवश्यक नहीं है। क्योंकि परिस्थिति अनुसार यह तो चर मूल्यों पर निर्भर करेगा।

(2) पतियों की आयु (प्रथम चर) के वर्गान्तर पहले खाने या कॉलम (Column) में रखे जायेंगे और पत्नियों की आयु (दूसरे चर) के वर्ग ऊपर की तरफ छः खाने बनाकर उनमें रख दियें जायेंगे।

नोट : खाने (Column) कितने बनाये जाएं, यह दूसरे चर के वर्गान्तरों की संख्या पर निर्भर करेगा। इसी प्रकार पंक्तियों (Rows) कितनी हों, यह प्रथम चर के वर्गान्तरों की संख्या द्वारा तय होगा।

(3) अंतिम पंक्ति और अंतिम खाना कुल आवत्तियों के लिये होते हैं।

(4) अब प्रश्न पर आइए। क्रम संख्या 1 पद दोनों चरों का संयोग 28, 23 है। यदि 28 वर्ष पतियों (प्रथम चर) के आयु वर्ग 25-30 में आता है और 23 वर्ष पत्नियों के आयु-वर्ग 20-25 से सम्बद्ध है। अतः बायें से 25-30 वर्ग के सामने, और ऊपर से 20-25 वर्ग के नीचे उभयनिष्ठ कोष्ठक (Common Cell) में एक मिलान-रेखा (Tally-bar) खींच दी जायेगी। फिर, दूसरे नम्बर पर 37, 30 का संयोग है। इसे बायें से 35-40 के आयु-वर्ग में और ऊपर से 30-35 आयु वर्ग के नीचे के कोष्ठक में रखा जायेगा। इसी प्रकार शेष संयोगों के लिये उपयुक्त कोष्ठकों में मिलान रेखाएं बना दी जायेंगी। (देखिये सारणी)।

(5) फिर, मिलान रेखाओं की गिनती करके उनकी संख्या लिख दी जायेगी। यह कोष्ठक आवत्तियाँ (Call Frequencies) कहलाती है। (देखिये सारणी)।

(6) अन्त में कॉलम-वार और पंक्ति-वार कोष्ठकों के योग किये जाते हैं और उन्हें अंन्तिम कॉलम और अंन्तिम पंक्ति में रखा जाता है। जैसे कॉलम-वार योग 5, 5, 4, 3, 2, 1 है और पंक्ति-वार योग 3, 5, 2, 6, 2, 2 आया है।

(7) फिर इनका महायोग (Grand Total) किया जाता है। इसे कुल आवत्ति (Sf) कहते हैं स्मरण रहे, दोनों चरों की आवत्तियों का योग महायोग के बराबर होना चाहिए। जैसे इस उदाहरण में दोनों तरफ से योग 20 आया है। यदि यह महायोग दोनों तरफ से समान नहीं है तो समझ लीजिए कि कोई त्रुटि हो चुकी है।

द्विचर आवत्ति वितरण सारणी का अंतिम प्रारूप निम्न है : -

मिलान-रेखा तालिका (Tally Sheet)

पतियों की आयु	पत्नियों की आयु						योग
20-25	25-30	30-35	35-40	40-45	45-50		
20-25	||| 3					3
25-30	|| 2	||| 3				5
30-35				1	1		2
35-40		|| 2	||| 3	1		6
40-45				1	1		2
45-50					1	1	2
योग	5	5	4	3	2	1	20

❑❑

अध्याय - 4

समंकों का चित्रमय प्रदर्शन (Diagrammatic Presentation of Data)

सांख्यिकी का एक महत्वपूर्ण कार्य जटिल समंकों को इस प्रकार प्रस्तुत करना है कि उनको सरलता से समझा जा सके और उन्हें देखकर तुरन्त कोई निर्णय लिया जा सके। यद्यपि वर्गीकरण, सारणीयन, माध्य इत्यादि रीतियों द्वारा समंकों को सरल और बोधगम्य बनाने का प्रयास किया जाता है, परन्तु सामान्य व्यक्ति के लिए यह प्रस्तुतीकरण अधिक उपयोगी सिद्ध नहीं होता क्योंकि ये सभी रीतियां तथ्यों को समंकों में ही व्यक्त करती हैं। फिर, एक सामान्य व्यक्ति नीरस अंकों में न तो कोई रुचि रखता है और न ही उसमें समंकों के जमघट को समझने की क्षमता होती है वास्तव में, उसे तो विषय-सामग्री का एक ऐसा चित्र चाहिए जिसे वह मस्तिष्क पर बिना जोर डोल समझ सके। अतः इस दष्टि से आवश्यक है कि सांख्यिकीय तथ्यों को दष्टिगत विधियों (Visual Method) द्वारा इस ढंग से प्रदर्शित किया जाये किस साधारण-से-साधारण बुद्धि का व्यक्ति भी उसे एक-ही नजर में समझ सके। सांख्यिकी में समंकों के आकर्षक प्रदर्शन को ऐसी दो विधियां हैं — (*i*) समंकों का चित्रमय प्रदर्शन तथा (*ii*) बिन्दू-रेखीय प्रदर्शन। इस अध्याय में हम चित्रमय प्रदर्शन का और अगले अध्याय में बिन्दु-रेखीय प्रदर्शन का विवेचन करेंगे।

चित्रमय प्रदर्शन का अर्थ (Meaning) : चित्रमय प्रदर्शन से तात्पर्य सांख्यिकीय समंकों को सरल, रोचक व आकर्षक ज्यामितीय आकृतियों (Geometrical Figures), जैसे — दण्ड चित्र, आयत, वत्त अथवा मानचित्रों के रूप में प्रस्तुत करना है। इस प्रकार चित्रमय प्रदर्शन अन्य सांख्यिकीय रीतियों के विपरीत, तथ्यों को अधिक रोचक एवं सरल बनाने की एक प्रक्रिया है।

चित्रमय प्रदर्शन की उपयोगिता एवं लाभ (Utility and Advantages of Diagrammatic Presentation)

मानव मस्तिष्क अत्यधिक सूक्ष्म तथा उपजाऊ होने के बावजूद समंकों को भली-भांति समझने में असमर्थ है। वैसे भी मनुष्य कोई कम्प्यूटर नहीं और न ही उससे यह आशा की जा सकती है कि वह विशाल तथ्यों को मानस-पटल पर अंकित कर सके। फिर, डॉ. बाऊले के अनुसार "संख्याओं की कोई भी सूची, जैसे-जैसे उसकी लम्बाई बढ़ती जाती है, कम ग्राह्य होती है।" वास्तव में, चित्रमय प्रदर्शन समस्या का एक सरल समाधान है। चित्र, समंकों के आकर्षक प्रदर्शन में अत्यधिक उपयोगी होते हैं। सांख्यिकीय चित्रों के मुख्य लाभ इस प्रकार हैं :-

(1) आकर्षक और प्रभावी साधन (Attractive and Effective Media of Presentation) : चित्र रोचक तथा आकर्षक होते हैं और ये उन लोगों का ध्यान भी अपनी ओर बरबस खींच लेते हैं, जिन्हें अंकों में कोई रुचि नहीं होती। प्रायः कहा जाता है "एक चित्र हजार शब्दों के बराबर होता है।" (A Picture is Worth in Thousand Words)। चित्रों का अंकों की तुलना में मस्तिष्क पर अधिक स्थायी प्रभाव पड़ता है अर्थात् ये अधिक समय तक याद रहते हैं।

(2) सरल एवं सुबोध प्रस्तुतीकरण (Simple and Intelligible Presentation) : चित्र नीरस, जटिल तथा अव्यवस्थित समंकों को सरल और बोधगम्य बना देते हैं। फिर, चित्रों को समझने के लिये दिमाग पर अधिक जोर नहीं डालना पड़ता क्योंकि ये विषय की तत्काल जानकारी देते हैं। ये विशालता को संक्षिप्तता और जटिलता को सरलता में बदलते हैं। प्रो. मोरोने के अनुसार "अधिकांश व्यक्तियों के लिये निरे समंक नीरस होते हैं। चित्र, किसी जटिल स्थिति के स्वरूप को दिखाने में हमारी सहायता करते हैं। जिस प्रकार एक मानचित्र हमें एक विशाल देश का विहंगम दश्य प्रदान करता है ठीक उसी प्रकार चित्र एक ही दष्टि में समंकों से सम्बन्धित जटिल तथ्यों का सम्पूर्ण सार समझने में हमारे लिये सहायक सिद्ध होते हैं।"

(3) समय तथा श्रम की बचत (Saving of Time and Labour) : चित्रों से समय तथा श्रम की बचत होती है जहां समंकों को समझने और उनके निष्कर्ष निकालने में अधिक समय व परिश्रम लगाना पड़ता है वहां चित्र सहज ही तथ्यों की सारी विशेषतायें हमारे सामने खोलकर रख देते हैं। फिर, चित्रों को समझने के लिये किसी विशेष या तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता नहीं होती।

(4) तुलना में सहायक (Helpful in Comparison) : चित्र विभिन्न तथ्यों के बीच तुलना करने में सहायक होते हैं। संख्यात्मक तुलना उतनी प्रभावी नहीं होती जितनी की चित्रात्मक रूप में। उदाहरणार्थ, दस वर्षों के उत्पादन के आंकड़े और इन आंकड़ों का चित्र, अगर साथ-साथ दिये हुए हैं तो देखने वाले का ध्यान चित्र की ओर अधिक जाता है और यह तुरन्त बताया जा सकता है कि किस वर्ष का उत्पादन सबसे अधिक या सबसे कम है।

(5) व्यापक उपयोग (Universal Use) : चित्रों के उपयोग का क्षेत्र अति व्यापक है। विभिन्न लाभों के कारण सांख्यिकीय चित्रों का सभी शास्त्रों में प्रयोग किया जाता है। विशेष रूप से व्यापार, वाणिज्य तथा विज्ञापन के क्षेत्र में तो चित्रों का और भी अधिक महत्व है। सच तो यह है कि चित्र जन-जीवन की सार्वभौमिक शैली का रूप ले चुके हैं।

(6) मनोरंजनक एवं जानकारी के साधन (Source of Entertainment and Knowledge) : चित्र हमें तथ्यों की जानकारी देने के साथ-साथ हमारा मनोरंजन भी करते हैं। चित्रों में जहां गहनता होती है वहां उनमें हास्य-विनाद भी छिपा होता है। जिसके कारण हम चित्रों के प्रति अधिक आकर्षित होते हैं। फिर, चित्र उत्सुकता को भी बढ़ाते हैं और उत्सुकता ज्ञान की पहली सीढ़ी है।

चित्रमय प्रदर्शन की परिसीमाएं
(Limitations)

चित्र तथ्यों का एक प्रभावी प्रदर्शन अवश्य है परन्तु वास्तविक नहीं। चित्रों की सहायता से विषय-सामग्री का केवल एक मोटा-सा अंदाजा (Rough Idea) ही लगाया जा सकता है। फिर, यह एक ऐसा कोमल यंत्र है जिसके त्रुटिपूर्ण निर्वचन (Wrong Interpretation) की सम्भावना हमेशा बनी रहती है।

(1) सीमित उपयोग : चित्रमय प्रदर्शन की उपयोगिता केवल एक सामान्य व्यक्ति के लिए है, एक विशेषज्ञ के लिये है, एक विशेषज्ञ के लिये नहीं।

(2) सीमित शुद्धता : चित्र सन्निकट मूल्यों (Approximate Values) पर आधारित होने के कारण तथ्यों का यथार्थ विवेचन नहीं कर पाते।

(3) अनुपयुक्ता : चित्रों की सहायता से विभिन्न मूल्यों का सूक्ष्म अन्तर अथवा बहत् अन्तर प्रदर्शित करना सम्भव नहीं है। उदाहरण के लिये दो मूल्यों 6,000 तथा 6,015 अथवा 50 तथा 5,4000 का अन्तर चित्रों द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सकता, भले ही माप-दण्ड कुछ भी हो।

(4) दुरुपयोग : चित्रों की सरलता से दुरुपयोग को सकता है क्योंकि गलत माप-दण्ड पर बने चित्र भ्रमात्क होते हैं।

(5) सीमित तुलनीयता : चित्रों द्वारा तुलनात्मक अध्ययन तभी सम्भव है जब समंक दो या दो से अधिक हों और वे सजातीय हों अन्यथा निष्कर्ष भ्रमात्मक हो सकते हैं।

(6) बहुगुण-प्रदर्शन की कठिनाई : चित्रों की सबसे बड़ी सीमा यह है कि इनके द्वारा बहु-गुणी सूचनाएं प्रदर्शित नहीं की जा सकती। ऐसी सूचनाओं के चित्रों के स्थान पर सारणीयन एक अधिक प्रभावशाली रीति है। ध्यान रहे, चित्र सारणियों के अनपूरक तो हैं स्थापनन्न नहीं।

चित्र-रचना के सामान्य नियम
(General Rules for Constructing Diagrams)

चित्रों की रचना अत्यन्त सावधानी और कुशलता के साथ की जानी चाहिये ताकि व समंकों के यथार्थ-भाव को सही रूप में प्रकट कर सके। चित्र-रचना का कार्य, कोई साधारण-कार्य न होकर विशिष्ट-योग्यता का कार्य हैं अतः इस दष्टि से चित्रों को आकर्षक तथा प्रभावशाली बनाने के लिये निम्न नियमों का पालन करना आवश्यक है :-

(1) आकर्षण एवं स्वच्छता (Attractive and Neatness) : जैसाकि हम जानते हैं चित्र सांख्यिकीय समंकों के प्रस्तुतीकरण के चक्षुष-उपकरण (Visual Aids) हैं और ये आंखों को लुभाने के साथ-साथ मस्तिष्क पर स्थायी प्रभाव छोड़ते हैं। इसलिये यह आवश्यक है कि चित्र इतने स्वच्छ, आकर्षक तथा रोचक बनाए जाएं ताकि वे बरबस ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लें। चित्रों को आकर्षक बनाने के लिये विभिन्न प्रकार के रंगों, शेड्स, बिन्दुओं (डाट्स), रेखाओं, चारखानों आदि उपायों का प्रयोग किया जा सकता है।

(2) शुद्धता (Accuracy) : चित्र-रचना में शुद्धता पर ध्यान देना आवश्यक है। विशेष रूप से चित्रों में आकर्षण पैदा करते समय, उनकी शुद्धता का परित्याग नहीं करना चाहिए क्योंकि अशुद्ध चित्रों से भ्रमात्मक निष्कर्ष निकलते हैं।

(3) उपयुक्त आकार (Suitable Size) : चित्र के आकार के बारे में कोई दढ़ व निश्चित नियम नहीं है। हाँ ! चित्र का आकार कागज के आकार के अनुरूप होना चाहिए। चित्र न तो बड़ा हो औन न ही बहुत छोटा और यह कागज के मध्य में बनाया जाना चाहिये। वैसे प्रो. लूट्स ने चित्र के आकार के सम्बन्ध में 'Root Two' नामक नियम तैयार किया है जिसके अनुसार चित्र की छोटी तथा बड़ी भुजा के बीच $1 : \sqrt{2}$ या 1 : 1.414 का अनुपात होना चाहिये।

(4) शीर्षक तथा फुटनोट (Title and Footnote) : चित्र के ऊपर एक उपयुक्त, स्पष्ट तथा संक्षिप्त शीर्षक होना चाहिये जिससे कि उसे देखते ही चित्र की विषय-सामग्री और उसमें दिखाये गये तथ्यों की तुरन्त जानकारी हो जाये। यदि शीर्षक से कोई तथ्य स्पष्ट नहीं होता तो उसकी व्याख्यात्मक टिप्पणी चित्र के नीची बायीं तरफ दे देनी चाहिये।

(5) मापदण्ड का चयन (Selection of Scale) : चित्र-रचना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू उचित मानदण्ड या पैमाने का चयन करना हैं। मापदंड के चयन के बारे में कोई निश्चित नियम नहीं है, तथापि इस सम्बन्ध में कुछ विचारणीय बातें इस प्रकार हैं :-

(*i*) कागज का आकार और समंकों की प्रकृति को देखते हुए पैमाना इस प्रकार निर्धारित किया जाना चाहिये कि चित्र न तो बहुत बड़ा और न ही बहुत छोटा हो।

(*ii*) उसमें समंकों की सभी महत्वपूर्ण विशेषताएं स्पष्ट हो जाएं।

(*iii*) पैमान समसंख्या (Even Numbers) अथवा 5 या 10 के गुणितों (Multiples) में होना चाहिए।

(*iv*) उदग्र (Vertical) तथा क्षैतिज (Horizontal) दोनों तरफ के पैमानों का स्पष्ट संकेत कर देना चाहिए।

(*v*) यदि दो या दो से अधिक चित्रों की तुलना करनी है तो सही निष्कर्ष निकालने के लिये उनका मापदंड एक-समान रखना चाहिये।

(6) चित्र खींचना (Sketching of Diagram) : चित्रों की रचना सदैव पैमाने या ज्यामितीय उपकरणों की सहायता से करनी चाहिये। मुक्त-हस्त (Free Hand) चित्र देखने में भद्दे लगते हैं इसलिये इस आदत से बचना चाहिए। इसके अलावा चित्र के विभागों या उप-विभागों के अंतर को बिन्दुओं, खड़ी या पड़ी रेखाओं, चारखानों आदि संकेतों द्वारा स्पष्ट कर देना चाहिए।

(7) संकेत (Index) : चित्र की रचना में प्रयुक्त विभिनन प्रकार के चिह्नों जैसे शेड्स, बिन्दुओं, रेखाओं, चारखानों आदि के अर्थ को स्पष्ट करने के लिये, चित्र के ऊपर दायें कोने में संकेत देने चाहिएं जिससे कि चित्र और उसके विभाग आसानी से समझ में आ सके।

(8) स्त्रोत-टिप्पणी (Source-note) : जिस तथ्य को चित्रांकित किया गया है उससे सम्बन्धित आंकड़ें जहां से प्राप्त किये गये है, उसका स्त्रोत चित्र के नीचे दे देना चाहिए। इससे चित्र की विश्वसनीयता बढ़ जाती है।

(9) सरलता (Simplicity) : जहां तक सम्भव हो सके, चित्र सरल होने चाहियें ताकि उन्हें साधारण-से-साधारण व्यक्ति भी आसानी से समझ सके। यदि बहुत सारी विशेषताओं को एक ही जटिल चित्र बनाकर दिखाया गया है तो उसे न केवल समझना मुश्किल होगा बल्कि उससे दिमाग में भ्रम पैदा होगा।

(10) उपयुक्त चित्र का चुनाव (Choice of a Suitable Diagram) एक उपयुक्त चित्र का चयन करना सबसे कठिन कार्य है क्योंकि समंकों के प्रदर्शन हेतु अनेक प्रकार के चित्रों का प्रयोग किया जाता है। वैसे उचित चित्र का चयन, मुख्य रूप से समंकों की प्रकृति (Nature), समंकों का विस्तार (Magnitude), चित्र का क्षेत्र (अर्थात् जिन लोगों के लिये चित्र बनाया जाना है) आदि बातों पर निर्भर करता है और साथ-साथ ही इसके लिये पर्याप्त निपुणता, अनुभव, ज्ञान तथा विवेक की आवश्यकता होती है।

चित्रों के प्रकार
(Kinds of Diagrams)

सांख्यिकी चित्र मुख्यता पांच प्रकार के होते हैं — (1) एक-बिमा चित्र, (2) द्वि-बिमा चित्र, (3) त्रि-बिमा चित्र, (4) चित्र-लेख, (5) मानचित्र।

एक विस्तार वाले या एक-विमा चित्र
(One Dimensional Diagrams)

एक-विमा चित्र उन चित्रों को कहते हैं जिनके बनाने में केवल एक ही विस्तार अर्थात् ऊँचाई का प्रयोग किया जाता है और चौड़ाई अथवा मोटाई का नहीं। यह चित्र मुख्य रूप से रेखाओं (Lines) तथा दण्डों (Bars) के रूप में बनाये जाते हैं। ध्यान रहे, दण्ड-चित्रों में दण्ड की चौड़ाई भी रक्खी जाती है परन्तु उसका माप-दण्ड से कोई सम्बन्ध नहीं होता। ये चित्र रचना व समझने की दष्टि से सरल होते हैं परन्तु इनका प्रयोग केवल उन स्थितियों में किया जाता है जहां न्यूनतम व अधिकतम मूल्यों में अधिक अन्तर न हो। नीचे हम एक-विमा चित्र के विभिन्न स्वरूपों का अध्ययन करेंगे :-

(1) रेखा-चित्र (Line Diagram) : रेखा-चित्र का प्रयोग तब किया जाता है, जब पद-मूल्यों की संख्या अधिक हो और श्रेणी के सबसे छोटे और सबसे बड़े पद मूल्य के बीच अन्तर कम हो। चित्र-रचना के लिये प्रत्येक पद-मूल्य के बराबर लम्बाई की खड़ी रेखा खींची जाती है और सभी रेखाओं के बीच समान अन्तर रक्खा जाता है। ध्यान रहे, इन रेखाओं में मोटाई नहीं होती, जिसके कारण यह चित्र प्रायः कम आकर्षक होते हैं (देखिये चित्र-1)।

Illustration 1. चेरापूंजी क्षेत्र में प्रतिदिन वर्षा का 15 दिनों का रिकार्ड नीचे दिया गया है। इन समंकों को एक उपयुक्त चित्र द्वारा प्रस्तुत कीजिये।

Dates	:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
Ranifall (‘"’)	:	7	8	10	12	13	14	15	17	11	15	14	16	10	8	10



चित्र-1 : रेखाचित्र (Line Diagram)

(1) सरल दण्ड चित्र (Simple Bar Diagram) : पद-मूल्यों की संख्या कम होने की दशा में सरल दण्ड-चित्रों तैयार किये जाते हैं। रेखा-चित्र और दण्ड-चित्र में अन्तर केवल इतना है कि दण्ड-चित्र में रेखाओं की चौड़ाई बना दी जाती है जिससे चित्र का आकर्षण कई गुणा बढ़ जाता है, जबकि शेष सारी बातें रेखा-चित्र के समान ही होती हैं। दण्ड-चित्र की रचना के लिये सबसे बड़े मूल्य के आधार पर पहले एक उपयुक्त पैमाना निश्चित कर लिया जाता है। फिर, सभी दण्ड इस पैमाने के अनुसार बनाये जाते हैं। हाँ ! दण्डों की चौड़ाई व उनके बीच का रिक्त स्थान बराबर रखा जाता है। दण्डों को अधिक आकर्षक बनाने के लिये उनमें रंग व डिजाइनों का प्रयोग किया जा सकता है। दण्ड-चित्र उदग्र अर्थात् खड़े (Vertical) तथा क्षैतिक अर्थात् पड़े (Horizontal) दोनों प्रकार के हो सकते हैं। ये चित्र व्यक्तिगत समंकों, काल श्रेणी तथा स्थानानुसार समंक श्रेणियों के लिये अधिक उपयुक्त होते हैं। (देखिये चित्र 2)।

Illustration 2. The following table gives the birth rate per thousand of different countries over a certain period. Construct a suitable diagram.

Country	**:**	China	India	New Zealand	U.K.	Germany	Sweden
Birth Rate	**:**	40	33	30	20	16	15

विभिन्न देशों में जन्म दर प्रति हजार



चित्र-2 : सरल दण्ड-चित्र (Simple Bar Diagram)

(3) बहुगुणी दण्ड-चित्र (Multiple Bar Diagrams) : जब एक ही साथ अनेक सूचनाएं जोकि एक ही तथ्य-समूह से सम्बन्धित हों, को प्रदर्शित करना हो तब सरल दण्ड-चित्र के बजाय बहुगुणी दण्ड-चित्र का प्रयोग किया जाता है। एक समूह से सम्बन्धित सभी दण्ड आपस में सटे हुए बनाये जाते हैं। फिर, थोड़ा रिक्त स्थान छोड़कर दूसरे समूह के दण्ड तैयार किये जाते हैं। हाँ ! अध्ययन की सुविधा के लिये विभिन्न तथ्यों को प्रदर्शित करने वाले दण्डों को अलग-अलग रंगों या डिजाइनों द्वारा दिखाया जाता है। दो समूह वाले दण्ड चित्रों को युगल दण्ड-चित्र (Double Bars) और तीन समूह वालों को त्रिदण्ड-चित्र (Treble Bars) कहते हैं (देखिये चित्र संख्या क्रमशः 3 व 4)।

Illustration 3. भारत के विदेशी व्यापार से सम्बन्धित निम्नांकित आंकड़ों को चित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिये :-

Year	Imports	Exports
1959-60	961	640
1960-61	1087	643
1961-62	958	677
1962-63	981	709

भारत के आयात एवं निर्यात



चित्र-3 : युगल दण्ड-चित्र (Double Bar Diagram)

Illustration 4. मेरठ कॉलिज के चार संकायों की तीन वर्षों की छात्र-संख्या को बहुगुणी दण्ड-चित्रों द्वारा प्रस्तुत कीजिये:-

छात्रों की संख्या

सकाय (Faculty)	**1669-70**	**1970-71**	**1971-72**
कला (Arts)	1200	1100	900
विज्ञान (Science)	800	900	1200
वाणिज्य (Commerce)	400	500	350
विधि (Law)	300	400	550

(4) अन्तर्विभक्त दण्ड-चित्र (Sub-Divided Bar Diagram) : जब समंकों के 'योग' (Total) तथा उनके विभिन्न 'विभागों' (Divisions) को एक-साथ दिखाना हो तब अन्तर्विभक्त दण्ड-चित्रों का प्रयोग किया जाता है। इन्हें संघटक दण्ड-चित्र (Component Bar Diagrams) भी कहते हैं। रचना की दष्टि से , सर्वप्रथम दिये हुए पद-मूल्यों के अनुसार विभिन्न दण्ड बनाये जाते हैं और प्रत्येक दण्ड का उसके विभागों के अनुपात में बांट दिया जाता है। और अधिक स्पष्ट करने के

विभिन्न संकायों के छात्र संख्या



चित्र-4 : बहु-दण्ड चित्र (Multiple Diagram)

लिये पिछले उदाहरण में यदि मेरठ कॉलेज के विभिन्न समंकों में विद्यार्थियों की संख्या के साथ-साथ उनकी कुल संख्या में होने वाले निरपेक्ष परिवर्तनों को भी प्रदर्शित करना हो तो अन्तविभक्त दण्ड-चित्र अधिक उपयुक्त माना जायेगा। चूंकि कॉलेज की तीनों वर्षों में छात्र-संख्या क्रमशः 2700, 2900, 3000 है। अतः 1 cm = 500 का पैमाना अधिक उचित रहेगा (देखिये चित्र-5)।

अन्तर प्रदर्शित करने वाले अन्तविभक्त चित्र (Sub-divided Bars Showing Differences) : इन चित्रों के द्वारा दो प्रकार के समंकों और उनके पारस्परिक अन्तर को भी प्रदर्शित किया जा सकता है, जैसे आयात निर्यात तथा व्यापार-शेष; जीवन-दर, मत्यु -दर एवं अतिजीवन-दर आदि। इन चित्रों की रचना के लिए, सर्वप्रथम दोनों तथ्यों में से बड़े तथ्य (मूल्य) को लेकर सरल दण्ड-चित्र बना लिया जाता हैं फिर, उसमें से छोटे तथ्य के बराबर विभाग काट लिया जाता है। इस प्रकार, बड़े तथा छोटे दोनों मूल्यों के बीच का 'अन्तर' (Difference) दण्ड के ऊपर भाग में प्रदर्शित हो जाता है। हाँ ! उल्लेखनीय यह है कि अन्तर वाले विभाग को, उस चिन्ह से दिखाया या अंकित किया जाता है जो दोनों में बड़ा हो। (देखिये चित्र-6)।

निम्न उदाहरण में 1981 में निर्यात आयात से अधिक हैं। अतः 'निर्यात-मूल्य (73) के आधार पर दण्ड बनाया गया है और उसमें से आयात-मूल्य (70) के बराबर हिस्सा (काले रंग का भाग) काट दिया गया है। दण्ड का शेष भाग (सफेद भाग) निर्यात्-

विभिन्न संकायों के छात्र संख्या



चित्र-5 : अन्तर्विभक्त दण्ड चित्र (Componment Bar Diagram)

आयात के अन्तर अर्थात व्यापार-क्षेत्र को दिखलाता है। 1984 में चूंकि आयात की मात्रा निर्यात से अधिक है। अतः दण्ड 'आयात-मूल्य' के आधार पर बनाया गया हैं। 1985 में आयात और निर्यात दोनों बराबर हैं अतः दण्ड को दो बराबर हिस्सों में उदग्र रूप में बांट दिया गया है।

Illustration 5. Represent the following data by means of sub divided bars :-

Year	Imports	Exports	Balance of Trade
1981	70	73	+ 3
1982	72	80	+ 8
1983	74	85	+ 11
1984	85	80	– 5
1985	75	75	–

आयात, निर्यात तथा व्यापार-शेष (करोड़ रू.)



चित्र-6 : अंतर वाले विभाजित दण्ड-चित्र।

(5) प्रतिशत अन्तर्विभक्त दण्ड-चित्र (Percentage Sub-divided Bars) : यदि एक तथ्य के विभिन्न विभागों से सम्बन्धित समंकों में होने वाले सापेक्ष परिवर्तनों की आपस में तुलना करनी हो तो उसके लिए प्रतिशत आधार पर अन्तर्विभक्त चित्र बनाये जाते हैं। इन चित्रों की रचना के लिए सर्वप्रथम मूल्यों के कुल योग को 100 मानकर सभी विभागों के प्रतिशत निकाल लिये जाते हैं। फिर, उनका संचयी प्रतिशत निकाला जाता है। इसके बाद सरल दण्ड-चित्र बनाकर उसमें संचयी प्रतिशतों के बराबर विभाग काट लिये जाते हैं।

लाभ-हानि चित्र (Profit or Loss Diagram) : जब अन्तर्विभक्त दण्ड-चित्रों का प्रयोग किसी वस्तु के **लागत-तत्वों तथा लाभ-हानि** में होने वाले सापेक्ष परितर्वनों को दिखाने के लिये किया जाता है, तब ऐसे चित्रों को **'लाभ-हानि चित्र'** कहते हैं। ये चित्र प्रतिशत अन्तर्विभक्त चित्रों की तरह ही बनाए जाते हैं परन्तु अन्तर की दष्टि से , इनमें विभिन्न विभागों को **'नीचे से ऊपर'** काटने के बजाय **'ऊपर से नीचे'** काटा जाता है।

Illustration 6. Represent the following by sub-divided bars drawn on the percentage basis :-
निम्न समंकों को प्रतिशत आधार पर बनाये जाने वाले अन्तर्विभक्त दण्ड चित्रों द्वारा प्रदर्शित कीजिये :-

		लागत प्रति कुर्सी (रू. में)		
Particulars		**1938**	**1939**	**1940**
(1)	मजदूरी (Wages)	4.5	7.5	10.5
(2)	अन्य लगात (Other Costs)	3.0	5.1	7.5
(3)	पालिस व्यय (Polishing)	1.5	2.4	3.0
	कुल लागत (Total Cost)	9.0	15.0	2.10
	विक्रय मूल्य प्रति कुर्सी	10.0	15.0	12.0
	लाभ (+) या हानि (–)	1.0	—	(–) 9.0

Solution : सर्वप्रथम, प्रति-कुर्सी आमद (proceed per chair) को 100 मानते हुये सभी तथ्यों को प्रतिशत में बदला जायेगा। फिर, उन्हें संचयी प्रतिशत बनाकर लाभ-हानि चित्र तैयार किया जायेगा (देखिये चित्र-7)

	1938			**1939**			**1940**		
Particulars	**Rs.**	**%**	**Cum. %**	**Rs.**	**%**	**Cum.%**	**Rs.**	**%**	**Cum.%**
Wages	4.5	45	45	7.5	50	50	10.5	87.5	87.5
Other Costs	3.0	30	75	5.1	34	84	7.5	62.5	150
Polishing	1.5	15	90	2.4	16	100	3.0	25.0	175
Total Costs	9.0	90		15.0	100		21.0	175	
Profit/Loss	+ 1	+ 10		—	0		– 9	– 75	
Proceeds	10	100		15	100		12	100	

(6) द्वि-दिशा दण्ड-चित्र (Duo-Directional Bar Diagram) : समंकों के दो परस्पर विरोधी स्वरूपों अर्थात् विपरीत प्रकृति के तथ्यों का प्रदर्शन करने के लिए द्वि-दिशा दण्ड चित्रों का प्रयोग किया जाता है। ये चित्र 'आधार रेखा' के दोनों ओर अर्थात ऊपर और नीचे तैयार किये जाते हैं (देखिये चित्र-8)।

प्रतिशत लागत, विक्रय-मूल्य व लाभ-हानि (प्रति कुर्सी)



चित्र-7 : प्रतिशत दण्ड-चित्र (Percentage Bars)

Illustration 7. निम्न समंकों को द्वि-दिशा दण्ड-चित्रों की सहायता से प्रदर्शित कीजिये :-

भारतीय रेलवे के लाभ करोड़ (रूपये)

Year	Net Profit	Expenses	Gross Profit
1967	6	2	8
1968	5	3	8
1969	3	2	5
1970	6	3	9
1971	4	2	6

Solution : उत्तर के लिये चित्र 8 देखिये।

दो विस्तार वाले या द्वि-विमा-चित्र
(Duo-Dimensional Diagrams)

एक-विमा चित्रों अर्थात् दण्ड-चित्रों में केवल एक ही विस्तार का ध्यान रक्खा जाता है जबकि द्वि-विमा चित्रों में दो विस्तारों- ऊंचाई तथा चौड़ाई के आधार पर चित्रों का निर्माण किया जाता है। इन चित्रों के क्षेत्रफल पद-मूल्यों के अनुपात में होते हैं, इसीलिये इनको 'क्षेत्रफल-चित्र' (Area Diagram) अथवा 'धरातल-चित्र' (Surface Diagram) भी कहते हैं। द्वि-विमा चित्र मुख्यतया तीन प्रकार के होते हैं :-

(1) आयत चित्र (Rectangular Diagrams)

(2) वर्ग चित्र (Square Diagrams)

(3) वत्तीय चित्र (Circular or Pie Diagrams)



चित्र-8 : द्वि-दिशा दण्ड चित्र (Duo-Directional Bars)

(1) आयत चित्र (Rectangular Diagrams) : दो या दो से अधिक राशियों की पारस्परिक तुलना करने के लिये आयत चित्रों का प्रयोग किया जाता है। आयत चित्र दो प्रकार के होते हैं :-

(*i*) **प्रतिशत अन्तभिक्त आयत चित्र (Percentage Sub-divided Rectangle)** : जब किसी विभिन्न परिवारों के पारिवारिक बजट की तुलना करनी हो, तो उसके लिये आयत चित्रों का ही प्रयोग किया जाता है। ऐसे चित्रों की रचना करने के लिये सबसे पहले, दिये हुये परिवारों के कुल आय को 100 मानकर विभिन्न मदों पर होने वाली व्यय-राशियों को प्रतिशत में बदल लिया जाता है। इसके बाद 100 के बराबर मापदण्ड लेकर प्रत्येक परिवार के लिये एक-समान ऊंचाई वाले आयत बना लिये जाते हैं। हाँ ! इन आयतों की चौड़ाई कुल-व्यय के अनुपात में रखी जाती है। तत्पश्चात् व्यय की प्रतिशत राशियों के अनुसार, आयत को 'नीचे से ऊपर' की ओर विभिन्न खण्डों में बांट दिया जाता है।

Illustration 8 : नीचे दिये गये परिवारों के मासिक व्यय (रू. में), सम्बन्धी विवरण को द्वि-विमा द्वारा प्रस्तुत कीजिये :-

व्यय की मदें (Items of Expenditure)	**परिवार (A)**	**परिवार (B)**
भोजन (Food)	200	250
वस्त्र (Clothing)	100	200
मकान किराया (House Rent)	80	100
ईंधन (Fuel)	40	50
विविध (Miscellaneous)	80	200
कुल व्यय (Total Expenditure)	500	800

Solution : दोनों परिवार की आय को 100 मानते हुये विभिन्न मदों को निम्न ढंग से प्रतिशतों में बदला जायेगा और इसके बात अन्तविभक्त आयत-चित्र की रचना की जायेगी। दोनों आयतों की चौड़ाई उनके आयतों की चौड़ाई उनके मासिक व्यय 500 : 800 अर्थात् 5 : 8 के अनुसार में रक्खी जायेगी (देखिये चित्र 9)।

Items of Expenditure	Family A (Rs. 500)			Family B (Rs. 800)		
	Rs.	%	Cum. %	Rs.	%	Cum. %
Food	200	40	40	250	31.3	31.3
Clothing	100	20	60	200	25.0	56.3
House Rent	80	16	76	100	12.5	68.8
Fuel & Lighting	40	8	84	50	6.2	75.0
Miscellaneous	80	16	100	200	25.0	100.0
Total	**500**	**100**		**800**	**100**	

(1) विभाजित आयत-चित्र (Sub-divided Rectangles) : जब तीन विभिन्न किन्तु परस्पर संबंधित तथ्यों का चित्रमय प्रदर्शन करना हो तब विभाजित आयत-चित्रों का प्रयोग किया जाता है जैसे किसी वस्तु का प्रति इकाई मूल्य, बिक्री की मात्रा तथा विक्रय-राशि का एक साथ प्रदर्शित किया जाना। ध्यान रहे, ऐसे चित्रों में चौड़ाई सदैव प्रति-इकाई मूल्य के अनुपात में ली जाती है जबकि ऊंचाई बिक्री की मात्रा के अनुपात में रखी जाती है। आयत का क्षेत्रफल (ऊंचाई × चौड़ाई) कुल विक्रय-मूल्य को व्यक्त करता है। शेष क्रिया प्रतिशत अन्तर्विभक्त आयत चित्र के समान ही है।



चित्र-9 : प्रतिशत अन्तर्विभक्त आयत

(2) वर्ग चित्र (Square Diagrams) : जब तथ्यों के न्यूनतम और अधिकतम मूल्यों में काफी अन्तर होता है तो उनसे दण्ड-चित्र नहीं बनाये जा सकते। उदाहरणार्थ यदि न्यूनतम और अधिकतम मूल्य क्रमशः 4000 और 100 हैं तो सबसे बड़ा दण्ड, सबसे छोटे दण्ड से 40 गुना होगा। भले ही कोई-सा पैमाना क्यों न ले लिया जाये, इस अनुपात को व्यक्त करना संभव नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में दण्ड-चित्रों के स्थान पर 'वर्ग-चित्रों' का निर्माण किया जाता है। **रचना विधि** — (*i*) सबसे पहले समंकों का वर्गमूल निकाला जाता है। (*ii*) फिर, वर्गमूलों के अनुपात में वर्गों की रचना कर ली जाती है। हाँ ! उल्लेखनीय यह है कि सभी वर्ग सदैव एक ही धरातल पर बनाये जायें ताकि वे देखने में सुन्दर लगें और उनकी सरलता से तुलना की जा सके।

Illustration 9. चार देशों में गेहूँ का उत्पादन (करोड़ टन) में नीचे दिया गया है। इन समंकों को एक उर्पयुक्त चित्र द्वारा प्रस्तुत कीजिये :-

Countries	:	A	B	C	D
Quantity (Crore Tons)	:	3600	2000	1200	800

Solution : चूँकि अधिकतम मूल्य (3600) और न्यूनतम मूल्य (800) में काफी अन्तर है। अतः इन समंकों को वर्ग-चित्र द्वारा प्रदर्शित करना अधिक उपर्युक्त होगा।

देश (Country)	उपज (करोड़ टन) (Quantity)	वर्गमूल (Square-root)	वर्ग की भुजा (In cms.)
A	3600	60	3
B	2000	44.7	2.2
C	1200	24.6	1.7
D	800	28.3	1.4

वर्गों की भुजाओं की लम्बाई ज्ञात करना : वर्गों की रचना करते समय एक प्रश्न यह उठता है कि वर्गों की भुजाओं की लम्बाई क्या रखी जाए ? यह तथ्य उपलब्ध स्थान अर्थात् कागज के आकार पर निर्भर करता है। मान लीजिये, वर्ग रचना के लिये हमारे पास कुल 12 cm का स्थान उपलब्ध है जिसमें से लगभग 4 cm वर्गों के बीच के रिक्त स्थान के लिये छोड़ना होगा।

विभिन्न देशों मे गेहूँ का उत्पादन



चित्र-10 : वर्ग–चित्र (Squre Diagram)

यदि शेष बचे 8 cm से, वर्गमूलों के जोड़ को विभाजित कर दिया जाये तो इससे वह संख्या निकल जाती है जिससे प्रत्येक वर्गमूल को भाग देने पर, उस वर्ग की वांछित लम्बाई ज्ञात हो जाती है। उपर्युक्त उदाहरण में वर्गमूलों का जोड़ 167.6 है जिसको 8 से भाग देने पर लगभग 20.9 मूल्य आता है जिसके सन्निकट (Approximated) सरल मूल्य 20 से सभी वर्गमूलों को भाग देकर भुजाओं की लम्बाई ज्ञात की गई है (देखिये चित्र 10)।

वर्गों का पैमाना ज्ञात करना (Scales of Squares) : वर्गों का पैमाना निकालने के लिये कभी भी एक वर्ग की भुजा की लम्बाई का वर्ग करके, उसका क्षेत्रफल निकाल लिया जाता है। उदाहरणार्थ 3 cm की भुजा वाले वर्ग का क्षेत्र $3 \times 3 = 9$ cm हुआ जो 3600 करोड़ टन की मात्रा को प्रदर्शित करता है अतः

$$1 \text{ sq. cm} = 3600 \div 9 = 400 \text{ crore tons.}$$

(3) वृत्तीय चित्र (Circular or Pie Diagrams) : जिन तथ्यों के लिये वर्ग-चित्रों का प्रयोग उपर्युक्त समझा जाता है ठीक उन्हीं के लिये वृत्त चित्रों का भी उपयोग किया जा सकता है। वृत्त चित्र की रचना वर्ग -चित्र की भांति ही की जाती है। वृत्त - चित्रों का निर्माण करने के लिये पहले मूल्यों के वर्गमूल निकाले जाते हैं। फिर, वर्गमूलों के अनुपात में वृत्तों की त्रिज्याएं (Radius) ज्ञात कर ली जाती है जिनकों आधार मानकर वृत्त तैयार कर दिये जाते हैं। ध्यान रहे , वृत्तों को सदैव ही धरातल पर बनाना चाहिये और उनके बीच का अन्तर भी समान रखना चाहिये ताकि चित्र देखने में सुन्दर लग सकें।

Illustration 10. Represent the data given in illustration 9 by a Circular or Pie Diagram.

पिछले उदाहरण में वर्ग की भुजायें क्रमशः 3, 2.2, 1.7, 1.4 cm हैं जिनका आधा करने पर चारों वत्तों की त्रिज्याएं क्रमशः 1.5, 1.1, 0.85, 0.7 होंगी (देखिये चित्र 11)।

विभिन्न देशों में गेहूँ का उत्पादन



चित्र-11 : वत्त -चित्र (Pie Diagram)

वत्त -चित्र का पैमाना ज्ञात करना (Scale of Pie-Diagram) : पहले किसी एक वत्त की त्रिज्या के आधार पर उसका क्षेत्रफल निकाल लिया जाता है। वत्त का क्षेत्र πr^2 के बराबर होता है। जहां, p (Pie) = $\frac{22}{7}$ और r = radius अर्थात् त्रिज्या। उपर्युक्त उदाहरण में प्रथम, वत्त , जिसकी त्रिज्या 1.5 cm है, का क्षेत्रफल इस प्रकार निकलेगा :-

क्षेत्रफल = $\frac{22}{7} \times (1.5)^2$ या $\frac{22}{7} \times 2.25 = \frac{49.5}{7}$ वर्ग सेमी.

वर्ग सेमी. दिखाता है 3600 करोड़ टन को

\ 1 वर्ग सेंमी. दिखायेगा = = 509 करोड़ टन

कोणीय चित्र या वत्त -खंड चित्र (Angular or Sector Diagram) : जिस प्रकार तथ्यों के उपविभागों को प्रदर्शित करने के लिए दण्ड और आयत को विभक्त किया जाता है, उसी प्रकार वत्त को भी अन्तर्विभक्त किया जा सकता है और ऐसे चित्रों को ही वत्त -खण्ड चित्र कहते हैं। इन चित्रों की रचना के लिये समंकों को कुल योग को 360 डिग्री मानते हुए विभिन्न विभागों के कोणों (Angles) का माप निकाल दिया जाता है क्योंकि वत्त के केन्द्र में 360° का कोण होता है। हाँ ! यदि दो कोणिय वत्त एक -साथ बनाने हों तो उनकी त्रिज्याएं उनके कुल जोड़ के वर्गमूल के अनुपात में रखी जाती है (देखिये चित्र 12)।

Illustration 11. Represent by suitable diagram the following data of the outlay in the second and third five year plans.

परियोजन व्यय का आबंटन (करोड़ रू.)

मद (Head)	**Second Plan**	**Third Plan**
Agriculture and C.D.	530	1068
Irrigation of Power	865	1662
Village and Small Industry	175	264
Industry and Minerals	900	1520
Transport and Communiction	1300	1486
Social Services and Misc.	830	1500
	4600	**7500**

Solution : सर्वप्रथम दोनों योजनाओं के कुल व्यय का वर्गमूल निकालकर (अर्थात् $\sqrt{4600} = 67.8$ व $= \sqrt{7500} = 86.6$), उनका अनुपात निकाला जायेगा ताकि त्रिज्याओं की लम्बाई ज्ञात हो सके। तत्पश्चात् 360° के आधार पर विभिनन मदों के कोणीय माप ज्ञात किये जायेंगे (देखिये चित्र 12)।

Head	Second Plan		Third Plan	
	Rs. Crores	Degrees	Rs. Crores	Degrees
Agriculture and C.d.	530	41	1068	51
Irrigation and Power	865	68	1662	80
Villages and Small Industry	175	14	246	13
Industry and Minerals	900	70	1520	73
Trans and Communication	1300	102	1486	71
Social Service and Misc.	830	65	1500	72
Radius	4600	360°	7500	360°
	67.8	2.26 cm	86.6	2.90 cm.

द्वितीय एवं ततीय योजना में व्यय -वितरण



चित्र-12 : कोणीय चित्र (Angular or Pie Diagram)

त्रि-विमा चित्र
(Three-Dimentional Diagram)

जब कभी मूल्यों में अत्यधिक अन्तर होता है तो उनसे वर्ग या वत्त -चित्र बनाना भी कठिन हो जाता है क्योंकि मूल्यों के वर्गमूलों में काफी अंतर बना रहता है। ऐसी दशा में सदैव तीन विस्तार वाले चित्र अर्थात् त्रि-विमा चित्रों का प्रयोग करना चाहिये। इन चित्रों के निर्माण में तीनों विस्तारों — ऊंचाई, चौड़ाई व मौटाई का एक-साथ इस्तेमाल किया जाता है। त्रि-विमा चित्रों में घन (Cubes), इष्टका (Blocks), गोलाकार (Spheres) तथा बेलनाकार चित्र इत्यादि तैयार किये जाते हैं। त्रि-विमा काफी जटिल होते हैं। नीचे केवल घन-चित्र की रचना विधि स्पष्ट की गयी है।

घन-चित्र की निर्माण विधि — (*i*) सर्वप्रथम, मूल्यों के घनमूल (Cubes Roots) निकाले जाते हैं। घनमूल निकालने के लिए मूल्य का लघुगणक (log) ज्ञात करके उसे यदि 3 से भाग दिया जाय और प्राप्त भजनफल का Antilog ले लिया जाय तो वह घनमूल होता हे। (*ii*) तत्पश्चात घनमूलों के अनुपात में घनों की भुजाएं ली जाती हैं। (*iii*) घन की भुजा के आधार पर पहले एक वर्ग तैयार किया जाता है, फिर उसी क्षेत्रफल में दूसरा वर्ग इस प्रकार तैयार किया जाता है कि उसका बायां निचला

कोना, पहले वाले वर्ग के केन्द्र-बिन्दु पर स्थित हो और उनकी भुजाएं परस्पर समानान्तर बनी रहें। (*iv*) अन्त में इन दोनों वर्गों के कोनों को मिला देने पर घनचित्र पूरा हो जाता है (देखिये चित्र 13)।

Illustration 12. राम और श्याम का मासिक वेतन क्रमशः 512 रू. व 4096 रू. है। इन समंकों को त्रि-विमा चित्र द्वारा प्रकट कीजिए।

Solution :

		वेतन (रू.)	घनमूल	घन की भुजा (सेंमी.)
Ram	:	512	8	1
Shyam	:	4096	16	2



चित्र-13 : घन-चित्र (Cube Diagram)

चित्रलेख एवं मानचित्र
(Pictograms and Cartograms)

चित्र-लेख — चित्र-लेख पद्धति का विकास डॉ. ऑटो न्यूरथ (Otto Neurath) ने किया था। इस रीति के अन्तर्गत समंकों को सम्बन्धित वस्तुओं की आकृति या चित्र बनाकर प्रदर्शित किया जाता है। उदाहरणार्थ जनसंख्या समंकों को मनुष्य-आकृति द्वारा, योजना-व्यय को रूपयों की थैली द्वारा और खाद्यान्न उत्पादन को बोरियों के चित्र बनाकर प्रदर्शित किया जा सकता है। इन चित्रों की रचना समंकों के अनुपात में की जाती है। ये चित्र काफी आकर्षक होते हैं और देखने पर अधिक अच्छा प्रभाव डालते हैं। यही कारण है कि विज्ञापन आदि के लिये इन चित्रों का प्रयोग अधिक किया जाता है। चित्र 14 में दो वर्षों के खाद्यान्न उत्पाद को बोरियाँ बनाकर दिखाया गया है।

1977 व 1978 में खाद्यान्न उत्पादन
(1 बोरी = 10 मि. टन)



चित्र-14 : चित्र लेख (Pictogram)

मानचित्र : मानचित्र भौगोलिक या प्रादेशिक समंकों के लिये अधिक उपर्युक्त होते हैं। उदाहरणार्थ किसी देश में जनसंख्या-घनत्व, वर्षा, वनस्पति-वितरण, कृषि उपज, खनिज-स्थिति, आदि को प्रदर्शन उस देश के मानचित्र पर आकर्षक ढंग से किया जा सकता है। हाँ ! मानचित्र में जिन-जिन तथ्यों को दिखाया गया है उनके स्पष्ट संकेत या चिन्ह अवश्य बना देने चाहिएं।

उपयुक्त चित्र का चुनाव

समंकों का चित्रमय निरूपण करते समय किस चित्र-विशेष का प्रयोग किया जाये, यह वास्तव में एक कठिन समस्या है। इसका कारण यह है कि एक-ही प्रकार के समंकों के लिये कई प्रकार के चित्र बनाए जा सकते हैं।

❑❑

अध्याय - 5

समंकों का बिन्दुरेखीय प्रदर्शन
(Graphic Presentation of Data)

पिछले अध्याय में विभिन्न प्रकार के चित्रों का वर्णन किया गया। चित्रों का प्रयोग विशेष रूप से स्थान संबंधी श्रेणियों (Spatial Series) के चित्रण के लिये किया जाता है। लेकिन काल श्रेणियों (Time Series) तथा आवत्ति वितरणों के चित्रण के लिये बिन्दु रेखीय विधि (Graphical Method) अधिक उपयुक्त है। समकों के बिन्दुरेखीय प्रदर्शन के लिये बिन्दूरेखीय पत्र (Graph Paper) का प्रयोग किया जाता है। दिये हुए समंकों को किसी मापदण्ड के आधार पर एक बिन्दुरेखीय पत्र पर अंकित कर दिया जाता है और प्रांकित विभिन्न बिन्दुओं को मिला दिया जाता है।

चित्रों तथा बिन्दुरेखीय चित्रों में अंतर
(Difference Between Diagrams and Graphs)

(1) बिन्दुरेखीय चित्र बनाने के लिये बिन्दुरेखीय पेपर का प्रयोग किया जाता है जबकि चित्र साधारण कागज पर बनाया जा सकता है।

(2) चित्र अधिक आकर्षक होते हैं, इसलिये प्रचार तथा विज्ञापन के लिये बहुत उपयुक्त हैं। चित्रों का प्रत्यक्ष रूप से सांख्यिकी का अर्थ समझने में कोई योग नहीं होता, चित्र केवल प्रदर्शन मात्र होते हैं परन्तु रेखाचित्रों का प्रयोग अनुसंधानकर्त्ता अंकों के विश्लेषण में भी करते हैं।

(3) काल श्रेणियों तथा आवत्ति वितरणों को प्रदर्शित करने के लिये बिन्दुरेखीय चित्र , चित्रों की उपेक्षा अधिक उपयोगी हैं।

(4) विशेष प्रकार के आवत्ति रेखाचित्रों द्वारा भूयिष्ठक (Mode) , मध्यका (Median) तथा विभाजन मूल्यों (Partition Values) का निर्धारण किया जा सकता है परन्तु चित्रों द्वारा ऐसा संभव नहीं है।

(5) बिन्दुरेखीय विधि द्वारा समंकों का आन्तर्गणन (Interopolation) तथा बाह्यगणन (Extrapolation) सरलता एवं शीघ्रता से किया जा सकता है। यदि एक वक्र की ठीक प्रकार से रचना किए जाने पर कोई आकस्मिक परिवर्तन नहीं हुआ है तो ये अनुमान बहुत कुछ ठीक सिद्ध होते हैं। चित्रों द्वारा ऐसा संभव नहीं।

रेखाचित्र कई प्रकार के होते हैं। यहां केवल प्रमुख रूप से प्रयुक्त होने वाले रेखाचित्रों का विवरण दिया गया है। सुगमता के लिये विभिन्न रेखाचित्रों को दो भागों में बांटा गया है :-

(1) काल मालाओं के रेखाचित्र (Graph of Time Series); तथा

(2) आवत्ति -वितरणों के रेखाचित्र (Graphs of Frequency Distribution)।

रेखाचित्र बनाने की विधि
(Technique of Constructing Graphs)

रेखाचित्र बनाने के लिये प्राय: बिन्दु रेखीय पत्र (Graph Paper) का प्रयोग किया जाता है। दो सरल रेखायें बिन्दुरेखीय पत्र पर इस प्रकार डाली जाती है कि वे एक दूसरे को 90 डिग्री के कोण पर काटें। जिस बिन्दु पर दोनों रेखायें एक-दूसरे को काटती है उसे मूल-बिन्दु (Point of Origin) अथवा शून्य बिन्दु (Zero Point) कहते हैं। पड़ी रेखा (Horizontal Line) को क्षैतिज माप श्रेणी (X-Axis) या भुजाक्ष (Abscissa) कहते हैं और खड़ी रेखा (Vertical Line) को उदग्र माप श्रेणी (Y-Axis) या कोटि-अक्ष (Ordinate) कहते हैं। ये दो रेखायें निम्न चित्र में दिखाई गई हैं :-



ऊपर की आकृति में 'O' मूल-बिन्दु है। XOX' भुजाक्ष (X-Axis) तथा YOY' कोटि (Y-Axis) है। धनात्मक (Positive) तथा ऋणात्मक (Negative) दोनों प्रकार के समंक रेखाचित्र द्वारा भी प्रदर्शित की जा सकती है। कटाव बिन्दु के दायीं ओर तथा ऊपर धनात्मक मूल्यों तथा नीचे व बायीं ओर ऋणात्मक मूल्यों को नापा जाता है।

बिन्दुरेखीय पत्र को चार भागों में बांटा जाता है जिसमें प्रत्येक भाग को चरण (Quadrant) कहते हैं। पहले चरण में X तथा Y दोनों के मान ऋणात्मक होते हैं। सामान्यत:, समंक धनात्मक होते हैं अत: व्यवहार में अधिकांशत: रेखाचित्र प्रथम चरण (First Quardrant) में बनाये जाते हैं।

प्रथा के अनुसार स्वतंत्र चर (Independent Variable) जैसे समय, आकार आदि को पड़ी रेखा (Horizontal Scale) तथा आश्रित चर (Dependent Variable) को खड़ी रेखा (Vertical Scale) पर दिखाया जाता है। काल मालाओं में समय क्षैतिज पैमाने (Horizontal Scale) पर तथा चर की उदय पैमाने (Vertical) पर दिखाया जाता है। प्रत्येक अक्षर के लिये उचित मापदंड निश्चित कर लिया जाता है। मापदंड भुजांक्ष के नीचे तथा कोटि अक्ष की बायीं ओर लिख दिया जाता है साधारण तथा रेखाचित्र में प्राकृतिक पैमाने का प्रयोग होता है। आवश्यकतानुसार "आनुपातिक पैमाने" (Ratio Scale) का प्रयोग किया जा सकता है।

मापदण्ड निर्धारण के पश्चात् अन्तिम कार्य दिये गये समंकों को आलेखित करना होता है। इस प्रकार उपलब्ध चिह्नों को सीधी रेखाओं के द्वारा मिला दिया जाता है।

(क) काल-श्रेणी के रेखाचित्र या कालिक-चित्र
(Graphs of Time Series of Historigrams)

समय के आधार पर अवलोकनों की श्रेणी 'काल-श्रेणी' कहलाती है। बिन्दुरेखीय प्रणाली समय-समय पर होने वाले परिवर्तनों का विश्लेषण करने में अत्यन्त सहायक X-अक्ष पर प्राय: समय दिया जाता है तथा Y-अक्ष पर चर के विभिनन मान। एक से अधिक चर भी एक रेखाचित्र पर दिखाये जा सकते हैं और उनमें आपस में तुलना की जा सकती है।

काल मालाओं के रेखाचित्र प्राकृतिक पैमाने अथवा आनुपातिक पैमाने के आधार पर बनाये जा सकते हैं। प्राकृतिक पैमाने में एक समय से दूसरे समय में निरपेक्ष परिवर्तन तथा आनुपातिक पैमने में एक समय से दूसरे समय के आनुपातिक परिवर्तन या परिवर्तन की दर (Relative Change or Rate of Change) को प्रदर्शित किया जाता है।

प्राकृतिक माप श्रेणी के कालिक चित्र निम्न दो प्रकार के हो सकते हैं :-

(1) निरपेक्ष कालिक चित्र (Absolute Historigram) : निरपेक्ष कालिक चित्र में समंक श्रेणी की मूल राशियों या समंकों को प्रांकित किया जाता है ये राशियां माप की विभिन्न इकाइयों जैसे टन, किलोग्राम, करोड़ रुपये आदि में व्यक्त की जा सकती है।

(2) निर्देशांक कालिक चित्र (Index Historigram) : निर्देशांक कालिक चित्र में वास्तविक मूल्यों के स्थान पर उनके

निर्देशांकों (Index Numbers) को बिन्दुरेखीय पत्र पर अंकित किया जाता है। निर्देशांकों या सूचकांकों द्वारा मूल्यों के सापेक्ष या तुलनात्मक अन्तरों का मापन होता है।

प्राकृतिक पैमाने पर रेखाचित्र बनाने के नियम
(Rules of Constructing the Line Graphs on Natural Scale)

(1) **शीर्षक (Heading) :** प्रत्येक रेखाचित्र का एक उपर्युक्त शीर्षक होना चाहिए। शीर्षक संक्षिप्त तथा स्पष्ट होना चाहिये ताकि उसको पढ़ते की विषय-सामग्री का ज्ञान हो जाये।

(2) **मापदण्ड का चुनाव (Choice of Scale) :** मापदण्ड का चुनाव ऐसा होना चाहिये जिससे सम्पूर्ण समंकों का प्रदर्शन किया जा सके। मापदण्ड प्रदर्शित करने वाले अंकों को स्पष्ट रूप से भुजाओं के नीचे तथा कोटि-अक्ष के बायीं ओर लिख देना चाहिए। रेखाचित्र के ऊपर की ओर किसी विशिष्ट स्थान पर मापदण्ड का वितरण भी दे देना चाहिये ताकि पाठक को रेखाचित्र समझने में कोई कठिनाई न हो।

(3) **अक्षों का अनुपात (Proportion of Axis) :** जहां तक हो सके भुजाक्ष की लम्बाई कोटि-अक्ष की लम्बाई से लगभग डेढ़ गुनी रखनी चाहिये।

(4) **कृत्रिम आधार रेखा का प्रयोग (Use of False Base Line) :** उदग्र पैमान एक से प्रारम्भ होता है लेकिन यदि आश्रित चर व मूल्य अधिक आकार के हैं तो मूल बिन्दु से कुछ ऊपर किसी अन्य संस्था से पैमाना आरम्भ किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में कृत्रिम आधार रेखा का प्रयोग किया जाता है।

(5) **समंकों की सारणी (Table of Data) :** रेखाचित्र के साथ-साथ सम्बन्धित सारणी भी देनी चाहिये ताकि विस्तत अध्ययन तथा शुद्धता की जांच की सुरक्षा बनी रहे।

(6) **विभिन्न प्रकार की रेखायें (Different Types of Curves)** रेखाचित्र में प्रत्येक बिन्दु को स्पष्ट रूप से अंकित करना चाहिये। यदि एक से अधिक वक्रों का प्रदर्शन करना हो तो विभिन्न प्रकार की रेखायें खींचनी चाहियें, जैसे

———————— सरल रेखा (Simple Line)
---------- टूटी रेखा (Broken Line)
..... बिन्दु रेखा (Dotted Line)
—·—·—·— बिन्दु-विराम रेखा (Dot-dash Line)

विभिन्न प्रकार के रंगों आदि का भी प्रयोग किया जा सकता है।

(7) **संकेत (Index Indicator) :** विभिन्न रेखाओं का अन्तर स्पष्ट करने के लिये रेखाचित्र में ऊपर की ओर उनसे सम्बन्धित संकेत दे देना चाहिये।

एक चर के रेखाचित्र
(Graphs of One Variable)

एक चर को प्रदर्शित करने के लिये X-अक्ष (X-axis) पर समय दिखाना चाहिये तथा Y-अक्ष (Y-axis) पर चर के विभिन्न मानों को प्रदर्शित करना चाहिये। फिर दिये हुए समंकों को समय और चर के मानों के अनुसार रेखाचित्र पर अंकित कर दिया जाता है एवं सब बिन्दुओं को रेखाओं से मिला देते हैं। इस रेखा का उतार-चढ़ाव (Fluctuating) उस चर में दिये हुए परिवर्तन को बहुत की सुचारू रूप में दर्शाता है।

कृत्रिम आधार रेखा
(False Base Line)

रेखाचित्र बनाने का एक नियम यह है कि Y-अक्ष शून्य से शुरू हो चाहे दिये दिये हुये समंकों में चर का मूल्य कितना भी हो। इस नियम का पालन किया जाये तो समंकों को दिखाने के लिये बहुत अधिक स्थान की आवश्यकता पड़ती है फिर भी समंकों के उतार-चढ़ाव को भली प्रकार से प्रदर्शित नहीं किया जा सकता। जब सभी शून्य तथा चर के न्यूनतम मान (Minimume Value) में बहुत अन्तर हो तो कृत्रिम आधार रेखा का प्रयोग किया जाता है। कृत्रिम आधार के प्रयोग के दो प्रमुख उद्देश्य हैं :-

(1) समंकों के उतार-चढाव को रेखाचित्र द्वारा इस प्रकार प्रदर्शित करना चाहिये कि रेखाचित्र देखने वाला इस उतार-चढ़ाव के महत्व को आसानी से समझ सके।

(2) रेखा-चित्र बनाने में स्थान कम लगे।

जब कृत्रिम आधार का प्रयोग किया जाता है तो शून्य और चल के न्यूनतम मान के बीच दो वक्र रेखायें खींच दी जाती है जैसा कि निम्न उदाहरण से स्पष्ट हो जायेगा :



मान लीजिये चल का न्यूनतम मान 4,250 है। हम 0 और 4,000 के बीच दो रेखायें इस प्रकार खींचेंगे :-

यदि X अक्ष पर हम शून्य से प्रारम्भ करना चाहें जबकि श्रेणी का न्यूनतम मान शून्य से बहुत अधिक है तो आधार रेखा का प्रारम्भ से थोड़ा ऊपर ले जाकर आधार रेखा के साथ मिला दिया जाता है। ऐसा करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि कृत्रिम आधार पर प्रयोग किया गया है। निम्न चित्र द्वारा इस बात का स्पष्टीकरण हो जायेगा :



यह अनिवार्य नहीं है कि आधार रेखा शून्य से ही प्रारम्भ हो यद्यपि प्राय: ऐसा करते हैं। यदि आधार को श्रेणी के न्यूनतम मान से शुरू किया जाये तो इस क्रिया की आवश्यकता नहीं रहती जो ऊपर के चित्र में दिखाई गई है।

उदाहरण 1 : निम्न समंकों को रेखाचित्र द्वार प्रस्तुत कीजिये :-

वर्ष	प्रति व्यक्ति आय (रू. में) (1980-81 के आधार पर)	वर्ष	प्रति व्यक्ति आय (रू. में) (1980-1981 के आधार पर)
1982-83	2000.1	1986-87	2953.6
1983-84	2300.4	1987-88	3286.1
1984-85	2504.2	1988-89	2875.2
1985-86	2726.0	1989-90	4252.4



उदाहरण 2 : निम्न समंकों को रेखाचित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिये :-

वर्ष	कृषि उत्पादन का सूचकांक	वर्ष	कृषि उत्पादन का सूचकांक
1984-85	154.6	1987-88	151.3
1985-86	158.4	1988-89	183.2
1986-87	152.5	1989-90	186.4



दो यो दो से अधिक चरों के रेखा-चित्र
(Graphs of Two or More Variables)

यदि मापदण्ड की इकाई (Unit of Measurement) समान है तो एक ही रेखाचित्र पर एक से अधिक चरों को प्रदर्शित किया जा सकता है। इससे तुलनात्मक अध्ययन में बहुत सहायता मिलती है लेकिन 5 या 6 से अधिक चरों को एक ही रेखा-चित्र पर नहीं दिखाना चाहिये अन्यथा चित्र को समझने में बहुत कठिनाई होगी क्योंकि एक रेखा दूसरी को कई जगह से काट सकती है जिससे चलों की प्रवत्ति (Behaviour) का ठीक रूप से पता लगाना कठिन होगा। जहां एक से अधिक चरों को रेखा-चित्र पर दिखाया जाता हैं वहां विभिन्न प्रकार की रेखाओं, रंगों, आदि का प्रयोग करना चाहिये ताकि चरों की प्रवत्ति पहचानने में सरलता रहे।

उदाहरण 3 : निम्न समंक 1985-86 से 1990-91 के भारत में चावल उत्पादन से संबंधित हैं :-

वर्ष	लक्ष्य (Target)	वास्तविक उत्पादन (Actal Production Million Tonnes)
1985-86	63.5	63.8
1986-87	65.0	60.6
1987-88	65.2	56.9
1988-89	68.0	70.5
1989-90	72.5	74.1
1990-91	73.7	75.0



हल : इन समंकों को उचित रूप से प्रदर्शित करने के लिये कृत्रिम आधार का प्रयोग उपयुक्त होगा। X-अक्ष पर वर्ष तथा Y-अक्ष पर दोनों चरों के मूल्य दिखाये गये हैं। निर्यात को बिन्दु रेखा (Dotted Line) तथा आयात को मोटी रेखायें (Thick Line) से दिखाया गया है।

उदाहरण 4 : निम्न अंकों को रेखा-चित्रों द्वारा प्रस्तुत कीजिये।

वनस्पति तेल के पदार्थ (हजारों मीटर टनों में)

विवरण	जन.	फर.	मार्च	अ.	मई	जून	जुलाई	अ.	सि.	अक्तू.	न.	दि.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
उत्पादन												
1988	43.8	39.8	37.8	36.0	36.0	35.4	32.6	32.8	31.6	33.4	33.8	41.1
1989	34.2	29.2	29.9	31.1	31.1	31.7	27.6	27.5	28.1	24.9	32.3	38.6
1990	33.7	33.1	34.3									

बचत												
1988	40.5	39.1	34.9	40.1	36.4	32.6	33.4	33.0	38.2	31.3	35.5	36.2
1989	33.7	33.7	30.8	32.0	32.3	27.7	24.4	25.5	25.4	26.5	32.0	35.8
1990	33.4	32.8	33.1									
स्टॉक												
1988	0.9	10.6	13.5	9.4	8.3	8.5	7.9	6.9	8.4	10.5	8.8	12.6
1989	13.6	9.2	8.3	3.6	5.7	6.0	7.7	7.1	7.7	6.1	6.4	9.2
1990	8.6	8.9	10.1									

हल : तीनों चलों को एक ही रेखा-चित्र पर इस प्रकार प्रदर्शित किया जायेगा :



कोटिबन्ध या विस्तार चार्ट

(Range Charts)

कभी-कभी किसी चल के किसी समय के अधिकतम व न्यूनतम उतार-चढ़ाव को अंकित करने की आवश्यकता पड़ती है जैसे किसी रोग को अधिकतम या न्यूनतम, किसी वस्तु का न्यूनतम व अधिकतम मूल्य आदि। ऐसी स्थिति में अधिकतम व न्यूनतम मूल्यों के वक्र अलग-अलग खींच लिये जाते हैं और उनके बीच के स्थान को किसी रंग या पेंसिल से भर देते हैं। ऐसे रेखा-चित्र बनाने की विधि इस प्रकार है :-

(1) समय को X-अक्ष तथा चल को Y-अक्ष पर लीजिये।

(2) दो वक्र, एक अधिकतम मूल्यों को तथा दूसरी न्यूनतम मूल्यों को प्रदर्शित करती हुई बनाइए।

(3) अधिकतम तथा न्यूनतम वक्रों के बीच की जगह को किसी रंग से भर दीजिए ताकि चित्र आकर्षक और समझने में सरल बन सके।

उदाहरण 5 : निम्नलिखित समंकों को उपयुक्त चित्र द्वारा प्रस्तुत कीजिये :-

वर्ष	आयात (करोड़ रू. में)	निर्यात (करोड़ रू. में)
1984-85	17,134	11,744
1985-86	19,658	10,895
1986-87	20,096	12,452
1987-88	22,244	15,674
1988-89	28,235	20,232
1989-90	35,412	27,681



हल : महीनों को X-अक्ष पर तथा सोने की कीमत Y-अक्ष पर लीजिये दो वक्र — एक अधिकतम तथा दूसरी न्यूनतम मूल्य का प्रदर्शित करती हुई खीचियें जैसा कि अगले उदाहरण में दिये गये चित्र द्वारा विदित होगा।

पट्टीदार वक्र या संघटक भाग-चित्र
(Band Curve or Component Chart)

जब काल श्रेणी पर आधारित सम्पूर्ण राशि अंशों में विभक्त हो तो पट्टीदार वक्र का प्रयोग किया जाता है। विभिन्न अंशों को एक के ऊपर एक करके चिन्हित कर दिया जाता है। बीच कें अंतर में रंग भर देते हैं जिससे एक पट्टीदार श्रेणी बन जाती है। इस प्रकार के चित्र सम्पूर्ण लागत को विभिन्न मदों में विभक्त करके प्रदर्शित करने में प्रयुक्त होते हैं जैसे कुल बिक्री विभाग अथवा जिले के अनुसार या कुल उत्पादन राज्यानुसार या उद्योगानुसार (Industry-wise), आदि।

उत्पादन दस लाख टनों में
(Production in Tonnes)

वर्ष (Year)	चावल (Rice)	गेहूँ (Wheat)	ज्वार (Jawar)	मक्का (Maize)	बाजरा (Bajra)	अन्य खाद्यान्न (Other-cereals)
1980-81	53.63	36.31	10.43	6.96	5.43	6.20
1981-82	53.25	37.45	12.06	6.90	5.54	6.59
1982-83	47.12	42.79	10.75	6.55	5.13	5.32
1983-84	60.10	45.48	11.92	7.92	5.72	6.34
1984-85	58.34	44.07	11.40	8.44	6.05	5.28
1985-86	62.82	47.05	10.20	6.64	3.66	5.70
1986-87	60.56	44.32	91.19	7.59	4.51	5.54
1987-88	56.43	45.10	11.85	5.83	3.28	5.08

हल : चावल, गेहूं आदि के आंकड़ों का योग ज्ञात कीजिये, जैसा निम्न सारणी में दिया गया है :-

वर्ष	चावल	गेहूं	ज्वार	मक्का	बाजरा	कुल योग
1980-81	53.63	89.94	100.37	107.33	112.76	118.97
1981-82	53.25	90.70	102.76	109.66	115.20	121.79
1982-83	47.12	89.91	100.66	107.21	112.34	117.66
1983-84	60.10	105.58	117.50	125.42	133.15	139.48
1984-85	58.34	102.41	113.81	122.25	128.30	133.58
1985-86	62.82	110.87	121.07	127.71	131.37	137.07
1986-87	60.56	104.88	114.07	121.66	126.17	131.71
1987-88	56.43	101.53	113.38	119.01	122.29	127.37

एक पट्टीदार वक्र उपर्युक्त समंकों को ठीक ढंग से प्रस्तुत करेगा। ऐसा वक्र अग्र प्रकार से बनाये जायेगा :

(1) वर्षों को X-अक्ष पर तथा उत्पादन को Y-अक्ष पर दिखायें।

(2) चावल से संबंधित समंकों को चिन्हित करके एक रेखा द्वारा मिलाइये जैसा चित्र में रेखा "A" द्वारा विदित है।

(3) चावल और गेहूं के समंकों का योग करके चिन्हित कीजिये जैसा "B" द्वारा विदित है।

(4) चावल, गेहूं तथा ज्वार के समंकों का योग करके उन्हें चिन्हित कीजिये तथा एक रेखा द्वारा मिलाइये — इस चित्र में देखिये रेखा "C"।

(5) चावल, गेहूं ज्वार तथा मक्का के समंकों को योग करके चिन्हित कीजिये और रेखा द्वारा मिलाइये — देखिये रेखा "D"।

(6) चावल, गेहूं, ज्वार तथा मक्का तथा अन्य खाद्यान्न के समंकों का योग करके चिन्हित कीजिये — देखिये रेखा "E"।

(7) चावल, गेहूं, ज्वार, मक्का तथा बाजरे के समंकों का योग करके चिन्हित कीजिये — देखिये रेखा "F"।



'जी' चित्र पर 'जी' वक्र
(Zee Chart or Zee Curve)

''जी'' चित्र एक बहु वक्र चित्र होता है, जो अंग्रेजी के अक्षर ''जेड'' (Z) से मिलता हुआ होता है। इसलिये इसे जी "Zee" या "Z" चित्र कहते हैं। इसमें तीन वक्र तीन बातों को प्रदर्शित करते हुयें खींचे जाते हैं जो इस प्रकार हैं :-

(1) मौलिक समंकों का वक्र (Curve of Original Data);

(2) संचयी समंकों का वक्र (Curve of Cumulative Data); तथा

(3) चल योगों का वक्र (Curve of Moving Totals).

मौलिक समंकों का वक्र सबसे नीचे दिखाया जाता है। चल योग वक्र सबसे ऊपर तथा संचयी वक्र मध्य में होता है। व्यापारिक समंकों को प्रस्तुत करने में ''जी'' चित्र का विशेष महत्व है। चल योग वक्र व्यापार की दशा बताता है — ऊपर उठती रेखा व्यापार से उन्नति का प्रदर्शन करती है। मौलिक समंकों का वक्र मौसमी परिवर्तन प्रदर्शित करता है तथा संचयी वक्र समय-समय की स्थिति से परिचित कराता है।

उदाहरण 7 : निम्न समंकों को ''जी'' चित्र द्वारा प्रस्तुत कीजिये :-

माह	मासिक बिक्री (टनों में)	मासिक संचयी बिक्री (टनों में)	वार्षिक चल योग
जनवरी	500	500	9,000
फरवरी	550	1,050	9,300
मार्च	800	1,850	9,800
अप्रैल	1,000	2,850	10,000
मई	850	3,700	10,400
जून	600	4,300	10,500
जुलाई	650	4,950	10,700
अगस्त	700	5,650	10,900
सितम्बर	1,150	6,800	11,000
अक्टूबर	1,400	8,200	11,300
नवम्बर	1,500	9,700	11,400
दिसम्बर	1,800	11,500	11,500



आनुपातिक रेखा चित्र
(Ratio Chart)

अब तक जो बिन्दु-रेखीय चित्र इस अध्याय में बनाये गये हैं उनमें प्राकृतिक माप-श्रेणी का प्रयोग किया गया है। इस प्रकार के चित्रों का प्रयोग वास्तविक अथवा निरपेक्ष अन्तरों को दिखाने या तुलना करने के लिये किया जाता है। जहां सापेक्ष (Relative) परिवर्तनों को चित्र द्वारा दिखाना हो वहां प्राकृतिक माप-श्रेणी के स्थान पर आनुपातिक माप-श्रेणी का प्रयोग किया जाता है। उदाहरणार्थ, यदि हम यह जानना चाहें कि जनसंख्या कीमतों, आदि में किसी अनुपात से सिद्ध हो रही हैं तो प्राकृतिक माप-श्रेणी के स्थान पर आनुपातिक माप-श्रेणी का प्रयोग करना पड़ेगा। निम्न उदाहरण द्वारा इन दोनों विधियों में अन्तर स्पष्ट हो जायेगा :-

वर्ष	उत्पादन (टनों में)	निरपेक्ष वद्धि	सापेक्ष वद्धि
1998	20	10	—
1989	30	10	50 प्रतिशत
1990	40	10	33½ प्रतिशत
1991	50	10	25 प्रतिशत
1992	60	10	20 प्रतिशत

उपर्युक्त उदाहरण से स्पष्ट है कि प्रतिवर्ष निरपेक्ष वद्धि समान है परन्तु आनुपातिक वद्धि की दर घट रही है अत : जहां आनुपातिक परिवर्तन दिखाना हो वहां प्राकृतिक माप श्रेणी का प्रयोग ठीक निष्कर्ष पर पहुंचने में बाधक होगा। इसलिये ऐसी परिस्थिति में आनुपातिक माप-श्रेणी का ही प्रयोग करना चाहिये।

प्राकृतिक माप-श्रेणी व आनुपातिक माप-श्रेणी में अन्तर

(Difference Between Natural Scale and Ratio Scale)

(1) प्राकृतिक माप-श्रेणी में निरपेक्ष (Absolute) परिवर्तनों को दिखाया जाता है जबकि आनुपातिक-श्रेणी में सापेक्ष परिवर्तनों को प्रदर्शित किया जाता है।

प्राकृतिक माप दण्ड	अनुपाति माप दण्ड			
50	32	320	3,200	32,000
40	16	160	1,600	16,000
30	8	80	800	8,000
20	4	40	400	4,000
10	2	20	200	2,000
0	1	10	100	1,000

(2) प्राकृतिक माप-श्रेणी अंकगणितीय वद्धि (Arithmetic Progression) पर आधारित है जबकि आनुपातिक माप-श्रेणी गुणोत्तर वद्धि (Geometric Progression) के आधार पर होती है। निम्नांकित चित्र द्वारा यह बात स्पष्ट हो जायेगी।

(3) प्राकृतिक माप-श्रेणी में उदग्र मापदण्ड शून्य से आरम्भ होता है और आवश्यकतानुसार कृत्रिम आधार का प्रयोग किया जाता है। आनुपातिक माप-श्रेणी में उदग्र मापदण्ड शून्य से आरम्भ नहीं होता इसलिये इस प्रकार के चित्रों में कृत्रिम आधार रेखा की आवश्यकता नहीं होती।

(4) प्राकृतिक माप-श्रेणी में ऋणात्मक मूल्यों का प्रदर्शन किया जा सकता है परन्तु आनुपातिक माप-श्रेणी में ऋणात्मक-मूल्यों का प्रदर्शन नहीं हो सकता।

(5) प्राकृतिक माप-श्रेणी में कोटि-अक्ष पर निरपेक्ष मान प्रदर्शित किये जाते हैं। आनुपातिक माप-श्रेणी में या तो मानों के लघुगणक (Logarithms) अंकित किये जाते हैं या लघुगणकीय बिन्दुरेखीय पत्र (Semi-logarithmic Paper) का प्रयोग किया जाता है।

(6) जहां चर के विभिन्न मूल्यों में अधिक अन्तर हो वहाँ आनुपातिक माप-चित्र का प्रयोग उचित है।

आनुपातिक माप-श्रेणी तथा छेदा वक्र
(Ratio Scale and Logarithmic Curves)

निम्न दो रीतियों द्वारा आनुपातिक माप-श्रेणी पर बिन्दु रेखा की रचना की जा सकती है।

(1) दी हुई श्रेणी के लघुगणकों को साधारण बिन्दुरेखीय पत्र पर चिन्हित करके; तथा

(2) मूल्यों को लघुगणकीय पत्र पर चिन्हित करके। यह एक विशेष प्रकार का बिन्दुरेखीय पत्र होता है जो अनुपात के आधार पर निर्मित होता है।

पहली रीति कें अन्तर्गत दिये हुये मूल्यों के लघुगणक, लघुगणक सारणी (Logarithmic Table) द्वारा ज्ञात कर लिये जाते हैं। X-अक्ष पर समय लिया जाता है और Y-अक्ष पर विभिन्न मूल्यों के लघुगणक। विभिन्न बिन्दुओं को रेखाओं द्वारा मिला दिया जाता है। दूसरी रीति के अंतर्गत चर मूल्यों का लघुगणक ज्ञात नहीं किया जाता अपितु वास्तविक मानों को लघुगणकीय बिन्दु रेखा-चित्र पर चिन्हित कर लेते हैं। ये पत्र बाजार में सरलता से मिल जाते हैं। पहली रीति की तुलना में यह रीति कहीं अधिक सरल व लोकप्रिय है।

इन दोनों रीतियों का प्रयोग निम्न उदाहरण से स्पष्ट हो जाएगा :-

उदाहरण 8 : निम्न समंक एक कम्पनी द्वारा प्रति माह उत्पादन से संबंधित हैं :-

माह		इकाइयों की संख्या	माह		इकाइयों की संख्या
जनवरी	1991	15,560	जुलाई	1991	3,250
फरवरी	1991	13,170	अगस्त	1991	3,570
मार्च	1991	18,740	सितम्बर	1991	3,620
अप्रैल	1991	12,450	अक्टूबर	1991	3,140
मई	1991	8,320	नवम्बर	1991	2,580
जून	1991	5,540	दिसम्बर	1991	2,540

उपर्युक्त समंकों को एक बिन्दुरेखीय पत्र पर लघुगणकीय माप-श्रेणी द्वारा प्रदर्शित कीजिये।

हल : दिये हुये समंकों का लघुगणक लेकर प्राकृतिक पैमाने पर अंकित कीजिए :

माह		इकाइयों की संख्या	लघुगणक	माह		इकाइयों की संख्या	लघुगणक
जनवरी	1991	15,560	4.1920	जुलाई	1991	3,250	3.5119
फरवरी	1991	13,170	4.1200	अगस्त	1991	3,570	2.5527
मार्च	1991	18,740	0.2728	सितम्बर	1991	3,630	3.5587
अप्रैल	1991	12,450	4.0952	अक्टूबर	1991	3,140	3,4987
मई	1991	8,320	3.9201	नवम्बर	1991	2,580	2.4116
जून	1991	5,540	3.8774	दिसम्बर	1991	2,540	3.4048



उदाहरण 9 : अग्रांकित सारणी फर्म 'क' और फर्म 'ख' की 1982 से 1989 तक की बिक्री के समंक प्रस्तुत करती है। इन समंकों को एक बिन्दुरेखीय चित्र द्वारा प्रस्तुत कीजिये :-

वर्ष	बिक्री फर्म 'क' (हजार इकाइयों में)	बिक्री फर्म 'ख' (हजार इकाइयों में)
1982	200	2,000
1983	300	3,000
1984	400	4,000
1985	500	5,000
1986	600	6,000
1987	700	7,000
1988	800	8,000
1989	900	9,000

हल : दिये गये समंकों को प्राकृतिक तथा आनुपातिक पैमानों पर अंकित किया गया है। पहला चित्र प्राकृतिक पैमाने पर है, दूसरा आनुपातिक पर।



आनुपातिक पैमाने पर इन समंकों को प्रस्तुत करने के लिये इनका लघुगणक ज्ञात करेगें जैसा कि निम्न सारणी से विदित होगा :

वर्ष (हजार इकाइयों में)	बिक्री फर्म 'क' (हजार इकाइयों में)	लघुगणक	बिक्री फर्म 'ख'	लघुगणक
1982	200	2.3010	2,000	3.3010
1983	300	2.4771	3,000	3.4771
1984	400	2.6021	4,000	3.6021
1985	500	2.6990	5,000	3.6990
1986	600	2.7782	6,000	3.7782
1987	700	2.8451	7,000	3.8451
1988	800	2.9031	8,000	3.9031
1989	900	2.9542	9,000	3.9542

इन समंकों को निम्न चित्र में अंकित किया हैं :



इन दोनों रेखाचित्रों की तुलना से विदित होगा कि समंक प्राकृतिक पैमाने पर पस्तुत किये गये तो फर्म 'क' की तुलना में फर्म 'ख' की बिक्री में कहीं अधिक वद्धि प्रतीत हुई ; जबकि आनुपातिक माप श्रेणी के आधार पर फर्म 'क' और फर्म 'ख' दोनों की वद्धि दर एक ही है। वास्तव में फर्म 'क' की बिक्री प्रतिवर्ष 100 इकाई से बढ़ रही और फर्म 'ख' की बिक्री 1,000 इकाई से। इस प्रकार यह कहा जा सका है कि फर्म 'ख' फर्म 'क' से 10 गुनी अच्छी है परन्तु आनुपातिक रेखाचित्र से पता चलता है कि दोनों की वद्धि दर समान है।

लघुगणकीय वक्रों का निर्वचन (Interpretation of Logarithmic Curve) : लघुगणकीय वक्रों का निर्वचन सावधानी से करना चाहिये, अन्यथा भ्रामक परिणामों पर पहुंचने की आशंका रहती है। लघुगणकीय वक्रों को पढ़ते समय निम्न बातों पर ध्यान देना आवश्यक है :-

(1) यदि वक्र ऊपर की ओर उठ रही है तो परिवर्तन की दर में वद्धि का संकेत करती है।

(2) यदि वक्र नीचे की ओर झुक रही है तो परिवर्तन की दर में कमी करती है।

(3) यदि एक सरल रेखा के समान है तो परिवर्तन एक ही दर से हो रहा है।

(4) यदि वक्र ऊपर की ओर बढ़ रही है लेकिन लगभग सरल ही है तो परिवर्तन की दरे में लगभग समान गति में वद्धि का पता लगता है।

(5) यदि वक्र नीचे की ओर झुक रही है लेकिन लगभग सरल है तो परिवर्तन की दर लगभग समान गति से घट रही है।

(6) यदि वक्र एक स्थान से दूसरे स्थान की तुलना में कहीं अधिक झुका हुआ है तो पहले स्थान पर परिवर्तन की दर एक-दूसरे की तुलना में अधिक होती है।

(7) यदि एक ही रेखाचित्र पर दो वक्र एक-दूसरे के समान्तर (Parallel) हैं तो दोनों में प्रतिशत परिवर्तन समान होता है।

(8) यदि एक ही रेखाचित्र पर एक वक्र दूसरे की तुलना में अधिक झुकी हुई है तो पहले वक्र में परिवर्तन की दर दूसरे की तुलना में अधिक होती है।

लघुगणकीय माप श्रेणी के विशिष्ट प्रयोग (Specific Uses of Semi-log Graphs) : इस प्रकार के रेखाचित्र निम्न परिस्थितियों में अधिक लाभदायक होते हैं।

(1) जनसंख्या, उत्पादन, बिक्री आदि चरों की विकास की गति (Rate of Growth) प्रदर्शित करने के लिये।

(2) विभिन्न इकाइयों में प्रस्तुत समंकों की तुलना करने में।

(3) एक ही श्रेणी में विभिन्न समयों पर होने वाले परिवर्तनों की तुलना करने के लिये।

लघुगणकीय रेखाचित्रों की सीमायें (Limitations of Ratio Charts) : यद्यपि लघुगणकीय चित्रों का बहुत महत्व है तथापि व्यापार व अर्थशास्त्र के क्षेत्र में उनका प्रयोग लगभग "नहीं" के बराबर है। इनकी कुछ सीमायें निम्नलिखित हैं :-

(1) शून्य अथवा ऋणात्मक समंकों को आनुपातिक माप श्रेणियों के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सकता।

(2) उनको समझने तथा ठीक निष्कर्ष निकालने के लिये बहुत कुशलता की आवश्यकता है, अन्यथा निष्कर्षों के अशुद्ध होने की सम्भावना बहुत अधिक होती है।

(3) आनुपातिक माप श्रेणी द्वारा निरपेक्ष परिवर्तनों का माप सम्भव नहीं होता।

(4) एक समूह (Aggregate) को अंशों में विभाजित करके उसका अध्ययन करना सम्भव नहीं।

जहां प्रचलित रीति के द्वारा समस्या का समाधान न होता हो वहीं पर इस नीति का प्रयोग करना चाहिये।

आवत्ति वितरणों के रेखाचित्र
(Graphs of Frequency Distribution)

एक अखण्डित श्रेणी को निम्नलिखित रेखाचित्रों के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है :-

(1) आवत्ति आयत चित्र (Histogram);

(2) आवत्ति बहुभुत (Frequency Polygon);

(3) सरलित-आवत्ति वक्र (Smoothed Frequency Curve);

(4) संचयी-आवत्ति वक्र (Ogive or Cumulative Frequency Curve)।

(1) आवत्ति -आयत चित्र (Histograms) : आवत्ति -आयत आवत्ति वितरण को प्रस्तुत करने की सबसे उत्तम व प्रचलित रीति है। आवत्ति -आयत चित्र के अंतर्गत आवत्ति वितरण की वर्ग आवत्तियों को खड़े हुये आयातों की पंक्ति के रूप में प्रस्तुत करते हैं।

आवत्ति आय चित्र बनाते समय वर्गान्तर X-अक्ष पर तथा उप पर आश्रित आवत्तियां Y-अक्ष पर ली जाती हैं। यदि वर्गान्तर समान है तो आयतों की चौड़ाई में अन्तर होगा। आयत की ऊँचाई वर्ग आवत्ति पर आधारित होगी। इस प्रकार हमारे पास आयतों की एक श्रंखला सी बन जोयगी। आवत्ति आयत चित्र का क्षेत्रफल कुल आवत्ति प्रदर्शित करेगा।

आवत्ति -आयत चित्र तथा दण्ड में अन्तर भली-भांति समझ लेना चाहिये। जबकि दण्ड-चित्र में दण्ड की लम्बाई का ही महत्व होता है, आवत्ति -आयत चित्र में लम्बाई तथा चौड़ाई दोनों का महत्व होता है। अर्थात् दण्ड-चित्र एक-विमा चित्र हैं और आवत्ति -आयत चित्र द्वि-विमा चित्र है।

आवत्ति -आयत चित्र बनाने की विधि का विवरण दो भागों में किया गया है। (1) जब आवत्ति वितरण के वर्गान्तर समान हों, तथा (2) आवत्ति वितरण के वर्गान्तर भिन्न हों।

आवत्ति -आयत चित्र की रचना जब वर्गान्तर समान हों (Histogram When Class Intervals are Equal) : जब वर्गान्तर समान हों तो X-अक्ष (भुजाक्ष) पर चर तथा Y-अक्ष (कोटि-अक्ष) पर आवत्ति लेकर एक से एक मिलते हुये आयत बनाये जाते हैं और उनमें कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं होती जैसा कि निम्न उदाहरण से स्पष्ट हो जायेगा :-

उदाहरण 10 : निम्न समंकों से एक आवत्ति -आयत चित्र बनाइये :-

वर्गान्तर	विद्यार्थियों की संख्या	वर्गान्तर	विद्यार्थियों की संख्या
0-10	5	50-60	20
10-20	15	60-70	18
20-30	30	70-80	16
30-40	36	80-90	12
40-50	26	90-100	10



हल : X-अक्ष पर वर्गान्तर लीजिये और Y-अक्ष पर आवत्ति। वर्गान्तर की आवत्ति के अनुसार आयत बनाइये जो एक -दूसरे से मिलते हुये हों।

आवत्ति आयात चित्र की रचना जब वर्गान्तर भिन्न हों (Construction of Histogram When Class-intervals are Equal) : जब वर्गान्तर भिन्न हों आवत्ति आयत चित्र बनाने से पहले आवत्तियों में समायोजन (Adjustment) करना आवश्यक हो जाता है। सबसे कम वर्गान्तर वाले वर्ग को लेकर अन्य वर्गान्तरों की आवत्ति को उसी अनुपात में समायोजिक कर लिया जाता है। उदाहरण के लिये, एक वर्ग का अन्तर दूसरे की तुलना में दुगुना या तिगुना है तो उसके आयात की ऊंचाई क्रमश: आधी या तिहाई कर देंगे अर्थात् प्रत्येक आयत की ऊंचाई उसके वर्गान्तर के अनुपात में होती है। निम्न उदाहरण से यह बात स्पष्ट हो जायेगी।

उदाहरण 11 : निम्न समंकों को आवत्ति -आयत-चित्र द्वारा प्रस्तुत कीजिये :-

साप्ताहिक मजदूरी (रुपयों में)	मजदूरों की संख्या	साप्ताहिक मजदूरी (रुपयों में)	मजदूरों की संख्या
10-15	7	30-40	12
15-20	19	40-50	12
20-25	27	50-60	8
25-30	15		

हल : वर्गान्तर समान नहीं हैं, इसलिये आवत्तियों में समायोजन करना आवश्यक है। न्यूनतम वर्गान्तर 5 है और जहां वर्गान्तर 5 से अधिक है वहां आवत्तियों को इसी अनुपात में कम कर दिया गया है। उदाहरणार्थ पांचवी श्रेणी 30-40 है और इसका वर्गान्तर 10 है। क्योंकि वर्गान्तर दुगना है इसलिये आवत्ति को आधा कर दिया जायेगा। अर्थात् 30-40 की श्रेणी पर आयत की ऊंचाई 6 होगी न कि 12।

आवत्ति -आयत-चित्र की रचना जब केवल मध्य-बिन्दु दिये हों (Construction Histogram When Only Mid-points are Given) : जब मध्य-बिन्दु और आवत्ति दी हों तो आयत चित्र को बनाने के लिये प्रत्येक श्रेणी की निम्न सीमा तथा उच्च सीमा निकाल दी जाती है, फिर ऊपर दी गई विधि के अनुसार आवत्ति आयत बनाया जाता है। जैसा निम्न उदाहरण से स्पष्ट होगा :-



उदाहरण 12 : निम्न समंकों को आवत्ति -आयत चित्र द्वारा प्रस्तुत कीजिये :-

बिजली के बल्बों के जलने की क्षमता (घंटों में)	फर्म 'क'	फर्म 'ख'
1,010	10	287
1,030	30	105
1,050	82	26
1,070	60	230
1,090	18	352

हल : दिये गये मध्य बिन्दुओं से प्रत्येक श्रेणी की उच्च सीमा तथा निम्न सीमा निकालिये जो इस प्रकार होगी :-

बिजली के बल्बों के जलने की क्षमता (घंटों में)	आवत्ति फर्म 'क'	आवत्ति फर्म 'ख'
1,000-1,020	10	287
1,020-1,040	130	105
1,040-1,060	482	26
1,060-1,080	360	230
1,080-1,100	18	352



(2) **आवत्ति -बहुभुज (Frequency Polygon) :** आवत्ति वितरण (Frequency Distribution) को आवत्ति -बहुभुज द्वारा भी प्रस्तुत किया जा सकता है। आवत्ति -बहुभुज की चार से अधिक भुजायें होती हैं। इसको बनाने की दो विधियाँ हैं :-

(*i*) दिये गये समंकों से एक आवत्ति -आयत-चित्र बनाइये। प्रत्येक आयत की ऊपर की भुजा के मध्य बिन्दु को साथ वाले आयतों के मध्य बिन्दुओं से सरल रेखा द्वारा मिलाइये। इस प्रकार आवत्ति -बहुभुज बन जायेगा। अब इसके दोनों किनारों को आधार तक बढ़ाइये। इसके लिये दो कल्पित वर्ग (Hypothetical Classes) लेने पड़ेगें - एक बहुभुज के बायीं ओर तथा दूसरा बायीं ओर। आवत्ति बहुभुज के दोनों किसानों को जब आधार से मिला दिया जाता है तो आवत्ति आयत तथा बहुभुज दोनों के क्षेत्रफल बराबर हो जायेंगे।

(*ii*) दूसरी विधि के अनुसार विभिन्न वर्गान्तरों के मध्य बिन्दु लेकर बिन्दु रेखीय पत्र पर चिन्हित कर दिये जाते हैं तथा इन बिन्दुओं को सरल रेखाओं द्वारा मिला दिया जाता है। दोनों विधियों से एक ही प्रकार की आकृति बनेगी।

उदाहरण 13 : निम्न समंकों की सहायत से एक आवत्ति बहुभुज बनाइए :-

आयु	सदस्यों की संख्या	आयु	सदस्यों की संख्या
20-30	8	60-70	140
30-40	61	70-80	51
40-50	132	70-80	2
40-60	153		

हल : आवत्ति बहुभुज की रचना :-



दोनों चित्रों से विदित होता है कि आवत्ति एक ही है चाहे हम आवत्ति बहुभुज बनायें या मध्य बिन्दु लेकर ; लेकिन आवत्ति आयत से बहुभुज बनाना अधिक उपयोगी होता है :-

आवत्ति आयत और आवत्ति बहुभुज में अन्तर (Histogram and Polygo Distinguished) : आवत्ति बहुभुज का एक विशेष लाभ यह है कि कई आवत्ति वितरणों की तुलना भी चित्र द्वारा जा सकती है लेकिन आवत्ति से ऐसा संभव नहीं। यही कारण है कि आवत्ति वितरणों की तुलना के लिये आवत्ति बहुभुज का प्रयोग किया जाता है।

(3) **सरलित आवत्ति वक्र (Smoothed Frequency Curve) :** सरलित आवत्ति वक्र बनाने से पहले आवत्ति बहुभुज बनाना आवश्यक है। आवत्ति वक्र को बनाने का उद्देश्य यथासंभव समंकों के अकस्मात् परिवर्तनों को कम करना है। इस वक्र में यह प्रयत्न किया जाता है कि आवत्ति बहुभुज के कोण समाप्त होकर वह एक सरलित वक्र (Smoothed Curve) बन जाये। वक्र का सरलीकरण समंकों की प्रकृति अथवा उनके स्वरूप पर निर्भर करेगा। यदि समंक प्राकृतिक विषयों से संबंधित हैं जैसे सिक्के का उछालना, तो उस दशा में काफी सीमा तक सरलीकरण किया जा सकता है। यदि समंक सामाजिक या आर्थिक विषयों से संबंधित हैं तो सरलीकरण अधिक नहीं किया जा सकता। निम्न उदाहरण सरलित आवत्ति की रचना स्पष्ट हो जायेगी।

उदाहरण 14 : निम्न समंकों से एक सरलित आवत्ति वक्र बनाइये :-

पत्तियों की लम्बाई (सें.मी. में)	पत्तियों की संख्या
6.5-7.5	5
7.5-8.5	12
8.5-9.5	25
9.5-10.5	48
10.5-11.5	32
11.5-12.5	6
12.5-13.5	1

हल : दिये हुये समंकों का पहले एक आवत्ति आयत और फिर आवत्ति बहुभुज बनाये। इसके पश्चात आवत्ति बहुभुज का सरलीकरण कीजिये जैसा कि निम्न चित्र से स्पष्ट है :



प्रवत्ति वितरण वक्र के आकार
(Frequency Distributions and Shapes of Frequency Curves)

सामान्यत: आवत्ति वितरण (Frequency Distribution) पांच प्रकार के होते हैं जिसके अनुसार आवत्ति वक्र के पांच प्रमुख आकार हैं उनके वर्णन नीचे किया गया है :-

(*i*) **सम्मित वितरण वाले वक्र (Curves of Symmetrical Distributions) :** एक सम्मित वितरण वक्र पूर्णरूप से घंटाकार (Bell-Shaped) होता है। इसमें आवत्तियां धीरे -धीरे बढ़ती हैं और अधिकतम आवत्ति पर पहुंचकर इसी क्रम व गति से घटती है। इस प्रकार के वक्र को सामान्य वक्र (Normal Curve) कहा जाता है। यदि अधिकतम आवत्ति के बिन्दु के आधार पर एक लम्ब (Perpendicular) डाला जाये तो यह वक्र के दो समान भागों में विभाजित कर देता है। यह वक्र निम्न प्रकार का होता है :-



सामान्य वक्र

ऐसे वक्र व्यवहार में बहुत कम पाये जाते हैं। लेकिन सांख्यिकी में इनका महत्व है क्योंकि न्यादर्श संबंधी समस्याओं को समझने के लिये इनका ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है।

(*ii*) **साधारण असम्मित वितरण वाले वक्र (Curves of Moderately Asymmetrical Distribution) :** इस प्रकार के वितरणों में वक्र-आवत्तियों के बढ़ने व घटने का क्रम भिन्न होता है। ऐसे वक्रों को विषम वक्र (Skewed Curves) कहते हैं। इनमें वक्र का सिरा एक दूसरे से भिन्न प्रकार का अर्थात बहुत लम्बा या छोटा होता है। ऐसे वक्र दो प्रकार के होते हैं :-

(क) धनात्मक विषम वक्र (Positively Skewed Curves), तथा

(ख) ऋणात्मक विषम वक्र (Negatively Skewed Curves)।

यदि वक्र का लम्बा सिरा दायीं ओर है तो वक्र धनात्मक विषय वक्र होगा, यदि बायीं ओर है तो ऋणात्मक विषम वक्र होगा। सम्मित वितरण वाले वक्रों की अपेक्षा इस प्रकार के वक्र व्यवहार से बहुत अधिक पाये जाते हैं। नीचे दो चित्र दिये गये हैं — पहला चित्र धनात्मक विषय वक्र तथा दूसरा ऋणात्मक विषम वक्र को प्रदर्शित करता है :-



(*iii*) **'J' अक्षर के समान वक्र (J-shaped Curves) :** इस प्रकार के वक्र अंग्रेजी के अनुसार 'J' के आकार के होते हैं। ऐसे वक्रों में अधिकतम आवत्ति प्रारम्भ में या अन्त में होती है। यदि अधिकतम आवत्ति श्रेणी के अन्त में होती है तो वक्र निम्न प्रकार का बनता है:-



(*iv*) **'U' की आवत्ति वाले वक्र (U-shaped Curves) :** कुछ वक्र ऐसे होते है जो अंग्रेजी के अक्षर 'U' के आकार का वक्र तब बनता है जब अधिकतम आवत्तियां श्रेणी के प्रारम्भ में या अन्त में होती है , मध्य में आवत्तियां बहुत कम होती है। जैसा कि निम्न चित्र से स्पष्ट होगा।



(*v*) **मिश्रित वक्र (Mixed Curves) :** कुछ ऐसे वक्र भी होते हैं जो ऊपर दिये दो य दो से अधिक वक्रों का समिश्रण जैसे प्रतीक होते हैं, जैसे निम्न चित्र से स्पष्ट होगा।



(4) संचयी आवत्ति वक्र (Cumulative Frequency Curve or 'Ogive') : कभी-कभी ऐसे प्रश्नों का उत्तर जानने की आवश्यकता होती है, जैसे कितने मजदूर 1000 रूपये मासिक से कम वेतन पाते हैं अथवा कितने मजदूर 2000 रुपये मासिक से अधिक वेतन पाते हैं। इस प्रकार के प्रश्नों का उत्तर देने के लिये आवत्तियों को जोड़ना पड़ता है। जब आवत्तियों को जोड़ा जाता है तो उन्हें संचयी आवत्ति (Cumulative Frequency) कहते हैं। इन संचित आवत्तियों को एक सारणी द्वारा प्रस्तुत करते हैं जिसे आवत्ति सारणी कहते हैं। इस प्रकार की सारणी से बने वक्र को संचयी आवत्ति वक्र या ओगिव वक्र भी कहते हैं।

संचयी आवत्ति वक्र दो रीतियों से बनाया जा सकता है :-

(*i*) ऊपरी सीमाओं और बढ़ती हुई संचयी आवत्तियों के आधार पर ; तथा

(*ii*) निचली सीमाओं और घटती हुई संचयी आवत्तियों के आधार पर।

पहली रीति के अनुसार हम ऊपरी सीमाओं से आरम्भ करते हैं, तथा आवत्तियों को जोड़ते जाते हैं। जब इन आवत्तियों को रेखाचित्र पर अंकित किया जाता है तो एक बढ़ता हुआ वक्र (Rising Curve) बन जाता है। दूसरी रीति के अनुसार हम निचली सीमाओं से आरम्भ करते हैं तथा आवत्तियों को घटाते जाते हैं। यदि इन आवत्तियों को रेखाचित्र पर पस्तुत करें तो घटता हुआ वक्र (Decreasing Curve) बन जायेगा।

निम्न आवत्ति वितरण को पहले ऊपरी सीमाओं से आरम्भ करके तथा आवत्तियों को जोड़कर संचयी आवत्ति वितरण बनायेंगे। बाद में निचली सीमाओं से आरम्भ करके आवत्तियों को घटा कर संचयी आवत्ति वितरण बनायेंगे :

अंक	विद्यार्थियों की संख्या	अंक	विद्यार्थियों की संख्या
10-20	4	40-50	20
20-30	6	50-60	18
30-40	10	60-70	2

संचयी आवत्ति सारणी

(Cumulative Frequency Table)

अंक इतने से कम	विद्यार्थियों की संख्या	अंक इतने से कम	विद्यार्थियों की संख्या
20	4	10	60
30	10	20	56
40	20	30	50
50	40	40	40
60	58	50	20
70	60	60	2
		70	0

उपर्युक्त सारणी से यह सुगमता से ज्ञात किया जा सकता है कि कितने विद्यार्थियों के अंक किसी विशेष संख्या से कम या अधिक हैं। उदाहरणार्थ, 20 विद्यार्थियों ने 40 कम अंक प्राप्त किये हैं तथा 50 विद्यार्थियों ने 30 से अधिक अंक प्राप्त किये हैं।

संचयी आवत्ति वक्रों की उपयोगिता

(Utility of Ogives)

संचयी आवत्ति वक्रों का बहुत अधिक महत्व है। सारणी को देखकर तुरन्त बताया जा सकता है कि कितने व्यक्ति ऐसे हैं जिनका वेतन, आयु आदि किसी विशेष संस्था से कम या अधिक है। ऊपर की सारणी से स्पष्ट होगा कि 40 विद्यार्थी ऐसे है जिनके अंक 50 से कम है तथा 20 विद्यार्थी ऐसे हैं जिनके अंक 60 से अधिक है। ओगिव को प्रतिशत के आधार पर भी व्यक्त किया जा सकता है। उस दशा में हम यह बता सकते है कि कितने प्रतिशत विद्यार्थी ऐसे हैं जिनके अंक एक विशेष संस्था से कम या अधिक है। जब ओगिव को प्रतिशत के आधार पर व्यक्त किया जाता है तो ऐसे वक्र को शतमक वक्र कहते हैं।

संचयी आवत्ति वक्र का प्रयोग भूष्ठिक (Mode) चतुर्थक (Quartile) तथा दशमक (Deciles), आदि ज्ञान करने के लिये किया जाता है।

उदाहरण 15 : निम्न समंकों को एक आवत्ति आयत तथा संचयी आवत्ति वक्र :

बच्चों की संख्या	परिवारों की संख्या	बच्चों की संख्या	परिवारों की संख्या
0	171	4	13
1	82	5	7
2	50	6	2
3	25		

हल : ऊपर दिये गये समंकों को इस प्रकार व्यवस्थित कीजिये :-

बच्चों की संख्या	परिवारों की संख्या	बच्चों की संख्या	परिवारों की संख्या
0-1	171	4-5	13
1-2	82	5-6	7
2-3	50	6-7	2
3-4	25		

दिये हुए समंकों का आवत्ति -वितरण इस प्रकार होगा।



अब दिये हुये समंकों को 'Less Than' विधि के अनुसार व्यविस्थत कीजिये :-

बच्चों की संख्या	परिवारों की संख्या
1 से कम	171
2 से कम	253
3 से कम	303
4 से कम	328
5 से कम	341
6 से कम	348
7 से कम	350

❑❑

अध्याय - 6

सांख्यिकीय माध्य (Statistical Averages)

पिछले अध्याय में समकों को एकत्र करने तथा ठीक ढंग से प्रस्तुत करने की विभिन्न रीतियों का वर्णन किया गया। समंकों को एकत्र करने के पश्चात उनका विश्लेषण किया जाता है। विश्लेषण का उद्देश्य समकों की प्रमुख विशेषताओं का ज्ञान प्राप्त करना है। समंकों के विश्लेषण के लिये अनेक विधियों का प्रयोग किया जाता है जैसे सांख्यिकीय माध्य (Statistical Averages), अपरिकण (Dispersion), विषमता और पथुशीर्षत्व (Skewness and Kurtosis) आदि।

माध्य वह मान है, जो श्रेणी के समस्त समंकों का प्रतिनिधित्व करता है। इसके द्वारा हजारों और करोड़ों समंकों की विशेषता एक ही संख्या में व्यक्त की जाती है। उदाहरणार्थ, एक कारखाने में 2,000 व्यक्ति काम करते हैं, प्रत्येक कर्मचारी के वेतन को याद रखना एक असंभव सी बात है। लेकिन यदि कर्मचारियों को दिये गये कुल वतेन के कर्मचारियों के वेतन का प्रतिनिधित्व करेगा। यदि 2,000 व्यक्तियों को कुल मिलाकर 20,00,000 रू. मासिक दिया जाता है तो प्रति-व्यक्ति औसत वेतन 1000 रू. होगा। इसका अर्थ यह नहीं कि कारखाने के प्रत्येक व्यक्ति को 1,000 रू. मासिक मिलते हैं — कुछ व्यक्तियों को 1,000 से कम मिलते होंगे, कुछ को 1,000 से अधिक, और कुछ को पूरे 1,000 ही। इसी प्रकार जब हम कहते हैं कि भारत में प्रति-व्यक्ति औसत आयु 55 वर्ष है तो इसका अर्थ यह नहीं कि प्रत्येक व्यक्ति 55 वर्ष तक जीवित रहता है; कुछ व्यक्ति की 55 वर्ष से पहले ही मत्यु हो जाती है , कुछ 55 वर्ष के बहुत बाद तक जीवित रहते हैं कुछ व्यक्ति लगभग 55 वर्ष की ही आयु पाते हैं। अर्थात् माध्य वह मान है जो श्रेणी के समस्त समंकों का प्रतिनिधित्व करता है। माध्य की कुछ परिभाषायें इस प्रकार हैं।

"माध्य केवल एक गणितीय धारणा है — जैसा कि विभिन्न प्रकार की जनसंख्या के जीवन की माध्य अवधि, जो किसी विशेष समूह के अनुरूप नहीं होती परन्तु अंकगणितीय निष्कर्ष को अभिव्यक्ति करने का संक्षिप्त ढंग है।"

"माध्य समंकों को विस्तार के अंतर्गत स्थित एक ऐसा मान है, जिसका प्रयोग श्रेणी के सभी मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिये किया जाता है। एक माध्य समंकों के विस्तार अन्तर्गत ही किया जाता है, इसलिये इसे केन्द्रीय मूल्य का माप भी कहते हैं।

माध्यों को 'केन्द्रीय प्रवत्ति का माप' भी कहते हैं। इसका कारण यह है कि समूह के व्यक्तिगत मद माध्य मूल्य के चारों ओर केन्द्रित रहते हैं। माध्य को स्थान संबंधी, प्रतिरूपी मूल्य या सारांश अंक भी कहते हैं।

माध्यों का सांख्यिकी विज्ञान में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। सांख्यिकी विश्लेषण की अन्य बहुत-सी रीतियां माध्यों पर आधारित है। यही कारण है कि डॉ. बाउले ने सांख्यिकी को 'माध्यों का विज्ञान' कहा है। माध्यों की सहायता से समंक श्रेणी के सभी मूल्यों का सार प्रकट किया जाता है। सांख्यिकी की व्यक्तिगत इकाइयों का अलग-अलग कोई महत्व नहीं है। माध्यों द्वारा सभी इकाइयों में सामूहिक रूप से पाये जाने वाले मुख्य लक्षण स्पष्ट हो जाते हैं, तथा उनकी तुलना भी सरल हो जाती है।

सांख्यिकीय माध्यों के उद्देश्य एवं कार्य
(Objects and Functions of Statistical Averages)

सांख्यिकीय माध्यों के उद्देश्य व कार्य निम्नलिखित हैं :-

(1) **समंकों का संक्षिप्त चित्र प्रस्तुत करना (To Present a Brief Picture of the Entire Data) :** माध्यों द्वारा जटिल और व्यवस्थित समंकों की मुख्य विशेषतओं का एक सरल, स्पष्ट एवं संक्षिप्त चित्र प्रस्तुत किया जाता है। इससे उन समंकों का समझना व याद रखना बहुत सुगम हो जाता है। उदाहरणार्थ 80 करोड़ भारतवासियों की अलग-अलग आयु को याद रखना एक असंभव-सी बात है, परन्तु औसत आयु प्रत्येक व्यक्ति याद रख सकता है। इसी प्रकार 80 करोड़ व्यक्तियों की आय के समंक याद रखना असंभव है, लेकिन औसत आय सुगमता से याद रखी जा सकती है। अत: माध्य समंकों का बिहंगम दश्य प्रस्तुत करते हैं। मोरोने ने ठीक ही कहा है , "माध्य व उद्देश्य व्यक्तिगत मूल्यों के समूह का सरल और संक्षिप्त रूप से प्रतिनिधित्व करना है, जिससे मस्तिष्क समूह की इकाइयों के सामान्य आकार को शीघ्रता से ग्रहण कर सके।"

(2) **तुलना में सहायक होना (To Facilitate Comparison) :** माध्य समंकों की उस राशि को संक्षिप्त व सरल करके तुलना योग्य बनाते हैं समकों की तुलना से बहुत महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। उदाहरणार्थ विभिन्न देशों की औसत आय की गणना से ज्ञात किया जा सकता है कि कौन-सा देश सबसे अधिक समद्धशाली है तथा कौन सबसे कम।

(3) **उपयुक्त नीतियों के निर्धारण में सहायक होना (To Help in the Formulation of Suitable Policies)** माध्य उपयुक्त नीतियों के निर्धारण में बहुत अधिक सहायक होते हैं। उदाहरणार्थ - यदि किसी विद्यालय में किसी विषय (Subject) में औसत नम्बर इस प्रकार हैं — 60, 58, 40 एंव 55 तो इससे यह निष्कर्ष निकलेगा कि कक्षा 'ग' के विद्यार्थी इस विषय में बहुत कमजोर हैं और उनकी इस कमी को दूर करने के लिये कोई विशेष प्रबन्ध करना आवश्यक है।

(4) **सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार (Basis of Statistical Analysis) :** सांख्यिकीय विश्लेषण की अनेक क्रियायें माध्यों पर आधारित है।

आदर्श माध्य के आवश्यक गुण
(Properties of an Ideal Average)

माध्य पूरे समूह का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे मूल्य में निम्न गुण होने चाहिये ताकि समंकों का ठीक रूप से प्रतिनिधित्व हो सके :

(1) **समझने में सरल (Easy to Understand)** सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग समंकों को संक्षिप्त तथा सरल बनाने के लिये किया जाता है। अत: माध्य ऐसा होना चाहिये जो सुगमता से समझा जा सके, अन्यथा इसका प्रयोग बहुत की सीमित होगा।

(2) **निर्धारण में सुगम (Easy to Compute) :** माध्य की गणन-क्रिया सरल होनी चाहिये ताकि इसका प्रयोग व्यापक रूप से हो सके। यद्यपि माध्य का निर्धारण यथा-सम्भव सरल होना चाहिये तथापि विशेष परिस्थितियों में परिणामों की शुद्धता के लिये अधिक कठिन माध्यों का प्रयोग भी किया जा सकता है।

(3) **श्रेणी के सभी मूल्यों पर आधारित (Based on all the Items of the Series) :** माध्य श्रेणी के सभी मूल्यों पर आधारित होना चाहिये ताकि एक या अधिक मूल्यों में परिवर्तन होने के माध्य में भी परिवर्तन हो सके। यदि माध्य श्रेणी के सभी मूल्यों पर आधारित नहीं है तो वह पूरे समूह का ठीक प्रकार से प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता।

(4) **न्यूनतम तथा अधिकतम मूल्यों पर अनुचित प्रभाव से बचाव (Should not be Unduly Affected by Extreme Items) :** यद्यपि माध्य सभी मूल्यों पर आधारित होना चाहिये तथापि किसी विशेष मूल्य का माध्य पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ना चाहिये अन्यथा माध्य समंकों का सही प्रतिरूप व्यक्त नहीं करेगा।

(5) **स्पष्ट व स्थिर (Rigidly Defined) :** माध्य की परिभाषा स्पष्ट शब्दों में व्यक्त होनी चाहिये ताकि जो भी व्यक्ति दिये हुये समंकों से माध्य निकाले वह एक ही निष्कर्ष पर पहुंचे; इसलिये यह आवश्यक है कि माध्य गणितीय सूत्र के रूप में दिया जाये। यदि माध्य के परिगणन में व्यक्तिगत प्रवत्तियों का प्रभाव पड़ा तो फल भ्रामक तथा अशुद्ध होंगे।

(6) **बीजगणितीय विवेचन संभव (Capable of Algebraic Treatment) :** एक अच्छे माध्य का बीजगणितीय विवेचन संभव होना चाहिये। उदाहरणार्थ, यदि दो कारखानों में मजदूरों की संख्या तथा औसत आय से संबंधित समंक दिये गये हों तो दोनों कारखानों के मज़दूरों की आय का सामूहिक माध्य निकालना संभव होना चाहिये।

(7) **न्यादर्शों की भिन्नता का कम-से-कम प्रभाव (Less Effect of Fluctuations of Sampling) :** यदि एक ही समग्र में से उचित रीति द्वारा विभिन्न न्यादर्श लेकर माध्य निकाले जायें तो उन माध्यों में बहुत अधिक अंतर नहीं होना चाहिये। उदाहरणार्थ, यदि एक विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को दस भागों में बांटकर 10 न्यादर्श लिये गये हैं तो उनके परिणामों में बहुत अधिक समानता नहीं होनी चाहिये।

सांख्किीय माध्यों के प्रकार
(Kind of Statistical Averages)

माध्य कई प्रकार के होते हैं। सुविधा की दष्टि से उन्हें दो भागों में बांटा गया है। — (1) गणितीय माध्य (Mathematical Averages), तथा (2) स्थिति संबंधी माध्य (Averages of Position)।

(1) गणितीय माध्य — गणितीय माध्य मुख्य रूप से तीन प्रकार के होते है।

(क) सामान्तर माध्य का मध्यक (Arithmetic Average or Mean),

(ख) गुणोत्तर माध्य (Geometric Mean), तथा

(ग) हरात्मक माध्य (Harmonic Mean).

(2) स्थिति संबंधी माध्य — इन माध्यों का निर्धारण अधिकतर निरीक्षण मात्र से ही हो जाता है। अत: इन्हें निरीक्षण संबंधी माध्य (Inspectional Averages) भी कहते हैं। स्थिति संबंधी माध्य दो प्रकार के होते हैं :-

(क) माध्यका (Median), तथा

(ख) भूयिष्ठक (Mode)।



इन प्रमुख माध्यों के अतिरिक्त कुछ और माध्य भी होते हैं, जिनका प्रयोग बहुत अधिक प्रचलित नहीं हैं, जैसे चल माध्य (Moving Average), प्रमागी, वर्गकरणी माध्य (Quadratic Average), आदि।

आगे कुछ प्रमुख माध्यों का विस्तार से वर्णन किया गया है।

समान्तर माध्य
(Arithmetic Mean)

समान्तर माध्य (या मध्यक) का व्यवहार में सबसे अधिक प्रयोग होता है। वास्तव में 'औसत' शब्द का प्रयोग इसी माध्य के लिये किया जाता है। समान्तर माध्य वह मूल्य है जो किसी श्रेणी के समस्त मदों के मूल्यों के योग को उनकी संख्या से भाग देने पर प्राप्त होता हे।

समान्तर माध्य दो प्रकार का होता है : (1) सरल समान्तर माध्य तथा (2) भारित समान्तर माध्य।

सरल समान्तर माध्य में श्रेणी के समस्त मदों को समान महत्व दिया जाता है जबकि भारित समान्तर माध्य में प्रत्येक मद को उसकी व्यक्तिगत महत्ता के अनुसार भारन प्रदान करते हैं।

सरल समान्तर माध्य के परिगणन की रीति
(Method of Calculating Simple Arithmetic Mean)

सरल समान्तर माध्य का निर्धारण अत्यन्त सुगम है। इसकी गणन-क्रिया कि व्याख्या निम्न भागों में की गई है :-

(1) व्यक्तिगत श्रेणी में समान्तर माध्य का परिगणन

(2) विच्छिन्न श्रेणी में समान्तर माध्य का परिगणन

(3) अविच्छिन्न श्रेणी में समान्तर माध्य का परिगणन

व्यक्तिगत श्रेणी में समान्तर माध्य का परिगणन
(Calculation of Arithmetic Mean in Individual Series)

व्यक्तिगत श्रेणी में समान्तर माध्य दो प्रकार से ज्ञात किया जा सकता है (1) प्रत्यक्ष रीति (Direct Method) तथा (2) लघु रीति (Short-cut Method) ।

(1) प्रत्यक्ष रीति (Direct Method) : इस रीति के अन्तर्गत सब मदों के मानों को जोड़कर मदों की संख्या से भाग दे दिया जाता है। इस प्रकार जो अंक प्राप्त होता है उसे समान्तर माध्य कहते हैं। सूत्र के रूप में :-

$$\overline{X} = \frac{X_1 \quad X_2 \quad X_3 \quad X_4 \quad .....X_n}{N}$$

X_1, X_2 आदि श्रेणी वे विभिन्न मान

N = मदो की संख्या (Number of Observations)

संक्षिप्त रूप में $\overline{X} = \frac{X}{N}$

$\overline{X}$ समान्तर माध्य (Arithmetic Mean), N = मदों की संख्या, SX = चर X के विभिन्न मानों का योग।

उदाहरण 1 : एक कक्षा में 19 विद्यार्थी हैं। सांख्यिकी की एक मासिक परीक्षा में अंक इस प्रकार हैं :-

रोल नम्बर	**:**	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
अंक	**:**	80	65	45	58	62	72	70	40	25	33

समान्तर माध्य ज्ञात कीजिये।

हल : **समान्तर माध्य का परिगणन प्रत्यक्ष रीति द्वारा**

रोल नम्बर (Roll No.)	अंक X
1	80
2	65
3	45
4	58
5	62
6	72
7	70
8	40
9	25
10	33
N = 19	**SX = 550**

$$\overline{X} = \frac{X}{N} = \frac{650}{10} = 55 \text{ अर्थात औसत अंक } = 55$$

(2) लघु रीति (Short-cut Method) : लघु रीति से समान्तर माध्य के परिगणन की विधि निम्नलिखित है :-

(*i*) श्रेणी के किसी भी मूल्य का अन्य किसी संख्या को कल्पित मध्यक (Assumed Mean) : मान लेते हैं। चाहे कोई भी मूल्य कल्पित मध्यक के रूप में लिया जाये, उत्तर एक ही आयेगा परन्तु जितना समान्तर माध्य केन्द्रीय माप के समीप होगा उतने की विचलन कम आयेंगे और गणना में सरलता रहेगी।

(*ii*) इस कल्पित समान्तर माध्य को श्रेणी के प्रत्येक मद में से घटा दिया जाता है और उसके सामने विचलन लिखते जाते हैं। घटाते समय ऋणात्मक (–) तथा धनात्मक (+) चिन्हों का ध्यान रखा जाता है। मान लीजिये श्रेणी का पहला पद 40 है और कल्पित समान्तर माध्य 50 है तो हम (40 – 50) अर्थात् – 10 लिखेंगे। इसी प्रकार यदि श्रेणी का दूसरा मद 72 है और कल्पित समान्तर माध्य 50 तो (70 – 50) = 22 लिखेंगे। इससे स्पष्ट होगा कि यदि मूल्य कल्पित समान्तर माध्य से कम है तो विचलन ऋणात्मक और अधिक है तो धनात्मक होगा।

(*iii*) सभी विचलनों को जोड़ लिया जाता है।

(*iv*) विचलनों के योग को मदों की संख्या से भाग दिया जाता है।

(*v*) भागफल यदि धनात्मक है तो कल्पित मध्यक में जोड़ देते हैं, ऋणात्मक है तो घटा देते हैं। इस प्रकार प्राप्त संख्या समान्तर होगी।

सूत्र के रूप में :

$$\overline{X} = A + \frac{d}{N}$$

A = कल्पित समान्तर माध्य (Assumed Mean), $d = (X - A)$

उपर्युक्त उदाहरण से समान्तर माध्य का परिगणन लघु रीति द्वारा इस प्रकार होगा।

समान्तर माध्य का परिगणन लघु रीति द्वारा

रोल नम्बर (Roll No.)	अंक (X)	कल्पित समान्तर माध्य 50 से विचलन (X – 50) *d*
1	80	+ 30
2	65	+ 15
3	45	– 5
4	58	+ 8
5	62	+ 12
6	72	+ 22
7	70	+ 20
8	40	– 10
9	25	– 25
10	33	– 17
N = 10		**S*d* = 50**

$$\overline{X} = A + \frac{d}{N}$$

A = 50; S*d* = 50; N = 10

\ $$\overline{X} = 50 + \frac{50}{10} = 50 = 5 = 55 \text{ अंक}$$

इससे यह स्पष्ट होगा कि दोनों रीतियों से उत्तर एक ही आयेगा। इन रीतियों को ध्यान में रखते हुए पाठक को ऐसा प्रतीत होगा की लघु रीति प्रत्यक्ष रीति से कठिन होते हुये भी इसका नाम लघु रीति रखा गया है। यह बात व्यक्तिगत श्रेणी के साथ बिल्कुल ठीक है। इसलिये व्यक्तिगत श्रेणी में लघु रीति का प्रयोग नहीं करना चाहिये। लेकिन विच्छन्न व अविच्छिन्न श्रेणी में लघु रीति का प्रयोग गणन क्रिया को बहुत सुगम बना देता है।

विच्छिन्न श्रेणी में समान्तर माध्य का परिगणन
(Calculation of Arithmetic Mean in Discrete Series)

उपर्युक्त दोनों रीतियों द्वारा विच्छिन्न श्रेणी में भी समान्तर माध्य ज्ञात किया जा सकता है। परन्तु विच्छिन्न श्रेणी में आवत्तियाँ होती हैं इसलिये सूत्र भिन्न हैं। जब प्रत्यक्ष रीति का प्रयोग किया जाता है जो सूत्र इस प्रकार होगा :-

$$\overline{X} = \frac{fx}{N}$$

Sfx = चर तथा आवत्तियों की गुणाओं का योग , N = आवत्तियों का योग

विधि :

(1) चल के प्रत्येक मूल्य को उसकी आवत्ति से गुणा कीजिये और सभी गुणनफलों को जोड़ लीजिये।

(2) प्राप्त गुणनफल को आवत्तियों के कुल योग से भाग दीजिये।

उदाहरण 2 : एक कक्षा के 60 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त निम्न अंकों के औसत अंक निकालिये :-

अंक	विद्यार्थियों की संख्या	अंक	विद्यार्थियों की संख्या
20	8	50	10
30	12	60	6
40	20	70	4

हल : अंकों को X से तथा विद्यार्थियों की संख्या को f से प्रदर्शित कीजिये :-

समान्तर माध्य का परिगणन लघु रीति द्वारा

अंक X	विद्यार्थियों की संख्या f	 fX
20	8	160
30	12	360
40	20	800
50	10	500
60	6	360
70	4	280
	N = 60	**SfX = 2,460**

$$\overline{X} = \frac{f\,X}{N} = \frac{2,460}{60} = 41 \text{ अंक}$$

लघु रीति (Short-cut Method) : जब लघु रीति का प्रयोग किया जाता है सूत्र इस प्रकार होगा :-

$$= A + \frac{fd}{N}$$

विधि :

(1) एक कल्पित समान्तर माध्य लीजिये।

(2) चर मूल्यों को कल्पित समान्तर माध्य से घटाकर विचलन निकालिये।

(3) प्राप्त विचलनों को उनकी आवत्तियों से गुणा कीजिये और जोड़ लीजिये अर्थात Sfd निकालिये।

(4) इस प्रकार प्राप्त योग को कुल आवत्ति से विभाजित कीजिये।

(5) भागफल यदि धन में आये तो समान्तर माध्य में जोड़ दीजिये और ऋण में आये तो कल्पित समान्तर माध्य में से घटा दीजिये। इस प्रकार प्राप्त संख्या समान्तर माध्य होगी।

उपर्युक्त प्रश्न को लघु रीति द्वारा हल किया गया है।

अंक X	विद्यार्थियों की संख्या f	(X – 40) d	 fd
20	8	– 20	– 160
30	12	– 10	– 120
40	20	0	0
50	10	+ 10	+ 100
60	6	+ 20	+ 120
70	4	+ 30	+ 120
	N = 60		**Σfd = 60**

$$\overline{X} = A + \frac{fd}{N} = 40 + \frac{60}{60} = 40 + 1 = 41$$

अविच्छिन्न श्रेणी में समान्तर माध्य का परिगणन
(Calculation of Arithmetic Mean in Continuous Series)

अविच्छिन्न श्रेणी में समान्तर माध्य ज्ञात करने की निम्न विधियां हैं :-

(1) प्रत्यक्ष रीति (Direct Method),

(2) लघु रीति (Short-cut Method), तथा

(3) पद-विचलन (Step Deviation Method)

(1) प्रत्यक्ष रीति (Direct Method) : प्रत्यक्ष रीति द्वारा समान्तर

$$\overline{X} = \frac{fm}{N}$$

= मध्य-बिन्दु (mid-point)

विधि :

(1) श्रेणी के प्रत्येक वर्ग का मध्य-बिन्दु ज्ञात कीजिये :

$$\text{मध्य-बिन्दु} = \frac{\text{निम्न सीमा} + \text{उच्च सीमा}}{2}$$

(2) प्रत्येक श्रेणी के मध्य-बिन्दु को उसकी आवत्ति से गुणा कीजिये और कुल योग ज्ञात कीजिये अर्थात Σfm निकालिये।

उदाहरण 3- प्रत्यक्ष रीति से निम्नलिखित समंकों का समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए :-

अंक	विद्यार्थियों की संख्या	अंक	विद्यार्थियों की संख्या
0-10	5	30-40	30
10-20	10	40-50	20
20-30	25	50-60	10

हल : समान्तर माध्य का परिगणन (प्रत्यक्ष रीति द्वारा)

अंक **X**	मध्य-बिन्दु ***m***	विद्यार्थियों की संख्या ***f***	***fm***
0-10	5	5	25
10-20	15	10	150
20-30	25	25	625
30-40	35	30	1,050
40-50	45	20	900
50-60	55	10	550
		N = 100	**S*fm* = 3,300**

$$\overline{X} = \frac{fm}{N} = \frac{3,300}{100} = = 33 \text{ अंक}$$

लघु रीति (Short-cut Method) : जब लघु रीति का प्रयोग किया जाता है सूत्र इस प्रकार होगा :-

$$= A + \frac{fd}{N}$$

$d = (X - A)$ अर्थात् मध्य बिन्दुओं का कल्पित समान्तर माध्य से विचलन।

विधि :

(1) प्रत्येक वर्ग सीमा का मध्य-बिन्दु निकालिये। $\overline{X}$

(2) मध्य बिन्दुओं में से एक कल्पित माध्य लीजिये।

(3) प्रत्येक मध्य-बिन्दु से कल्पित समान्तर माध्य घटाइये और विचलनों को एक अलग स्तम्भ में लिखिये।

(4) प्रत्येक श्रेणी की आवत्ति को उसके विचलन से गुणा कीजिये और इस स्तम्भ का कुल योग निकालिये अर्थात S*fd* ज्ञात कीजिये।

(5) इस योग को आवत्तियों के कुल योग से भाग दीजिये। यदि भागफल धनात्मक (+) में आये तो कल्पित समान्तर माध्य में जोड़ दों अन्यथा घटा दें। इस प्रकार प्राप्त संख्या मध्यक होगी।

उदाहरण 4 : उदाहरण 3 के समंकों से लघु रीति द्वारा समान्तर माध्य ज्ञात कीजिये।

हल : समान्तर माध्य का परिगणन (प्रत्यक्ष रीति द्वारा)

अंक	मध्य-बिन्दु ***m***	विद्यार्थियों की संख्या ***f***	(***m* – 35**) ***d***	***fd***
0-10	5	5	– 30	– 150
10-20	15	10	– 20	– 200
20-30	25	25	– 10	– 250
30-40	35	30	0	0
40-50	45	20	+ 10	+ 200
50-60	55	10	+ 20	+ 200
		N = 100		**S*fd* = – 200**

$$\overline{X} = A - \frac{fd}{N} = 35 - \frac{200}{100} = 35 - 2 = 33$$

पद-विचलन रीति (Step Deviation Method) : यह रीति गणन-क्रिया को और भी सरल बना देती है। इस रीति में तथा लघु रीति में थोड़ा ही अंतर है। जब इसका प्रयोग होता है तो विचलनों को उभयनिष्ठ गुणक (Common Factor) से भाग देकर पद विचलन ज्ञात किये जाते हैं। इन पद-विचलनों को उनकी आवत्ति से गुणा करके कुल योग ज्ञात कर देते हैं। फिर निम्न सूत्र को प्रयोग किया जाता है।

$$\overline{X} = A + \frac{fd}{N} \times i$$

$d = (m - A)/i$ वर्ग अन्तराल

विधि :

(1) वर्ग सीमाओं के मध्य-बिन्दु ज्ञात कीजिये।

(2) मध्य बिन्दुओं में से एक को कल्पित समान्तर माध्य मान लीजिये।

(3) प्रत्येक मध्य-बिन्दु से कल्पित समान्तर माध्य घटाकर अन्तर को उभयनिष्ठ गुणक से भाग दीजिये।

(4) पद-विचलनों को आवत्तियों से गुणा करके गुणफलों को जोड़ ज्ञात कीजिए और उपर्युक्त सूत्र का प्रयोग कीजिये।

उदाहरण 5 : उदाहरण 4 के समंकों से पद-विचलन रीति का प्रयोग करके समान्तर माध्य निकालिये।

हल : समान्तर माध्य का परिगणन पद-विचलन रीति द्वारा

अंक	मध्य-बिन्दु m	विद्यार्थियों की संख्या f	$(m - 35)$ d	$(m - 35)/10$ fd	
0-10	5	5	– 30	– 3	– 15
10-20	15	10	– 20	– 2	– 20
20-30	25	25	– 10	– 1	– 25
30-40	35	30	0	0	0
40-50	45	20	+ 10	+ 1	+ 20
50-60	55	10	+ 20	+ 2	+ 203
		N = 100			**Σfd = – 20**

$$\overline{X} = A = \frac{fd}{N} \times i = 35 - \frac{20}{100} \times 10 = 35 - 2 = 33 \text{ अंक}$$

उपर्युक्त उदाहरणों से यह स्पष्ट है कि तीनों रीतियों द्वारा एक ही उत्तर आता है। प्रत्यक्ष रीति सबसे सुगम प्रतीत होती है। परन्तु जहां मध्य-बिन्दु और आवत्तियों का आकार बड़ा हो वहां गणन -क्रिया जटिल हो जाती है। ऐसी परिस्थिति में पद-विचलन रीति अधिक उपर्युक्त रहती है जैसा निम्न सारणी से स्पष्ट है।

आय (रुपयों में)	व्यक्तियों की संख्या	आय (रुपयों में)	व्यक्तियों की संख्या
700-800	1,068	1000-1100	1,567
800-900	1,472	1100-1200	904
900-1000	2,969		

टिप्पणी : अविच्छिन्न श्रेणी में समान्तर माध्य ज्ञात करते समय विभिनन वर्गों के मध्य-बिन्दुओं को उस वर्ग का प्रतिनिधित्व मान लिया जाता है। इसका कारण यह है कि जब समंक श्रेणी-बद्ध (grouped) होते हैं तब तब यह ज्ञात करना असंभव सा

होता है कि व्यक्तिगत आवत्ति क्या है। हम केवल वर्ग की सीमा जानते हैं जिसमें वह आवत्ति सम्मिलित है। उदाहरण के लिये , जब हम यह कहते हैं कि 500-600 के वर्ग में 50 व्यक्ति हैं तब सही रूप से कहना कि 50 में से कितने व्यक्ति 501, 502, 503 रू. आदि प्राप्त करते हैं संभव नहीं। इसलिये समान्तर माध्य निकालते समय हम कल्पना करते हैं कि श्रेणी की आवत्तियां वर्गान्तर के विस्तार के समान रूप से बिखरी हुई हैं। अर्थात् मध्य-बिन्दु से नीचे तथा ऊपर मदों की संख्या समान है। जब तक इस प्रकार की कल्पना न की जाये, समान्तर माध्य का मूल्य अखंडित श्रेणी में नहीं निकाला जा सकता।

उदाहरण 6 : एक निर्वाचन अनुमान संबंधी संस्था ने 200 व्यक्तियों का साक्षात्कार (Interview) किया। निम्न आवत्ति - वितरण साक्षात्कार किये गये व्यक्तियों की आयु प्रस्तुत करता है।

आयु (वर्षों में)	आवत्ति	आयु (वर्षों में)	आवत्ति
80-89	2	40-49	56
70-79	2	30-39	40
60-69	6	20-29	42
50-59	20	10-19	32

इस आवत्ति -वितरण से समान्तर माध्य ज्ञात कीजिये।

हल : समान्तर माध्य का परिगणन पद-विचलन रीति द्वारा

आयु (वर्षों में)	m	f	$(m - 44.5)$	$(m - 44.5)/10$ d	fd
10-19	14.5	32	– 30	– 3	– 96
20-29	24.5	42	– 20	– 2	– 84
30-39	34.5	40	– 10	– 1	– 40
40-49	44.5	56	0	0	0
50-59	54.5	20	+ 10	+ 1	+ 20
60-69	64.5	6	+ 20	+ 2	+ 12
70-79	74.5	2	+ 30	+ 3	+ 6
80-89	84.5	2	+ 40	+ 4	+ 8
		N = 200			**Sfd = – 174**

$$\overline{X} = A + \frac{fd}{N} \times i = 44.5 - \frac{174}{200} \times 10 = 44.5 - 8.7 = 35.8 \text{ वर्ष}$$

टिप्पणी : जब समंक सम्मिलित रीति (Inclusive Method) द्वारा प्रस्तुत किये गये हों तो समान्तर माध्य ज्ञात करते समय वर्गों में संयोजन (Adjustment) आवश्यक नहीं क्योंकि मध्य-बिन्दु का संयोजन का कोई प्रभाव नहीं पड़ता, परन्तु मध्यक तथा भूयिष्ठक (Mode) निकालते समय वर्गों में संयोजन आवश्यक है।

उदाहरण 7 : एक फर्म के 30 कर्मचारियों के मासिक वेतन के समंक निम्न हैं।

140	139	126	114	100	88	62	77	99
108	129	144	148	138	63	79	148	132
141	116	123	104	95	80	85	106	123

फर्म ने विभिन्न वेतन वर्गों के 60 से अधिक किन्तु 75 से अधिक नहीं, 76 से अधिक 90 से अधिक नहीं और इसी प्रकार 135 से अधिक किन्तु 150 से अधिक नहीं, के बोनस की राशि प्रदान की। बोनस की औसत राशि ज्ञात कीजिये।

हल: **बोनस की औसत राशि का परिगणन**

मासिक वेतन (रू. में)	मिलान रेखायें	आवत्ति f	बोनस X	कुल बोनस fX
61-75	||	2	10	20
76-90	𝍸	5	15	75
91-405	𝍸	5	20	100
106-120	𝍸	5	25	125
121-135	𝍸 |	6	30	180
136-150	𝍸 ||	7	35	245
		N = 30		**SfX = 745**

$$\overline{X} = \frac{fx}{N} = \frac{745}{30} = 24.83$$

अर्थात बोनस की औसत राशि = 24.83

उदाहरण 8 : 100 विद्यार्थियों के प्राप्तांकों का औसत 40 था, किन्तु बाद में यह पता लगा कि एक विद्यार्थी के प्राप्तांक 53 के स्थान पर गलती से 83 पढ़ लिये गये थे। सही प्राप्तांकों के अनुरूप सही औसत ज्ञात कीजिये।

हल :

$$\overline{X} = \frac{X}{N} \qquad \therefore N\overline{X} = SX$$

$N = 100,\ \overline{X} = 40, \qquad \therefore SX = 100 \times 40 = 4,000$

लेकिन यह सही SX नहीं है। सही SX ज्ञात करने के लिये गलत मद को घटाना पड़ेगा और ठीक मद को जमा करना पड़ेगा।

सही SX + गलत SX – गलत मद + सही मद

$$= 4,000 - 83 + 53 = 3,970$$

$$\text{सही समान्तर माध्य} = \frac{3,970}{100} = 39.7$$

सही प्राप्तांक के अनुरूप सही औसत 39.7 है।

उदाहरण 9 : 200 मदों के समान्तर माध्य 50 थे। बाद में, यह ज्ञात हुआ कि दो मदों का मूल्य 192 और 88 के स्थान पर 92 और 8 ले लिया गया है। सही समान्तर माध्य ज्ञात कीजिये।

हल :

$$= \frac{X}{N} \qquad \therefore SX = NX$$

$$\overline{X} = 50 \qquad \therefore N = 200$$

$$\therefore \quad SX = 50 \times 200 = 10,000$$

सही SX + गलत SX – गलत मद + सही मद

$$= 10,000 - 92 - 8 + 192 + 88$$

$$= 10,000 - 100 + 280 = 10,180$$

$$\overline{X} = \frac{10,181}{200} = 50.9$$

उदाहरण 10 : यदि किसी अचल (Constant) को श्रेणी के प्रत्येक मूल्य में जोड़े अथवा उसमें से घटायें तो समान्तर माध्य पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा ?

हल : मान लीजिये, एक कक्षा के 5 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्तांक इस प्रकार हैं :-

10, 15, 18, 22, 25

$$= \frac{10 \quad 15 \quad 18 \quad 22 \quad 25}{5} = \quad = 18$$

यदि प्रत्येक लड़के को 5 नम्बर और दिये जायें तो ये मद इस प्रकार होंगे :-

15, 20, 23, 27, 30

$$\overline{X} = \frac{15 \quad 20 \quad 23 \quad 27 \quad 30}{5} = \quad = 23$$

इससे विदित होता है कि यदि हम एक श्रेणी के सब पदों को एक अचल से बढ़ाये तो समान्तर माध्य भी उतना ही बढ़ जायेगा जितना अचल का मूल्य है। इस प्रकार यदि एक श्रेणी के सभी मदों में से कोई अचल घटाया जाये तो समान्तर माध्य का मूल्य भी उतना ही कम हो जायेगा।

ऊपर दिये उदाहरण में यदि मद में से 5 घटाया जाये तो विभिन्न मद इस प्रकार होंगे :-

5, 10, 13, 17, 20

$$\overline{X} = \frac{5 \quad 10 \quad 13 \quad 17 \quad 20}{5} = \quad = 13$$

इस प्रकार समान्तर माध्य 5 से कम हो गया।

खुले-सिरे वाले आवत्ति वितरणों में समान्तर माध्य का निर्धारण

(Calculation of Arithmetic Mean in Case of Open-end Frequency Distribution)

खुल-सिरे वाले आवत्ति वितरण वे होते हैं जिनमें प्रथम वर्ग की निम्न सीमा तथा अन्तिम वर्ग की उच्च सीमा नहीं दी होती। इस दशा में समान्तर माध्य ज्ञात नहीं किया जा सकता जब तक कि हम अज्ञात सीमाओं के बारे में कल्पना न कर लें, खुले-सिरे वाली श्रेणियों के वर्गान्तर की कल्पना पहली श्रेणी के बाद वाली श्रेणी तथा अंतिम श्रेणी से पहले वाली श्रेणी के वर्गान्तर पर निर्भर करेगी। उदाहरणार्थ, निम्न सारणी देखिये :-

अंक	विद्यार्थियों की संख्या	अंक	विद्यार्थियों की संख्या
10 से कम	4	30-40	15
10-20	6	40-50	8
20-30	10	50 से अधिक	7

उपर्युक्त उदाहरण में वर्गान्तर समान है। इसलिये यह कल्पना करना उचित होगा कि प्रथम वर्ग की निम्न सीमा शून्य है तथा अन्तिम वर्ग की उच्च सीमा 60 है।

एक और उदाहरण लीजिये।

अंक	विद्यार्थियों की संख्या	अंक	विद्यार्थियों की संख्या
10 से कम	4	60-100	7
10-30	6	100 से अधिक	3
30-60	8		

उपर्युक्त उदाहरण में दूसरी श्रेणी में वर्गान्तर 20 है, तीसरी में 30, चौथी में 40 अर्थात् प्रत्येक वर्ग में वर्गान्तर 10 से बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में यह कल्पना उपयुक्त होगी कि पहली श्रेणी 0 से 10 तथा अंतिम श्रेणी 100 से 150 है।

यदि वर्गान्तर भिन्न-भिन्न विस्तार के हों तो खुले सिरे वाले वर्गों का निर्धारण प्रथम वर्ग के बाद वाले तथा अंतिम वर्ग के पहले वर्ग-विस्तार को ध्यान में रखकर किया जायेगा जैसा कि निम्न उदाहरण से स्पष्ट होगा :-

आय (रुपयों में)	व्यक्तियें की संख्या	आय (रुपयों में)	व्यक्तियों की संख्या
50 से कम	8	100-110	30
50-70	12	110-120	7
70-100	20	120 से अधिक	3

क्योंकि वर्गान्तर भिन्न हैं इसलिये प्रथम वर्ग की सीमा दूसरे वर्ग की सीमा के अनुसार निश्चित की जायेगी अर्थात् यह 30-50 होगी। इसी प्रकार अन्तिम वर्ग की सीमा उससे पहले वर्ग की सीमा को ध्यान में रखकर निश्चित की जायेगी अर्थात् यह 120-130 होगी।

टिप्पणी : खुले-सिरे वाली सारणी में समान्तर माध्य के स्थान पर मध्यक या भूयिष्ठक ज्ञात करना उपयुक्त होगा क्योंकि समान्तर माध्य निकालते समय वर्ग की निम्न सीमा तथा अन्तिम वर्ग की उच्च सीमा के बारे में कल्पना करना आवश्यक होगा, लेकिन मध्यक, भूयिष्ठक खुले-सिरे वाली सारणी में सुगमता से ज्ञात किये जा सकते हैं।

समान्तर माध्य के गणितीय गुण
(Mathematical Properties of Arithmetic Mean)

मध्यक के कुछ प्रमुख गणितीय गुण इस प्रकार हैं :-

(1) मध्यम से विभिन्न मदों के विचलनों का योग शून्य होता अर्थात $\Sigma (X - \overline{X}) = 0$ यह तथ्य अग्रांकित उदाहरण से स्पष्ट हो जायेगा :-

X	**$(X - \overline{X})$**
10	– 20
20	– 10
30	0
40	+ 10
50	+ 20
$\Sigma X = 150$	**$\Sigma (X - \overline{X}) = 0$**

उपर्युक्त उदाहरण में समान्तर माध्य 30 है। जब विभिन्न मदों का विचलन 30 से लिया गया तो योग $\Sigma (X - \overline{X})$ शून्य आया। इस गुण के कारण समान्तर माध्य को संतुलन बिन्दु (Point of Balance) कहते हैं, अर्थात् धनात्मक विचलनों का योग ऋणात्मक विचलनों के योग के बराबर होता है। लघु रीति भी इसी गुण पर आधारित है।

(2) यदि हम विभिन्न मदों को मध्यक से घटायें और इन विचलनों के वर्गों का योग निकालें तो यह योग उस योग से कम होगा जो समान्तर माध्य के अतिरिक्त किसी और मूल्य से निकाला जाये अर्थात $\Sigma d^2 = \text{Minimum}$। इस तथ्य की पुष्टि निम्न उदाहरण द्वारा हो जायेगी :-

X	**$(X - \overline{X})$ $\overline{X} = 4$**	**$(X - \overline{X})^2$**	**$(X - 3)^2$**
2	– 2	4	1
3	– 1	1	0
4	0	0	1
5	+ 1	1	4
6	+ 2	4	9
$\Sigma X = 20$	**$\Sigma (X - \overline{X}) = 0$**	**$\Sigma (X - \overline{X})^2 = 10$**	**$\Sigma (X - 3)^2 = 15$**

उपर्युक्त उदाहरण से स्पष्ट होगा कि जब हमने समान्तर माध्य से लिये गये विचलनों के वर्गों का योग किया तो यह 10 आया और जब एक कल्पित माध्य जोकि समान्तर माध्य से कम है तो विचलनों के वर्गों का योग किया तो वह 15 आया।

(3) समान्तर माध्य का सामान्य विभ्रम (Standard Error) अन्य माध्य की तुलना में कम होता है।

(4) $\overline{X} = \frac{X}{N}$ या N $\overline{X}$ X

अर्थात् यदि हम श्रेणी के प्रत्येक मूल्य के स्थान पर मध्यक का मूल्य रख दें तो इन परिवर्तित मूल्यों का योग व्यक्तिगत मूल्यों के योग के बरारब होगा। उदाहरणार्थ, प्रथम गुण के विवेचन में SX 150 था तथा मध्यक 30; यदि सब मदों के स्थान पर हम 30 लिखें तो यही योग प्राप्त हो जायेगा अर्थात् (30 + 30 + 30 + 30 + 30) = 150

इस गुण का बहुत अधिक व्यवहारिक महत्व है। यदि हमें औसत तथा मदों की संख्या दी हो तो कुल योग सरलता से ज्ञात कर सकते हैं। उदाहरणार्थ, यदि एक कारखाने में मज़दूरों का औसत वेतन 200 रुपये है और मज़दूरों की संख्या 50 है तो हम मज़दूरों को दिये गये कुल वेतन का पता इस प्रकार लगा सकते हैं : $SX = N\overline{X}$ इस उदाहरण में कुल वेतन 200 × 50 अर्थात् 10,000 रुपये होगा।

यदि एक समूह के दो या दो से अधिक भागों के समान्तर माध्य तथा उनके मदों की संख्या ज्ञात है तो उनके आधार पर सामूहिक समान्तर माध्य (Combined Arithmetic Mean) प्राप्त किया जा सकता है। सामूहिक समान्तर माध्य ज्ञात करते समय निम्न सूत्र का प्रयोग होता है।

$$\overline{X}_{12} = \frac{N_1\overline{X}_1 \quad N_2\overline{X}_2}{N_1 \quad N_2}$$

$\overline{X}_{12}$ = सामूहिक समान्तर माध्य (Combined Mean)

N_1 = पहले भाग के मदों की संख्या (Number of Items in the First Group)

N_2 = दूसरे भाग के मदों की संख्या (Number of Items in the Second Group)

$\overline{X}_1$ = पहले भाग का समान्तर माध्य (Arithmetic Mean of the First Group)

$\overline{X}_2$ = दूसरे भाग का समान्तर माध्य (Arithmetic Mean of the Second Group)

उदाहरण 11 : एक फर्म की दो शाखाओं में क्रमश: 100 और 80 व्यक्ति काम करते हैं। यदि दोनों शाखाओं में दिये गये वेतन का समान्तर माध्य 575 रुपये तथा 525 रू. हो तो इस फर्म के सब कर्मचारियों के वेतन का समान्तर माध्य निकालिये।

हल : सामूहिक समान्तर माध्य निम्न सूत्र से ज्ञात करेंगे :-

$$\overline{X}_{12} = \frac{N_1\overline{X}_1 \quad N_2\overline{X}_2}{N_1 \quad N_2}$$

$N_1 = 100; N_2 = 80; \overline{X}_1 = 575; \overline{X}_2 = 525$

\

$$\overline{X}_{12} = \frac{(100 \quad 575) \quad (80 \quad 525)}{100 \quad 80}$$

= = = 552.78 रु.

यदि हमें एक समूह के तीन भागों का समान्तर माध्य निकालना हो तो सूत्र इस प्रकार होगा :-

$$_{123} = \frac{N_1\overline{X}_1 \quad N_2\overline{X}_2 \quad N_3\overline{X}_3}{N_1 \quad N_2 \quad N_3} \quad \frac{N_1\overline{X}_1 \quad N_2\overline{X}_2 \quad N_3\overline{X}_3}{N_1 \quad N_2 \quad N_3}$$

समान्तर माध्य के गुण व दोष
(Merits and Demerits of Arithmetic Mean)

गुण (Merits) : समान्तर माध्य के प्रमुख गुण निम्नलिखित हैं :-

(1) सांख्यिकीय माध्यों में समान्तर माध्य सबसे अधिक सरल है। इसका समझना अत्यन्त सुगम है, इसलिए व्यवहार में इसका सबसे अधिक प्रयोग होता है।

(2) समान्तर माध्य न केवल समझने में ही सरल है अपितु इसके निर्धारण की गणन-क्रिया भी बहुत सुगम है।

(3) समान्तर माध्य श्रेणी के सभी मदों पर आधारित होता है। किसी एक मद में परिवर्तन कर देने पर समान्तर माध्य के मूल्य में भी परिवर्तन हो जायेगा। मध्यका व भूयिष्ठक में यह गुण भी नहीं पाया जाता।

(4) सामान्तर माध्य पर निदर्शन के परिवर्तनों का सबसे कम प्रभाव पड़ता है।

(5) सामान्तर माध्य में अनेक बीजगणितीय गुण होते हैं जिनके कारण उच्चतर सांख्यिकीय विश्लेषण में इसको बहुत प्रयोग में आया जाता है।

दोष (Demerits) : समान्तर माध्य के प्रमुख दोष निम्नलिखित हैं :-

(1) समान्तर माध्य पर श्रेणी में असाधारण व सीमान्तर मूल्यों (Extreme Items) का बहुत प्रभाव होता है। उदाहरणार्थ, यदि एक कारखाने के मैनेजर को 5,000 रू. मासिक मिलते हैं और कारखाने में काम करने वाले पांच और व्यक्तियों का वेतन इस प्रकार है : 500 रू., 560 रू., 600 रू., 650 रू., 700 रू. तो 6 व्यक्तियों के वेतन का समान्तर माध्य

$\frac{5,000 \quad 500 \quad 560 \quad 600 \quad 650 \quad 700}{6} =$ $= 1348.33$ रू. होगा लेकिन यह वेतन कारखाने के कर्मचारियों का ठीक प्रतिनिधित्व नहीं करता क्योंकि एक मद अर्थात् 5,000 रू0 का इस पर बहुत गहरा पड़ा है।

(2) अनुपात, दर-प्रतिशत, आदि का अध्ययन करने के लिये समान्तर माध्य उपयुक्त नहीं है।

(3) बिन्दु रेखा द्वारा समान्तर माध्य का प्रदर्शन संभव नहीं।

(4) कभी-कभी इस माध्यम के द्वारा विचित्र परिणाम निकलते हैं; जैसे यदि एक परिवार में 6 बच्चे हैं और दूसरे में 3 तो समान्तर माध्य 4.5 होगा। $\frac{8090}{6}$

(5) समान्तर माध्य से समस्त श्रेणी की रचना को ठीक-ठीक पता नहीं चलता जिससे कभी-कभी गलत निष्कर्ष लिये जाते है। उदाहरणार्थ, दो कारखानों 'क' और 'ख' के पिछले तीन वर्ष के शुद्ध लाभ इस प्रकार हैं :-

वर्ष	कारखाना 'क' (शुद्ध लाभ लाख रुपयों में)	कारखाना 'ख' (शुद्ध लाभ लाख रुपयों में)
1990	80,000	1,90,000
1991	1,20,000	1,20,000
1992	1,90,000	80,000

दोनों कारखानों के लाभों का समान्तर माध्य 1,30,000 है जिससे यह परिणाम निकाला जा सकता है कि दोनों एक ही स्तर पर हैं। लेकिन इन समंकों को ध्यानपूर्वक विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होगा कि कारखाना 'क' शीघ्रता से उन्नति कर रहा है और कारखाना 'ख' अवनति पर है।

सरल समान्तर माध्य का उपयोग : व्यवहार में सरल समान्तर माध्य का सबसे अधिक प्रयोग होता है तथा इसे एक आदर्श माना जाता है। सामाजिक व आर्थिक समस्याओं के विश्लेषण के लिये यह माध्य बहुत उपर्युक्त है जैसे औसत आय, औसत उत्पादन, औसत आयु, औसत आयात, औसत निर्यात, औसत व्यय, आदि। समान्तर माध्य विशेष रूप से ऐसी श्रेणियों के लिये उपयोगी है जिनमें विभिन्न मूल्यों का लगभग समान महत्व होता है।

भारित समान्तर महत्व
(Weighted Arithmetic Mean)

सरल समान्तर माध्य में, जिसका विवेचन ऊपर किया गया है, श्रेणी के सभी मानों को समान महत्व दिया जाता है। व्यवहार में श्रेणी के सभी मूल्यों का समान महत्व नहीं होता, किसी मद का अधिक महत्व होता है और किसी का कम। ऐसी दशा में सरल समान्तर माध्य का प्रयोग उचित नहीं है। भारित समान्तर माध्य वह माध्य होता है जिसमें मदों को उनके सापेक्षिक महत्व

के अनुसार भाग देकर माध्य की मणना की जाती है। भारित समान्तर माध्य का प्रयोग उन परिस्थितियों में किया जाता है जहां श्रेणी से समस्त मानों का महत्व समान नहीं है। भारत समान्तर माध्य ज्ञात करने के लिये निम्न सूत्र का प्रयोग होता है।

$$\overline{X}_w = \frac{WX}{W}$$

वहां $\overline{X}_w$ = भारित समान्तर माध्य (Weighted Arithmetic Mean)
W = भार (Weights)

जैसा की उपर्युक्त सूत्र से विदित होगा भारित समान्तर माध्य का गणनक्रिया बहुत सरल है। गणना करते समय इकाइयों के मूल्य 'X' और उनके भार 'W' को गुणा किया जाता है और मूल्य व भार की गुणांओं का जोड़ 'SWX' निकाल लिया जाता है। इस योग को भारों के योग SW से भाग दिया जाता है जिससे प्राप्त भागफल भारित समान्तर माध्य कहलाता है।

वास्तविक तथा अनुमानित भार (Actual and Estimated Weight) : भारित समान्तर माध्य का प्रयोग करते समय सही भारों का निश्चिय कर लेना आवश्यक है। भार दो प्रकार के होते हैं : वास्तविक और अनुमानित। वास्तविक भार या तो स्पष्ट रूप से दिये होते हैं। उदाहरणार्थ परीक्षाफल की तुलना करने के लिये विद्यार्थी की संख्या को भार के रूप में प्रयुक्त किया जाता है। इसी प्रकार एक कॉलेज के प्राध्यापकों व अन्य कर्मचारियों का औसत वेतन ज्ञात करने के लिए उनकी वास्तविक संख्या को भार मान लिया जाता है। यदि वास्तविक भार ज्ञात न हो सके तो विभिन्न चर मूल्यों के सापेक्षिक महत्व को ध्यान में रखते हुये भारों का उचित अनुमान लगा लिया जाता है। विभिन्न व्यक्तियों द्वारा कल्पित भार भिन्न हो सकते हैं, किन्तु यदि ये अनुमान तर्कयुक्त हैं तो इनके आधार पर निकाले गये समान्तर माध्यों में कोई विशेष अन्तर नहीं होगा।

भारित समान्तर माध्य के प्रयोग (Uses of Weighted Arithmetic Mean) : भार समान्तर माध्य निम्न दशाओं में विशेष रूप से उपयुक्त होता है :-

(1) सूचकांकों के निर्माण में

(2) सामान्य तथा प्रमाणिक मत्यु -दर और जन्म-दर निकालने $\overline{X}$ के लिये; तथा

(3) अनुपातों, प्रतिशत एवं दरों का माध्य निकालते समय।

निम्न उदाहरणों से भारित समान्तर माध्य के प्रयोग स्पष्ट हो जायेंगे।

उदाहरण 12 : एक ठेकेदार तीन प्रकार के मज़दूरों को काम पर लगाता है : पुरुष, स्त्री व बच्चे। एक पुरुष को 30 रू. स्त्री को 20 रू. तथा बच्चे का 10 रू. प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी मिली है। औसत मजदूरी ज्ञात कीजिये।

हल : यदि सरल समान्तर माध्य द्वारा इस प्रश्न को हल किया जाये तो औसत मजदूरी $= \frac{30 \quad 20 \quad 10}{3} = 20$ रू. होगी। परन्तु यह उत्तर उस परिस्थिति में ठीक होगा जब पुरुष, स्त्री तथा बच्चों की संख्या समान हो। व्यवहार में प्राय: तीन प्रकार के मजदूरों की संख्या भिन्न-भिन्न होती है, इसलिये सरल समान्तर माध्य के स्थान पर भारित समान्तर माध्य अधिक उपर्युक्त है। इस प्रश्न में वास्तविक मजदूरों की संख्या नहीं दी गई है इसलिये भार कल्पित होंगे। मान लीजिये एक ठेकेदर 20 पुरुष, 15 स्त्री तथा 5 बच्चे काम पर लगाता है। इस दशा में भारित समान्तर इस प्रकार होगा :

मजदूर	प्रतिदिन मजदूरी (रू. में) X	मजदूरों की संख्या W	WX
पुरुष	30	20	600
स्त्री	20	15	300
बच्चे	10	15	50
		SW = 40	**SWX = 950**

$$_w = \frac{WX}{W} = \frac{950}{40} = 23.75 \text{ रू.}$$

उदाहरण 13 : दो विद्यालयों 'क' और 'ख' के निम्नलिखित परीक्षापफलों से ज्ञात

परीक्षा	विद्यालय 'क'		विद्यालय 'ख'	
	परीक्षा में बैठे	उत्तीर्ण हुये	परीक्षा में बैठे	उत्तीर्ण हुये
M.A.	100	90	240	200
M.Sc.	60	45	200	160
B.A.	120	75	160	100
B.Sc.	200	150	200	140

हल : सर्वप्रथम, दोनों विद्यालयों को प्रतिशत पास संख्या ज्ञात कीजिय, तत्पश्चात् विद्यालय 'क' का भारित समान्तर माध्य निकालिये। इसी प्रकार विद्यालय 'ख' का भारित निरन्तर माध्य निकालिये जिसके भार वही होंगे जो विद्यालय 'क' के हैं क्योंकि तुलना का स्तर होना चाहिये।

	विद्यालय 'क'			विद्यालय 'ख'				
परीक्षा	परीक्षा में बैठे **W** **(2)**	उत्तीर्ण हुये **(3)**	प्रतिशत फल **X** **(4)**	परीक्षा में बैठे **WX** **(5)** **(2 × 4)**	उत्तीर्ण हुये **W** **(6)**	प्रतिशत फल **(7)**	**X** **(8)**	**WX** **(9)** **(2 × 8)**
M.A.	100	90	90	9,000	240	200	83.00	8,333
M.Sc.	60	45	75	4,500	200	160	80.00	4,800
B.A.	120	75	62.5	7,500	160	100	62.5	7,500
B.Sc.	200	150	75	15,000	200	140	70.0	14,000
	SW = 480			**SWX = 36,000**	**800**	**600**		**SWX=34,633**

विद्यालय 'क' : $\overline{X}_w = \frac{WX}{W} = \frac{36,000}{480} = 75.0$

विद्यालय 'ख' : $_w = \frac{WX}{W} = \frac{34,633}{480} = 72.15$

अत: विद्यालय 'क' के परिणाम 'ख' से अच्छे हैं।

उदाहरण 14 : निम्न सारणी तीन विश्वविद्यालयों के परीक्षा परिणाम प्रस्तुत करती है इनमें से कौन-सा विश्वविद्यालय उत्तम है ? उत्तर कारण सहित दीजिये।

परीक्षा	प्रतिशत परिणाम		
	विश्वविद्यालय		
	'क'	'ख'	'ग'
1. एम. ए.	80	75	70
2. एम. एस. सी.	70	70	60
3. एम. कॉम.	65	80	70
4. बी. एस. सी.	60	70	80
5. बी. कॉम.	75	65	75

हल : इस प्रश्न में भारित समान्तर माध्य का प्रयोग उपयुक्त होगा परन्तु विद्यार्थियों की वास्तविक संस्था यहां पर नहीं दी गई इसलिए विद्यार्थियों की संख्या के बारे में कल्पना करनी पड़ेगी। यह कल्पना निम्न आधार पर की गई है :-

(1) एम. ए. की कक्षाओं में बी. ए. की कक्षाओं की अपेक्षा कम विद्यार्थी होते हैं।

(2) विज्ञान के विषयों में कला (Arts) की तुलना में कम विद्यार्थी होते हैं।

(3) विभिन्न विद्यालयों की विभिन्न परीक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या विभिन्न होती है।

	विश्वविद्यालय 'क'			विश्वविद्यालय 'ख'			विश्वविद्यालय 'ग'		
परीक्षा	प्रतिशत परिणाम	विद्यार्थियों की संख्या (सैकड़ों में)		प्रतिशत परिणाम	विद्यार्थियों की संख्या (सैकड़ों में)		प्रतिशत परिणाम	विद्यार्थियों की संख्या (सैकड़ों में)	
	X	W	WX	X	W	WX	X	W	WX
एम. ए.	80	3	240	75	2	150	70	2	140
एम. एस. सी.	70	2	140	70	3	210	60	2.5	150
एम. कॉम.	65	6	325	80	6	480	70	7.0	490
बी. एस. सी.	60	4	240	70	3	210	80	4.5	360
बी. कॉम.	75	6	450	65	6	390	75	7.0	525
		ΣW = 20	**ΣWX = 1,395**	$\bar{X}$	**ΣW = 20**	**ΣWX = 1,440**		**ΣW = 23**	**ΣWX = 1,665**

विद्यालय 'क' : $\bar{X}_w = \frac{WX}{W} = \frac{1,396}{20} = 69.75$

विद्यालय 'ख' : $\bar{X}_w = \frac{WX}{W} = \frac{1,440}{20} = 72.00$

विद्यालय 'ग' : $\bar{X}_w = \frac{WX}{W} = \frac{1,665}{23} = 72.39$

क्योंकि विश्वविद्यालय 'ग' की औसत सबसे अधिक है इसलिये हम कह सकते हैं कि विश्वविद्यालय 'ग' सर्वश्रेष्ठ है।

उदाहरण 15 : किसी विश्वविद्यालय में छात्रवत्ति (Scholarship) प्रदान करने के लिये एक परीक्षा ली गई है। विभिन्न विषयों को अलग-अलग भाग दिये गये। चार विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक इस प्रकार थे :-

विषय	भार	विद्यार्थी 'क'	विद्यार्थी 'ख'	विद्यार्थी 'ग'	विद्यार्थी 'घ'
सांख्यिकी	4	70	80	85	92
अर्थशास्त्र	3	90	75	75	40
व्यवसाय-व्यवस्था	1	50	60	45	70
मुद्रा, बैंकिग व व्यापार	2	60	45	65	50

यदि छात्रवत्ति इस विद्यार्थी को दी जाये जिसने सबसे अधिक अंक प्राप्त किये हों तो उपर्युक्त समंकों के अनुसार छात्रवत्ति किसे दी जानी चाहिये।

हल : **चारों विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त समंकों का भारित समान्तर माध्य**

विषय	भार	'क' के अंक		'ख' के अंक		'ग' के अंक		'घ' के अंक	
		X	WX	X	WX	X	WX	X	WX
सांख्यिकी	4	70	280	80	320	85	340	92	368
अर्थशास्त्र	3	90	270	75	225	75	225	40	120
व्यवसाय-व्यवस्था	1	50	50	60	60	45	45	70	70
मुद्रा, बैंकिग व व्यापार	2	60	120	45	90	65	130	50	100
			SWX = 720		**SWX = 695**		**SWX = 740**		**SWX = 658**

विद्यालय 'क' : $_{w} = \frac{720}{10} = 72.0$

विद्यालय 'ख' : $\overline{X}_{w} = \frac{695}{10} = 69.5$

विद्यालय 'ग' : $\overline{X}_{w} = \frac{740}{10} = 74.0$

विद्यालय 'घ' : $\overline{X}_{w} = \frac{658}{10} = 65.8$

क्योंकि विद्यार्थी 'ग' के औसत अंक सबसे अधिक है इसलिये विद्यार्थी 'ग' को छात्रवत्ति मिलनी चाहिये।

सामान्य व प्रमापित मत्यु -दरें
(Crude and Standarised Death Rate)

दो नगरों की औसत मत्यु -दरों की तुलना करने के लिये भारित समान्तर का माध्य प्रयोग किया जाता है और मत्यु -दर दो प्रकार की होती है :-

(1) सामान्य मत्यु -दर Crude of General Death Rate)

(2) प्रमापित मत्यु -दर (Standardised Death Rate)

म्त्यु -दरें प्रति हजार (Per Thousand0 में व्यक्त की जाती हैं।

लेकिन दो नगरों की औसत मत्यु -दरों की तुलना करने के लिये सामान्य मत्यु दर लेना ठीक नहीं है क्योंकि विभिन्न आयु -श्रेणियों में व्यक्तियों की संख्या तथा मत्यु -दर भिन्न होगी। ऐसी स्थिति में प्रभावित मत्यु -दर (Standardised Death Rate) का प्रयोग किया जाता हैं दो नगरों की औसत मत्यु -दर की तुलना करने में एक प्रमापित नगर की जनसंख्या को दोनों नगरों के लिये भार मान लिया जाता है। स्थानीय नगर की अलग-अलग प्रति हजार मत्यु -दर को प्रभावित नगर की जनसंख्या से भाग देने पर जो भारित समान्तर माध्य दर ज्ञात होती है वह स्थानीय नगर की प्रमापित या संशोधित मत्यु -दर कहलाती है। सूत्र के रूप में:-

$$\text{S.D.R. (प्रमापित मत्यु -दर)} = \frac{WX}{W}$$

जहां W = प्रमापित जनसंख्या (Standard Population); X = विशेष मत्यु -दर (Specific Death Rate)

स्थानीय नगर की प्रमापित मत्यु -दर और प्रमापित नगर की सामान्य मत्यु दर की आपस में तुलना करके दोनों नगरों की स्वास्थ्य संबंधी का पता लग जाता है क्योंकि दोनों मत्यु -दरों की गणन क्रिया में एक ही नगर की जनसंख्या को भार मानते है जिस नगर की औसत मत्यु -दर कम होती है वह अधिक स्वस्थ माना जाता है। यदि दिये हुए समंकों से यह ज्ञात न हो कि प्रमापित नगर कौन-सा है तो पहले नगर को ही प्रमापित मान लिया जाता है।

विवाह-दरों, जन्म-दरों, बेरोजगारी-दरों, परीक्षाफलों की प्रतिशत आदि के तुलनात्मक अध्ययन में सामान्य एवं प्रमापित दरों के सिद्धान्त का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण 16 : निम्न समंकों के आधार पर यह निर्णय कीजिये कि कौन से शहर के व्यक्ति अधिक स्वस्थ हैं ?

आयु वर्षों में	प्रमापित जनसंख्या शहर 'क'		स्थानीय जनसंख्या शहर 'ख'	
	जनसंख्या	मतकों की संख्या	जनसंख्या	मतकों की संख्या
5 से कम	15,000	360	40,000	1,000
5-30	20,000	400	52,000	1,040
30 से अधिक	10,000	280	8,000	240

हल : शहर 'क' की सामान्य मत्यु -दर तथा शहर 'ख' की प्रमापित मत्यु -दर की परिगणना

	प्रमापित जनसंख्या शहर 'क'				स्थानीय जनसंख्या शहर 'ख'			
आयु (वर्षों में)	जनसंख्या W	मतकों की संख्या	मत्यु दर प्रति हजार X	WX	जनसंख्या X	मतकों की संख्या	मत्यु दर प्रति हजार X	WX
(1)	(2)	(3)	(4)	(5) (2 × 4)	(6)	(7)	(8)	(9) (2 × 8)
5 से कम	15,000	360	24	3,60,000	40,000	1,000	35	3,75,000
5-30	20,000	400	20	4,00,000	52,000	1,040	20	4,00,000
30 से अधिक	10,000	280	28	2,80,000	8,000	240	30	3,00,000
	sW = 45.000			**sWX = 10,40,000**				**sWX = 10,75,000**

शहर 'क' सामान्य मत्यु -दर $= \frac{WX}{W} = \frac{10,40,000}{45,000} = 23.11$

शहर 'ख' सामान्य मत्यु -दर $= \frac{WX}{W} = \frac{10,75,000}{45,000} = 23.89$

उदाहरण 17 : जनसंख्या और बेरोजगारी के निम्नलिखित समंकों से दोनों जनसंख्याओं के लिये सामान्य बेरोजगारी दर एवं स्थानीय जनसंख्या के लिये प्रमापित बेरोजगारी पर निकालिये तथा बताइये कि किस जनसंख्या में रोजगार के अच्छी स्थिति पाई जाती है।

आयु वर्षों में	प्रमापित जनसंख्या		स्थानीय जनसंख्या	
	जनसंख्या	बेरोजगार	जनसंख्या	बेरोजगार
15-30	2,000	125	3,000	120
30-45	3,500	280	3,000	270
45-60	3,000	360	3,500	420
60 से अधिक	1,000	150	500	100

30-45	3,500	280	3,000	270
45-60	3,000	360	3,500	420
60 से अधिक	1,000	150	500	100

हल :

आयु (वर्षों में) (1)	प्रमापित जनसंख्या				स्थानीय जनसंख्या			
	जनसंख्या W (2)	बेरोजगार (3)	बेरोजगारी दर X (4)	WX (5) (2 × 4)	जनसंख्या X (6)	बेरोजगार (7)	बेरोजगारी दर X (8)	WX (9) (2 × 8)
15-30	2,000	125	62.5	1,25,000	3,000	120	40	80,000
30-45	3,500	280	80.0	2,80,000	3,000	270	90	3,15,000
45-60	3,000	360	120.0	3,60,000	3,500	420	120	3,60,000
60 से अधिक	1,000	150	150.0	1,50,000	500	100	200	2,00,000
	ΣW = 9,500			**ΣWX = 9,15,000**				**ΣWX = 9,55,000**

प्रमापित जनसंख्या : सामान्य बेरोजगारी दर $= \frac{WX}{W} = \frac{9,15,000}{9,500} = 93.62$

स्थानीय जनसंख्या : प्रमापित बेरोजगारी दर $= \frac{WX}{W} = \frac{9,55,000}{9,500} = 100.53$

इससे यह स्पष्ट है कि प्रमापित जनसंख्या में रोजगार की अच्छी दशा पायी जाती है।

मध्यका
(Median)

किसी समंक श्रेणी को आरोही (चढ़ते हुए) या अवरोही (गिरते हुए) क्रम में व्यवस्थित करने पर उस श्रेणी के मध्य में जो मूल्य आता है उसे मध्यका कहते हैं। अर्थात् मध्यका स्थिति का माध्य है। कौनर के शब्दों में, ''मध्यका समंक श्रेणी का वह चर-मूल्य है जो समूह को दो बराबर भागों में इस प्रकार बांटता है कि एक भाग में सारे मूल्य मध्यका से अधिक और दूसरे भाग में उससे कम हों।''

उदाहरण के लिए, यदि पांच व्यक्तियों की आय 100, 200, 150, 160, 180 रुपये है तो मध्यका 150 होगा अर्थात् दो व्यक्ति ऐसे हैं जिनकी आय 150 रुपये कम है और व्यक्ति ऐसे हैं जिनकी आय 150 रुपये से अधिक; इस प्रकार मध्यका श्रेणी के बिल्कुल बीच में स्थित होता है और वह मूल्य श्रेणी को दो बराबर भागों में बांट देता है — मध्यका से पहले तथा बाद की आवत्तियां सदा समान रहती हैं। यदि श्रेणी के मदों की संख्या सम या युग्म (Even) है तो उसमें कोई भी मूल्य बीच में नहीं होगा। ऐसी स्थिति में मध्यका निकालने के लिये बीच के दो मूल्यों का औसत निकाल लेते हैं। उदाहरणार्थ, यदि 6 व्यक्तियों की आय 100, 120, 150, 170, 180 तथा 250 रुपये है तो मध्यका 150 और 170 के बीच अर्थात् 160 होगा।

मध्यका का निर्धारण-व्यक्तिगत श्रेणी में
(Calculating Median in Individual Series)

व्यक्तिगत मूल्यों में मध्यका ज्ञात करने के लिये निम्न क्रियायें की जाती हैं :-

(1) सर्वप्रथम, दिये गये मूल्यों को आरोही या अवरोही क्रम में अनुविन्यसित (Arrange) किया जाता है। दोनों क्रमों के अनुसार केन्द्र बिन्दु एक ही होता है। मूल्यों की क्रम संख्यायें (Serial Numbers) भी साथ-साथ लिख देनी चाहिये।

(2) मूल्यों को क्रमबद्ध करने के पश्चात् निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण 18 : 7 कर्मचारियों को दिया हुआ वेतन इस प्रकार है :-

वेतन (रुपयों में) : 1500 1550 1680 1690 1660 1700 1640

मध्यका निकालिये।

हल : **मध्यका परिगणन**

क्रम संख्या में अनुविन्यसित	वेतन आरोही क्रम में अनुविन्यसित	क्रम संख्या	वेतन आरोही क्रम
1	1500	5	1680
2	1550	6	1690
3	1640	7	1700
4	1660		

$$M = \text{Size of } \frac{N \quad 1}{2}\text{th item} = \qquad = 4\text{th item}$$

चौथे पद का मूल्य = 1660

अर्थात् मध्यका मूल्य = 1660 रूपये

उदाहरण 19 : निम्न समंकों से मध्यका मूल्य ज्ञात कीजिये :-

10 व्यक्तियों के वेतन (रूपयों में) : 1391 1384 1591 1407 1672 1522 1777 1733 2488 2390

हल **मध्यका कामपरिगणन**

क्रम संख्या में अनुविन्यसित	समंक आरोही क्रम में अनुविन्यसित	क्रम संख्या	समंक आरोही क्रम
1	1384	6	1672
2	1391	7	1733
3	1407	8	1777
4	1522	9	2390
5	1591	10	2400

$$M = \text{Size of} \qquad \text{th item} = \text{Size of} \qquad = 5.5\text{th item}$$

$$\text{Size of } 5.5\text{th item} = \frac{5\text{th item} + 6\text{th item}}{2} = \frac{1591 \quad 1672}{2} = 1631.5$$

अर्थात् माध्यका मूल्य = 1631.5 रुपये।

विच्छिन्न श्रेणी में मध्यका का निर्धारण

(Calculating Median in Discrete Series)

विच्छिन्न आवत्ति वितरण में मध्यका ज्ञात करने की विधि निम्नलिखित हैं :-

(1) सर्वप्रथम, दिये हुये मूल्यों को आरोही या अवरोही क्रम में अनुविन्यासित किया जाता है।

(2) संचयी आवत्तियां (Cumulative Frequencies) निकालकर श्रेणी को संचयी आवत्ति माला में बदल लिया जाता है।

(3) निम्न सूत्र द्वारा मध्यका की क्रम संख्या ज्ञात कर ली जाती है।

M = Size of th item; जहां N आवत्तियों का योग

(4) मध्यका की क्रम संख्या का मूल्य आवत्ति की सहायता से ज्ञात कर लिया जाता है। जिस संचयी आवत्ति में यह क्रम - संख्या प्रथम बार सम्मिलित होती है उसका मूल्य ही मध्यका होता है।

उदाहरण 20 : निम्न समंकों से मध्यका ज्ञात कीजिये :-

आयु :	20	21	22	23	24	25	26	27	28
कर्मचारियों की संख्या :	8	10	11	16	20	25	15	9	6

हल : **मध्यका का परिगणन**

आयु	आवत्ति	संचयी आवत्तियां
20	8	8
21	10	18
22	11	29
23	16	45
24	20	65
25	25	90
26	15	105
27	9	114
28	6	120

M = Size of th item = Size of = 60.5th item

Size of 60.5 item = 24 अर्थात मध्यका आयु = 24 वर्ष

मध्यका का निर्धारण—अविच्छिन्न श्रेणी में

(Calculating Median in Continuous Series)

अविच्छिन्न श्रेणी में मध्यका ज्ञात करने की प्रणाली निम्नलिखित है :-

(1) सर्वप्रथम, संचयी आवत्तियां ज्ञात की जाती हैं।

(2) निम्न सूत्र द्वारा केन्द्रीय मद ज्ञात किया जाता है।

M = Size of th item

अविच्छिन्न श्रेणी में मध्यका $\frac{N}{2}$th item का ही मूल्य होता $\frac{N \quad 1}{2}$th item का नहीं। यद्यपि कुछ लेखकों ने अविच्छिन्न श्रेणी में का प्रयोग किया है लेकिन ऐसा करना ठीक प्रतीत नहीं होता क्योंकि अविच्छिन्न श्रेणी में आवत्ति वक्र के क्षेत्रफल को ठीक दो भागों में विभाजित करता है $\frac{N \quad 1}{2}$ नहीं।

(3) जिस संचयी आवत्ति में मध्यका की संख्या सबसे पहली बार आती है उससे सम्बन्धित वर्ग को ले लिया जाता है। यह वह वर्ग होता है जिससे मध्यका का ठीक मूल्य निकाला जाता है। इसकी निम्न व उच्च सीमाओं के अंतर्गत ही कही मध्यका होगी।

(4) मध्यका-वर्ग से मध्यका का मूल्य निर्धाति करने के लिये निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

$$M = L + \qquad \times i$$

जहाँ L = मध्यका-वर्ग की निम्न सीमा (Lower Limit of Median Class),

c.f. = मध्यका-वर्ग के पूर्व वाले वर्ग को संचयी आवत्ति (Cumulative Frequency of the Class Preceding the Median Class),

f = मध्यका-वर्ग की आवत्ति (Frequency of the Median Class),

i = मध्यका-वर्ग का वर्गान्तर (Class Interval of the Median Class);

टिप्पणी (Note) : अविच्छिन्न श्रेणी में मध्यका-मूल्य ज्ञात करते समय यह कल्पना की जाती है कि प्रत्येक वर्ग की इकाइयों का उसके पूरे वर्गान्तर में समानरूप से वितरण हुआ है।

उदाहरण 21 : निम्न समंकों से मध्यका तथा भूयिष्ठक ज्ञात कीजिये :-

अनुपस्थित दिनों की संख्या	विद्यार्थियों की संख्या	अनुपस्थित दिनों की संख्या	विद्यार्थियों की संख्या
5 से कम	29	30 से कम	644
10 से कम	224	35 से कम	650
15 से कम	465	40 से कम	653
20 से कम	682	45 से कम	655
25 से कम	634	$\frac{N/2 \quad c.f.}{2 \quad f}$	

हल : **मध्यका का परिगणन**

अनुपस्थित दिनों की संख्या	विद्यार्थियों की संख्या f	*c.f.*
0-5	29	29
5-10	195	224
10-15	241	465
15-20	117	582
20-25	52	634
25-30	10	644
30-35	6	650
35-40	3	653
40-45	2	655

$$M = \text{Size of} \quad \text{th item} = \frac{655}{2} = 327.5\text{th item}$$

अर्थात मध्यका-वर्ग 15-20 है।

L = 10, N/2 = 327.2, *c.f.* = 224, f = 241, i = 5

$$\text{Med.} = 10 + \frac{327.5 \quad 224}{241} \times 5 = 10 + 2.15 = 12.15$$

उदाहरण 22 : निम्न समंकों से मध्यका ज्ञात कीजिये :-

वर्ग अन्तराल	:	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70	70-80	80-90
बारम्बारता	:	4	16	56	97	124	137	146	150

हल : हमें संचयी आवत्ति विवरण दिया है पहले साधारण आवत्ति विवरण बनायें :-

वर्ग अन्तराल	*f*	*c.f.*
10-20	4	4
20-30	12	16
30-40	40	56
40-50	41	97
50-60	27	124
60-70	13	137
70-80	9	146
80-90	4	150

$$\text{Med.} = \text{Size of} \quad \text{th item} = \text{Size of } \frac{150}{2} = 75\text{th item}$$

अर्थात् मध्यका-वर्ग 40-50 है।

$$M = L + \frac{N/2 - c.f.}{f} \times i$$

$L = 40, N/2 = 75, c.f. = 56, f = 41, i = 10$

$$= 40 + \qquad \times 10 = 40 + 4.63 = 44.63$$

मध्यका के गुण व दोष
(Merits and Demerits of Median)

गुण (Merits) :

(1) गुणात्मक तथ्यों (Qualitative Facts) जैसे ईमानदारी, बुद्धिमता, क्षमता आदि का माध्य ज्ञात करने के लिये मध्यका सर्वोत्तम मानी जाती है।

(2) मध्यका को समझना और ज्ञात करना बहुत सरल है।

(3) मध्यका पर चरम मूल्यों या सीमान्त मदों को कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

(4) खुले-सिरे वाली सारणी में मध्यका निकालने के लिये प्रथम वर्ग की निम्नतम सीमा तथा अन्तिम वर्ग की उच्चतम सीमा निश्चित करना आवश्यक नहीं जबकि मध्यका निकालते समय ये सीमायें निश्चित करनी पड़ती हैं।

(5) रेखा-चित्र खींचकर मध्यका मूल्य निर्धारित किया जा सकता है जबकि मध्यक में ऐसा सम्भव नहीं है।

(6) माध्यका एक स्पष्ट और निश्चिम माध्य है; भूयिष्ठक की भांति अनिश्चित नहीं है।

दोष (Demerits) :

(1) मध्यका में बीजगणितीय गुणों का अभाव है इसलिये उच्चतर गणितीय क्रियाओं में इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता। उदाहरणार्थ, मध्यका मूल्य और मदों की संख्या को गुणा करने से सभी मदों के मूल्यों का जोड़ ज्ञात नहीं किया जा सकता।

(2) मध्यका-मूल्य निर्धारित करने से पूर्व मदों को आरोही या अवरोही क्रम में अनुविन्यसति करना पड़ता है जिसमें काफी समय लगता है।

(3) अविच्छिन्न श्रेणी में मध्यका ज्ञात करते समय मान्यता की जाती है कि प्रत्येक वर्ग में आवत्तियां समान रूप से वितरित है लेकिन यह मान्यता सदैव सत्य नहीं होती।

(4) मध्यका-मूल्य निकालते समय श्रेणी के सभी मदों को समान महत्व दिया जाता है।

विभाजन-मूल्य
(Partition Values)

ऊपर कुछ पष्ठों में मध्यका का वर्णन किया गया है जो श्रेणी को दो बराबर भागों में बांटता है। माध्यका के सिद्धान्त के आधार पर समंकमाल को चार, पांच, आठ, दस या सौ बराबर भागों में बांटा जा सकता है। समंक श्रेणी को अनेक भागों में बांटने वाले मूल्यों के विभाजन-मूल्य (Partition Values) कहते हैं। चार बराबर भागों में बांटने वाले मूल्य चतुर्थक (Quartiles) पांच, भागों में बांटने वाले मूल्य पंचमक (Quantiles) आठ भागों में बांटने वाले अष्टमक (Octiles) दस भागों में बांटने वाले मूल्य दशमक (Deciles) तथा सौ बराबर भागों में बांटने वाले मूल्य शतमक (Percentile) कहलाते हैं। जिस प्रकार एक बिन्दु श्रेणी को दो बराबर भागों में बांटता है उसी प्रकार तीन बिन्दु चार भागों में, 9 बिन्दु दस भागों में बांटेंगे, आदि, अर्थात् एक समंकमाला में 3 चतुर्थक, 7 अष्टमक, 9 दशमक तथा 99 शतमक होते हैं। मध्यका-मूल्य द्वितीय चतुर्थक, चौथे अष्टमक, 5वें दशमक तथा 50 वें शतमक के मूल्य बराबर होता है। (Med. = $Q_2 = Q_4 = D_5 = P_{50}$)। विभाजन मूल्यों में चतुर्थक तथा शतमक अधिक महत्वपूर्ण है। इनसे समंक श्रेणी की रचना का आभास हो जाता है। अपकिरण (Dispersion) तथा विषमता (Skewness) ज्ञात करते समय इन मूल्यों का प्रयोग होता है।

विभाजन मूल्यों का निर्धारण (Determination of Partition Values) : मध्यका नियम के आधार पर ही विभाजन-मूल्यों का निर्धारण किया जाता है व्यक्तिगत तथा विच्छिन्न श्रेणी में इन मूल्यों को ज्ञात करने के लिये (N + 1) को उस अंक से भाग दिया जाता है जितने भागों में मूल्य श्रेणी को बांटते हैं। इस प्रकार जो मद संख्या निश्चित होती है उसका मूल्य समंक श्रेणी में देख लिया जाता है। अविच्छिन्न श्रेणी में $\left(\frac{N}{2}+\frac{1}{2}\right)$ के स्थान पर $\frac{N}{2}$ का प्रयोग होता है।

Q_1 = Size of $\left(\frac{N}{4}+\frac{1}{4}\right)$th item – व्यक्तिगत तथा विच्छिन्न श्रेणी में

Q_2 = Size of $2\left(\frac{N}{4}+\frac{1}{4}\right)$the item – व्यक्तिगत तथा विच्छिन्न श्रेणी में

Q_3 = Size of $3\left(\frac{N}{4}+\frac{1}{4}\right)$th item – व्यक्तिगत तथा विच्छिन्न श्रेणी में

Q_1 = Size of $\frac{N}{4}$th item अविच्छिन्न श्रेणी में

Q_3 = Size of $\frac{3N}{4}$th item अविच्छिन्न श्रेणी में

Q_1 = Size of $\left(\frac{N}{4}+\frac{1}{4}\right)$th item – व्यक्तिगत तथा विच्छिन्न श्रेणी में

D_4 = Size of $4\left(\frac{N+1}{10}\right)$th item – व्यक्तिगत तथा विच्छिन्न श्रेणी में

D_6 = Size of $\frac{6N}{10}$th item – अविच्छिन्न श्रेणी में

P_{20} = Size of 20 $\left(\frac{N+1}{100}\right)$th item – व्यक्तिगत तथा विच्छिन्न श्रेणी में

D_6 = Size of $\frac{60N}{100}$th item – अविच्छिन्न श्रेणी में

निम्न उदाहरण द्वारा विभाजन-मूल्यों की गणन-क्रिया स्पष्ट हो जायेगी।

उदाहरण 23 : (*i*) निम्न समंकों से प्रथम व ततीय चतुर्थक (Q_1 तथा Q_3) के मूल्य ज्ञात कीजिये।

7 व्यक्तियों के वेतन (रुपयों में) : 600 620 700 580 560 650 780

हल : सर्वप्रथम, इन समंकों को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये।

क्रम संख्या	वेतन (रुपयों में)	क्रम संख्या	वेतन (रुपयों में)
1	560	5	650
2	580	6	700
3	600	7	780
4	620		

Q_1 = Size of $\frac{N+1}{4}$th item = $\frac{7+1}{4}$ = 2nd item

= Size of 2nd item = 580 अर्थात् Q_1 = 580 रू.

Q_3 = Size of $3\left(\frac{N+1}{4}\right)$th item = $\frac{3 \quad 8}{4}$ = 6th item

= Size of 6th itme = 700 अर्थात् Q_3 = 700 रू.

(*ii*) निम्न समंकों से मध्यका, प्रथम व ततीय चतुर्थक , आठवां दशमक तथा बीसवां शतमक ज्ञात कीजिये।

10 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक : 32 12 30 18 11 41 35 26 22 14

हल : सर्वप्रथम, दिये हुए समंकों को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये :-

क्रम संख्या	अंक	क्रम संख्या	अंक
1	11	6	26
2	12	7	30
3	14	8	32
4	18	9	35
5	22	10	40

M = Size of th item = = 5.5th item

Size of 5.5th item = = $\frac{22 \quad 26}{2}$ = 24 अंक

Q_1 = Size of th item = = 2.75 item

Size of 2.75th item = 2nd item + 0.75 (Size of 3rd item – Size of 2nd item)
= 12+ 0.75 (14 – 12) = 13.5 अंक

Q_1 = Size of 3 th item = $\frac{3 \quad 11}{4}$ = 8.25 item

Size of 8.25th item = 8th item + 0.25 (Size of 9th item – Size of 8th item)
= 32 + 0.25 (35 – 32) = 32.75 अंक

D_8 = Size of 8 th item = $\frac{8 \quad 11}{10}$ = 8.8th item

Size of 8.8th item = 8th item + 0.8 (Size of 9th item – Size of 8th item)
= 32 + 0.8 (35 – 32) = 34.4 अंक

P_{20} = Size of 20 th item = $\frac{20 \quad 11}{100}$ = 2.2th item

Size of 2.2th item = 2nd item + 0.2 (Size of 3rd item – Size of 2nd item)
= 12 + 0.2 (14 – 12) = 12 + 0.4 = 12.4 अंक

उदाहरण 24 : निम्न समंकों से प्रथम ततीय , चतुर्थक, छठे, दशमत तथा 70वें शतमक के मूल्य ज्ञात कीजिये :-

अंक	**:**	10	20	30	40	50	60
विद्यार्थियों की संख्या	**:**	4	10	20	8	6	3

हल : **Q_1, Q_3, D_6 तथा P_{70} की गणना का परिगणन**

अंक	विद्यार्थियों की संख्या f	संचयी आवत्ति
10	4	4
20	10	14
30	20	34
40	8	42
50	6	48
60	3	51

Q_1 = Size of th item = $\frac{51 \quad 1}{4}$ = 13th item

Size of 13th item = 20 अर्थात Q_1 = 20 अंक

Q_3 = Size of 3 th item = $\frac{3 \quad 52}{4}$ = 39th item

Size of 39th item = 40 अर्थात् Q_3 = 40 अंक

D_6 = Size of 6 th item = $\frac{6 \quad 52}{10}$ = 31.2th item

Size of 31.2th item = 30 अर्थात् D_6 = 30 अंक

$$P_{70} = \text{Size of } 70 \qquad \text{th item} = \frac{70 \quad 52}{100} = 36.4\text{th item}$$

$$\text{Size of } 36.4\text{th item} = 40\text{th अर्थात् } P_{70} = 40 \text{ अंक}$$

उदाहरण 25 : निम्न समंकों से प्रथम तथा ततीय चतुर्थक , 6वें दशमक (D_6) तथा 80वें शतमक (P_{80}) के मूल्य ज्ञात कीजिये:-

अंक	आवत्ति	अंक	आवत्ति
0-10	10	40-50	90
10-20	25	50-60	40
20-30	35	60-70	30
30-40	70		

हल : **Q_1, Q_3, D_6 तथा P_{80} के मूल्यों का परिगणन**

अंक	विद्यार्थियों की संख्या *f*	संचयी आवत्ति *c.f.*
0-10	10	10
10-20	25	35
20-30	35	70
30-40	70	140
40-50	90	230
50-60	40	270
60-70	30	300

प्रथम चतुर्थक

$$Q_1 = \text{Size of} \quad \text{th item} = \frac{300}{4} = 75\text{th item}$$

अर्थात् Q_1 30-40 के वर्ग में स्थित है।

$$Q_1 = L + \frac{N/2 \quad c.f.}{f} \times i$$

L = 30, N/4 = 75; *c.f.* = 70; *f* = 70, *i* = 10

$$Q_1 = 30 + \qquad \times 10 = 30 + 0.714 = 30.714$$

$$Q_3 = \text{Size of } \frac{3N}{4} \text{th item} = \frac{3 \quad 300}{4} = 225\text{th item}$$

अर्थात् तुतीय चतुर्थक वर्ग = 40-50 है।

$$Q_3 = L + \qquad \times i$$

L = 40, 3N/4 = 225; *c.f.* = 140; *f* = 90; *i* = 10

\ $Q_1 = 40 + \qquad \times 10 = 40 + 9.45 = 48.45$

$D_6 =$ Size of (6N/10th) item = $\qquad = 180$th item

अर्थात् D_6 40-50 वर्ग में स्थित है।

$D_6 = L + \qquad \times i$

L = 40, 6N/10 = 180; *c.f.* = 140; *f* = 90; *i* = 10

$$D_6 = 40 + \frac{180 \quad 140}{90} \times 10 = 40 + 4.44 = 44.44$$

$P_{80} =$ Size of $\qquad$ th item $= \frac{8 \quad 300}{100} = 240$th item

अर्थात् P_{80} वर्ग 50-60 में स्थित है।

$P_{80} = L + \qquad \times i$

L = 50, 80N/100 = 240; *c.f.* = 230; *f* = 40; *i* = 10

$$P_{80} = 50 + \frac{240 \quad 230}{40} \times 10 = 50 + 2.5 = 52.5$$

बिन्दुरेखीय पद्धति द्वारा मध्यका तथा अन्य विभाजन मूल्यों का निर्धारण
(Determination of Median, Quartiles, etc. Graphically)

बिन्दुरेखीय पद्धति द्वारा मध्यका की गणना दो प्रकार से की जाती है :'

(1) बिन्दुरेखीय पत्र पर दो 'आगिव वक्र' (Ogive Curves) एक ऊपरी सीमाओं तथा बढ़ती हुई संचयी आवत्ति के आधार पर ('Less Than' Ogive) तथा दूसरी निचली सीमाओं और घटती संचयी आवत्तियों के आधार पर ('More Than' Ogive) बनाइये जिस बिन्दु पर ये दोनों वक्र मिलते हैं वहां से एक लम्ब (Perpendicular) X-अक्ष पर डालिए। यह लम्ब जिस स्थान पर X-अक्ष से मिलता है वही मध्यका मूल्य है।

(2) एक ही ओगिव वक्र बिन्दुरेखीय पत्र पर दिखाई जाती है जिससे मध्यका ज्ञात जाता है। चर को X-अक्ष पर तथा आवत्तियों को Y-अक्ष पर लिया जाता है। N/2 के आधार पर मध्यका की संख्या निकाल ली जाती है। इस मूल्य को Y-अक्ष पर देखा जाता है और वहां से 'ओजाइव वक्र' पर एक लम्ब डाला जाता है। जिस बिन्दु पर यह लम्ब 'ओगिव वक्र' को मिलाता है वहां से एक लम्ब X-अक्ष पर डाला जाता है। इस लम्ब के स्पर्श-बिन्दु का मूल्य पढ़ लिया जाता है। यही मूल्य मध्यका-मूल्य होगा। इस पद्धति द्वारा चतुर्थक, दशमक तथा अन्य विभाजन मूल्य भी ज्ञात किये जा सकते हैं। निम्न उदाहरण द्वारा ये दोनों विधियां स्पष्ट हो जायेगी :-

उदाहरण 26 : निम्न समंकों से बिन्दुरेखीय पद्धति द्वारा माध्यका ज्ञात कीजिये :-

वेतन (रुपयों में)	मजदूरों की संख्या *f*	वेतन (रुपयों में)	मजदूरों की संख्या *f*
20-40	4	100-120	12
40-60	6	120-140	7
60-80	10	140-160	3
80-100	16		

हल : **प्रथम रीति-मध्यका का निर्धारण**

मजदूरी इतने रू. से कम	मजदूरों की संख्या	मजदूरी इतने रू. से अधिक	मजदूरों की संख्या
40	4	20	58
60	10	40	54
80	20	60	48
100	36	80	38
120	48	100	22
140	55	120	10
160	58	140	3

बिन्दुरेखीय पत्र पर इन समंकों को इस प्रकार प्रस्तुत करेंगे :-



दूसरी रीति : $M = \text{Size of } \quad \text{th item} = \frac{58}{2} = 29\text{th item}$

एक ही वक्र 'Less Than' Method से बनाई जायेगी और आवत्ति वाले अक्ष पर अर्थात Y-अक्ष पर 29 से एक लम्ब इस वक्र पर डाला जायेगा। जिस जगह यह लम्बाई इस वक्र को काटेगा वहां से एक और लम्ब X-अक्ष पर डालेंगे। यह लम्ब जिस स्थान पर X-अक्ष में मिलेगा वहीं मध्यका मूल्य होगा जैसा कि निम्न चित्र से विदित है :-



उदाहरण 27 : सांख्यिकी की एक परीक्षा में 60 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक इस प्रकार है :-

75	86	66	86	50	66	78	79	68	60	80	83
87	79	80	77	81	92	57	52	58	82	72	95
66	60	84	80	79	62	80	88	58	84	96	87
72	65	79	80	86	68	76	41	80	40	63	90
83	94	76	66	74	76	68	42	59	75	35	80

एक आवत्ति वितरण बनाइये जिसमें वर्ग 30-39, 40-49 आदि हों। इस आवत्ति से एक वक्र बनाइयें और मध्यका ज्ञात कीजिये।

हल : 60 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों का आवत्ति वितरण

अंक	मिलान रेखायें	आवत्ति	संचयी आवत्ति
30-39	𝍸	1	1
40-49	𝍸	3	4
50-59	𝍸 𝍸	6	10
60-69	𝍸 𝍸 𝍸	12	22
70-79	𝍸 𝍸 𝍸	14	36
80-89	𝍸 𝍸 𝍸 𝍸	19	55
90-99	𝍸	5	60
		योग 60	

$$M = \text{Size of } \frac{N}{2}\text{th item} = \frac{60}{2} = 30\text{th item}$$

निम्नांकित चित्र द्वारा यह स्पष्ट है कि मध्यका का मूल्य 75.5 है।

उदाहरण 28 : निम्नलिखित आवत्ति से एक संचयी आवत्ति वक्र बनाइये मध्यका और दोनों चतुर्थकों का मूल्य ज्ञात कीजिये।

अंक	विद्यार्थियों की संख्या	अंक	विद्यार्थियों की संख्या
0-5	4	20-25	25
5-10	6	25-30	22
10-15	10	30-35	18
15-20	10	35-40	5

हल : संचयी आवत्ति वक्र से मध्यका तथा चतुर्थकों का परिगणन

अंक (इतने से कम)	विद्यार्थियों की संख्या (f)	*c.f.*
5	4	4
10	6	10
15	10	20
20	10	30
25	25	55
30	22	77
35	18	95
40	5	100

$$M = \text{Size of } \frac{N}{2}\text{th item} = \frac{117}{2} = 58.35\text{th items}$$

चित्र से स्पष्ट है कि मध्यका का मूल्य 37 है।

$$Q_1 = \text{Size of } \frac{N}{4}\text{th item} = \frac{117}{4} = 29.25\text{th item}$$

चित्र से स्पष्ट कि प्रथम चतुर्थक का मूल्य 24.5 है।

$$Q_3 = \text{Size of } \frac{3N}{4}\text{th} = \frac{3 \quad 117}{4} = 87.75\text{th item}$$

चित्र से स्पष्ट है कि ततीय चतुर्थक का मूल्य 48 है।



भूयिष्ठक (Mode)

'Mode' शब्द की उत्पत्ति फ्रेंच भाषा के 'La Mode' से हुई जिसका अर्थ है रिवाज। सांख्यिकी में भूयिष्ठक उस मान को कहते हैं जो समंक माला में सबसे अधिक बार आता है अर्थात् जिसकी आवत्ति श्रेणी में सबसे अधिक हो Zizek ने भूयिष्ठक की परिभाषा इस प्रकार दी है :-

''मदों की किसी श्रेणी (या समूह) में सबसे अधिक बार आने वाला मान और जिसके चारों ओर दूसरे मद सबसे घने रूप में विपरित होते है।''**

क्रॉक्सटन व कॉउडेन के मतानुसार, ''किसी वितरण का भूयिष्ठक मूल्य वह है जिसके चारों ओर दूसरे मद सर्वाधिक केन्द्रित हों। वह मूल्यों की श्रेणी में सर्वाधिक प्रतिरूप माना जा सकता है।'' *** इन दोनों परिभाषाओं से स्पष्ट है कि भूयिष्ठक वह मूल्य है जिसकी आवत्ति सबसे अधिक हो। भूयिष्ठक को सर्वाधिक घनत्व की स्थिति या मूल्यों के अधिक केन्द्रीकरण का बिन्दु भी कहा जाता है। निम्न उदाहरण द्वारा भूयिष्ठक का अर्थ स्पष्ट हो जायेगा।

कॉलर का नाम (सेंमी. में)	**:**	25	28	30	32	35	38
व्यक्तियों की संख्या	**:**	13	15	26	28	24	10

उपर्युक्त उदाहरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि भूयिष्ठक 32 सेंमी. है क्योंकि सबसे अधिक व्यक्ति अर्थात 28 व्यक्ति इस नाप का कॉलर पहनते हैं।

व्यक्तिगत श्रेणी में भूयिष्ठक का निर्धारण
(Determination of Mode in Individual Series)

व्यक्तिगत श्रेणी में भूयिष्ठक ज्ञात करने के लिये या निश्चित करना पड़ता है कि कौन-सा मद सबसे अधिक श्रेणी में आ रहा है — जो मद सबसे अधिक बार आता है उसे भूयिष्ठक कहते हैं। निम्न उदाहरण द्वारा गणन-क्रिया स्पष्ट हो जायेगी :

उदाहरण 29 : निम्न समंकों से भूयिष्ठक ज्ञात कीजिये :-

10 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक

क्रम संख्या	प्राप्तांक	क्रम संख्या	प्राप्तांक
1	10	6	27
2	27	7	20
3	24	8	18
4	12	9	15
5	27	10	30

* "The value of the variable which occurs most frequently in a distribution is called the mode."

** "The value occuring most frequently in a series (or group) of item and around which the other items are distributed most desely."

*** "The mode of a distribution is the value at the point around which the items tend to be most heavily concentrated. It may be regarded as the most typical of a series *pf* values."

हल : **भूयिष्ठक का निर्धारण**

प्राप्तांक	आवत्ति	प्राप्तांक	आवत्ति
10	1	20	1
12	1	24	1
15	1	27	3
18	1	30	1

क्योंकि अंक 27 श्रेणी में सबसे अधिक बार (अर्थात् 3 बार) आया है इसलिये भूयिष्ठक 27 है।

टिप्पणी : गणन-क्रिया से यह विदित है कि व्यक्तिगम श्रेणी में भूयिष्ठक निकालने के लिये पहले उसे खंडित श्रेणी में बदलना पड़ता है।

यदि दो या दो से अधिक चर-मूल्यों की आवत्तियों अधिकतम हों तो यह कहना कठिन हो जाता है कि भूयिष्ठक कौन -सा है क्योंकि श्रेणी, में उतने ही भूयिष्ठक होगें जितनी अधिकतम आवत्तियां हैं। ऐसी समंकमालायें दो -भयिष्ठक वाली तीन-भूयिष्ठक वाली (Tri-model) या अनेक-भूयिष्ठक वाली (Multi-model) श्रेणियां कहलाती हैं। ऐसी परिस्थिति में भूयिष्ठक निकालने के लिये निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है :-

(Mode = 3 Median – 2 Mean)

उदाहरण 30 : 10 व्यक्तियों द्वारा प्राप्त मासिक वेतन इस प्रकार हैं :-

वेतन (रु. में) : 1600 1620 1630 1620 1630 1620 1630 1620 1640 1650

भूयिष्ठक ज्ञात कीजिये।

हल : भूयिष्ठक का निर्धारण

वेतन	आवत्ति	वेतन	आवत्ति
1600	1	1640	2
1620	3	1650	1
1630	3		
1630	3		

क्योंकि 1620 और 1630 दोनों मूल्यों की समान अधिकतम आवत्तियां हैं यह कहना है कठिन कि भूयिष्ठक 1620 है या 1630।

भूयिष्ठक का अनुमान ऐसी परिस्थिति में निम्न सूत्र द्वारा लगाया जाता है :-

Z = 3 median – 2 mean

भूयिष्ठक का निर्धारण

वेतन आरोही क्रम में अनुविन्यसित	वेतन आरोही क्रम में अनुविन्यसित
1600	1630
1620	1630
1620	1640
1620	1640
1630	1650

$$M = \text{Size of } \frac{N}{2}\text{th item} + \frac{1}{2}\text{th item} = \frac{5\text{th item} + 6\text{th item}}{2} = 5.5\text{th item}$$

$$= \frac{1630 + 1630}{2} = 1630$$

$$= \frac{X}{N} = \frac{16280}{10} = 1628 \text{ रू.}$$

$$\text{Mode} = (3 \times 1630) - (2 \times 1628) = 4890 - 3256 = 1634 \text{ रू.}$$

अर्थात् भूयिष्ठक-मूल्य = 1634 रू.

विच्छिन्न श्रेणी में भूयिष्ठक का निर्धारण

(Determination of Mode in Discrete Series)

विच्छिन्न श्रेणी में भूयिष्ठक ज्ञात करने की दो रीतियां हैं :- (*i*) निरीक्षण रीति (Inspection Method), तथा (*ii*) समूहीकरण रीति (Grouping Method)।

(*i*) **निरीक्षण रीति (Inspection Method) :** विच्छिन्न श्रेणी में केवल निरीक्षण द्वारा भूयिष्ठक ज्ञात किया जा सकता है लेकिन यह तभी सम्भव है जब आवत्तियां नियमित हों अर्थात् श्रेणी के आरम्भ में आवत्तियां निरन्तर बढ़ती रहें , अधिकतम आवत्ति लगभग केन्द्र में हो और उसके बाद आवत्तियां फिर निरन्तर घटने लगे। ऐसे समूह में अधिकतम आवत्ति बिल्कुल स्पष्ट होती है। निरीक्षण द्वारा उसका मूल्य ज्ञात कर लिया जाता है। निम्न उदाहरण से यह रीति स्पष्ट हो जायेगी :-

उदाहरण 31 : निम्न सारणी 50 व्यक्तियों की आयु प्रदर्शित करती है। भूयिष्ठक ज्ञात कीजिये :-

आयु (वर्ष में)	आवत्ति f	आयु (वर्ष में)	आवत्ति f
20	4	23	18
21	6	24	7
22	12	25	3

हल : उपर्युक्त सारणी में आवत्तियां नियमित हैं अत : निरीक्षण द्वारा भूयिष्ठक ज्ञात किया जा सकता है। श्रेणी का निरीक्षण करने से पता लगता है कि अधिकतम आवत्ति 18 है जिसका मान 23 है अर्थात् भूयिष्ठक आयु 23 वर्ष है।

(*ii*) **समूहीकरण रीति (Grouping Method) :** जहां आवत्तियों में अनियमितता (Irregularity) हो वहां निरीक्षण द्वारा भूयिष्ठक ज्ञात करना कठिन है। कभी-कभी दो या दो से अधिक मूल्यों की आवत्ति सबसे अधिक होती है और यह निश्चित करना कठिन होता है कि मद को भूयिष्ठक माना जाये। सर्वाधिक आवत्ति एक होने पर पता भी भूयिष्ठक मद सर्वाधिक आवत्ति वाला न होकर दूसरा हो सकता है। भूयिष्ठक का ठीक लगाने के लिये समूहीकरण रीति (Grouping Method) का प्रयोग किया जाता है। जब यह रीति प्रयोग में लाई जाती है तो दो सारणियां बनाई जाती हैं, जो इस प्रकार हैं : (1) सामूहीकरण सारणी (Grouping Table) तथा (2) विश्लेषण (Analysis Table)।

इन दोनों सारणियों के आधार पर भूयिष्ठक ज्ञात किया जाता है।

(1) समूहीकरण सारणी (Grouping Table) : समूहीकरण का उद्देश्य अनियमित आवत्ति वाले वितरण में आवत्तियों का सर्वाधिक घनत्व निश्चित करना होता है। समूहीकरण सारणी बनाने की क्रिया इस प्रकार है :-

एक सारणी बनाई जाती है जिसमें चर-मानों के अतिरिक्त 6 स्तम्भ होते हैं। इन स्तम्भों में आवत्तियों का दो -दो और तीन-तीन के समूहों में समूहन (Grouping in two'o and three's) निम्न क्रम से किया जाता है :-

(*i*) **प्रथम स्तम्भ :** प्रथम स्तम्भ में प्रश्न में दी हुई आवत्तियां होती हैं। इन आवत्तियों में से अधिकतम आवत्ति को चिन्हित किया जाता है।

(*ii*) **द्वितीय स्तम्भ :** दूसरे स्तम्भ में प्रथम स्तम्भ में दी हुई पहली दो आवत्तियों का योग , फिर इसके आगे वाली दो आवत्तियों का योग , और इसी प्रकार अन्त तक दो-दो आवत्तियों का योग लिया जाता है। *

(*iii*) **ततीय स्तम्भ :** प्रथम स्तम्भ में दी हुई आवत्तियों में से पहले वाली आवत्ति को छोड़कर दो -दो आवत्तियों के योग लिये जाते हैं।*

(*iv*) **चतुर्थ स्तम्भ :** प्रथम स्तम्भ में दी हुई आवत्तियों में से पहली तीन आवत्तियों का योग , फिर आगे की तीन आवत्तियों का योग और इसी प्रकार आगे भी तीन -तीन आवत्तियों का योग लेते हैं। *

(*v*) **पंचम स्तम्भ :** प्रथम स्तम्भ में दी हुई आवत्तियों में से पहली आवत्ति को छोड़ कर अगली तीन आवत्तियों का योग , फिर अगली तीन आवत्तियों का योग और इसी प्रकार अगले भी तीन -तीन आवत्तियों का योग लेते हैं। *

(*vi*) **षष्ठम स्तम्भ :** प्रथम स्तम्भ में दी हुई आवत्तियों में से प्रथम आवत्तियों को छोड़कर अगली तीन आवत्तियों का योग और इसी प्रकार आगे तीन-तीन आवत्तियों का योग लेते हैं।

* यह याद रखना अत्यन्त आवश्यक है कि समूहन (Grouping) केवल आवत्तियों का ही होता है , चर (Variable) का नहीं।

उपयुक्त स्तम्भों में समूहीकरण की संख्यायें लिखने के बाद प्रत्येक खाने की सबसे बड़ी संख्या को मोटे अक्षरों में वत्त में लिख दिया जाता है ताकि वह अन्य संख्याओं से भिन्न लगे और सुगमता से पहचानी जा सके।

(2) विश्लेषण सारणी (Analysis Table) : यह सारणी उप अधिकतम आवत्तियों (Maximum Frequencies) के आधार पर बनाई जाती है जिन्हें उपयुक्त समूहीकरण वाली सारणी में रंखांकित (Underline) किया गया है या वत्त में लिखा गया है इस सारणी में छहों स्तम्भों के सामने अधिकतम आवत्तियों के चर -मूल्यों पर चिन्ह लगाकर उनकी गणना कर ली जाती है जिस मूल्य के सामने सबसे अधिक चिन्ह होते हैं वही भूयिष्ठक मूल्य होता है। विश्लेषण सारणी का प्रारूप नहीं दिया गया है :-

विश्लेषण सारणी का प्रारूप

स्तंभ संख्या	चल के मान						
I							
II							
III							
IV							
V							
VI							
योग							

उदाहरण 32 : निम्नलिखित समंकमाला से समूहीकरण रीति द्वारा भूयिष्ठक ज्ञात कीजिये :-

चर	**:**	40	44	48	52	56	60	64	68	72	76
आवत्ति	**:**	10	12	14	20	15	20	18	10	8	4

हल : भूयिष्ठक का निर्धारण (समूहीकरण सारणी)

	I	II	III	IV	V	VI
40	10					
44	12	22				
48	14		26	36		
52	20	34			46	
56	15					49
60	20	35	35			
64	18			46		
68	10	38			46	
72	8		55			
76	4	28				
				53		
		18			53	
			36			
		12				48
				22		
					52	

विश्लेषण सारणी

स्तम्भ संख्या	चर मूल्यसंख्या									
	40	**44**	**48**	**52**	**56**	**60**	**64**	**68**	**72**	**76**
I				1		1				
II					1	1				
III						1	1			
IV				1	1	1				
V					1	1	1			
VI			1	1	1					
योग			**1**	**3**	**4**	**5**	**2**			

अर्थात् सारणी से यह स्पष्ट है कि चर मूल्य 60 सबसे अधिक (पांच) बार आया है अर्थात् यही भूयिष्ठक मूल्य है।

अविच्छिन्न श्रेणी में भूयिष्ठक का निर्धारण
(Determination of Mode in Continuous Series)

अविच्छिन्न श्रेणी में भूयिष्ठक ज्ञात करने के लिये सर्वप्रथम भूयिष्ठक (Mode Group) का निश्चय करना पड़ता है। यदि आवत्तियां नियमित हैं तो निरीक्षण द्वारा हो। भूयिष्ठक वर्ग का पता चल जाता है अन्यथा समूहीकरण रीति द्वारा भूयिष्ठक वर्ग निर्धारित किया जाता है। भूयिष्ठक वर्ग से यह निश्चित हो जाता है कि माध्य इसी वर्ग की निम्नतम तथा उच्चतम सीमा के बीच में है। सीमाओं के अंतर्गत भूयिष्ठक का मूल्य निर्धारित करने के लिये निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है :-

$$M_0 = L + \frac{1}{i \quad 2} \times i$$

L = भूयिष्ठक वर्ग की निम्न सीमा (Lower limit of the modal class) $D_i = f_1 - f_0$ (ignoring the signs)

f_1 = भूयिष्ठक वर्ग की आवत्ति (Frequency of the Modal Class)

f_0 = भूयिष्ठक वर्ग से पहले वर्ग की आवत्ति (Frequency of the Class Preceeding the modal class)

$D_2 = f_1 - f_2$ (ignoring the signs)

f_2 = भूयिष्ठक वर्ग के बाद वाले वर्ग की आवत्ति (Frequency of the class succeeding the modal class)

i = भूयिष्ठक वर्ग का वर्गान्तर (Class interval of the modal class)

उपयुक्त सूत्र को इस प्रकार भी लिखा जा सकता है :-

$$M_0 = L + \frac{f_1 \quad f_0}{2f_1 \quad f_0 \quad f_2} \times i$$

टिप्पणी : उपर्युक्त सूत्रों का प्रयोग करते समय यह ध्यान रखना चाहिये कि भूयिष्ठक वर्ग तथा भूयिष्ठक से पहले वाले और बाद वाले वर्गों के वर्गान्तर समान हैं। यदि वर्गान्तर समान नहीं हैं तो पहले उन्हें समान कर लेना चाहिये।

उदाहरण 33 : निम्नलिखित सूचना को एक साधारण आवत्ति -वितरण में परिवर्तित कीजिये और उससे भूयिष्ठक ज्ञात कीजिये:-

5 विद्यार्थी	3 से कम अंक प्राप्त करते हैं।
12 विद्यार्थी	6 से कम अंक प्राप्त करते हैं।
25 विद्यार्थी	9 से कम अंक प्राप्त करते हैं।
30 विद्यार्थी	12 से कम अंक प्राप्त करते हैं।

हल : भूयिष्ठक का निर्धारण

अंक	विद्यार्थियों की संख्या (f)
0-3	5
3-6	7
6-9	13
9-12	5
योग	**30**

(*i*) इस बंटन का आयत चित्र बनाइयें और भूयिष्ठक ज्ञात कीजिये।

(*ii*) संचयी आवत्ति वक्र बनाइये और मध्य के 50% विद्यार्थियों की अंक सीमायें ज्ञात कीजिये।

हल : आयत चित्र बनाने से पहले वर्गों की वास्तविक सीमायें ज्ञात करें, जो इस प्रकार होंगी 2935-3435, 34.5-39.5 आदि।



एक उपयुक्त माध्य का चुनाव
(Choice of a Suitabe Average)

ऊपर पांच विभिन्न प्रकार के माध्यों का उल्लेख किया गया है। अब प्रश्न यह उठता है कि किस परिस्थिति में कौन-से माध्य का प्रयोग किया जाये। कोई भी माध्य प्रत्येक स्थिति में उपयुक्त नहीं होता। इसलिये ठीक माध्य का चुनाव न होने पर परिणाम भ्रामक होंगे। माध्य का चुनाव अधिकांशत: निम्न दो बातों पर निर्भर करता है :-

(1) माध्य का उद्देश्य, तथा

(2) दिये हुए समंकों की प्रकृति।

एक उपयुक्त माध्य का चुनाव नीचे दिये गये विभिन्न माध्यों के विशेष उपयोगों को ध्यान में रखकर करना चाहिये :-

समान्तर माध्य (Arithmetic Mean) : इसमें एक आदर्श माध्य के लगभग सभी गुण पाये जाते हैं इसलिये व्यापार में इस माध्य का सबसे अधिक प्रयोग होता है। केवल उन परिस्थितियों को छोड़कर जिनमें किसी अन्य माध्य के प्रयोग का विशेष लाभ हो, बाकि सभी स्थितियों में समान्तर माध्य का प्रयोग किया जाना चाहिये। आर्थिक सामाजिक समस्याओं के अध्ययन के लिये अधिकतम माध्य का ही प्रयोग किया जाता है। निर्यात, आयत, लागत, उत्पादन, उपभाग, आदि की केन्द्रीय प्रवत्ति का विश्लेषण समान्तर माध्य के प्रयोग द्वारा ही उचित रूप से किया जा सकता है। यदि समंकमाला में विभिन्न मदों का अलग-अलग सापेक्षिक महत्व हो तो भारित समान्तर माध्य उपयुक्त होता है।

मध्यका (Median) : खुले सिरे वाले आवत्ति -वितरण में माध्य निकालते समय मध्यका का विशेष स्थान है। गुणात्मक प्रकृति के समंकों का माध्य निकालने समय मध्यका का प्रयोग लाभप्रद है। उदाहरणार्थ, ईमानदारी, योग्यता, विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर आदि का अध्ययन करते समय मध्यका अधित उचित है।

भूयिष्ठक (Mode) : यह ज्ञात करने के लिये कि किसी श्रेणी में सबसे अधिक बार कौन-सा मूल्य पाया जाता है, भूयिष्ठक का प्रयोग उचित होता है। ऋतु-विज्ञान, जीव-शास्त्र, व्यापार व उद्योग के क्षेत्र मे विभिन्न समस्याओं का अध्ययन करने के लिये भूयिष्ठक बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ है। उदाहरणार्थ, 'कॉलर का माध्य आकार', 'जूतों का माध्य आकार', 'तैयार कपड़ों का माध्य आकार', 'प्रति व्यक्ति या प्रति मशीन औसत उत्पादन', आदि ज्ञात करते समय भूयिष्ठक का प्रयोग अधित उचित है।

गुणोत्तर माध्य (Geometric Mean) गुणोत्तर माध्य उन परिस्थितियों में अधिक उचित हैं जहाँ श्रेणी के मूल्यों में अत्यधिक असमानता हो या तथ्यों में होने वाले सापेक्ष अपरिवर्तनों का अध्ययन करना हो। प्रतिशतों, अनुपातों व चक्रवद्धि दरों की औसत इसी माध्य द्वारा निकाली जाती है। सूचकांकों की रचना तथा जनसंख्या की वद्धि दर ज्ञात करने में यही अधिक संतोषजनक है।

हरात्मक माध्य (Harmonic Mean) : यह माध्य मात्रा-मूल्यों, गति तथा चलन वेग आदि समस्याओं के लिये सर्वश्रेष्ठ समझा जाता है।

माध्यों की सामान्य सीमायें

(General Limitation of Averages)

(1) किसी श्रेणी का माध्य ज्ञात करते समय हमें ऐसा मूल्य प्राप्त हो सकता है जो श्रेणी का ठीक प्रतिनिधित्व न करें। उदाहरणार्थ 100, 300, 250, 1500, 1000 का समान्तर माध्य $\frac{3150}{5}$ अर्थात् 630 है, यह मूल्य श्रेणी का ठीक प्रतिनिधित्व नहीं करता।

(1) कुछ परिस्थितियों में माध्य निकालते समय एक ऐसा मूल्य प्राप्त होता है जो बड़ा अजीब-सा होता है। उदाहरणार्थ, कुछ परिवारों के औसत बच्चों की संख्या निकालते समय हमें मान 5.67 प्राप्त हों सकता है लेकिन बच्चे अंशों में नहीं हो सकते ध्यान रहे कि माध्य का उपसादन नहीं करना चाहिये अत्यथा परिणामों में बहुत अशुद्धता आ सकती है। यदि हम 5.67 के स्थान पर बच्चों की संख्या 6 कर दें और 100 परिवारों के आधार पर हमने माध्य ज्ञात किया तो कुल बच्चों की संख्या 600 हो जायेगी जबकि वास्तविक संख्या 567 है।

(1) माध्यों से समंकमाला की बनावट, व्यक्तिगत मानों का माध्य-मान से औसत अन्तर तथा उनकी विषमता का आभास नहीं हो पाता। उदाहरणार्थ, निम्न दो समंक मालाओं को देखिये :-

श्रेणी (क)	**श्रेणी (ख)**
150	300
170	500
190	20
210	78
180	2
योग 900	**900**
$\bar{X}$ **= 180**	$\bar{X}$ **= 180**

दो श्रेणियों का समान्तर माध्य एक ही है लेकिन इससे निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि दोनों श्रेणियां एक-सी हैं क्योंकि उनकी बनावट में बहुत अन्तर है।

(4) क्योंकि माध्य समंक श्रेणी का प्रतिनिधित्व करता है इसलिये इसका ठीक निर्वचन अत्यन्त आवश्यक है अन्यथा गलत निष्कर्षो पर पहुंचा जा सकता है। एक कहानी द्वारा यह बात स्पष्ट हो जायेगी। एक व्यक्ति नदी पार करना चाहता था। उसे बताया गया कि नदी की औसत गहराई 5'-8" है। एक वह व्यक्ति 5'-11" लम्बा था इसलिये उसने सोचा कि वह सुगमता से नदी पार कर सकता है क्योंकि वह नदी के पानी से ऊपर ही रहेगा। लेकिन जब वह नदी पार करने लगा तो डूब गया क्योंकि शुरू में पानी कम था और बीच में बहुत गहरा जबकि शुरू से आखिर तक पानी की औसत गहराई 5'-8" ही थी।

❑❑

अध्याय - 7

अपकिरण के माप (Measures of Dispersion)

पिछले अध्याय में केन्द्रीय प्रवत्ति के मापन की विभिन्न विधियों का वर्णन किया गया है। इन विधियों द्वारा एक ऐसा मान ज्ञात किया जाता है जो समंकमाला का प्रतिनिधित्व करता है। इस मान का बहुत महत्व है लेकिन यह समंकमाला की सब विशेषताओं को स्पष्ट करने में असमर्थ है। उदाहरणार्थ, माध्य द्वारा यह पता नहीं लग सकता है कि श्रेणी के विभिन्न व्यक्तिगत मानों का इससे औसत अंतर क्या है और श्रेणी की रचना तथा स्वरूप क्या है। निम्न उदाहरण से यह तथ्य स्पष्ट हो जायेगाः

	श्रेणी 'क'	श्रेणी 'ख'	श्रेणी 'ग'
	100	100	480
	100	105	10
	100	95	5
	100	105	3
	100	95	2
योग	**500**	**500**	**500**
मध्यक	**100**	**100**	**100**

तीन श्रेणियों में मध्यक समान है अर्थात 100 है। सांख्यिकी के ज्ञान से अनभिज्ञ व्यक्ति इससे यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि तीनों श्रेणियों में कोई अंतर नहीं है लेकिन यह निष्कर्ष निकालना उचित न होगा। क्योंकि इन तीनों श्रेणियों में बहुत असमानता है। श्रेणी 'क' के मध्यक प्रत्येक मद का पूर्णरूप से प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि मदों के मानों तथा मध्यक में कोई अंतर नहीं है। श्रेणी 'ख' में केवल एक मद ऐसा है जिसका मान मध्यक के बराबर है — अन्य मान्य मध्यक से भिन्न हैं लेकिन मध्यक मान और मदों के इन मानों में बहुत कम अंतर है। श्रेणी 'ग' में मदों में आपस में बहुत भिन्नता है और मध्यक किसी भी मान का प्रतिनिधित्व नहीं करता। इस उदाहरण से यह स्पष्ट है कि केवल माध्य को प्राप्त करके हम ठीक परिणाम पर नहीं पहुँच सकते। अत्यन्त रोचक घटना इस बात को स्पष्ट कर देगी। एक व्यक्ति ने सपरिवार नदी पार करने से पहले यह अनुमान लगाया कि नदी की औसत गहराई से उसके कुटुम्ब के सदस्यों की औसत ऊँचाई अधिक है। परन्तु एक स्थान पर नदी की गहराई बहुत अधिक थी इसलिए उसका पूरा कुटुम्ब डूब गया। यदि उस नदी की अधिकतम गहराई और उसकी औसत गहराई में अंतर तथा अपने परिवार के सदस्यों की न्यूनतम ऊँचाई, आदि की गणना कर लेता तो इस दुर्घटना से बच जाता। इससे स्पष्ट है कि संमक श्रेणी के बारे में यथेष्ट ज्ञान प्राप्त करने के लिए, न केवल उसका माध्य जानना आवश्यक है बल्कि विभिन्न व्यक्तिगत मानों का उस माध्य से औसत अंतर और श्रेणी की रचना तथा स्वरूप आदि के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करना भी परमावश्यक है। अर्थात् यह जानना आवश्यक है कि श्रेणी का प्रत्येक मद माध्य से कितनी दूरी पर या कितना बड़ा या छोटा होता है। विचलन की दूरी, फैलाव, बिखराव या विस्तार को अपकिरण कहते हैं। अपकिरण की कुछ विशेषताऐं इस प्रकार हैं :

"अपकिरण मदों के विचरण का माप है।" - **बाउले**

"अपकिरण व्यक्तिगत मदों से भिन्नता की मात्रा का माप है।" - **कोनर**

"किसी समंकमाला के माध्य से समंकों के बिखराव के माप को अपकिरण कहते हैं।" - **कॉफका**

अपकिरण माप द्वितीय श्रेणी का माप (average of the second order) कहा जाता है। इसका कारण यह है कि अपकिरण का माप ज्ञान करते समय पहले समंकमाला का माध्य निकाला जाता है फिर उस माध्य से विभिन्न मूल्यों के विचलनों में अंतरों का माध्य ज्ञात किया जाता है अर्थात् अपकिरण, माध्य से निकाले गये विचलन का माध्य है।

निरपेक्ष तथा सापेक्ष अपकिरण
(Absolute and Relative Dispersion)

अपकिरण निरपेक्ष (Absolute) माप में किसी समंकमाला के प्रसार, बिखराव या विचरण को उस श्रेणी की इकाई में ही व्यक्त किया जाता है। उदाहरणार्थ, व्यक्तियों की आयु, भार आदि के अपकिरण के निरपेक्ष माप क्रमशः रुपये, किलोग्राम तथा वर्ष के रूप में प्रकट किये जायेंगे। निरपेक्ष माप द्वारा दो या दो से अधिक श्रेणियों का तुलनात्मक अध्ययन सम्भव नहीं क्योंकि विभिन्न श्रेणियों की इकाइयाँ भिन्न हो सकती हैं। तुलनात्मक अध्ययन के लिये निरपेक्ष मापों में बदलना आवश्यक है। अपकिरण निरपेक्ष माप को संबंधित माध्य से भाग देने पर जो अनुपात आता है वह अपकिरण का सापेक्ष माप कहलाता है। यह समंकमाला की इकाई में व्यक्त नहीं किया जाता वरन् एक अनुपात के रूप में होता है। **इसे अपकिरण गुणांक** (coefficient of dispersion) कहते हैं।

अपकिरण के उद्देश्य या महत्व
(Objects and Importance of Dispersion)

अपकिरण का माप निम्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिये किया जाता है :

1. श्रेणी बनावट के बारे में सूचना प्राप्त करने तथा यह पता लगाने के लिए कि माध्य के दोनों और मूल्यों का फैलाव या बिखराव कैसा है।
2. श्रेणी के माध्य से विभिन्न पद-मानों की औसत दूरी ज्ञात करने के लिये।
3. दो या अधिक समंकमालाओं में पाई जाने वाली असमानताओं की तुलना करके यह निश्चित करने के लिये किसमें विचरण की मात्रा अधिक है।
4. यह देखने के लिये कि माध्य द्वारा श्रेणी का किस सीमा तक प्रतिनिधित्व होता है। जब अपकिरण कम होता है तो माध्य विभिन्न मदों का ठीक रूप से प्रतिनिधित्व करता है और अपकिरण के अधिक होने पर माध्य समंकों का ठीक प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता।
5. अपकिरण के मापन का उद्देश्य विचरण (variation) की प्रकृति तथा कारणों की जानकारी प्राप्त करना भी है ताकि इसका नियंत्रण किया जा सके। उदाहरणार्थ, डॉक्टर के लिये बीमारी ठीक पता लगाने, तथा चिकित्सा करने के लिए शरीर के तापमान, नाडी-स्फुरण (pulse beat) तथा रक्त चाप (blood pressure) के विचरण वे समंक अत्यन्त सहायक होते हैं। औद्योगिक मापों का किस्म नियन्त्रण की विभिन्न सांखिकीय विधियों में प्रयोग होता है। आर्थिक व सामाजिक क्षेत्र में आय या सम्पत्ति के वितरण की असमानताओं का माप और तुलनात्मक अध्ययन के लिए अपकिरण के विभिन्न माप बहुत उपयोगी सिद्ध होते हैं। अर्थात् प्रत्येक क्षेत्र में मद-मानों के माध्यम से प्राप्त आंशिक एक अपूर्ण सूचना की पूर्ति अपकिरण माप द्वारा की जाती है।

एक आदर्श माप की विशेषतायें
(Properties of a Good Measure of Variations)

एक आदर्श विचरण-माप में निम्नलिखित विशेषतायें होनी चाहिये :

1. समझने में सरल,
2. निर्धारण में सरल,
3. श्रेणी के सभी मूल्यों पर आधारित,
4. निदर्शन के परिवर्तन का न्यूनतम प्रभाव,
5. स्पष्ट व स्थिर परिभाषा, तथा
6. बीजगणित विवेचन सम्भव।

अपकिरण-मापन की विभिन्न विधियाँ
(Different Methods of Measuring Dispersion)

अपकिरण-मापन की विभिन्न विधियाँ निम्नलिखित हैं :

1. विस्तार (range)
2. अर्द्ध-अन्तर चतुर्थक विस्तार (semi-interquartle range or quartile deviation)
3. माध्य-विचलन (mean deviation)
4. प्रमाप विचलन (standard deviation)
5. लॉरेन्ज वक्र (Lorenz curve)

I. विस्तार
(Range)

किसी समंकमाला के सबसे बड़े और सबे छोटे मान के अंतर को उसका विस्तार (range) कहते हैं। अपकिरण ज्ञान करने की सबसे सरल रीति है। विस्तार की गणन क्रिया इस प्रकार है :

1. श्रेणी का अधिकतम मान (largest value) और न्यूनतम मान (smallest value) ज्ञात किया जाता है। अविच्छित श्रेणी में न्यूनतम वर्ग की निचली सीमा को न्यूनतम मान और अधिकतम वर्ग की उच्च सीमा को अधिकतम मान माना जाता है।
2. निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है :

   $R = L - S$

   R = विस्तार (range)

   L = श्रेणी का सबसे बड़ा मूल्य (largest value)

   S = श्रेणी का सबसे छोटा मूल्य (smallest value)

विस्तार गुणक (Coefficient of Range) : विस्तार के सापेक्ष माप (relative pressure) को विस्तार गुणक (coefficient of range) कहते हैं। तुलनात्मक अध्ययन के लिये विस्तार गुणक निकालना पड़ता है। इसकी गणना निम्न सूत्र द्वारा की जाती है।

$$\text{Coeff. of range} = \frac{L - S}{L + S}$$

उदाहरण 1 : एक कम्पनी के शेयरों के मूल्य (price of share) सोमवार से शनिवार तक इस प्रकार थे :

दिन	मूल्य (रू. में)	दिन	मूल्य (रू. में)
सोमवार	200	बहस्पतिवार	160
मंगलवार	210	शुक्रवार	220
बुधवार	208	शनिवार	250

इन समंकों से विस्तार व विस्तार-गुणक ज्ञात कीजिये।

हल : Range = L – S; L = 250; S = 160

∴ Range = 250 – 160 अर्थात 90 रू.

$$\text{Coeff. of range} = \frac{L - S}{L + S} = \frac{250 - 160}{250 + 160} = \frac{90}{410} = 0.22$$

उदारहण 2 : निम्न समंकों से विस्तार गुणक ज्ञात कीजिये :

विद्यार्थियों की संख्या	अंक	विद्यार्थियों की संख्या	
20—29	8	50—59	7
30—39	12	60—69	3
40—49	20		

हल : सर्वप्रथम; समावेशी वर्गान्तरों को अपवर्जी वर्गान्तरों में बदलिये। उक्त उदाहरण में न्यूनतम सीमा 19.5 तथा अधिकतम सीमा 69.5 है।

$$\text{Coeff. of range} = \frac{L \quad S}{L \quad S} = \frac{69.5 \quad 19.5}{69.5 \quad 19.5} = 0.562$$

उदाहरण 3 : निम्न सूचना से न्यूनतम मूल्य ज्ञात कीजिये :

अधिकतम मूल्य = 120; विस्तार-गुणक = 0.5

हल :

$$\text{Coeff. of range} = \frac{L \quad S}{L \quad S}$$

$$0.5 = \frac{120 \quad S}{120 \quad S}$$

$$0.5\,(120 + S) = 120 - S$$

या $$60 + 0.5\,S = 120 - S$$

$$1.5\,S = 120 - 60 = 60;$$

$$S = \frac{60}{1.5} = 40 \text{ अर्थात न्यूनतम मूल्य } = 40$$

विस्तार के गुण व दोष
(Merits and Demerits of Range)

गुण (Merits)

अपकिरण मापन की विभिन्न रीतियों में से विस्तार का समझना तथा निर्धारण सबसे सुगम है। गणन-क्रिया सरल होने के कारण विस्तार का मूल्य ज्ञात करने में बहुत कम समय लगता है।

दोष (Demerits)

1. विस्तार श्रेणी के सभी मद-मूल्यों पर आधारित नहीं होते। अधिकतम व न्यूनतक मूल्यों के बीच के मदों में होने वाले परिवर्तनों का विस्तार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।
2. विस्तार मूल्य से समंकमाला की बनावट या चरम् मूल्यों के मध्य-मूल्यों के फैलाव या बिखराव का पता नहीं चलता। दो संमक श्रेणी का विस्तार समान होने पर भी उनकी बनावट में बहुत अंतर हो सकता है।

निम्न उदाहरण से यह बात स्पष्ट हो जायेगी :

श्रेणी 'क'	6,	46,	46,	46,	46,	46,	46,	46
श्रेणी 'ख'	6,	6,	6,	6,	46,	46,	46,	46
श्रेणी 'ग'	6,	10,	15,	25,	30,	32,	40,	46

तीनों श्रेणियों में विस्तार-मूल्य समान है अर्थात (46 – 6) या 40 है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि तीनों श्रेणियाँ एक समान है।

3. विवर्तमुखी आवत्ति वितरणों (open-end frequency distributions) में विस्तार का मूल्य ज्ञात नहीं किया जा सकता।

विस्तार के प्रमुख प्रयोग
(Main Uses of Range)

निम्न परिस्थितियों में विस्तार अत्यन्त लाभप्रद है :

1. **सांख्यिकीय गुण नियन्त्रण** (Statistical Quality Control) : सांख्यिकीय गुण नियंत्रण की विभिन्न रीतियों में विस्तार का बहुत अधिक प्रयोग होता है।
2. **मौसम का पूर्वनूमान** (Weather Forecasting) : न्यूनतम तथा अधिकतम तापमान में अंतर निकालते समय विस्तार का प्रयोग किया जाता है।
3. वस्तुओं के स्टॉक और शेयर (Stocks and Shares) के मूल्यों में परिवर्तन का अध्ययन करने के लिए विस्तार का प्रयोग होता है। उदाहरणार्थ यदि 1990 में 10 ग्राम सोने की न्यूनतम कीमत 3000 रू. तथा अधिकतम कीमत 3259 रू. थी तो इससे विस्तार का पता लगता है अर्थात (3250 – 3000) = 250 रू.। समाचार-पत्रों में स्टॉक व शेयर की न्यूनतम व अधिकतम कीमतें दी जाती हैं। जिससे बहुत लाभप्रद सूचना मिलती है।

II. चतुर्थक विचलन
(Quartile Deviation)

किसी भी श्रेणी के ततीय व प्रथम चतुर्थकों के आधे को चतुर्थक -विचलन (Quartile Deviation), अर्द्ध या अंतर-चतुर्थक विस्तार (Semi-inter Quartile Range) कहते हैं। चतुर्थक-विचलन ज्ञात करने के लिये निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है :

$$\frac{\frac{Q_3 - Q_1}{2}}{\frac{Q_3 - Q_1}{Q_3 - Q_1}} \quad \frac{Q_3 - Q_1}{Q_3 - Q_1}$$

$$\text{Q.D.} = \frac{Q_3 - Q_1}{2}$$

Q.D. = चतुर्थक विचलन (Quartile deviation)

Q_1 = प्रथम चतुर्थक (First quartile)

Q_3 = ततीय चतुर्थ (Third quartile)

चतुर्थक-विचलन गुणक
(Coefficient of Quartile Deviation)

चतुर्थक-विचलन अपकिरण का निरपेक्ष माप है। इसका सापेक्ष माप चतुर्थक-विचलन गुणक कहलाता है। इसे ज्ञात करने के लिये चतुर्थक-विचलन के निरपेक्ष माप को दोनों चतुर्थकों के माध्य से भाग दे दिया जाता है। सूत्र के रूप में :

$$\text{Coeff. of Q.D.} =$$

चतुर्थक-विचलन तथा चतुर्थक गुणक का मूल्य ज्ञात करने के लिये प्रथम चतुर्थक तथा ततीय चतुर्थक का मूल्य ज्ञात करना पड़ता है, फिर उपयुक्त सूत्रों का प्रयोग होता है।

उदाहरण 4 : निम्न समंकों से चतुर्थक-विचलन गुणक ज्ञात कीजिये :

9 कर्मचारियों का वेतन (रू. में)

170, 82, 110, 100, 150, 120, 200, 116, 250

हल : Coeff. of range $= \frac{Q_3 \quad Q_1}{Q_3 \quad Q_1}$

अर्थात Q_1 और Q_3 का मूल्य निकालने से चतुर्थक-विचलन गुणक की गणना की जा सकती है। Q_1 और Q_3 का मूल्य ज्ञात करने के लिये सर्वप्रथम समंकों को आरोही

वेतन आरोही क्रम में अनुविन्यिसित	
82	150
100	170
110	200
116	250
120	

Q_1 = Size of $\frac{N \quad 1}{4}$ th item =

= 2.5th item

Size of 2.5th item = $= \frac{100 \quad 110}{2}$

= 105

Q_3 = Size of 3 th item =

= 7.5th item

Size of 7.5 item = $= \frac{170 \quad 200}{2}$

= 185

Q_3 = 185; Q_1 = 105

Coeff. of Q.D. = $= \frac{80}{290} = 0.276$

उदाहरण : निम्न समंकों से चतुर्थक-विचलन (Quarti Deviation) तथा चतुर्थक-विचलन गुणक (Coefficient of Quarti Deviation) ज्ञात कीजिये :

ऊँचाई (इंचों में)	विद्यार्थियों की संख्या	ऊँचाई (इंचों में)	विद्यार्थियों की संख्या
58	15	63	22
59	20	64	20
60	32	65	10
61	35	66	8
62	33		

हल : चतुर्थक-विचलन का परिगणन

ऊँचाई (इंचों में)	आवत्ति *f*	संचयी आवत्ति *c.f.*	ऊँचाई (इंचों में)	आवत्ति *f*	संचयी आवत्ति *c.f.*
58	15	15	63	22	157
59	20	35	64	20	177
60	32	67	65	10	187
61	35	102	66	8	195
62	33	135			

$$\text{Q.D.} = \frac{Q_3 \quad Q_1}{2}$$

Q_1 = Size of = th item = 49th item

Size of 49th item = 60; अर्थात् $Q_1 = 60$

Q_3 = Size of 3 th item = 147th item

Size of 147th item = 63, अर्थात $Q_3 = 63$

\ Q.D. = = 1.5

$$\text{Coeff. of Q.D.} = 888 = \frac{Q_3 \quad Q_1}{Q_3 \quad Q_1} = \frac{63 \quad 60}{63 \quad 60} = \frac{3}{123} = 0.024$$

उदाहरण 6 : निम्न समंकों से चतुर्थक-विचलन (Quarti Deviation) तथा चतुर्थक विचलन गुणांक (Coefficient of Mean Deviation) ज्ञात कीजिये :

चर-मूल्य	आवत्ति	चर-मूल्य	आवत्ति
4 — 8	6	24 — 28	12
8 — 12	10	28 — 32	10
12 — 16	18	32 — 36	6
20 — 24	30	36 — 40	2
20 — 24	15		

हल : चतुर्थक विचलन तथा चतुर्थक-विचलन गुणांक का निर्धारण

चर-मूल्य	आवत्ति	संचयी आवत्ति	चर-मूल्य	आवत्ति	संययी आवत्ति
4 — 8	6	6	24 — 28	12	91
8 — 12	10	16	28 — 32	10	101
12 — 16	18	34	32 — 36	6	107
20 — 24	30	64	36 — 40	2	109
20 — 24	15	79			

$$\text{Q.D.} = \frac{Q_3 \quad Q_1}{2}$$

Q_1 = Size of th item

$$= \frac{109}{4}$$

= 27.25th item

अर्थात् Q_1 12 – 16 वर्ग में स्थित है :

$$Q_1 = L + \frac{\frac{N}{4} \quad c.f.}{f} \times i$$

L = 12; $\frac{N}{4}$ = 27.25; *c.f.* = 16; *f* = 18; *i* = 4

\

$$Q_1 = 12 + \frac{27.25 \quad 16}{18} \times 4$$

$$= 12 + 2.5$$

$$= 14.5$$

Q_3 = Size of th item – $\frac{3 \quad 109}{4}$

= 81.75th item

Q_3 = 24 – 28 वर्ग में स्थित है।

$$Q_3 = L + \qquad \times i$$

L = 24; $\frac{3N}{4}$ = 81.75; *c.f.* = 79; *f* = 12; *i* = 4

$$Q_3 = 24 + \frac{81.75 \quad 79}{12} \times 4$$

$$= 24 + \qquad = 24.917$$

\

$$\text{Q.D.} = \frac{24.917 \quad 14.5}{2}$$

$$=$$

$$= 5.208$$

$$\text{Coeff. of Q.D.} = \qquad = \frac{24.917 \quad 14.5}{24.917 \quad 14.5} = \frac{10.417}{39.415}$$

$$= 0.264$$

उदारहण 7 : निम्नलिखित आँकड़ों में चतुर्थक विचलन के गुणाँक की गणना कीजिये :

अंक	छात्र संख्या
20 से कम	**8**
40 से कम	**20**
60 से कम	**50**
80 से कम	**60**
100 से कम	**80**

हल : चतुर्थक विचलन तथा विचरण गुणांक का परिगमन

अंक	*m.p.* *m*	छात्र संख्या *f*	(*m* – 50)/20 *d*	*fd*	fd^2	*c.f.*
0 — 20	10	8	– 2	– 16	32	8
20 — 40	30	12	– 1	– 12	12	20
40 — 60	**50**	30	0	0	0	0
60 — 80	70	20	+1	+20	20	70
80 — 100	90	10	+2	+20	40	80
	N = 80			**S*fd* = 12**	**Sfd^2 = 104**	

विचरण गुणांक (Coeff. of Variation) $= \frac{\sigma}{\bar{X}} \times 100$

$$\bar{X}X = A + \frac{fd}{N} \times i$$

$$= 50 + \frac{12}{80} \times 20$$

$$= 50 + 3 = 53$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{fd^2}{N} - \left(\frac{fd}{N}\right)^2} \times i$$

$$= \sqrt{\frac{104}{80} - \left(\frac{12}{80}\right)^2} \times 20$$

$$= \sqrt{1.3 - 0.0225} \times 20$$

$$= 1.13 \times 20 = 22.6$$

चतुर्थक विचलन गुणांक (Coeff. of Q.D.) $= \frac{Q_3 - Q_1}{Q_3 + Q_1}$

Q_1 = Size of $\frac{N}{4}$nth item

$$= \frac{80}{4} = 20\text{th item}$$

Q_1 20 – 40 वर्ग में स्थित है।

$$Q_1 = L + \frac{\frac{N}{4} - c.f.}{f} \times i$$

$L = 20; \frac{N}{4} = 20; c.f. = 8, f = 12; i = 20$

$$Q_1 = 20 + \frac{20 - 8}{12} \times 20$$
$$= 20 + 20$$
$$= 40$$

$$Q_3 = \text{Size of} \quad \text{th item}$$

$$= \frac{3 \quad 80}{4} = 60\text{th item}$$

Q_3 60 – 80 वर्ग में स्थित है।

$$Q_3 = L + \frac{\frac{3N}{4} - Q_1}{Q_3 - Q_1} \times i$$

$L = 60; \frac{3N}{4} = 60; c.f. = 50; f = 20; i = 20$

$$Q_3 = 60 + \frac{60 - 50}{20} \times 20$$
$$= 70$$

$$\text{Coeff. of Q.D.} =$$

$$= \frac{70 - 40}{70 - 40}$$

$$= \frac{30}{110} = 0.273$$

चतुर्थक-विचलन के गुण व दोष
(Merits and Demerits of Quartile Deviation)

गुण (Merits)

1. चतुर्थक-विचलन का समझना व निर्धारण करना सरल है।
2. अपकिरण के इस माप पर चरम मूल्यों का बहुत कम प्रभाव पड़ता है।

3. जहाँ श्रेणी के मध्य भाग का ही अध्ययन करना हो वहां इस माप का प्रयोग होता है।

दोष (Demerits)

1. चतुर्थक-विचलन श्रेणी के सभी मूल्यों पर आधारित नहीं है।
2. इसका बीचगणितीय विवेचना सम्भव नहीं है।
3. निदर्शन-परिवर्तन का इस पर बहुत प्रभाव पड़ता है।
4. इससे समंकमाला की बनावट का ठीक पता नहीं चलता है। यदि दो श्रेणियों में चतुर्थक समान है तो चतुर्थक-विचलन भी बराबर होगी जबकि दोनों में मूल्यों का बिखराव या श्रेणी की रचना भिन्न हो सकती है।

इन दोषों के कारण चतुर्थक-विचलन का सांख्यिकी में बहुत कम प्रयोग होता है।

III. माध्य विचलन या औसत विचलन
(Mean Deviation on Average Deviation)

समंक श्रेणी के किसी सांख्यिकीय माध्य (मध्यक, मध्यका तथा भूयिष्ठक) से निकाले गये विभिन्न मूल्यों का समान्तर माध्य, उसका माध्य-विचलन (mean deviation) कहलाता है। यह एक ऐसा मूल्य है जो किसी श्रेणी के माध्य से विभिन्न मूल्यों के औसत विचलन को प्रकट करता है। माध्य विचलन जितना अधिक होता है, पदमाला में अपकिरण या फैलाव उतना ही अधिक होता है।

माध्य-विचलन ज्ञात करने में निम्न तथ्यों को ध्यान में रखा जाता है :

1. **माध्य का चुनाव** (Selection of Appropriate Average) : माध्य-विचलन भूयिष्ठक, मध्यका एवं मध्यक किसी से भी निकाला जा सकता है परन्तु मध्यका को प्रधानता दी जानी चाहिए क्योंकि इससे निकाले गये विचलनों का प्रयोग सबसे कम होता है। व्यवहार में माध्य विचलन निकालने के लिये मध्यक का भी प्रयोग होता है। भूयिष्ठक का प्रयोग यथासम्भव नहीं करना चाहिये क्योंकि यह बहुत अनिश्चित होता है। यदि प्रश्न में स्पष्ट रूप से यह निर्देश नहीं दिया है किस माध्य से माध्य-विचलन निकाला है तो मध्यका से ही विचलन निकालने चाहियें।
2. **बीजगणित चिन्हों की उपेक्षा** (Ignoring Algebric Signs) : माध्य के चुनाव के पश्चात प्रत्येक मूल्य का माध्य से विचलन निकाल लेते हैं। माध्य-विचलन निकालते सम + तथा – चिन्हों को छोड़ दिया जाता है अर्थात् ऋणात्मक विचलनों (negative deviation) को भी धनात्मक (positive) मान लेते हैं। उदाहरणार्थ, यदि 20 में से 25 घटायेंगे तो – 5 के स्थान पर 5 लिखेंगे। जब विचलन + तथा – को छोड़कर लिखे जाते हैं तो उसके योग को सीधी रेखाओं के बीच इस प्रकार लिखते हैं S। D। इसका अर्थ है कि विचलनों का योग करते सम + या – का ध्यान नहीं रखा गया है।
3. **विचलनों का माध्य** (Averge of Deviations) : विचलनों के योग की मदों की संख्या से भाग देकर जो मूल्य आता हैं उसे माध्य-विचलन कहते हैं। विच्छिन्न एवं अविच्छिन्न आवत्ति श्रेणियों से विचलनों में आवतियों को गुणा देकर योग निकाला जाता है और आवत्ति के योग से भाग दिया जाता है।
4. **माध्य-विचलन गुणांक** (Coefficeint of Mean Deviation) : तुलनात्मक अध्ययन के लिए माध्य-विचलन का सापेक्ष माप निकाला जाता है जिसे माध्य-विचलन का गुणक कहते हैं। इसके लिए माध्य विचलन के निरपेक्ष माप से उस माध्य के विचलनों के कुल योग को भाग दिया जाता है जिससे विचलन निकाले गया हैं अर्थात्

(क) Coeff. of mean deviation from median or median coefficient of dispersion = $\frac{\text{Mean deviation}}{\text{Median}}$

(ख) Coeff. of mean deviation from mean or mean coefficient of dispersion = $\frac{\text{Mean deviation}}{\text{Median}}$

व्यक्तिगत श्रेणी में माध्य विचलन का निर्धारण

(Computing Mean Deviation in Individual Series)

निम्न सूत्र द्वारा व्यक्तिगम श्रेणी में माध्य-विचलन का निर्धारण किया जाता है :

$$\text{M.D.} = \frac{|D|}{N}$$

| D | = (माध्य विचलन) मध्यक का मध्यका से विचलन (+ या – चिन्ह को छोड़ते हुए) | | D | = Deviation from mean or median ignoring signs) |

विधि :

1. उस माध्य का परिगणन किया जाता है जिससे माध्य विचलन निकालना है - अधिकतर मध्यका का प्रयोग किया जाता है।
2. + और – चिन्हों को छोड़ते हुए मध्यका या अन्य माध्य से विभिन्न मूल्यों के विचलन निकाले जाते हैं।
3. इन विचलनों का जोड़ (S | D |) प्राप्त किया जाता है।
4. विचलनों के योग को मदों की संख्या से भाग देते है। प्राप्त भागफल माध्य विचलन होता है।
   माध्य विचलन गुणक निकालने के लिए माध्य विचलन को संबंधित माध्य से भाग दे दिया जाता है।

उदाहरण 8 : 10 दुकानों पर किसी एक प्रकार के रेडियो की कीमत इस प्रकार हैं :

कीमत रू. में।

210, 220, 225, 225, 225, 235, 240, 250, 270, 280

माध्य-विचलन तथा माध्य-विचलन गुणक ज्ञात कीजिये।

हल : **माध्य-विचलन का परिगणन**

X	**230 से विचलन | D |**
210	20
220	10
225	5
225	5
225	5
235	5
240	10
250	20
270	40
280	50
N = 10	**Σ | D | = 170**

$$\text{M.D.} = \frac{|D|}{N}$$

$$M = \text{size of } \frac{N \quad 1}{2} \text{th item}$$

$$= \quad = 5.5\text{th item}$$

$$= \quad = \frac{225 \quad 235}{2} = 230$$

$$\text{M.D.} = \quad = 17$$

$$\text{Coeff. of M.D.} = \frac{\text{M.D.}}{\text{Median}} = \frac{17}{230} = 0.074$$

विच्छिन्न श्रेणी में मध्य विचलन का परिगणन

(Calculating Mean Deviation in Discrete Series)

विच्छिन्न श्रेणी में निम्न सूत्र द्वारा माध्य-विचलन ज्ञात किया जाता है।

$$\text{माध्य विचलन} = \frac{f\,|D|}{N}$$

विधि :

1. जिस माध्य से माध्य-विचलन निकालना है उसका निर्धारण किया जाता है अर्थात् मध्यक, मध्यका, भूयिष्ठक आदि।
2. प्रत्येक चर-मूल्य का उस माध्य से विचलन लिया जाता है अर्थात् | D | ज्ञात किया जाता है।
3. विचलनों को आवत्तियों से गुणा करके जोड़ निकाला जाता है, अर्थात Sf | D | ज्ञात करते हैं।
4. Sf | D | को आवत्ति के योग से भाग देते हैं। प्राप्त भागफल माध्य-विचलन कहलाता है।

   माध्य-विचलन गुणक निकालने के लिए, निरपेक्ष माप को उस माध्य से भाग दे दिया जाता है जिससे विचलन ज्ञात किये गये हैं।

$$\frac{\text{50 item} + \text{6th item}}{2}$$

उदाहरण 9 : निम्न समंकों से माध्य विचलन तथा माध्य-विचलन गुणांक का परिगणना कीजिए :

X	**:**	**2.5**	**3.5**	**4.5**	**5.5**	**6.5**	**7.5**	**8.5**	**9.5**	**10.5**
f	**:**	**2**	**3**	**5**	**6**	**6**	**3**	**6**	**4**	**14**

हल : माध्य-विचलन का मध्यका से परिगणन

X	***f***	***c.f.***	**| X – 7.5 | | D |**	***f* | D |**
2.5	2	2	5	10
3.5	3	5	4	12
4.5	5	10	3	15
5.5	6	16	2	12
6.5	6	22	1	6
7.5	4	26	0	0
8.5	6	32	1	6
9.5	4	36	2	8
10.5	14	50	3	42
	N = 50			****f* | D | = 111**

Med = Size of $\frac{N \quad 1}{2}$th item = = 25.5th item

अर्थात मध्यका मूल्य 7.5 है।

माध्य-विचलन (Mean Deviation) = $= \frac{111}{50} = 2.22$

माध्य-विचलन गुणांक (Coefficeint of M.D.) = $\frac{\text{M.D.}}{\text{Median}} = \frac{2.22}{7.5} = 0.296$

उदाहरण 9 : निम्न आवत्ति -वितरण से समान्तर माध्य तथा (समान्तर माध्य सापेक्ष) माध्य-विचलन ज्ञात कीजिए :

X :	**2**	**4**	**6**	**8**	**10**
आवत्ति :	**1**	**4**	**6**	**4**	**1**

हल : **सामान्तर माध्य तथा माध्य-विचलन का निर्धारण**

X	***f***	***f*.X**	**(X – 6) | D |**	***f* | D |**
2	1	2	4	4
4	4	16	2	8
6	6	36	0	0
8	4	32	2	8
10	1	10	4	4
	N = 16	**S*f*X = 96**		**S*f* | D | = 24**

$$\overline{X} = \frac{f\,X}{N} = \frac{96}{16} = 6$$

$$\text{M.D.} = \frac{f\,|D|}{N} = \frac{24}{16} = 1.5$$

अविच्छिन्न श्रेणी में माध्य-विचलन का परिगणन
(Calculating Mean Deviation in Continuous Series)

अविच्छिन्न श्रेणी में दो रीतियों द्वारा माध्य-विचलन ज्ञात किया जा सकता है :

1. प्रत्यक्ष (Direct method), तथा
2. लघु रीति (Short-cut method)।

प्रत्यक्ष रीति (Direct Method) : प्रत्यक्ष रीति द्वारा माध्य विचलन निकालते समय प्रत्येक वर्ग के मध्य-बिन्दु ज्ञात किये जाते हैं। मध्य-बिन्दु निकालते ही अखण्डित श्रेणी खण्डित श्रेणी में बदल जाती है और शेष सभी क्रियायें पूर्ववत् रहती हैं माध्य-विचलन के निर्धारण के लिये निम्न सूत्र का प्रयोग करते हैं :

$$\text{M.D.} = \frac{f\,|D|}{N}$$

| D | = माध्य-बिन्दुओं का मध्यक से विचलन (+ या – चिन्ह छोड़कर)

(Deviation of midpoints from median, ignoring signs)

निम्न उदाहरण द्वारा या रीति स्पष्ट हो जायेगी :

यदि हम कोई उभयनिष्ठ गुणांक (common factor) लेते हैं तो सूत्र इस प्रकार होगा :

$$\text{M.D.} = \frac{f\,|D|}{N} \times i$$

उदाहरण 10 : निम्नलिखित समंकों का मध्यका की सहायता से माध्य-विचलन गुणांक ज्ञात कीजिये :

अंक	विद्यार्थियों की संख्या	अंक	विद्यार्थियों की संख्या
10 — 20	2	50 — 60	25
20 — 30	6	60 — 70	20
30 — 40	12	70 — 80	10
40 — 50	18	80 — 90	7

हल : माध्य-विचलन गुणांक का परिगणन

अंक	*m*	*f*	*c.f.*	$\lvert m - 54.8\rvert / 10$	
				$\lvert D\rvert$	$f\lvert D\rvert$
10 — 20	15	2	2	3.98	7.96
20 — 30	25	6	8	2.98	17.88
30 — 40	35	12	20	1.98	23.76
40 — 50	45	18	$\frac{f\lvert D\rvert}{N}$ 38	0.98	17.64
50 — 60	55	25	63	0.02	0.50
60 — 70	65	20	83	1.02	20.40
70 — 80	75	10	93	2.02	20.20
80 — 90	85	7	100	3.02	21.14
	N = 100				**$Sf\lvert D\rvert = 129.48$**

$\text{Med.} = \text{Size of } \frac{N}{2}\text{th item} = \frac{100}{2} = 50\text{th item}$

मध्यका 50 — 60 वर्ग में स्थित है।

$$\text{Med.} = L = \frac{\frac{N}{2} - c.f.}{f} \times i$$

$L = 50,\ \frac{N}{2} = 50,\ c.f. = 38, f = 25,\ i = 10$

$$\text{Med.} = 50 + \frac{50 - 38}{25} \times 10$$
$$= 50 + 4.8 = 54.8$$

$$\text{M.D.} = \qquad \times i$$

$$= \frac{129.48}{100} \times 10 = 12.948$$

$$\text{Coeff. of M.D.} = \frac{\text{M.D.}}{\text{Median}}$$

$$= \frac{12.948}{54.8} = 0.236$$

लघु रीति (short-cut Method) : माध्य विचलन निकालते समय जब मध्य या मध्यका मूल्य अंशों में आये तो गणन-क्रिया को सरल बनाने के लिए लघु रीति का प्रयोग उचित रहता है। सूत्र इस प्रकार है :

$$\text{M.D. (from Median)} = \frac{f_{ma} \quad f_{mb} \quad (f_a \quad f_a)\,\text{Med.}}{\text{N}}$$

$$\text{M.D. (from Mean)} = \frac{f_{ma} \quad f_{mb} \quad (f_a \quad f_a)\,\overline{\text{X}}}{\text{N}}$$

Sf_{ma} तथा Sf_{ma} = माध्य-मूल्य से अधिक एवंक कम मूल्य वाले मध्य बिन्दुओं और तत्संबंधी आवतियों के गुणनफल के योग (Total of products of midpoint and frequencies corresponding to mid-points above and below the average value respectively).

Sf_a and Sf_b = माध्य-मूल्य से अधिक व कम मध्य-बिन्दुओं से संबंधित आवतियों के योग (Total of frequencies pertaining to mid-points above and below the average value).

विधि :

1. वह माध्य (माध्यक/मध्यका) निकालते हैं जिससे माध्य-विचलन निकालना होता है।
2. मध्य-बिन्दु (m) और संबंधित आवत्ति (f) को गुणा करते हैं।
3. अपेक्षित माध्य से अधिक मूल्यों व उनकी आवत्तियों के गुणनफलों का योग प्राप्त करते हैं अर्थात Sf_{ma} ज्ञात करते हैं।
4. अपेक्षित माध्य से कम मूल्यों तथा उनकी आवत्तियों के गुणनफलों का योग प्राप्त करते हैं अर्थात Sf_{mb} ज्ञात करते हैं।
5. अपेक्षित माध्य के बराबर के मूल्य को छोड़ देते हैं।
6. माध्य-मूल्य से अधिक आवत्तियों का योग निकाल लेते हैं अर्थात Sf_a ज्ञात करते हैं।
7. माध्य-मूल्य से कम आवत्तियों का योग निकाल लेते हैं अर्थात Sf_b ज्ञात होते हैं।

उदाहरण 12 : उदाहरण 10 के समंकों से लघु रीति का प्रयोग करके माध्य-विचरण ज्ञात कीजिये :

हल :

$$\text{M.D.} = \frac{f_{ma} \quad f_{mb} \quad (f_a \quad f_a)\,\text{Median}}{\text{N}}$$

$Sf_{ma} = 619$; $Sf_{mb} = 274$; $Sf_a = 62$; $Sf_b = 38$; Med. = 9; N = 100

$$\text{M.D.} = \frac{619 \quad 274 \quad (62 \quad 38) \quad 9}{100}$$

$$=$$

$$= \quad = 1.29$$

इससे स्पष्ट है कि दोनों विधियों द्वारा उत्तर एक ही जायेगा।

उदाहरण 12 : निम्नलिखित समंकों से मध्यका द्वारा विचलन ज्ञात कीजिए :

उम्र वर्षों में	व्यक्तियों की संख्या	उम्र वर्षों में	व्यक्तियों की संख्या
10 — 20	15	50 — 60	15
20 —30	16	60 — 70	11
30 — 40	16	70 — 80	9
40 — 50	20		

हल : मध्यका से माध्य विचलन का परिगणन

उम्र	मध्य बिन्दु (*m*)	*f*	*c.f.*	$\|m - 42.5\|$ $\|D\|$	$f \|D\|$
10 — 20	15	15	15	27.5	412.5
20 — 30	25	14	29	17.5	245.0
30 — 40	35	16	45	7.5	120.0
40 — 50	45	20	95	2.5	50.0
50 — 60	55	15	80	12.5	187.5
60 — 70	65	11	91	22.5	247.5
70 — 80	75	9	100	32.5	292.5
		N = 100	$\frac{f \|D\|}{N}$		**$\Sigma f \|D\| = 1555$**

$$\text{Med.} = \text{Size of } \frac{N}{2}\text{th item}$$
$$= 50\text{th item}$$

मध्यका = 40 – 50 वर्ग में स्थित है।

$$M = L + \frac{\frac{N}{2} - c.f.}{f}$$

$L = 40, \frac{N}{2} = 50, c.f. = 45, f = 20, i = 10$

$$\text{Med.} = 40 + \frac{50 - 45}{20} \times 10$$
$$= 40 + 2.5$$
$$= 42.5$$

$$\text{M.D.} =$$

$$= \frac{1555}{100}$$
$$= 1.555$$

उदाहण 14 : उदाहरण 10 से लघु रीति द्वारा मध्य विचलन गुणांक ज्ञात कीजिए :

माध्य विचलन गुणांक का लघुरीति द्वारा परिगणन

m	*f*	*fm*		
15	2	39		(b)
25	6	150	$Sf_b = 38$	मध्यका
35	12	420	$Sf_{mb} = 1410$	वर्ग से
45	18	810		नीचे
55	25	1375		(a)
65	20	1300	$Sf_a = 62$	मध्यका
75	10	750	$Sf_{mb} = 4020$	वर्ग
85	7	895		के ऊपर

$$\text{M.D.} = \frac{f_{ma} \quad f_{mb} \quad (f_a \quad f_a)\,\text{Median}}{\text{N}}$$

$$= \frac{4020 \quad 1410 \quad (62 \quad 38)54.8}{100}$$

$$= \frac{2610 \quad (24 \quad 54.8)}{100}$$

$$= \frac{1294.8}{100}$$

$$= 12.498$$

$$\text{Coeff. of M.D.} =$$

$$= \frac{12.948}{54.8} = 0.236$$

इस विधि द्वारा गणन क्रिया बहुत सरल हो जाती है और उत्तर भी वही आता है जो प्रत्यक्ष रीति द्वारा प्राप्त होता है। जहाँ सामान्तर माध्य या मध्यका अंशों में आये वहाँ लघुरीति का प्रयोग करना चाहिए।

मध्य-विचलन के गुण व दोष
(Merits and Demerits of Mean Deviation)

गुण (Merits)

1. माध्य-विचलन श्रेणी के सभी मूल्यों पर आधारित है।
2. इसका समझना व निर्धारण प्रमाप विचलन की अपेक्षा बहुत सरल है।
3. इस विचलन पर चरम (extreme) मदों का कम प्रभाव पड़ता है।

4. इसकी गणना किसी भी माध्य से अर्थात् मध्यक, मध्यका व भूयिष्ठक से हो सकती है, लेकिन मध्यका का प्रयोग अन्य माध्यों से श्रेष्ठ है।

दोष (Demerits)

1. माध्य-विचलन का सबसे बड़ा दोष यह है कि विचलन निकालते समय बीजगणित चिन्ह + और – को छोड़ दिया जाता है अर्थात् सब विचलनों को धनात्मक माना जाता है। चिन्हों का परित्याग कर देने से यह माप गणितीय दष्टिकोण से अशुद्ध एवं अवैज्ञानिक हो जाता है तथा इसका उच्च स्तरीय प्रयोग नहीं रहता।
2. इसका बीजगणितीय विवेचन सम्भव नहीं।
3. माध्य-विचलन अधिक विश्वसनीय नहीं है क्योंकि भूयिष्ठक के अनिश्चित होने के कारण उससे विचलन निकालना ही अनुपयुक्त है जबकि चरम सीमाओं से अधिक प्रभावित हो सकता है।

   उपरोक्त दोषों के कारण सांख्यिकी में इसका प्रयोग बहुत कम होता है।

IV. प्रमाप विचलन
(Standard Deviation)

अपकिरण से मापों में प्रमाप विचलन का सांख्यिकी में प्रयोग अधिक होता है। प्रमाप विचलन अपकिरण मापन की विभिन्न विधियों के दोषों को दूर करता है। विस्तार श्रेणी के न्यूनतम तथा अधिकतम मानों पर आधारित है — दो मूल्यों के अतिरिक्त अपमूल्यों का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। चतुर्थक विचलन में श्रेणी के आधे मूल्यों को छोड़ दिया जाता है। माध्य विचलन में सभी मूल्यों का प्रयोग होता है, लेकिन यह रीति गणितीय दष्टि से अशुद्ध है क्योंकि इसमें सभी विचलनों को धनात्मक मान लिया जाता है। प्रमाप विचलन श्रेणी के सभी मूल्यों पर आधारित है। इसके निर्धारण में तथा — चिन्हों को छोड़ा नहीं जाता। इसके अतिरिक्त विचलन सदैव समान्तर माध्य से ही लिये जाते है क्योंकि वही केन्द्रीय प्रवत्ति का सर्वश्रेष्ठ माप है।

परिभाषा : किसी श्रेणी के समान्तर माध्य से निकाले गये उसके विभिन्न मद-मूल्यों के विचलनों के वर्गों का माध्य वर्गमूल उस श्रेणी का प्रमाप विचलन कहलाता है। प्रमाप-विचलन को द्वितीय घात का अपकिरण (second moment of dispersion) या मूल मध्यक वर्ग विचलन (root mean square deviation) भी कहते हैं।

व्यक्तिगत श्रेणी में प्रमाप विचलन का निर्धारण
(Calculating Standard Deviation in Individual Series)

व्यक्तिगत श्रेणी में प्रमाप विचलन ज्ञात करने की निम्न दो रीतियाँ हैं।

1. प्रत्यक्ष रीति (direct method); तथा
2. लघु रीति (short-cut method)

प्रत्यक्ष रीति : प्रत्यक्ष रीति द्वारा प्रमाप विचलन ज्ञात करने में निम्न सूत्र का प्रयोग होता है :

$$s^+ = \sqrt{\frac{x^2}{N}}$$

s = प्रमाप विचलन (standard deviation)

x = $(X - \overline{X})$ अर्थात् मदों का मध्यक से विचलन

N = मदों की संख्या

इस रीति का प्रयोग वहीं करना चाहिये जहाँ मध्यक का मूल्य पूर्णांक में आता है अन्यथा गणन क्रिया जटिल हो जायेगी। उदाहरणार्थ, यदि किसी श्रेणी में मध्यक का मध्य 50 है तो विचलन और विचलनों के वर्ग निकालने में अधिक कठिनाई नहीं होगी। लेकिन यदि मध्यक मूल्य 50.346 है तो विवेचन लेने पर तथा विचलनों के वर्ग निकालने में बहुत कठिनाई होगी।

ऐसी स्थिति में मध्यक का उपसादन करना अर्थात 50 मानकर उपर्युक्त सूत्र का प्रयोग वांछनीय नहीं है। जहाँ मध्यक मूल्य पूर्णांक में नहीं होता वहाँ लघु रीति का प्रयोग करना चाहिये।

विधि :

1. सर्वप्रथम, श्रेणी का समान्तर माध्य ज्ञात कीजिये।
2. श्रेणी के प्रत्येक मूल्य में से समान्तर माध्य घटाइये और विचलनों को प्रदर्शित कीजिये।
3. विचलनों के वर्गों का योग Sx^2 ज्ञात कीजिये।
4. इस प्रकार प्राप्त वर्ग के जोड़ को मदों की संख्या से भाग दीजिये।
5. प्राप्त मूल्य का वर्गमूल निकालिये। यही प्रमाप विचलन है।

उदाहरण 15 : निम्न समंकों से प्रमाप विचलन ज्ञात कीजिये :

दस व्यक्तियों की मासिक मजदूरी (रू. में)

480 485 600 610 582 597 593 495 588 540

हल : प्रमाप विचलन का परिगणन

मजदूरी (रू. में) **X**	**$(X - \bar{X})$** **$\bar{X} = 557$** **x**	**x^2**
480	– 77	5929
485	– 72	5184
600	+ 43	1849
610	+ 53	2809
582	+ 25	625
597	+ 40	1600
593	+ 36	1396
495	– 62	3844
588	+ 31	961
540	– 17	289
$SX = 5570$	**$Sx = 0$**	**$Sx^2 = 24386$**

$$s = \sqrt{\frac{x^2}{N}}$$

$$= \sqrt{\frac{24386}{10}}$$

$$= \sqrt{2438.6}$$

$$= 49.382$$

****

$$s = \sqrt{\frac{d^2}{N} - \left(\frac{d}{N}\right)^2}$$

$d = (X - A)$ अर्थात् मदों का कल्पित माध्य से विचलन।

विधि :

1. पदमाला के मूल्यों में से किसी मूल्य को समान्तर माध्य मान लीजिये।
2. इस कल्पित माध्य श्रेणी के प्रत्येक मूल्य का विचलन निकालियें और इन विचलनों का योग कीजिये अर्थात Σd ज्ञात कीजिये।
3. प्रत्येक विचलन का वर्ग निकाल कर योग ज्ञात कीजिये अर्थात Σd^2 निकालिये।
4. उपर्युक्त सूत्र का प्रयोग कीजिये।

उदाहरण 16 : निम्नलिखित समंकों से प्रमाप विचलन ज्ञात कीजिये :

8 विद्यार्थियों का वजन (पौण्डों में)

110 118 125 133 140 142 135 148

हल : प्रमाप विचलन का परिगणन

वजन (पौण्डों में) X	(X – A) A = 130 d	d^2
110	– 20	400
118	– 12	144
125	– 5	25
133	+ 3	9
140	+ 10	100
142	+ 12	144
135	+ 5	25
148	+ 18	324
$\Sigma X = 1,051$	**$\Sigma d = 11$**	**$\Sigma d^2 = 1,171$**

मध्यक पूर्णांक नहीं है, इसलिये लघु रीति का प्रयोग लाभप्रद है। यहाँ 130 को कल्पित माना जाता है।

$$s = \sqrt{\frac{d^2}{N} - \left(\frac{d}{N}\right)^2}$$

$$= \sqrt{\frac{1171}{8} - \left(\frac{11}{8}\right)^2}$$

$$= \sqrt{146.375 - 1.89}$$

$$= \sqrt{144.485}$$

$$= 12.02$$

विच्छिन्न श्रेणी में प्रमाप विचलन का परिगणन

(Calculating Standard Deviation in Discrete Series)

विच्छिन्न श्रेणी में प्रमाप-विचलन प्रत्यक्ष तथा लघु दोनों रीतियों से ज्ञात किया जा सकता है लेकिन व्यवहार में लघु रीति का ही अधिकतर प्रयोग किया जाता है। यदि मध्यक पूर्णांक नहीं है तो प्रत्यक्ष रीति के प्रयोग से गणना क्रिया जटिल हो जाती है इससे पहले से ही कल्पित मध्यक लेकर लघु रीति का प्रयोग करते हैं। जब प्रत्यक्ष रीति का प्रयोग होता है तो सूत्र इस प्रकार होगाः

$$s = \sqrt{\frac{fx^2}{N}} \text{ and } x = (X - \overline{X})$$

पदमाला के प्रत्येक मूल्य का मध्यक से विचलन लेकर उसका वर्ग निकाला जाता है। इन वर्गों को प्रत्येक मद की आवत्ति से गुणा किया जाता है और Sfx^2 ज्ञात किया जाता है। Sfx^2 को आवत्ति के योग अर्थात् N से भाग देकर भागफल का वर्गमूल निकालते हैं और यही प्रमाप विचलन होता है।

जब लघु रीति का प्रयोग किया जाता है तो सूत्र इस प्रकार होता है :

$$s = \sqrt{\frac{d^2}{N} \left(\frac{d}{N}\right)^2}$$

$d = (X - A)$ अर्थात् मूल्यों का कल्पित मध्यक से विचलन

$N = Sf$ अर्थात मदों की संख्या

विधि :

1. पदमाला के मूल्यों में से किसी मूल्य को कल्पित मध्यक लेते हैं।
2. इस कल्पित मध्यक से पदमाला के प्रत्येक मूल्य का विचलन निकालते हैं।
3. विचलनों को उनसे संबंधित आवत्ति से गुणा करके गुणनफलों का योग लेते हैं अर्थात Sfd निकालते हैं।
4. विचलनों व आवत्तियों की गुणाओं में फिर विचलनों को गुणा देकर इन गुणनफलों का भी जोड़ निकाल लेते हैं अर्थात् Sfd^2 ज्ञात करते है।
5. अन्त में उपर्युक्त सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण 16 : निम्न सूचना से प्रमाप विचलन निकालिये :

मूल्य	:	**6**	**7**	**8**	**9**	**10**	**11**	**12**
बारम्बारता	:	**3**	**6**	**9**	**13**	**8**	**5**	**4**

हल : **प्रमाप विचलन का परिगणन**

X	f	(X – 9) d	fd	fd^2
6	3	– 3	– 9	27
7	6	– 2	– 12	24
8	9	– 1	– 9	9
9	13	0	0	0
10	8	+ 1	+ 9	8
11	5	+ 2	+ 10	20
12	4	+ 3	+ 12	36
	N = 48		**$Sfd = 0$**	**$Sfd^2 = 124$**

$$S = \sqrt{\frac{d^2}{N} - \left(\frac{d}{N}\right)^2}$$

$$= \sqrt{\frac{124}{48} - \left(\frac{0}{48}\right)^2}$$

$$= \sqrt{2.583} = 1.607$$

अविच्छिन्न श्रेणी में प्रमाप विचलन का निर्धारण

(Calculating Standard Deviation in Continuous Series)

अविच्छिन्न श्रेणी में प्रमाप विचलन ज्ञात करने की निम्न रीतियाँ हैं :

1. प्रत्यक्ष रीति (direct method)
2. लघु रीति (short-cut method), तथा
3. पद-विचलन रीति (step-deviation method)।

व्यवहार में सबसे अधिक पद-विचलन रीति का ही प्रयोग किया जाता है क्योंकि इससे गणन-क्रिया बहुत सरल हो जाती है।

प्रत्यक्ष रीति (Direct Method) : इस रीति के अनुसार सर्वप्रथम मध्यक ज्ञात किया जाता है। प्रत्येक मध्य-बिन्दु में से मध्यक घटाकर विचलन ज्ञात किये जाते हैं। शेष सभी क्रियायें वैसी ही रहती हैं जैसे विच्छिन्न श्रेणी में। सूत्र इस प्रकार है :

$$S = \sqrt{\frac{fx^2}{N}}$$

$x = (m - \overline{X})$ अर्थात मध्य-बिन्दुओं का समान्तर माध्य से विचलन

लघु रीति (Short-cut Method) : इस रीति के अनुसार गणन-क्रिया वही है जो खण्डित श्रेणी में है। केवल पदमाला के विभिन्न मूल्यों के स्थान पर मध्य बिन्दुओं का प्रयोग होता है। सूत्र वही जो खंडित श्रेणी में प्रयुक्त होता है, अर्थात्

$$S = \sqrt{\frac{d^2}{N} - \left(\frac{d}{N}\right)^2}$$

$d = (m - A)$ अर्थात् मध्य-बिन्दुओं का कल्पित सामान्तर माध्य से विचलन

पद विचलन रीति (Step-deviation Method) : पद विचलन रीति से प्रमाप विचलन ज्ञात करते समय एक उभयनिष्ठ गुणक लिया जाता है। प्रत्येक मध्य-बिन्दु से कल्पित मध्यक घटाकर उभयनिष्ठ गुणक से भाग दिया जाता है अर्थात् $\left(\frac{m - A}{i}\right)$ ज्ञात करते हैं। इन विचलनों को d से प्रदर्शित करते हैं। शेष क्रिया ऊपर के सूत्र के समान ही है। पद-विचलन से प्रमाप विचलन निकालते समय निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है :

$$S = \sqrt{\frac{d^2}{N} - \left(\frac{d}{N}\right)^2} \times i$$

$$d = \left(\frac{m - A}{i}\right)$$

अधिकांशतः, अविच्छिन्न श्रेणी में पद-विचलन रीति का प्रयोग होता है।

उदाहरण 18 : निम्न बंटन का माध्य व मानक विचलन ज्ञात कीजिये :

आयु (वर्षों में)	कर्मचारियों की संख्या	आयु (वर्षों में)	कर्मचारियों की संख्या
25 — 30	70	40 — 45	31
30 — 35	51	45 — 50	29
35 — 40	47	50 — 55	22

हल : **माध्य व प्रमाप विचलन का परिगणन।**

आयु	m	f	$(m - 42.5)/5$ d	fd	fd^2
25 — 30	27.5	70	– 3	– 210	630
30 — 35	32.5	51	– 2	– 10	204
35 — 40	37.5	47	– 1	– 47	47
40 — 45	42.5	31	0	0	0
45 — 50	47.5	29	+ 1	+ 29	29
50 — 55	52.5	22	+ 2	+ 44	88
		N = 250		**Sfd = – 286**	**Sfd^2 = 998**

$$\overline{X} = A + \frac{fd}{N} \times i$$

A = 42.5, Sfd = – 286, N = 250, i = 5

\

$$\overline{X} = 42.5 - \frac{286}{250} \times 5$$
$$= 42.5 - 5.72$$
$$= 36.78$$

$$s = \sqrt{\frac{fd^2}{N} \left(\frac{fd}{N}\right)^2} \times i$$

$$= \sqrt{\frac{998}{250} \left(\frac{286}{250}\right)^2} \times 5$$

$$= \sqrt{3.992 \quad 1.309} \times 5$$

$$= 1.638 \times 5 = 8.19$$

प्रमाप विचलन की गणितीय विशेषतायें
(Mathematical Properties of Standard Deviation)

निम्नलिखित गणितीय विशेषताओं के कारण प्रमाप विचलन का सांख्यिकी में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है :

1. **सामूहिक प्रमाप विचलन** (Combined Standard Deviation) : जिस प्रकार अलग समूहों के समान्तर माध्य तथा मदों की संख्या की सहायता से सामूहिक माध्य निकाला जा सकता है उसी प्रकार विभिन्न समूहों के प्रमाप विपलनों, माध्यों व मद संख्याओं के आधार पर सामूहिक प्रमाप विचलन का परिगणन किया जा सकता है। सामूहिक प्रमाप विचलन ज्ञात करने का सूत्र निम्नलिखित है:

$$s_{12} = \sqrt{\frac{N_1 \overset{2}{1} \quad N_2 \overset{2}{2} \quad N_1 d_1^2 \quad N_2 d_2^2}{N_1 \quad N_2}}$$

s_{12} = सामूहिक प्रमाण विचलन (combined standard deviation)

s_1 = प्रथम भाग का प्रमाप विचलन (standard deviation of the first group)

s_2 = द्वितीय भाग का प्रमाप विचलन (standard deviation of the second group)

N_1 = पहले भाग में मदों की संख्या (number of items in the first group)

N_2 = दूसरे भाग में मदों की संख्या (number of items in the second group)

$d_1 = \left(\overline{X}_1 \quad \overline{X}_{12}\right)$ = प्रथम वर्ग के सामान्तर माध्य तथा सामूहिक समान्तर माध्य में अंतर (difference between the arithmetic mean of the first group and the combined arithmetic average)

यदि तीन भागों का सामूहिक प्रमाप विचलन ज्ञात करना हो तो सूत्र इस प्रकार होगा।

$$s_{123} = \sqrt{\frac{N_1 \overset{2}{1} \quad N_2 \overset{2}{2} \quad N_3 \overset{2}{3} \quad N_1 d_1^2 \quad N_2 d_2^2 \quad N_3 d_3^2}{N_1 \quad N_2 \quad N_3}}$$

यहाँ $d_1 \left(\overline{X}_1 \quad \overline{X}_{123}\right), d_2 \quad \left(\overline{X}_2 \quad \overline{X}_{123}\right), d_3 \quad \left(\overline{X}_3 \quad \overline{X}_{123}\right)$

उदाहरण 19 : (क) निम्नलिखित आँकड़ों से ज्ञात कीजिए :

(अ) सामूहिक माध्य, (ब) सामूहिक प्रमाप विचलन

	Firm A	Firm B
कुल संख्या	**280**	**350**
माध्य	**45**	**54**
विचरण मापांक	**36**	**16**

हल : (अ) सामूहिक माध्य

$$\overline{X}_{12} = \frac{N_1 \overline{X}_1 \quad N_2 \overline{X}_2}{N_1 \quad N_2}$$

$N_1 = 280$, $\overline{X}_1 = 45$, $N_2 = 350$, $\overline{X}_2 = 54$

$$\overline{X}_{12} = \frac{280\,(45) \quad 350\,(54)}{280 \quad 350}$$

अर्थात सामूहिक माध्य $= \frac{12600 \quad 18900}{630} =$ $= 50$

(ब) सामूहिक प्रमाप विचलन :

$$s_{12} = \sqrt{\frac{N_1 \overset{2}{1} \quad N_2 \overset{2}{2} \quad N_1 d_1^2 \quad N_2 d_2^2}{N_1 \quad N_2}}$$

$N_1 = 280$, $s_1 = \sqrt{36}$, $= 6$, $N_2 = 350$

$s = \sqrt{16} = 4$, d_1

$$= \left(\overline{X}_1 \quad \overline{X}_{12}\right)$$

$$= (45 - 50) = -5$$

$$d_2 =$$

$$= 54 - 50 = 4$$

$$s_{12} =$$

$$= \sqrt{\frac{10080 \quad 5600 \quad 7000 \quad 5600}{630}}$$

$$= \sqrt{\frac{28280}{630}} = 6.7$$

उदाहरण : (ख) निम्न समंकों से सिद्ध कीजिये कि समान्तर माध्य 16 तथा प्रमाप विचलन 7.2 है :

वर्ग	N	$\overline{X}$	s
1	**200**	**25**	**3**
2	**250**	**10**	**4**
3	**300**	**15**	**5**

हल :

$$\overline{X}_{123} = \frac{N_1\overline{X}_1 \quad N_2\overline{X}_2 \quad N_3\overline{X}_3}{N_1 \quad N_2 \quad N_3}$$

$\overline{X}_1 = 25,\ \overline{X}_2 = 10,\ \overline{X}_3 = 15,\ N_1 = 200,\ N_2 = 250,\ N_3 = 300$

$$\overline{X}_{123} = \frac{(200 \quad 25) \quad (250 \quad 10) \quad (300 \quad 15)}{200 \quad 250 \quad 300}$$

$$=$$

$$=$$

$$s_{123} = \sqrt{\frac{N_1 \ {}_1^2 \quad N_2 \ {}_2^2 \quad N_3 \ {}_3^2 \quad N_1 d_1^2 \quad N_2 d_2^2 \quad N_3 d_3^2}{N_1 \quad N_2 \quad N_3}}$$

$$d_1 = \left(\overline{X}_1 \quad \overline{X}_{123}\right) \quad (25 \quad 16) \quad 9$$

$$d_2 =$$

$$d_3 = \left(\overline{X}_3 \quad \overline{X}_{123}\right) \quad (15 \quad 16) \quad 1$$

$$= \sqrt{\frac{200\,(3)^2 \quad 250\,(4)^2 \quad 300\,(5)^2 \quad 200\,(9)^2 \quad 250(\ 6)^2 \quad 300\,(\ 1)^2}{200 \quad 250 \quad 300}}$$

$$= \sqrt{\frac{1800 \quad 4000 \quad 7500 \quad 16200 \quad 9000 \quad 300}{750}}$$

$$= \sqrt{\frac{38800}{750}}$$

$$= \sqrt{51.733}$$

$$= 7.19$$

2. **क्रमानुसार दी गई संख्याओं का प्रमाप विचलन** (Standard Deviation of Natural Numbers) : यदि क्रमानुसार दी गई संख्याओं का प्रमाप विचलन ज्ञात करना हो तो नीचे दिये सूत्र का प्रयोग किया जा सकता है :

$$\sigma = \sqrt{\frac{N^2 \quad 1}{12}}$$

इस सूत्र द्वारा विचलन निकालते समय समान्तर माध्य व विचलन, आदि निकालने की आवश्यकता नहीं है। उदाहरणार्थ, 1 से 10 तक की संख्याओं का प्रमाप विचलन निम्न प्रकार से ज्ञात किया जा सकता है :

$$\sigma = \sqrt{\frac{N^2 \quad 1}{12}} = \sqrt{\frac{99}{12}} = 2.87$$

3. एक संमित (normal or symmetrical) या साधारण रूप से असंमित वितरण (moderately asymmetrical distribution) में माध्य एवं प्रमाप विचलन के आधार पर वे सीमायें निर्धारित की जा सकती हैं, जिनमें निश्चित प्रतिशत मूल्य पाये जाने की सम्भावना है। ये सीमायें इस प्रकार हैं :

Mean ± 1σ covers 68.27% items

Mean ± 2σ covers 95.45% items

Mean ± 3σ covers 99.73% items

निम्न चित्र में ये सीमायें स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की गई हैं। निदर्शन में ये सीमायें बहुत महत्वपूर्ण हैं।

4. समान्तर माध्य के विचलन लिये जाने के कारण प्रमाप विचलन में विचलन वर्गों का जोड़ न्यूनतम होता है, *i.e.*, σd^2 = minimum, अर्थात् यदि समान्तर माध्य के अतिरिक्त किसी अन्य मूल्य के मदों का विचलन लेकर वर्ग लिये जायें तो यह योग अधिक होगा। यही कारण है कि प्रमाप विचलन हमेशा समान्तर माध्य से ही विचलन लेकर ज्ञात किया जाता है।



विचरक गुणक

(Coefficient of Variation)

प्रमाप विचलन अपकिरण का निरपेक्ष माप है इसलिए इस आधार पर दो या दो से अधिक श्रेणियों की तुलना सम्भव नहीं, श्रेणियों के तुलनात्मक अध्ययन के लिय विचरण का गुणक निकाला जाता है। लेकिन विचरण गुणक प्रायः दशमलव अंकों में आता है, इसलिये विचलन के अंतर का ठीक अनुमान नहीं हो पाता। इस कठिनाई के समाधान के लिए विचरण-गुणक का सहारा लिया जाता है। इस माप का प्रयोग सर्वप्रथम प्रसिद्ध वैज्ञानिक पियर्सन (Karl Pearson) ने किया और इसलिये इसे कार्ल पियर्सन का विचरण गुणक भी कहते हैं। विचरण गुणक निकालने के लिए प्रमाप विचलन के गुणक को 100 से गुणा कर देते हैं अर्थात निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है :

$$\text{विचरण गुणक (Coefficient of Variation)} = \frac{\sigma}{\bar{X}} \times 100$$

विचरण-गुणक का प्रयोग दो समूहों की स्थिरता (variability), संगति (consistency), सजातीयता (homogenity), स्थिरता (stability), तथा एकरूपता (uniformity) की तुलना करने में किया जाता है। जिस समंक श्रेणी का विचरण-गुणक अधिक होता है वह अधिक अस्थिर (more variable); कम स्थिर (less stable), कम एकरूपता (less uniform या less homogeneous) तथा कम संगत (less consistent) कहलाती है। इसके विपरीत जिस समंक श्रेणी का विचरण-गुणक सम होता है वह अधिक स्थिर, एकरूप संजातीय तथा संगत कहलाती है।

अपकिरण के विभिन्न मापों के बीच संबंध

1. माध्य-विचलन प्रमाप विचलन का 0.7979 या $\frac{4}{5}$ होता है।

$$\text{M.D.} = \frac{4}{5}\sigma$$

2. चतुर्थक विचलन प्रमाप विचलन का 0.6745 या $\frac{2}{3}$ होता है।

$$\text{Q.D.} = \frac{2}{3}\sigma$$

3. चतुर्थक विचलन माध्य-विचलन का $\frac{5}{6}$ होता है।

$$\text{Q.D.} = \frac{5}{6}\text{ M.D.}$$

4. प्रमाप विचलन का 6 गुणा, चतुर्थक विचलन का 9 गुणा और माध्य विचलन का 7.5 गुणा आपस में बराबर होते हैं:

$$6\sigma = 9\text{ Q.D.} = 7.5\text{ M.D.}$$

उदाहरण 21 : 1 किसी श्रेणी के लिए माध्य-विचलन 15 है। चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिये।

2. एक आवत्ति वितरण में जो कि बहुत विषम नहीं है, माध्य -विचलन का मूल्य 12.4 है। प्रमाप विचलन ज्ञात कीजिये।

3. विचरण-गुणांक ज्ञात कीजिए यदि ततीय चतुर्थक (Q_3) तथा प्रथम चतुर्थक (Q_1) 25 हो।

4. विचरण-गुणांक ज्ञात कीजिए यदि विचरण मापांक (variance) का मूल्य 225 तथा सामान्तर माध्य का 40 हो।

हल : 1. $\text{MD} = 15$

$$\text{Q.D.} = \frac{5}{6}\text{ M.D.}$$

$$\text{Q.D.} = \frac{5}{6} \times 15 = 12.5$$

2. $$s = \frac{5}{6}\,\text{M.D.}$$

$$\text{M.D.} = 12.4$$

$$s = \frac{5}{4} \times 12.4 = 15.5$$

3. $$\text{Q.D.} = \frac{Q_3 \quad Q_1}{2}$$

$$= \qquad = 7.5$$

$$\text{Q.D.} = \quad \text{M.D.}$$

$$\frac{5}{6}\,\text{M.D.} = 7.5$$

$$\text{M.D.} = \frac{7.5\times6}{5} = 9$$

4. $$\text{C.V.} = \frac{100}{\bar{X}} \quad \frac{\sqrt{(225)}}{6 \quad 2} \quad 15$$

$$s = \sqrt{(\text{Variance})}$$

$$=$$

$$\text{C.V.} = \frac{15}{40} \times 100 = 37.5$$

प्रमापविचलन के गुण व दोष

(Merits and Demerits of Standard Deviation)

गुण (Merits)

1. यह माप श्रेणी के सभी मूल्यों पर आधारित होता है।
2. यह अपकिरण का स्पष्ट और निश्चित माप है।
3. अपकिरण के अन्य मापों की अपेक्षा प्रमाप विचलन पर निर्देशन परिवर्तनों का सबसे कम प्रभाव पड़ता है।
4. प्रमाप विचलन निकालते समय बीजगणितीय नियमों का पूर्ण रूप से पालन किया होता है, इसलिये इसका उच्चस्तरीय अध्ययन में बहुत प्रयोग होता है।
5. प्रमाप विचलन अपकिरण का सवेश्रेष्ठ माप है।

दोष (Demerits)

1. अन्य मापों की अपेक्षा इसकी गणन-क्रिया कठिन है।
2. इसके मध्यक की सहायता से निकाला जाता है इसलिये इस पर चरम मूल्य का अधिक प्रभाव पड़ता है।

जिस प्रकार मध्यक की केन्द्रीय प्रवत्ति के मापों में सबसे अधिक प्रयोग होता है उसी प्रकार प्रमाप विचलन भी अपकिरण के मापों में सबसे अधिक प्रचलित है। सांख्यिकी में मध्यक तथा प्रमाप विचलन का विशेष स्थान है क्योंकि बहुत से सूत्र इन पर आधारित है।

लारेंज वक्र

(Lorenz Curve)

अपकिरण को प्रदर्शित करने की यह एक बिन्दुरेखीय रीति है। सर्वप्रथम इस प्रकार के वक्र का प्रयोग डॉ. मैक्स ओ लॉरेज (D. Max O' Lorenz) ने किया और उन्हीं के नाम पर इस वक्र का नाम 'लॉरेंज वक्र' पड़ा।

लॉरेंज वक्र एक संचयी प्रतिशत वक्र (cumulative percentage curve) है, इसे बनाने की क्रिया इस प्रकार है :

(1) निर्देशांक का उद्देश्य परभाषित करना (Defining the Purpose of an Index Number) : निर्देशांक की रचना करने से पूर्व यह परम आवश्यक है कि उसके उद्देश्य को स्पष्ट रूप से परिभाषित कर लिया जाय। कोई भी निर्देशांक सर्व-उद्देशीय (All-purpose) नहीं होता है। पूर्व में ही यह जान लेना आवश्यक होता है कि हम किसका माप करने जा रहे हैं तथा उस माप का प्रयोग किस उद्देश्य के लिए किया जाएगा। "उद्देश्य का सूक्ष्म रूप से निर्धारण किये बिना .... यह जानना असम्भव होता है कि निर्देशांक की रचना में निहित पदक्षेपों को किस प्रकार उचित ढंग से सम्पन्न किया जाय।" निर्देशांक विशिष्ट यन्त्र होते हैं, अतः उनके उचित प्रयोग पर ही उनकी क्षमता तथा उपयोगिता निर्भर करती है। वस्तुओं का चुनाव, उनके मूल्य-उद्धहरण (Price Quotation) तथा उनको भार देने आदि के बारे में निर्णय लेने में निर्देशांक का उद्देश्य आधारभूत तथ्य होता है। उदाहरणार्थ, एक सूक्ष्मग्राही मूल्य निर्देशांक (Sensitive Price Index) में उन वस्तुओं को शामिल किया जाएगा जिनके मूल्यों में तेजी से परिवर्तन होते हैं : इसके विपरीत सामान्य उद्देश्य वाले मूल-निर्देशांक में अधिक से अधिक वस्तुओं को लिया जायगा। जीवन-निर्वाह निर्देशांक (Cost of Living Index Number) यदि श्रमिकों से सम्बन्धित होगा तो सामान्य मज़दूरों द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं का समावेश किया जायेगा। अतः निर्देशांकों

के उद्देश्य का पूर्व-निर्धारण आवश्यक होता है।

(3) पदों का चुनाव (Selection of the Items or 'Regimen') : निर्देशांक में शामिल की जाने वाली वस्तुओं की सूची को 'Regimen' या 'Basket' कहते हैं। किसी भी निर्देशांक में सभी पदों या वस्तुओं को शामिल कर लेना न तो सम्भव ही होता है और न आवश्यक ही। प्रत्येक निर्देशांक का उद्देश्य एक विशेष वर्ग से सम्बन्धित परिवर्तनों को मापना होता है। निर्देशांक में सभी परिवर्तन शामिल नहीं होते बल्कि कुछ चुने हुए परिवर्तनों पर ही विचार किया जाता है। उदाहरणस्वरूप, उपभोक्ता मूल्य निर्देशांक में उपभोग में आने वाली समस्त वस्तुओं का समावेश नहीं किया जा सकता है। आजकल उपभोक्ता पदार्थ इतने उपलब्ध हैं कि उन्हें उपभोक्ता मूल्य निर्देशांक में शामिल करना असम्भव होता है। इसके अतिरिक्त नये उपभोक्ता पदार्थों का चलन शुरु होता रहता है। कॉनर लिखते हैं कि निर्देशांक के लिए चुन गये पद सम्बन्धित (Relevant) प्रतिनिधि, विश्वसनीय तथा तुलना योग्य होनी चाहिए। पदों का चुनाव निर्देशांक के उद्देश्य पर निर्भर करता है। निर्देशांक में शामिल करने के लिए वस्तुओं अथवा पदों का चुनाव करते समय निम्नलिखित व्यापक सिद्धान्तों को आधार बनाया जाना चाहिए।

(*i*) चुनी हुई वस्तुएँ अपने वर्ग का उचित प्रतिनिधित्व कर सकें।

(*ii*) चुनी हुई वस्तुएँ आसानी से पहचानी (Easy Recognition) जा सकें।

(*iii*) चुनी हुई वस्तुएँ स्थान या क्षेत्र में विशेष लोकप्रिय (Popular) हों।

(*iv*) चुनी हुई वस्तुएँ के गुणों में कोई अन्तर न हो।

(3) समंक-स्रोतों का चुनाव (Selection of Sources of Data) : निर्देशांक की रचना के लिए मूल्य-उद्धरण (Price Quotations) या तो नियमित रूप से प्रकाशित बाजार भावों में लिये जा सकते हैं अथवा व्यापारी, उत्पादक, निर्यातक आदि के प्राप्त किये जा सकते हैं। दोनों ही दिशाओं में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि भाव उसी वस्तु के हैं। जिसे निर्देशांक में शामिल किया जाता है। संकलित की जाने वाली जानकारी सत्य तुलनीय, पर्याप्त तथा प्रतिनिधि होनी चाहिए। अतः उसी के अनुकूल जानकारी का स्रोत चुनना चाहिए।

(4) समंक-संकलन (Collection of Data) : वस्तुओं के मूल्यों से सम्बन्धित समंक संकलित करने में निम्नलिखित बातों पर विचार करना पड़ता है :-

(अ) मूल्य व्यक्त करने का ढंग — वस्तुओं के मूल्य दो प्रकार से व्यक्त किये जाते हैं (1) मुद्रा में व्यक्त मूल्य (Money Prices) — जिसमें वस्तु का मूल्य मुद्रा की इकाइयों में व्यक्त किया जाता है, जैसे 100 रुपये प्रति क्विंटल (100 किलोग्राम) गेहूँ, 2 रुपये प्रति मीटर कपड़ा, 24 रु. प्रति कमरे मकान किराया आदि। (2) वस्तु परिणाम में व्यक्त मूल्य (Quantity Price) — जिनमें वस्तु का मूल्य प्रति मुद्रा-इकाई में आने वाले परिणाम में व्यक्त किया जाता है, जैसे 1 रुपये का 1 किलोग्राम गेहूँ, 1 रुपये का 50 सेन्टीमीटर कपड़ा आदि। निर्देशांक की रचना में 'मुद्रा में व्यक्त' मूल्यों का ही प्रयोग होता है। यदि मूल्य परिणाम के रूप में व्यक्त हो तो उन्हें मुद्रा में व्यक्त कर लेना चाहिए।

(ब) थोक या फुटकर मूल्य — वस्तुओं के मूल्य थोक या फुटकर हो सकते हैं। सामान्य उद्देश्यीय निर्देशांक की रचना में थोक मूल्य ही लिये जाते हैं। इसका कारण यह है कि थोक मूल्य फुटकर मूल्यों की अपेक्षा कम परिवर्तनशील होते हैं तथा उनमें स्थान-स्थान के आधार पर कम अन्तर पाया जाता है। परन्तु जीवन-निर्वाह निर्देशांक की रचना में फुटकर मूल्यों को लेना उपयुक्त होता है।

(स) बाजार का चुनाव — मूल्य-उद्धरण (Price Quotations) प्रमुख बाजारों से प्राप्त करने चाहिए। सभी बाजारों से, जहाँ वस्तुओं का क्रय तथा विक्रय होता है, मूल्य-उद्धरण प्राप्त करना न तो सम्भव ही है और न आवश्यक ही, अतः बाजारों का भी न्यादर्श (Sample) लिया जाना चाहिए। जिन बाजार में उन वस्तुओं का काफी मात्रा में क्रय-विक्रय होता है, उसी बाजार का न्यादर्श में चुना जाता है।

(द) मूल्य-उद्धरण देने वालों का चुनाव — बाजार का चुनाव कर लेने के पश्चात यह समस्या उत्पन्न होती है कि मूल्य-उद्धरण किन से प्राप्त किये जायें। सदैव विश्वसनीय साधनों से ही मूल्य-उद्धरण प्राप्त करने चाहिए। कई साधनों से मूल्य-उद्धरण प्राप्त करके उनका सत्यापन (Verification) कर लेना चाहिए।

(य) प्रमाणिक (Standard Price) मूल्य को लेना — विश्वसनीय तथा प्रमाणित निर्देशांकों की रचना के लिए 'प्रमापित

मूल्य' ही लिये जाने चाहिए। प्रमापित मूल्य से तात्पर्य उस प्रतिनिधि मूल्य से है जो विचाराधीन समयान्तर में उसे वस्तु का होता है। यदि मासिक निर्देशांक की रचना करनी ही तो किस सप्ताह के मूल्य लिये जाये ? यदि साप्ताहिक निर्देशांक की रचना करनी हो तो किस दिन मूल्य लिये जाये ? यह एक जटिल समस्या होती है। माह अथवा सप्ताह के प्रारम्भ के मूल्य उद्धरण लिये जाये या मध्य के या अन्त के ? यदि साप्ताहिक निर्देशांक की रचना करनी हो तो यह उचित होगा कि सप्ताह के सभी मूल्य उद्धरण लेकर उनके माध्य के आधार पर निर्देशांक की रचना की जाये। मासिक निर्देशांकों की रचना के लिए साप्ताहिक मूल्यों के माध्य लिए जाने चाहिए। वार्षिक निर्देशांकों में मासिक मूल्यों के माध्य उचित रहते हैं। इस परम्परा से असाधारण उच्चावचनों का प्रभाव निर्देशांकों पर नहीं पड़ने पाता।

समंक स्रोतों तथा संकलन विधि की जाँच बड़ी सावधानी से करनी चाहिए जिससे प्रत्येक पदक्षेप तथा हर समय परिशुद्धता के प्रति आवश्वस्त रह जा सके।

(क) आगणकों का चुनाव — समंक संग्रहण के लिए उत्तरदायी आगणकों के चुनाव में भी विशेष सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि उनकी योग्यता तथा निष्पक्षता पर ही निर्देशांकों की विश्वसनीयता तथा उपयोगिता निर्भर रहती है।

(5) आधार का चुनाव (Selection of Base) : निर्देशांकों की रचना में उचित आधार का चुनाव महत्त्वपूर्ण होता है। प्रत्येक निर्देशांक का एक आधार होता है जिससे परिवर्तनों को व्यक्त किया जाता है। "एक निर्देशांक का आधार वर्ष वह वर्ष होता है जिससे अन्य वर्षों की तुलना की जाती है" अन्य शब्दों में, निर्देशांकों का आधार एक वर्ष (Base Year) होता है जिसके स्तर के आधार पर आगे के वर्षों के परिवर्तनों को मापा जाता है। यह वर्ष एक सामान्य वर्ष (Normal Year) होना चाहिए अर्थात् उस वर्ष न तो मूल्य स्तर असाधारण रूप से ऊँचा हो और न नीचा ही। आधार वर्ष बहुत पुराना भी नहीं होना चाहिए। यह इसलिए आवश्यक होता है क्योंकि व्यक्ति सामान्यतः वर्तमान दशाओं की तुलना उस आधार-अवधि से करना चाहते हैं जो अधिक पुरानी न हो। आधार वर्ष वर्तमान अवधि के निकट का ही होना चाहिए जिससे उपभोक्ताओं की आदतों एवं उनकी व्यय-संरचना में मूलभूत परिवर्तन न हो पाये। आधार वर्ष कभी भी 100 या 50 अथवा 25 वर्ष पुराना नहीं होना चाहिए। वर्तमान गतिमान परिस्थितियों में आधार वर्ष कभी भी एक दशक से पूर्व का नहीं होना चाहिए। सिम्पसन एवं कापका लिखते हैं, "क्योंकि निर्देशांकों के आधार पर व्यावहारिक निर्णय लिये जाते हैं तथा आर्थिक व्यवहार प्रायः अल्पकालीन ढंग के होते हैं, हम उस आधार से तुलना करना चाहेंगे जो उसी सामान्य आर्थिक ढाँचे में से हो जिसमें से वर्तमान वर्ष। अतः अध्ययन वर्षों के निकट का ही वर्ष हम चुनते हैं।" हाल का ही आधार वर्ष लेने से यह निश्चित हो जाता है कि तुलना अपेक्षित सजातीय तथ्यों के आधार पर ही की गयी है। हाल का आधार वर्ष लेने से यह निश्चित हो जाता है कि तुलना अपेक्षित सजातीय तथ्यों के आधार पर ही की गयी है। हाल का आधार वर्ष लेने से यह मनोवैज्ञानिक कारण भी है जैसा कि लुईस एवं फोक्स ने लिखा है, 'उचित निकट का आधार लाभदायक है क्योंकि वह निर्देशांक को 100 के अति निकट रखता है और इस प्रकार निर्देशांक के परिवर्तनों को समझने में सहायता देता है। उदाहरणार्थ, यदि आधार वर्ष पर्याप्त दूर का हो और वर्तमान निर्देशांक — मान 400, 500 अथवा 600 के निकट होगा। यदि दो लगातार निर्देशांक 573 तथा 604 हों तो परिवर्तन की प्राप्त ज्ञात करने के लिए पुनः गणना करनी होगी। इसके अतिरिक्त इसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी होता है। यदि मूल्य निर्देशांक 604 हो तो लोगबाग यह सोचते हैं कि मूल्यों का स्तर ऊँचा है।" वर्तमान में प्रत्येक दशक के प्रथम वर्ष (जैसे 1951, 1961, 1971) को आधार वर्ष मानकर आगे के वर्षों की तुलना करने की प्रवत्ति पायी जाती है।

आधार वर्ष निम्नलिखित चार प्रकार का हो सकता है :-

(*i*) स्थिर आधार (Fixed Base)

(*ii*) औसत आधार (Average Base)

(*iii*) श्रंखला आधार (Chain Base)

(*iv*) लासपेयरे की विधि (Laspeyre's Method)

***(i)* स्थिर आधार नीति (Fixed Base Method) :** इस रीति के अनुसार एक सामान्य वर्ष को आधार वर्ष चुना लिया जाता है तथा अन्य वर्षों के मूल्य-स्तरों की तुलना इस आधार वर्ष के आधार पर की जाती है। यह वर्ष हर प्रकार से सामान्य होना चाहिए अर्थात् बाढ़, महामारी, अकाल, युद्ध, अभिवद्धि काल , अवसाद काल उस वर्ष में न हों। जहाँ

तक सम्भव हो सभी प्रकार के निर्देशांकों के लिए समान आधार वर्ष रखना चाहिए जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तुलना की जा सके।

(*ii*) **औसत आधार रीति (Average Base Method) :** प्रायः कोई भी वर्ष पूर्णतः सामान्य नहीं होता, जिसको आधार मानकर अगले वर्षों के मूल्य स्तरों की तुलना की जा सके। क्रॉक्सटन तथा कॉउडन के शब्दों में, "यह सम्भावना हो सकती है कि कोई भी एक वर्ष पर्याप्त रूप से सामान्य न हो जिसे तुलना का श्रेष्ठ आधार बनाया जा सके। व्यापारिक चक्र के साथ-साथ व्यापार तथा मूल्य सदैव घटते तथा बढ़ते रहते हैं, ऐसी दशा में अनेक वर्षों का माध्य श्रेष्ठ आधार रहता है।" कई वर्षों के मूल्यों के औसत को आधार मानने से अनेक विषमताएँ समाप्त हो जाती है, अतः औसत-आधारप सर्वश्रेष्ठ आधार होता है। कम से कम पाँच वर्षों के मूल्यों का औसत आधार अवश्य बनाया जाना चाहिए।

(*iii*) **श्रंखला आधार रीति (Chain Base Method) :** यदि वर्ष-प्रतिवर्ष के मूल्य स्तरों के परिवर्तनों की तुलना करनी हो तो श्रंखला -आधार रीति अपनायी जाती है। इस रीति के अनुसार प्रत्येक वर्ष के लिए उसके पूर्व का वर्ष आधार होता है, उदाहरणार्थ 1970 वर्ष के लिए 1969, 1969 वर्ष के लिए 1968, 1968 वर्ष के लिए 1967, 1967 वर्ष के लिए 1966 आधार वर्ष रखा जाता है। इस रीति के अनुसार आधार वर्ष बदलता रहता है। अतः इसे बदलते आधार की रीति (Shifting Base System) भी कहते हैं। होरेस सीक्रीस्ट के अनुसार "अपेक्षाकृत पुराने वर्ष को स्थिर वितरण, रखकर निकाले गये मूल्यनुपातों के वितरण के, गत वर्ष के आधार पर निकाले गये मूल्यानुपातों का वितरण, 'सामान्य वक्र' (Normal Curve or Error) के अधिक अनुरूप होता है। यदि मूल्यानुपात अथवा प्रतिशत विधि के आधार पर मूल्य-परिवर्तन की माप करनी हो तो दूर के वर्ष की अपेक्षा निकट वर्ष के आधार को प्राथमिक दी जानी चाहिए। अतः श्रंखला मूल्यानुपात जिन्हें बाद में श्रंखलाबद्ध किया जाता है , इस उद्देश्य पूर्ति के लिए प्रयुक्त किये जाते हैं।

तथ्य का चुनाव (Form of Average to be Used) : सैद्धान्तिक रूप से निर्देशांक की गणना में प्रत्येक माध्य जैसे अंकगणितीय माध्य, मध्यका, भूयिष्ठक, गुणोत्तर, माध्य तथा हरात्मक माध्य, का प्रयोग किया जा सकता है। परन्तु व्यावहारिक दष्टिकोण से मध्यका तथा भूयिष्ठक का प्रयोग नहीं किया जाता क्योंकि इनसे भ्रमात्मक परिणाम होते हैं। गुणोत्तर माध्य तथा हरात्मक माध्य की गणना करना कठिन होता है अतः अंकगणितीय माध्य का ही प्रयोग किया जाता है। विद्युत-चलित गणना करने वाली मशीनों का प्रयोग बढ़ने से निर्देशांकों की गणना में गुणोत्तर माध्य का प्रयोग बढ़ रहा है। अंकगणीतीय माध्य के प्रयोग से जहाँ निर्देशांकों की गणना करना सरल हो जाता है वहाँ गुणोत्तर माध्य से निर्देशांकों की गणना करने में निम्नलिखित गुण होते हैं।

(*i*) गुणोत्तर माध्य से सापेक्ष परिवर्तनों की माप श्रेष्ठ रूप से होती है।

(*ii*) गुणोत्तर माध्य कम मूल्यों को अधिक तथा अधिक मूल्यों को कम महत्व देता है। इससे वस्तुस्थिति का सन्तुलित चित्र प्रस्तुत हो जाता है।

(*iii*) सन्तोषप्रद निर्देशांकों में उत्कामयता (reversibility) का गुण होना आवश्यक होता है तथा गुणोत्तर माध्य के प्रयोग से ही निर्देशांकों में यह गुण आ सकता है।

(*iv*) गुणोत्तर माध्य से निर्मित निर्देशांकों में आधार वर्ष अथवा वस्तुओं में परिवर्तन करना सरल होता है।

(7) भारांकन विधि (System of Weighting) : "सरल शब्दों में, भारांकन आंगिक-श्रेणियों को उनकी वास्तविक महत्ता के सम्बन्ध में महत्व देने के लिए किया जाता है।" प्रत्येक वस्तु का उसके महत्व के अनुसार निर्देशांक पर प्रभाव डालने के लिए भारांकन विधि का प्रयोग किया जाता है। आभारित अथवा साधारण निर्देशांक (Unweighted of Simple Index Number) में प्रत्येक वस्तु का समान महत्व दिया जाता है। परन्तु व्यावहारिक जीवन में अलग-अलग वस्तुओं का अलग-अलग सापेक्षिक महत्व होता है। यदि गेहूँ का मूल्य दुगना तथा तम्बाकू का मूल्य आधा हो जाय तो अभारित निर्देशांक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा जबकि उपभोक्ता को तम्बाकू का मूल्य आधा रह जाने से उतना लाभ नहीं होगा जितना गेहूँ का मूल्य दुगना हो जाने से नुकसान होगा। निर्देशांकों की रचना में विभिन्न वस्तुओं को उनके सापेक्षिक महत्व के अनुसार भारांकित करने का यही प्रमुख कारण है।

निर्देशांक के प्रकार

मुख्य रूप से तीन प्रकार के निर्देशांक होते हैं :-

(1) कुल मूल्य निर्देशांक (Value Index) : इस प्रकार के निर्देशांक इस बात की तुलना करते हैं कि आधार वर्ष के कुल मूल्य (मूल्य × मात्रा) की तुलना में प्रचलित वर्ष के कुल मूल्य में (मूल्या × मात्रा) कितनी वद्धि अथवा कमी हुई है।

(2) मूल्य निर्देशांक (Price Index) : सामान्यतः निर्देशांक से तात्पर्य मूल्य निर्देशांक से ही होता है। ये निर्देशांक दो समयान्तरों के मध्य मूल्य-स्तर के परिवर्तनों को नापते हैं।

(3) परिमाण निर्देशांक (Quantity Index) : किसी वस्तु के उत्पादित, विक्रय अथवा उपभोग किए जाने वाले परिणाम के परिवर्तनों को मापने के लिए परिमान निर्देशांक बनाये जाते हैं।

सूचकांक रचना की विधियाँ
(Methods of Constructing Index Numbers)

निर्देशांक बनाने की अनेक विधियां हैं। सरलता की दष्टि से एक चाट निम्न प्रकार से प्रदर्शित किया जा सकता है : -



***(i)* सरल समूही विधि (Simple Aggressive Method) :** निर्देशांक बनाने की यह सरलतम विधि है। इस विधि के अन्तर्गत प्रचलति वर्ष के लिए निर्देशांक की गणना निम्न सूत्र द्वारा की जाती है :-

$$P01 = \frac{P_1}{P_0} \times 100$$

जहाँ (Where)

P_{01} = प्रचलित वर्ष का निर्देशांक (Price Index of the Current Year)

SP_1 = प्रचलित वर्ष के मूल्यों का योग (Total of Price of Current Year)

SP_0 = आधार वर्ष के मूल्यों का योग (Total of Price of Base Year)

Illustration 1 : Given below are the prices of the five commodities for three years. Construct the price index with 1985 as base.

Commodities	Price per unit		
	1985	**1986**	**1987**
A	12	15	18
B	20	24	28
C	55	85	90
D	44	52	50
E	28	40	44

Solution :

Construction of price index for 1986 with 1985 as base year. Let the price of commodities in 1985 be denoted by P_0; and in 1986 and 1987 be denoted by P_1 and P_2 respectively.

Commodities	Price per unit		
	1985	**1986**	**1987**
	(P_0)	(P_1)	(P_2)
A	12	15	18
B	20	24	28
C	55	85	90
D	44	52	50
E	28	40	44
	159	216	230
We have			

$SP_0 = 159$, SP_1 216 and $SP_2 = 230$

Price index for 1986 $= P_{01} = \frac{P_1}{P_0} \times 100$

$$= \frac{216}{159} \times 100 = 135.85$$

Price index for 1987,

$$P_{02} = \frac{P_2}{P_0} \times 100$$

$$= \frac{230}{159} \times 10$$

$$= 144.65$$

Illustration 2 : Construt price index numbers, using simple aggregative method, for the data given below by taking :-

(*i*) 1993 as base year

(*ii*) Five years average as base year

(*iii*) 1990 to 1992 as base year

Year	Price (Rs.)
1990	7
1991	8
1992	9
1993	10
1994	21

Solution :

(*i*) Construction of Index Number taking 1993 as base year.

Years	Price	Index Number of Price Relatives

	(Rs.)	(1995 = 100)
1990	7	$\frac{7}{10}$ 100 70
1991	8	$\frac{8}{10} \times 100 = 80$
1992	9	$\frac{9}{10} \times 100 = 90$
1993	10	100
1994	21	$\frac{21}{10} \times 100 = 210$

(*ii*) Construction of Index Number taking five years average as base year

$$\text{Average} = \frac{7 \quad 8 \quad 9 \quad 10 \quad 21}{5} = \quad = 11$$

Years	Price	Index Number of Price Relatives
	(Rs.)	Five years Averages (II) as base year
1990	7	$\frac{7}{11} \times 100 = 63.64$
1991	8	$\frac{8}{11} \times 100 = 72.73$
1992	9	$\frac{9}{11} \times 100 = 81.82$
1993	10	$\frac{10}{11} \times 100 = 90.91$
1994	21	$\frac{21}{11} \times 100 = 191.91$

(*ii*) Construction of Index Number taking 1990 to 1992 as base year.

$$\text{Average of prices from 1990 to 1992} = \frac{7 \quad 8 \quad 9}{3} = \quad = 8$$

Years	Price	Index Number of Price Relatives
		1990 to 1992 average price as base
1990	7	$\frac{7}{8} \times 100 = 87.5$
1991	8	$\frac{8}{8} \times 100 = 100.00$
1992	9	$\frac{9}{8} \times 100 = 112.5$
1993	10	$\frac{10}{8} \times 100 = 125.0$
1994	21	$\frac{21}{8} \times 100 = 262.5$

(*ii*) **मूल्यानुपात माध्य विधि (Average of Price Relatives Method) :** इस विधि के अनुसार निर्देशांकों की रचना करने

के लिए सर्वप्रथम वस्तुओं या मदों के मूल्यानुपात (Price Relatives) ज्ञात किए जाते हैं। इसके पश्चात् समान्तर माध्य, मध्यका या गुणोत्तर माध्य में से किसी भी माध्य का प्रयोग कर निर्देशांक ज्ञात किए जाते हैं

जब समान्तर माध्य (Arithmetic Mean) का प्रयोग किया जाता है तो निम्न सूत्र का प्रयोग होता है।

$$P_{01} = \frac{\left(\frac{P_1}{P_0} \quad 100\right)}{N}$$

जहाँ (Where) N = Number of Items or Commodities

जब गुणोत्तर माध्य (Geometric Mean) का प्रयोग किया जाता है तो निर्देशांक ज्ञात करने के लिए निम्न सूत्र का प्रयोग होता है :-

$$\log P_{01} = \frac{\log\left[\frac{P_1}{P_0} \quad 100\right]}{N} \quad \frac{\log P}{N} \qquad \left(\text{जहाँ } P \quad \frac{P_1}{P_0} \quad 100\right)$$

या $$P_{01} = \text{Antilog}\left[\frac{\log P}{N}\right]$$

Illustration 3 : From the data given below, construct index for 1988 taking 1987 as base year by the average or relatives method using (a) arithmetic mean and (b) geometric mean methods.

Commodities	Price 1987	Price 1988
A	70	90
B	60	95
C	120	135
D	150	180
E	20	20
F	15	16

Solution : (*a*) Construction of index number by arithmetic mean method.

Commodities	Price 1987 (P_0)	Price 1988 (P_1)	Price Relatives ($P_1 \times P_0 \times 100$)
A	70	90	128.57
B	60	95	158.33
C	120	135	112.50
D	150	180	120.00
E	20	20	100.00
F	15	16	106.67
		$SP_1/P_0 \times 100 = 726.07$	

Price index for 1988, $P_{01} = \frac{P_1 / P_0 \quad 100}{N}$

$$= \frac{726.07}{6}$$

$$= 121.01$$

(*b*) Construction of index number by geometric mean method.

Commodities	Price (P_0)	Price (P_1)	Price Relatives ($P_1/P_0 \times 100$)	Log P
A	70	90	128.57	2.1091
B	60	95	158.33	2.1996
C	120	135	112.50	2.0511
D	150	180	120.00	2.0792
E	20	20	100.00	2.0000
F	15	16	106.67	2.0280
				S log P = 12.4670

P_{01} = Antilog

P_{01} = Antilog S Log p/N

= 12.460/6

= antilog 2.0778

= 119.62

Illustration 4 : Given below is the data of three groups of commodities price for the year 1984 to 1988. Find out the price index using arithmetic mean and geometric mean methods.

Group	1984	1985	1986	1987	1988
A	4	6	8	10	12
B	16	20	24	30	36
C	8	10	16	20	24

Solution : Computation of price index number based on arithmetic mean and geometric mean methods. Assume 1984 as base year (1984 = 100).

Group	1984	1985	1986	1987	1988
A	100	150	200	250	300
B	100	125	150	187.5	225
C	100	125	200	250	300
Total Relatives	**300**	**400**	**550**	**687.5**	**825**
Price Index based on A.M.	**100**	**133.33**	**183.33**	**229.17**	**275.00**
Price Index based on G.M.	**100**	**132.83**	**181.71**	**227.14**	**272.56**

Illustration 5 : Find out the index number for 1992, 1993 and 1994 based on 1991 using mean, median and geometric mean as base :

वस्तुएँ Commodities	1991	1992	1993	1994
A	15	130	20	24
B	10	12	16	13
C	12	18	8	10
D	8	8	12	16
E	17	15	16	20

Solution : Construction of Index Numbers.

Commodities	1991 Price	1992 Price Relatives	1993 Price	1994 Price Relatives	Price	Price Relatives	Price	Price Relatives
A	15	100	30	200.00	20	133.33	24	160.0
B	10	100	12	120.00	16	160.00	13	130.0
C	12	100	18	150.00	8	66.70	10	83.3
D	8	100	8	100.00	12	150.00	16	200.0
E	17	100	15	88.20	16	94.10	20	117.7
Total of Relatives		500		658.2		604.1		691.0
Mean of Relatives		100		131.6		120.8		138.2
Median of Relatives		100		120.0		133.3		130.0
Geometric Mean of Relatives		100		126.0		115.0		125.9

Illustration 6 : Calculate Index Number from the following data taking average price as index :-

वस्तुएँ (Articles)	मूल्य (रु. में) Price (in Rs.)		
1999	2000	2001	
A	4	5	9
B	3	6	9
C	2	4	6

Solution :

Articles	Average Price (P_0)	1999 Price	1999 Price Relatives	2000 Price	2000 Price Relatives	2001 Price	2001 Price Relatives
A	6	4	66.67	5	83.33	9	150
B	6	3	50.00	6	100.00	9	150
C	4	2	50.00	4	100.00	6	150
Total of Price Relatives			166.67		283.33		450
Average or Price			55.67		94.44		150

Relatives

Calculation of Price Relatives

For 1999	For 2000	For 2001
$\times 100 = 66.67$	$\frac{5}{6} \times 100 = 83.33$	$\frac{9}{6} \times 100 = 150$
$\frac{3}{6} \times 100 = 50.00$	$\frac{6}{6} \times 100 = 100.00$	$\frac{9}{6} \times 100 = 150$
$\frac{2}{4} \times 100 = 50.00$	$\frac{4}{4} \times 100 = 100.00$	$\frac{6}{4} \times 100 = 150$

(2) श्रंखला आधार विधि (Chain Base Method) : जैसा कि हम स्थायी आधार विधि में वर्णन कर चुके हैं कि एक बार चुना हुआ आधार स्थिर रहता है और प्रतिशत मूल्यानुपात (Price Relatives) उसी आधार वर्ष या वर्षों के औसत पर आधारित होते हैं। श्रंखला आधार विधि इससे कुछ भिन्न है। श्रंखला आधार विधि के अनुसार प्रत्येक वर्ष के लिए उससे पिछला वर्ष आधार माना जाता है। दूसरे शब्दों में, प्रत्येक वर्ष अपने अगले वर्ष के लिए आधार वर्ष होता है या कहें कि आधार निरन्तर बदलता रहता है जैसे 1989 के लिए 1988, 1990 के लिए 1989, 1991 के लिए 1990 आदि। श्रंखला आधार के निर्देशांकों की रचना की क्रिया-विधि निम्न प्रकार से है :-

1. प्रथम वर्ष के निर्देशांकों को 100 मान लिया जाता है।
2. प्रथम वर्ष के मूल्य को आधार मान कर द्वितीय वर्ष के मूल्यानुपातों की गणना की जाती है जिन्हें श्रंखला मूल्यानुपात (Link Relatives) कहते है। इसी प्रकार द्वितीय वर्ष के मूल्य को आधार मान कर ततीय वर्ष के मूल्यानुपातों की गणना की जाती है। यही क्रम अन्त तक चलता रहता है।

$$\text{श्रंखला मूल्यानुपात (Link Relative)} = \frac{\text{चालू वर्ष का मूल्य (Price of Current Year)}}{\text{पिछले वर्ष का मूल्य (Price of Previous Year)}} \times 100$$

3. प्रत्येक वर्ष के श्रंखला मूल्यानुपातों का योग करके वस्तुओं की संख्या से भाग देकर श्रंखला मूल्यानुपातों का माध्य (Average of Link Relatives) ज्ञात कर लिया जाता है।
4. श्रंखला मूल्यानुपात केवल दो वर्षों के मध्य प्रतिशत अनुपात को प्रकट करता है इस प्रकार दो निकटवर्ती वर्षों में सम्बन्ध स्थापित हो जाता है। सभी श्रंखला मूल्यानुपातों के मध्य सम्बन्ध (Link) स्थापित करने के लिए तथा एक श्रंखला का निर्माण करने के लिए सभी श्रंखला मूल्यानुपातों को सामान्य आधार से श्रंखलाबद्ध श्रंखला निर्देशांक (Chain Indices Chained to a Common Base) इसकी गणना के लिए निम्न सूत्र का प्रयोग करते हैः-

$$\text{(Chain Index No. for Current Year)} = \left(\frac{\text{Chain Index No. of Previous Year} \times \text{Average Link Relative of Current Year}}{100} \right)$$

Illustration 7 : From the following data, calculate Chain Base Index Numbers.

निम्न समंकों से श्रंखला सूचकांक ज्ञात कीजिए : -

Price in Rs.

Items	Years				
	1986	1987	1988	1989	1990
A	5	8	10	12	15
B	3	6	8	10	12

Items	C 1986		2 1987		3 1988		5 7 1989		10.5 1990	
	Price	**Link Relatives**	**Price**	**Link Relatives**	**Price**	**Link Relatives**	**Price**	**Link Relatives**	**Price**	**Link Relatives**
A	5	100	8	$\frac{8}{5}\times 100$ $=160$	10	$\frac{10}{8}\times 100$ $=125$	12	$\frac{12}{10}\times 100$ $=120$	15	$\frac{15}{12}\times 100$ $=125$
B	3	100	6	$\frac{6}{3}\times 100$ $=200$	8	$\frac{8}{6}\times 100$ $=133.33$	10	$\frac{10}{8}\times 100$ $=125$	12	$\frac{12}{10}\times 100$ $=120$
C	2	100	3	$\frac{3}{2}\times 100$ $=150$	5	$\frac{5}{3}\times 100$ $=166.67$	7	$\frac{7}{5}\times 100$ $=140$	10.5	$\frac{10.5}{7}\times 100$ $=150$
Total Link Relatives		300		510		425		385		395
Average of Link Relatives		100		170		141.67		128.33		131.67
Chain Indices		100		$\frac{100 \quad 170}{100}$ $=170$		$=240.84$		$\frac{240.84 \quad 128.33}{100}$ $=309.07$		$=406.95$

Aggregative Method

भारांकन तर्क-संगत विधि पर ही आधारित होना चाहिए। संख्याशास्त्रियों द्वारा प्रतिपादन भारांकन के विभिन्न सूत्र इस प्रकार हैं :-

(1) आधार वर्ष की मात्रा के अनुसार भारांकन (Base Period Quantities as Weights) : इस विधि को लासपियरे (Laspeyre's) विधि भी कहते हैं। इसमें आधार वर्ष की मात्राओं के अनुसार भाग दिये जाते हैं। सूत्रानुसार :-

$$\text{Index Number} = \qquad \times 100$$

इस सूत्र में

P_1 = वर्तमान वर्ष का मूल्य (Price of the Current Year)

P_0 = आधार वर्ष का मूल्य (Price of the Base Year)

q_0 = आधार वर्ष कह मात्रा (Quantity of the Base Year)

(2) वर्तमान वर्ष की मात्रा के अनुसार भारांकन (Current Year's Quantities as Weights) : इस विधि को पाश्चर्य की विधि (Pasche's Method) भी कहते हैं। इस विधि के अनुसार वर्ष का मात्राओं के अनुसार भार दिये जाते हैं। इस विधि का सबसे बड़ा गुण है कि हर वर्ष नये भार निश्चित किये जाते हैं। सूत्रानुसार :-

$$\text{Index Number} = \frac{P_1 q_1}{P_0 q_1} \times 100$$

संकेतों के अर्थ इस प्रकार हैं :-

P_1 = वर्तमान वर्ष का मूल्य (Price of the Current Year)

P_0 = आधार वर्ष का मूल्य (Price of the Base Year)

q_0 = आधार वर्ष कह मात्रा (Quantity of the Base Year)

(3) मार्शल-एजवर्थ की विधि (Marshall-Edgeworth's Method) इस विधि के अन्तर्गत वर्तमान तथा आधार दोनों वर्षों की मात्राओं के माध्य अथवा योग के बराबर भार दिये जाते हैं। इस प्रसिद्ध अर्थशास्त्री-मार्शल तथा एजवर्थ ने पहले दोनों सूत्रों को मिला कर यह सूत्र प्रस्तुत किया है। उनका सूत्र है :-

$$\text{Index Number} = \frac{P_1 (q_0 \quad q_1)}{P_0 (q_0 \quad q_1)} \times 100 \text{ अथवा } \frac{P_1 q_0 \quad P_1 q_0}{P_0 q_0 \quad P_0 q_1} \times 100$$

(क) निर्देशांक में शामिल समस्त वर्षों की मात्राओं के माध्य के आधार पर भी भार निश्चित किये जा सकते हैं। ऐतिहासिक अध्ययन के लिए भारांकन की यह विधि सर्वोचित है परन्तु इसके प्रयोग में व्यावहारिक कठिनाइयाँ हैं।

(ख) महत्वपूर्ण वर्षों की मात्राओं के मध्य के आधार पर भी भार निश्चित किये जा सकते हैं।

(ग) **मात्राओं के महत्तम समापवर्त के आधार पर भारांकन (Highest Common Factor of the Quantities as Weights) :** भारांकन की इस विधि का प्रतिपादन जे. एम. कीन्स (J. M. Keynes) ने किया है। इस विधि के अनुसार, प्रत्येक वस्तु की समस्त वर्षों अथवा आधार वर्ष तथा वर्तमान वर्ष की मात्रा की समान्य मात्रा (Common Quantity) के आधार पर भार निश्चित किये जाते हैं।

(4) फिशर की विधि (Fisher's Method) : इस विधि के अनुसार आधार वर्ष तथा वर्तमान वर्ष की मात्राओं के आधार पर भार देकर दो निर्देशांक निर्मित किये जाते हैं और उन दोनों का गुणोत्तर माध्य (Geometri Mean) निकाल लिया जाता है। इस विधि को Crossed Weights Formula भी कहते हैं। इसका सूत्र निम्न है :-

$$\text{Index Number} = \sqrt{\frac{P_1 q_0}{P_0 q_0} \quad \frac{P_1 q_1}{P_0 q_1}} \times 100$$

संकेतों का अर्थ इस प्रकार है :-

P_1 = वर्तमान वर्ष का मूल्य (Price of the Current Year)

P_0 = आधार वर्ष का मूल्य (Price of the Base Year)

q_1 = वर्तमान वर्ष कह मात्रा (Quantity of the Current Year)

q_0 = आधार वर्ष कह मात्रा (Quantity of the Base Year)

(5) डोरबिश तथा बाउले का सूत्र (Dorbish and Bowley Formula) : यह सूत्र फिशर के सूत्र की तरह ही है। परन्तु इसमें गुणोत्तर माध्य के स्थान पर अंकगणितीय माध्य निकाला जाता है। इनका सूत्र निम्न है :-

$$\text{Index Number} = \frac{\left\{\left(\frac{P_1 q_0}{P_0 q_0} \quad \frac{P_1 q_1}{P_0 q_1}\right) \quad 2\right\}}{} \quad 100$$

(6) वॉल्श का सूत्र (Walsh's Formula) :-

$$\text{Index Number} = \frac{\sqrt{q_0 (q_1 P_1)}}{\sqrt{q_0 (q_1 P_0)}}$$

Illustration 8 : From the following data, calculate Laspeyre's, Passche's-Dorbish-Bowley's. Fisher's Index and Marshall-Edgeworth's, and Walsch's Index Numbers.

Item (Rs.)	Base Year		Current Year	
	Price (Rs.)	Quantity (Rs.)	Price (Rs.)	Quantity
A	6	50	10	56
B	2	100	2	120
C	4	60	6	60
D	10	30	12	24
E	8	40	12	36

(Madras Uni. B.Com March 1978)

Solution : Computation of Laspeyre's and Paashe's Index Numbers.

Item	P_0	q_1	P_1	q_1	P_0q_0	P_0q_1	P_1q_0	P_1q_1
A	6	50	10	56	300	336	500	560
B	2	100	2	120	200	240	200	240
C	4	60	6	60	240	240	360	360
D	10	30	12	24	300	240	360	288
E	8	40	12	36	320	288	480	432
					ΣP_0q_0 = 1360	ΣP_0q_1 = 1344	ΣP_1q_0 = 1900	ΣP_1q_1 = 1880

(*i*) Laspeyre's Price Index is given by $\left[\frac{\frac{P_1 q_0}{P_0 q_0} + \frac{P_1 q_1}{P_0 q_1}}{2}\right]$

$$P_{01} = \frac{P_1 q_0}{P_0 q_0} \times 100 = \frac{1900}{1360} \times 100 = 1.3971 \times 100 = \mathbf{139.71}$$

(*ii*) Paasche's Price Index is given by

$$P_{01} = \frac{P_1 q_1}{P_0 q_1} \times 100 = \frac{1880}{1344} \times 100 = 1.3988 \times 100 = \mathbf{139.88}$$

(*iii*) Dorbish and Bowley's Index

$$P_{01} = \frac{\frac{P_1 q_0}{P_0 q_0} \quad \frac{P_1 q_1}{P_0 q_1}}{2} \times 100 = \frac{1.3971 \quad 1.3988}{2} \times 100$$

$$= \times 100 = 1.39.795 \times 100 = \mathbf{139.795}$$

$$\therefore \quad P_{01} = \mathbf{139.80}$$

(*vi*) Marshall-Edgeworth Method

$$P_{01} = \times 100 = \frac{1900 \quad 1880}{1360 \quad 1344} \times 100$$

$$= \frac{3780}{2704} \times 100$$

$$\therefore \quad P_{01} = 1.39 \times 100 = \mathbf{139.8}$$

(*v*) Fisher's Ideal Formula

$$P_{01} = \sqrt{\frac{P_1 q_0}{P_0 q_0}\frac{P_1 q_1}{P_0 q_1}} \times 100 = \sqrt{\frac{1900}{1360}\frac{1880}{1344}} \times 100$$

$$= \sqrt{1.9543} \times 100$$

(*vi*) Walsch's Index

Calculation of Walsch's Price Index

Item	$q_0\ q_1$	$\sqrt{q_0 \cdot q_1}$	$P_1\sqrt{q_0 \cdot q_1}$	$P_0\sqrt{q_0 \cdot q_1}$
A	2800	52.9	529	317.4
B	12000	109.5	219	219.0
C	3600	60.0	360	240
D	720	26.8	321.6	268
E	1440	37.9	454.8	303.2
			1884.4	1347.6
			$S\ P_1\sqrt{q_0 \cdot q_1} = S\ P_1\sqrt{q_0 \cdot q_1}$	

$$P01 = \frac{P_1\sqrt{q_0 \cdot q_1}}{P_0\sqrt{q_0 \cdot q_1}} \times 100 = \frac{1884.4}{1347.6} \times 100$$

$$= 1.398 \times 100$$

$$\therefore \quad S\ P_{01} = 139.08$$

भारित निर्देशांक

(Weighted Index Numbers)

(1) Weighted Average of Price Relatives

यद्यपि सरल या अभारित निर्देशांकों की रचना करनी काफी सरल होत है परन्तु फिर भी इन्हें सन्तोषजनक नहीं माना जा सकता। अभारित निर्देशांकों की रचना करते समय प्रत्येक वस्तु को समान महत्व दिया जाता है जबकि वास्तव में समस्त वस्तुएँ समान महत्व की नहीं होतीं। जैसे टमाटर के मूल्य में वद्धि होना उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना कि गेहूँ के मूल्य में वद्धि होना महत्वपूर्ण है। अतः ऐसी परिस्थिति में यह अनिवार्य हो जाता है कि प्रत्येक वस्तु को उसके महत्व के अनुसार भारांकन किया जाए। ऐसा करने से हम शुद्ध निर्देशांक की प्राप्ति कर सकते हैं।

किसी वस्तु के लिए दिए जाने वाले भार की मात्रा का अनुमान लगाने के लिए यह देखना होता है कि वर्ग विशेष के उपभोक्ता अपनी आय का कितना भाग उस वस्तु के लिए खर्च करते हैं। जिस वस्तु के लिए आय का जितना अधिक भाग खर्च किया जाता है वह उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। कुल खर्च में से प्रत्येक वस्तु का प्रतिशत खर्च ज्ञात किया जाता है और उसी के आधाार पर भारांकन किया जाता है। इस सम्बन्ध में यह बात ध्यान रखने योग्य है कि वस्तुओं का महत्व, स्थान, समय, उपयोगिता एवं व्यापारियों की रुचियों के अनुसार परिवर्तित होता रहता है। इस प्रकार भार दो प्रकार के हो सकते हैं :-

(*i*) स्थिर (Fixed)

(*ii*) परिवर्तनशील (Fluctuating)

स्थिर भाव वे होते हैं जो एक बार निश्चित कर दिये जाते हैं और जब भी निर्देशांकों की रचना कर दी जाती है उन्हीं भारों (Weights) को प्रयोग में लाया जाता है। इसके विपरीत, **परिवर्तनशील भार** वे होते हैं जो समय-समय पर परिवर्तित किए जाते

हैं। आजकल विभिन्न प्रकार की नई-नई वस्तुएँ बाजार में आ रही हैं और पुरानी वस्तुओं की समाप्ति हो रही है। इन परिवर्तनों के कारण या आवश्यक हो जाता है कि भार देने की विधि का समय-समय पर संशोधन किया जाए। निर्देशांकों की रचना में परिवर्तनशील भार अधिक उपयोगी होते हैं क्योंकि वस्तुओं के सापेक्षिक महत्व में होने वाले परिवर्तनों का मापन सम्भव बनाया जा सकता है।

क्रिया विधि

(अ) जब विभिन्न वस्तुओं के मूल्य निर्देशांक एवं भार दिए गए हों (When Price Index No. and Weights of different Articles are given) :

(1) मूल्य निर्देशांकों (Price Relatives) को भार (Weights) से गुणा करके (PW) की गणना कीजिए।

(2) मूल्य निर्देशांकों एवं भारों की गुणा का योग करके (S PW) ज्ञात कीजिए।

(3) भारों का योग करके (S W) से भाग देकर भारित निर्देशांकों की गणना कर ली जाती है।

(ब) जब विभिन्न वस्तुओं के मूल्य एवं भार दिए गए हों (When Price and Weights of different Articles are given):

(1) मूल्यानुपात (Price Relatives) ज्ञात कीजिए।

$$P = \frac{P_1}{P_0} \times 100$$

(2) मूल्यानुपातों (P) को भार (W) से गुणाा करके (S PW) ज्ञात कीजिए।

(3) (S PW) को (S W) से भाग देकर भारित निर्देशांकों की गणना कर ली जाती है।

Illustration 9 : An enquirey into the budgets of middle class families in a city in England gave the following information.

खर्चा (Expense on)	**भोजन (Food)**	**किराया (Rent)**	**कपड़े (Clothing)**	**ईंधन (Fuel)**	**विविध (Miscellaneous)**
	35%	15%	20%	10%	20%
मूल्य (Price) (2000)	Rs. 150	Rs. 30	Rs. 75	Rs. 25	Rs. 40
मूल्य (Price) (2001)	Rs. 145	Rs. 30	Rs. 65	Rs. 23	Rs. 45

2000 की तुलना में 2001 में निर्वाह व्यय सूचकांक में क्या परिवर्तन होगा ?

What changes in the cost of living figures of 2001 as compared with 2000 are seen ?

हल (Solution) : Construct of Weighted Index No.

Expense on	**Price in 2000** (P_0)	**Price in 2001** (P_1)	**Price Relative** $\left(\frac{P_1}{P_2} \quad 100\right)$ **P**	**W**	**PW**
Food	150	145	96.7	35	3384.5
Rent	30	30	100.0	15	1500.0
Clothing	75	65	86.7	20	1734.0
Fuel	25	26	92.0	10	920.0
Misc.	40	45	112.5	20	2250.0
				S W = 100	S PW = 9788.5

$$\text{Cost of Living Index No.} = \frac{PW}{W} = \frac{9788.5}{100}\ 97.9$$

Illustration 10 : Construct a Price Index Number for the following data :

Raw Material	Price (1968)	Price (1970)	Weights
A	16	19	5
B	24	25	1
C	13	18	3
D	8	9	6
E	12	14	4
F	4	8	3

Solution :

Raw Material	Weights W	1968			1970		
		Price P_0	Relative R_0	R_0 XW	Price P_1	Relative R_1	$R_1 \times W$
A	5	16	100	500	10	118.75	593.75
B	1	24	100	100	25	104.17	104.17
C	3	13	100	300	18	138.46	415.38
D	6	8	100	600	9	112.50	675.00
E	4	12	100	400	14	116.67	466.68
F	3	4	100	300	8	200.00	600.00
Total	22			2854.95			2854.95

$$\text{Index Number for 1970} = \frac{(R_1 q_0 W)}{P_0 q_0} = \frac{P_1 q_1}{P_0 q_1} = 129.77$$

आदर्श निर्देशांक के परीक्षण (Test of an Ideal Index) : यदि कोई निर्देशांक निम्नलिखित परीक्षणों पर खरा उतरता है तो आदर्श कहा जाएगा अन्यथा नहीं।

(1) समय-उत्क्राम्यता परीक्षण (Time Reversal Test)

(2) तत्त्व-उत्क्राम्यता परीक्षण (Factor Reversal Test)

(3) चक्रीय परीक्षण (Circular Test)

समय-उत्क्राम्यता परीक्षण (Time Reversal Test) : फिशर के कथानुसार, ''इस परीक्षण का अभिप्राय यह है कि निर्देशांक-रचना का सूत्र ऐसा होना चाहिए जो तुलनात्मक व्याख्या के दो बिन्दुओं के मध्य समान अनुपात व्यक्त करे चाहे उनमें से किसी को भी आधार माना जाए।'' इसे समीकरण रूप में इस प्रकार सिद्ध किया जा सकता है :-

$$P_{01} \times P_{10} = 1$$

P_{10} ज्ञात करने के P_{01} वाले सूत्र में 0 के स्थान पर 1 और 1 के स्थान पर 0 लिख दिया जाता है।

फिशर निर्देशांक के लिए

$$P_{01} =$$

$$P_{10} = \sqrt{\frac{P_0 q_1}{P_1 q_1} \quad \frac{P_0 q_0}{P_1 q_0}}$$

$$P_{01} \times P_{10} = \sqrt{\frac{P_1 q_0}{P_0 q_0} \quad \frac{P_1 q_1}{P_0 q_1} \quad \frac{P_1 q_0}{P_0 q_0} \quad \frac{P_1 q_1}{P_0 q_1}} = 1$$

इसका अभिप्राय यह है कि यदि 1994 के आधार पर ज्ञात किया हुआ 1995 का निर्देशांक या प्रदर्शित करे कि गेहूँ का मूल्य दोगुना हो गया है तो 1995 के आधार पर ज्ञात किया हुआ 1994 का निर्देशांक यह स्पष्ट करे कि 1990 में गेहूँ का मूल्य 1995 की तुलना में आधा रह गया है अर्थात् $2 \times \frac{1}{2} = 11$

फिशर का आदर्श सूत्र इस परीक्षण पर खरा उतरता है।

तत्त्व-उत्क्राम्यता परीक्षण (Factor Reversal Test) : फिशर के कथानानुसार, ''जिस तरह हमारे सूत्र के अनुसार यह सम्भव होना चाहिए कि दो समयों के अर्न्तपरिवर्तन से असंगत फल न प्राप्त हो उसी प्रकार यह भी सम्भव होना चाहिए कि मूल्य एवं मात्राओं के प्रतिस्थान करने पर भी असंगत परिणाम न प्राप्त हों अर्थात् दोनों निष्कर्षों के परस्पर गुणा करने पर वास्तविक मूल्य अनुपात (True Value Ratio) प्राप्त हो।''

इस समीकरण-रूप से इस प्रकार सिद्ध किया जा सकता है :-

$$P_{01} \times q_{01} = \frac{P_1 q_1}{P_0 q_0}$$

$$P_{01} = \sqrt{\frac{P_1 q_0}{P_0 q_0} \quad \frac{P_1 q_1}{P_0 q_1}}$$

$$q_{01} = \sqrt{\frac{q_1 P_0}{q_0 P_0} \quad \frac{q_1 P_1}{q_0 P_1}}$$

$$P_{01} \times q_{01} = \sqrt{\frac{P_1 q_0}{P_0 q_0} \quad \frac{P_1 q_1}{P_0 q_1} \quad \frac{q_1 P_0}{q_0 P_0} \quad \frac{q_1 P_1}{q_0 P_1}}$$

$$= \sqrt{\frac{P_1 q_1}{P_0 q_0} \quad \frac{P_1 q_1}{P_0 q_0}} = \sqrt{\frac{(P_1 q_1)^2}{(P_0 q_0)^2}} = \frac{P_1 q_1}{P_0 q_0}$$

फिशर द्वारा प्रतिपादित सूत्र तत्त्व उत्क्राम्यता परीक्षण (Factor Reversal Test) को भी पूरा करता है, इसीलिए उनके सूत्र को 'आदर्श सूत्र' (Ideal Formual) माना जाता है। फिर भी बोडिंगटन का मत है कि, ''अभाग्यवश, जबकि यह सूत्र पूर्ण निर्देशांक सूत्र को अधिकांश गणितीय विशेषताओं को समान्य रूप से पूरा करता है, परन्तु इसका विरोध इसलिए किया जाता है कि यह स्पष्ट नहीं है कि यह क्या माप करता है, अर्थात् परिणाम में मूल्य तथा मात्रा दोनों के परिवर्तन शामिल होते हैं जबकि हम सामान्यतः एक को दूसरे से अलग रखना चाहते हैं।''

निर्देशांक सूत्र की पर्याप्तता का एक ही परीक्षण होता हे जिसे चक्री परीक्षण कहते हैं। सर्वप्रथम इस परीक्षण का सुझाव वेस्टरगार्ड ने दिया था तथा वाल्श ने इसको अत्यधिक पसन्द किया था जिसने इसको चक्रीय परीक्षण की संज्ञा दी थी। इस परीक्षण को निर्देशांक का कोई भी सूत्र पूरा नहीं करता है। यह समय-उत्क्राम्यता परीक्षण आ ही विस्तत स्वरूप है। इस परीक्षण के अनुसार यदि 1980 (वर्तमान वर्ष '1') का निर्देशांक 1960 के आधार (आधार वर्ष '0') पर बनाया जाए तथा एक अन्य निर्देशांक असंगत नहीं होना चाहिए। दूसरे शब्दों में यदि 1970 का निर्देशांक 1960 का दुगना हो तथा 1960 का निर्देशांक 1950 के निर्देशांक का चार गुना हो तो 1950 की तुलना में 1970 का निर्देशांक $2 \times 4 = 8$ गुना होना चाहिए।

यदि

P_{01} = Index No. for the current year based on '0' period.

P_{20} = Index No. for the '0' period based on '2' period.

P_{21} = Index No. for the current year based on '2' period.

तो

$= P_{01} \times P_{20} \times P_{21}$

यह परीक्षण निम्न दो परिस्थितियों में पूरा होता है :-

(1) जब निर्देशांक रचना में भार का प्रयोग न किया गया हो।

(2) जब निर्देशांक में स्थिर भार का प्रयोग किया गया हो।

फिशर का आदर्श सूत्र इस घटना पर खरा नहीं उतरता है।

सूचकांक रचना सम्बन्धी विविध समस्याएँ

(Miscellaneous Problem Regarding Construction of Index Number)

(I) आधार परिवर्तन के नियम (Rules of Base Conversion)

कभी-कभी अनुसन्धान या अध्ययन के लिए स्थिर आधार के सूचकांकों को श्रंखला के आधार और श्रंखला आधार के सूचकांकों को स्थिर आधार में परिवर्तित करना आवश्यक हो जाता है। इसके सम्बन्ध में नियम इस प्रकार है :-

(1) स्थिर आधार से श्रंखला आधार (From Fixed Base to Chain Base) : स्थिर आधार सूचकांकों को श्रंखला आधार सूचकांकों में बदलने के लिए निम्न प्रक्रिया प्रयोग में लाई जाती है :-

(*i*) पहले वर्ष का सूचकांक 100 माना जाता है।

(*ii*) अगले वर्षों के सूचकांक के लिए निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

$$\text{Chain Base Index Number} = \frac{\text{Current Year Fixed Base Index Number}}{\text{Previous Year Fixed Base Index Number}} \times 100$$

Illustration 11 : Convert into chain base Index No. from fixed base Index No.

निम्न स्थिर आधार सूचकांकों को श्रंखला आधार सूचकांकों में परिवर्तित कीजिए :

Year (वर्ष)	:	1981	1982	1983	1984	1985
Fixed Base Indices (स्थिर आधार सूचकांक)	:	100	95	114	228	285

Solution : Fixed Base to Chain Base.

Year	Fixed Base Indices	Conversion into Chain base Index Number
1981	100	100
1982	95	$\frac{95}{100} \times 100 = 95$
1983	114	$\frac{114}{95} \times 100 = 120$
1984	228	$\frac{228}{114} \times 100 = 200$
1985	285	$\frac{285}{228} \times 100 = 125$

(2) श्रंखला आधार में स्थिर आधार (From Chain Base to Fixed Base) : श्रंखला आधार सूचकांकों को स्थिर आधार सूचकांकों में बदलने के लिए निम्न प्रक्रिया अपनाई जाती है :-

(*i*) पहले वर्ष के लिए स्थिर आधार पर मूल्य सूचकांक वही माना जाता है जो उस वर्ष का श्रंखला आधार सूचकांक होता है। परन्तु यदि प्रश्न में पहले वर्ष को आधार मानने के लिए कहा गया है तो सूचकांक 100 माना जाएगा।

(*ii*) अगले वर्षों के सूचकांकों के लिए निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाएगा :

$$\text{Fixed Base Index No.} = \frac{\text{Current Year Chain Base Index Number} \quad \text{Previous Year Fixed Base Index Number}}{100}$$

Illustration 12 : Convert into fixed base from the following chain base Indices :-

Year	**:**	1984	1985	1986	1987	1988
Chain Index	**:**	80	110	120	90	140

Solution : Computation of fixed based index numbers from chain based index numbers.

Year	Chain Index		Fixed Index
1984	80		80.00
1985	110	$110 \times 80/100$	88.00
1986	120	$120 \times 88/100$	105.60
1987	90	$90 \times 105.6/100$	95.04
1988	140	$140 \times 95.04/100$	133.06

(3) आधार परिवर्तन (Base-Shifting) : कभी-कभी यह आवश्यक हो जाता है कि निर्देशांक के आधार में परिवर्तन किया जाय। यह या तो इसलिए किया जाता है कि पहला आधार अनुपयुक्त हो गया है तथा अब उससे तुलना करने में कोई महत्व दिखाई नहीं देता अथवा दो निर्देशांक श्रेणियों में, जिनकी रचना अलग-अलग आधार से की गई है, तुलना करना आवश्यक हो; आधार परिवर्तन दो प्रकार से किया जा सकता है :-

(*i*) नये आधार वर्ष के मूल्यों को 100 मानकर फिर से सभी वर्षों के मूल्यानुपात ज्ञात करके निर्देशांकों की गणना की जाय। इसमें काफी गणना-क्रिया करनी पड़ती है। $\frac{100}{50}$

(*ii*) लघु रीति द्वारा, नये आधार वर्ष के निर्देशांक से सभी वर्षों के निर्देशांकों में भाग देकर प्राप्त परिणामों को गुणा किया जाय। यदि निर्देशांकों की रचना में गुणोत्तर माध्य का प्रयोग किया गया हो तो इस रीति से सही परिणाम प्राप्त होते हैं।

Illustration 13 : From the index numbers given below, find out index numbers by shifting base from 1950 to 1960.

Year	**:**	1950	1951	1952	1960	1961	1962	1963
Index No.	**:**	100	76	68	50	60	70	75

Solution :

Year	Index No.	Index No. with base 1960
1950	100	$100 \times \quad = 200$
1951	76	$76 \times \frac{100}{50} = 152$
1952	68	$68 \times \frac{100}{50} = 136$
1960	50	$50 \times \frac{100}{50} = 100$
1961	60	$60 \times \frac{100}{50} = 120$
1962	70	$70 \times \frac{100}{50} = 140$
1963	75	$75 \times \frac{100}{50} = 150$

(4) शिरोबन्धन (Spacing) : कभी-कभी एक विशेष आधार वर्ष पर रचित निर्देशांक श्रेणी की रचना बन्द कर दी जाती है तथा उस निर्देशांक के बन्द होने वाले वर्ष को आधार मान कर कई निर्देशांक श्रेणी की रचना प्रारम्भ कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में तुलनात्मक अध्ययन के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि नवीन निर्देशांक श्रेणी का पुरानी श्रेणी से शिरोबन्ध (Splicing) किया जाय। शिरोबन्धन के लिए दोनों श्रेणियों के सामान्य-वर्ग के निर्देशांक का अनुपात ज्ञात कर नई श्रेणी के निर्देशांकों से गुणा कर दिया जाता है।

Illustration 14 : Given below are two sets of indices one with 1939 as base and the other with 1947 as base :-

(A)	Year	1939	1940	1941	1942	1943	1944	1945	1946	1947
Index Nos.		100	120	130	200	300	350	370	380	400
(B)	Year	1947	1948	1949	1950	1951	1952	1953	1954	
Index Nos.		100	110	90	98	101	110	98	96	

It is desired to splice the second index number (B) with 1947 base to the first index (A) for the sake of continuity. You are to prepare a combined series with 1939 as base.

Solution :

Year	Old Index Nos.	New Index Nos.	Splicing Technique Index No. Spliced to Old
1939	100	—	
1940	120	—	
1941	130	—	
1942	200	—	
1943	300	—	
1944	350	—	
1945	370	—	
1946	380	—	
1947	400	100	$\frac{400}{100} \times 100 = 400$
1948	—	110	$\frac{400}{100} \times 110 = 440$
1949	—	90	$\frac{400}{100} \times 90 = 360$
1950	—	98	$\frac{400}{100} \times 98 = 392$
1951	—	101	$\frac{400}{100} \times 1014 = 404$
1952	—	110	$\frac{400}{100} \times 110 = 440$
1953	—	98	$\frac{400}{100} \times 98 = 392$

1954	—	96	$\frac{400}{100} \times 96 = 384$

(5) निर्देशांकों की अपस्फीति (Deflating Index Nos.) मूल्य-स्तर अथवा निर्वाह-व्यय में होने वाले परविर्तनों के आधार पर मौद्रिक आय या मजदूरी आदि से वास्तविक आय या मजदूरी (Rage Wage or Income) ज्ञात करना तथा वास्तविक आय या मजदूरी निर्देशांक गणना, अर्ध-सांख्यिकी में आवश्यक होता है। वास्तविक मजदूरी निम्न सूत्रानुसार ज्ञात की जाती है।

$$\text{Real Wage} = \frac{\text{Money Wage}}{\text{Price Index}} \times 100$$

तथा $$\text{Real Wage or Income Index No.} = \frac{\text{Index of Money Wages}}{\text{Price Index Number}} \times 100$$

अथवा

$$= \frac{\text{Real Wages of the Current Year}}{\text{Real Wage of the Base Year}} \times 100$$

Illustration 15 : The following table gives the annual income of a teacher and the general index number of price for nine years.

Year	1939	1940	1941	1942	1943	1944	1945	1946	1947
Income (Rs.)	360	420	500	550	600	640	680	720	750
General Index Number of Prices	100	104	115	160	280	290	300	320	330

Prepare the Index Numbers to show changes in the real income of the teacher and discuss the effects of a rise in the general level of prices of his real income.

Solution

Year	**Income in Rs.**	**I.No.**	**Conversion**	**Real Income**	**Conversion**	**Real Income Index No.**	**Money Income**	**Real Income**	**Money Income** $\frac{\text{I.No.}}{\text{Price Index no}} \times 100$ **= Real Income I. No.**
1939	360	100	$\frac{360}{100} \times 100$	360	—	100	—	100	$\frac{100}{100} \times 100 = 100$
1940	420	104	$\frac{420}{104} \times 100$	403.8	$\frac{403.8}{360} \times 100$	112.2	$\frac{420}{360} \times 100$	116.7	$\frac{116.7}{104} \times 100 = 112.2$
1941	500	115	$\frac{500}{115} \times 100$	434.8	$\frac{434.8}{360} \times 100$	120.8	$\frac{500}{360} \times 100$	138.9	$\frac{238.9}{115} \times 100 = 120.8$
1942	550	160	$\frac{550}{160} \times 100$	343.75	$\frac{343.75}{360} \times 100$	95.5	$\frac{550}{360} \times 100$	152.8	$\frac{152.8}{160} \times 100 = 95.5$
1943	600	280	$\frac{600}{280} \times 100$	214.3	$\frac{2143.3}{360} \times 100$	59.5	$\frac{600}{360} \times 100$	166.7	$\frac{166.7}{280} \times 100 = 59.5$
1944	640	290	$\frac{640}{290} \times 100$	220.7	$\frac{220.7}{360} \times 100$	61.3	$\frac{640}{360} \times 100$	177.8	$\frac{177.8}{290} \times 100 = 61.3$
1645	680	300	$\frac{680}{300} \times 100$	226.7	$\frac{226.7}{360} \times 100$	63.0	$\frac{680}{360} \times 100$	188.9	$\frac{188.9}{300} \times 100 = 63$
1946	720	320	$\frac{720}{320} \times 100$	225.0	$\frac{225}{360} \times 100$	62.5	$\frac{720}{360} \times 100$	200	$\frac{200}{320} \times 100 = 62.5$
1947	750	330	$\frac{750}{330} \times 100$	227.39	$\frac{227.3}{360} \times 100$	63.1	$\frac{750}{360} \times 100$	208.5	$\frac{208.3}{330} = 6.31$

मात्राओं का सूचकांक
(Index Number of Quantities)

मात्राओं के सूचकांक उत्पादन में होने वाले परिवर्तनों को ज्ञात करने के लिए बनाए जाते हैं। इन सूचकांकों की रचना की विधि मूल्य सूचकांकों जैसी ही है। अन्तर केवल इतना है कि इनके निर्माण में मूल्य के स्थान पर मात्रा (Quantity) का प्रयोग किया जाता है। सर्वप्रथम निम्न सूत्र द्वारा मात्रानुपात (Quantity Relative) ज्ञात किए जाते हैं :-

$$\text{Quantity Relative} = \frac{q_1}{q_0} \times 100$$

Where, q_1 = Quantity of the Current year
q_0 = Quantity of the Base Year

इसके पश्चात् निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है :-

$$Q_{01} = \frac{R}{N}$$

Where, R = Quantity Relatives
N = Quantity of Items

यदि मूल्य भी दिए हैं तो निम्नलिखित सूत्रों का प्रयोग करके सूचकांक प्राप्त किए जा सकते हैं :-

(1) **लेसपियर की सूत्र** $Q_{01} = \frac{q_1 p_0}{q_0 p_0} \times 100$

(2) **पासचे का सूत्र** $Q_{01} = \frac{q_1 p_1}{q_0 p_1} \times 100$

(3) **फिशर का सूत्र** $Q_{01} = \sqrt{\frac{q_1 p_0}{q_0 p_0} \quad \frac{q_1 p_1}{q_0 p_1}} \times 100$

(4) **कैली का सूत्र** $Q_{01} = \frac{q_1 p}{q_0 p} \times 100$

Illustration 16 : From the following data, construct Quantity Index Number by using
(a) Lapeyre's Formula (b) Paasche's Formula (c) Fisher's Formula

Commodity (वस्तुएँ)	**Base year** (आधार वर्ष)		**Current Year** (वर्तमान वर्ष)	
	Quantity (मात्रा)	**Price** (कीमत)	**Quantity** (मात्रा)	**Price** (कीमत)
A	8	5	10	7
B	12	4	15	6
C	15	3	20	4

Solution :

Commodity	**Base Year**		**Current Year**		q_0p_0	q_0p_1	q_1p_1	q_1p_0
	Quantity (q_0)	**Price (p_0)**	**Quantity (q_1)**	**Price (p_0)**				
A	8	5	10	7	40	56	70	50
B	12	4	15	6	48	72	90	60
C	15	3	20	4	45	60	80	60
					Sq_0p_0 = 133	**Sq_0p_1 = 188**	**Sq_1p_1 = 240**	**Sq_1p_1 = 170**

उपभोक्ता मूल्य निर्देशांक (Consumer Prie Index Number)

कभी-कभी किसी वर्ग विशेष के जीवन-निर्वाह सम्बन्धी निर्देशांकों की रचना की जाती है। इनका उद्देश्य मूल्य-स्तर जानना नहीं बल्कि यह जानना है कि निर्वाह व्यय में कितनी वद्धि या कमी हुई। इस प्रकार के निर्देशांकों की रचना इस बात की जानकारी प्राप्त करने के लिए की जाती है कि देश की आर्थिक प्रगति का किसी वर्ग विशेष के जीवन-निर्वाह पर क्या प्रभाव पड़ा है।

उपभोक्ता मूल्य-निर्देशांकों की रचना सामान्य जीवन में प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं के मूल्यों को आधार मानकर की जाती है। सामान्य जीवन में प्रयोग (या उपभोग) की जाने वाली वस्तुओं को निम्न प्रमुख पाँच श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है :-

(*i*) खाद्य सामग्री (Food)

(*ii*) वस्त्र (Clothing)

(*ii*) ईंधन एवं प्रकाश (Fuel and Lighting)

(*iv*) मकान का किराया (House Rent)

(*v*) विविध (Miscellaneous)

उपभोक्ता-मूल्य निर्देशांकों की रचना से श्रमिकों या सामान्य नौकरी पेशा लोगों के मंहगाई भत्ते एवं वेतन आदि का निर्धारण करने में, राशनिंग व्यवस्था को लागू करने में तथा मूल्य नियन्त्रण में (यदि मूल्य में वद्धि हो रही हो) सहायता मिलती है।

उपभोक्ता-मूल्य निर्देशांक रचना की विधियां (Methods of Construction of Consumer Price Index Number) :

उपभोक्ता-मूल्य निर्देशांक रचना की निम्न दो विधियाँ हैं :-

(1) समूही व्यय विधि या भारित समूही विधि (Aggrerative Expenditure Method or Weighted Aggregative Method)

(2) पारिवारिक आय व्यय विधि या भारित मूल्यानुपात विधि (Family Budget Method or Weighted Average of Price Relatives Method)

समूही व्यय निधि (Aggregative Expenditure Method) : इस विधि द्वारा निर्देशांक ज्ञात करने के लिए निम्न सूत्र प्रयोग किया जाता है :-

$$P_{01} = \frac{p_1 q_0}{p_0 q_0} 1 \times 100$$

जहाँ (Where) P_{01} = Consumer Price Index Number

पारिवारिक आय व्यय निधि (Family Budget Method) : इस विधि द्वारा निर्देशांक ज्ञात करने के लिए निम्न सूत्र प्रयोग किया जाता है :-

$$P_{01} = \frac{PV}{V}$$

$$P = \text{Price Relatives}$$

$$\text{Price Relatives} = \frac{P_1}{P_0} \times 100$$

$$V = p_0 q_0$$

$$SPV = \text{Total of product of price relatives (P) and weights V } (p_0 q_0)$$

$$SV = \text{Total of weights}$$

नीचे दिये गय आंकड़ों में

(*i*) सामूहिक व्यय रीति तथा

(*ii*) पारिवारिक बजट रीति से उपभोक्ता मूल्य निर्देशांक बनाएं।

Illustraion 13 : From the data given below calculate the cost of living index number for the current year by the (1) Aggregate Expenditure Method and (2) Family Budget Method :

Article in Base Year	Quantity Consumed Year	Unit Year	Price in Base	Price in Current
Rice	5 quintal	Quintal	24	30
Wheat	1 quintal	Quintal	16	20
Pulses	2 quintal	Quintal	12	18
Ghee	4 kg.	kg.	5	6.25
Oil	20 kg.	per 40 kg.	40	50
Clothing	40 meters	Meter	1	1.50
Firewood	10 quintals	Quintal	2	2.50
House Rent	—	House	20	25

Solution :-

Aggregate Expenditure Method

Article	Quantity Consumed In Base Year	Unit	Price in Base Year	Price in Current Year	Aggregate Expenditure in Base year	Aggregate Expenditure in Current year
	q_0		P_0	P_1	P_0q_0	P_1q_0
Rice	5 quintals	Quintal	24	30	120	150
Wheat	1 quintal	Quintal	16	20	16	20
Pulses	2 quintals	Quintal	12	18	24	36
Ghee	4 kg.	1 kg.	5	6.25	20	25
Oil	20 gk.	per 40 kg.	40	50	20	25
Clothing	40 metres	Meter	1	1.50	40	60
Firework	10 quintals	Quintal	2	2.50	20	25
House Rent	1	House	20	25	20	25
					280	**366**

$$\text{Index Number for the current year} = \frac{p_1q_0}{p_0q_0} \times 100$$

$$= \frac{366}{280} \times 100$$

$$= 130.7$$

Family Budge Method

Article	Quantity Consumed in Base Year	Unit	Price in Base Year	Price in Current Year	Price Relatives for Current Year	Weights (Values Consumed in base year)	Product of Price Relative and values
			P_0	P_1	P	V	PV
Rice	5 quintals	Quintal	24	30	125	120	15,000
Wheat	1 quintal	Quintal	16	20	125	16	2,000
Pulses	2 quintal	Quintal	12	18	150	24	3,600
Ghee	4 kg.	kg.	5	6.25	125	20	2,500
Oil	20 kg.	40 kg.	40	50	125	20	2,500
Clothing	40 meters	Meter	1	1.50	150	40	6,000
Firewood	10 quintals	Quintal	2	2.50	125	20	2,500
House Rent	1	House	20	25	125	20	2,500
						280	**36,600**

$$\text{Index Number for the current year} = \frac{PV}{V} = \frac{36600}{280} = 130.7$$

कुल मूल्य निर्देशांक
(Value Index Numbers)

यद्यपि इन निर्देशांकें का व्यापक प्रकाशन नहीं होता, परन्तु फिर भी प्रबन्धकीय तथा व्यापारिक दष्टि से इनका व्यापक प्रयोग होता है। बहुत-सी संस्थाएँ अपनी बिक्री की जानकारी प्रदान करने के लिए निम्न प्रकार से सूचनाएँ प्रस्तुत करती हैं :-

वर्ष (Year)	:	1190	1991	1992	1993	1994
बिक्री (Sales-Lakh Rs.)	:	4.00	4.20	4.56	5.24	6.00
प्रवत्ति प्रतिशत (Trend-%)	:	100	105	114	131	150

उपर्युक्त प्रदर्शित प्रवत्ति प्रतिशत वास्तव में कुल मूल्य का निर्देशांक है। प्रत्येक वर्ष की मात्रा तथा वस्तु के मूल्य के गुणा के योग के बराबर होता है। प्रत्येक वर्ष की बिक्री आधार वर्ष की तुलना में मूल्य निर्देशांक होते हैं। कुल मूल्य निर्देशांक को सूत्र निम्न है :-

$$\text{Value Index} = \frac{p_1q_0}{p_0q_0} \times 100$$

इस स्थिति में, न तो मात्रा ही समान रहती है और न ही मूल्य, अर्थात् दोनों की परिवर्तित होते रहते हैं। निर्देशांकों के परिवर्तन पर मूल्य व मात्रा दोनों का प्रभाव पड़ता है। मूल्य निर्देशांक, मात्रा निर्देशांक तथा कुल मूल्य निर्देशांक में अंतर निम्न तरीके द्वारा स्पष्ट किया जाता है :-

मूल्य निर्देशांक (Price Index)	मात्रा निर्देशांक (Quantity Index)	कुल मूल्य निर्देशांक (Value Index)
Index No. $= \frac{p_1q_0}{p_0q_0} \times 100$	Index No. $= \frac{p_0q_1}{p_0q_0} \times 100$	Index No. $= \frac{p_1q_1}{p_0q_0} \times 100$
मूल्य अस्थिर, मात्रा स्थिर (Price vary, Quantity Constant)	मूल्य स्थिर, मात्रा अस्थिर (Price Constant, Quantity Vary)	मूल्य एवं मात्रा दोनों अस्थिर (Prices and Quantity Both Vary)

Illustration 18 :

Commodity	1985		1988	
	Price	Quantity	Price	Quantity
A	8	10	10	11
B	10	9	12	9
C	16	16	20	13
D	18	15	22	17

Construct the value index for 1988 with 1985 as base.

Solution : Construction of value index number.

Commodity	1985		1988			
	Price p_0	Quantity q_0	Price p_1	Quantity q_0	p_1q_1	p_0q_0
A	8	10	10	11	110	80
B	10	9	12	9	108	90
C	16	16	20	13	260	256
D	18	15	22	17	374	270
					852	**696**

$$\text{Value Index for 1998, } V_{01} = \frac{p_1q_1}{p_0q_0} \times 100 = \frac{852}{696} \times 100 = 122.41$$

सारांश

(Summary)

- निर्देशांक एक विशेष प्रकार के माध्य हैं जिनसे हम किसी भी तथ्य के परिणाम में होने वाले परिवर्तनों का समय अथवा स्थान के आधार पर मापन करते हैं।
- यदि हम समय के आधार पर निर्देशांक बनाते हैं तो किसी एक वर्ष को आधार बनायेंगे। आधार वर्ष में किसी भी तथ्य के परिणाम को 100 के बराबर लेते हैं। उसकी तुलना में अगले किसी भी वर्ष उस परिणाम का जो भी मूल्य होगा वह उस वर्ष के लिए निर्देशांक होता है।
- निर्देशांक मूख्य रूप से तीन तरह के होते हैं - मूल्य निर्देशांक, परिणाम निर्देशांक व कुल मूल्य निर्देशांक।
- निर्देशांक सरकारी व औद्योगिक नीतियों का निर्माण करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।
- निर्देशांक निकालने की अनेक विधियाँ हैं जैसे सरल तथा भारित समूही विधि तथा मूल्यानुपातों का माध्य तथा भारित माध्य।
- सरकारी स्तर पर उपभोक्ता मूल्य निर्देशांक अथवा जीवन-निर्वाह-व्यय संबंधी निर्देशांक नियमित तौर पर निकाले जो हैं जिसके आधार पर सरकार महंगाई भत्ते का माप तय करती है।
- इसके अलावा वास्तविक आय निर्देशांक औद्योगिक उत्पादन निर्देशांक, स्टॉक मार्केट का निर्देशांक (BSE Senstivity Index) खाद्यान्न उत्पादन निर्देशांक आदि नियमित तौर पर निकाले जाते हैं।

प्रश्नावली
(Exercise)

(1) "निर्देशांक का प्रयोग किसी तथ्य के उन परिवर्तनों को नापने के लिए किया जाता है जिनका अवलोकन हम प्रत्यक्ष रूप से नहीं कर सकते हैं।" उपर्युक्त कथन को समझाइए तथा निर्देशांकों के प्रयोग तथा सीमाओं का इंगित कीजिए।

"Index Number are used to measure the changes in some quantity which we cannot observe directly". Explain the above statement and point out the uses and limitation of index numbers.

(2) "निर्देशांक व्यापार के पथ पर संकेतक तथा निर्देश-स्तम्भ हैं जो व्यापारी को अपने कार्य का संचालन करने की विधि बताते है।"

उपर्युक्त कथन को स्पष्ट करिए एवं निर्देशांकों में प्रयुक्त होने वाले माध्यों की उपयोगिता का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए। आप किस माध्य को प्राथमिकता देंगे और क्यों ?

"Index Numbers are the signs and guide posts along the business highway that indicate to the businessman how he should drive or manage his affairs". Explain the above statement and also point out the relative advantages of the various averages as applied to index numbers. Which would you prefer and why ?

(3) "निर्देशंक सम्बन्धित चर-मूल्यों के परिणाम में होने वाले अन्तरों की माप करने का साधन है।" इस कथन का विवेचन कीजिए तथा निर्देशांक के प्रमुख उपयोगों का वर्णन कीजिए।

"Index Numbers are devices for measuring differences in the magnitude of a group of related variables". Discuss this statement and point out the important uses of Index Numbers.

(4) निर्देशांकों की उपयोगिता समझाइए। सामान्य तथा जीवन-निर्वाह निर्देशांकों की रचना में अपनायी जाने वाली विधि का वर्णन कीजिए।

Explain the uses of index numbers. Describe the procedure followed in the preparation of general and cost of living index numbers.

(5) निर्देशांकों की रचना में

(*i*) आधार-वर्ष का चुनाव, तथा

(*i*) भारों का चुनाव की समस्याओं का विवेचन कीजिए।

Discuss the problems of

(*i*) Selection of the base, and

(*ii*) Selection of weights in the construction of index numbers.

(6) निर्देशांक किस प्रकार बनाये जाते हैं ? जीवन निर्वाह निर्देशांक बनाने में आधार वर्ष और भार के चुनावों के महत्व का वर्णन कीजिए।

How are index numbers constructed ? Discuss the importance of the choice of base year and the selection of weighting in the construction of a cost of living index number.

(7) "निर्देशांक-निर्माता के लिए वास्तविक समस्या यह है कि यह भारांकन को अवसर पर छोड़ देगा अथवा उसे तर्क संगत बनाने का यत्न करेगा।" (मिट्चैल) अवसर-भारांकन तथा तर्क-संगत भारांकन में भेद स्पष्ट कीजिए तथा उक्त समस्या का हल सुझाइए। क्या फिशर का आदर्श सूत्र तर्क-संगत भारांकन प्रस्तुत करता है, विवेचन कीजिए।

The real problem for the maker of index numbers is whether he shall leave weighting to chance or seek to rationalist it." (Mitchell) Distinguish clearly between chance weighting and rational weighting and suggest a solution of the above problem. Also discuss whether Fisher's ideal formula offers a rational system of weighting.

(8) "निर्देशांक का अर्थ समझाइए। एक श्रेष्ठ निर्देशांक से किन परीक्षणों की पूर्ति की आशा की जाती है। निर्देशांक में अभिनति क्या होती है ? मूल्य-निर्देशांकों की रचना में किन समस्याओं का समावेश होता है ? ऐसे निर्देशांक में आधार वर्ष के महत्व को स्पष्ट रूप से समझाइए।

Explain "Index Number". What tests is a good index number expected to satisfy ? What is bias in an index number ? What problems are involved in the construction of an index number of prices ? Point out clearly the importance of base year in such as index.

(9) निर्देशांक की परिभाषा दीजिए। निर्देशांक बनाने की स्थिर श्रंखला आधार विधियों की तुलना कीजिए और उनके गुण - दोषों का विवेचन कीजिए।

Define an "Index Number". Distinguish between the Fixed Base and Chain Base Methods of constructing Index numbers and discuss their relative merits.

(10) "निर्देशांक आर्थिक बैरोमीटर है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए तथा यह भी बताइए कि किसी प्रकाशित देशनांक का प्रयोग करते समय आप किस प्रकार की सावधानी बरतेंगे।

"Index Numbers are economic barometers." Explain this statement, and mention the precautions that should be taken in making use of any published index numbers.

(11) स्पष्ट रूप में समझाइए :-

(*a*) समय उत्क्रम्यता परीक्षण तथा

(*b*) तत्त्व उत्क्रम्यता परीक्षण

प्रदर्शित कीजिए कि फिशर का आदर्श सूत्र इन दोनों परीक्षणों का पूरा करता है। चूँकि निर्देशांक रचना के अन्य सूत्रों द्वारा इन परीक्षणों को पूरा नहीं किया जाता है, अतः उन्हें अस्वीकार किया जाना चाहिए।

Explain Clearly :-

(*a*) Time Reversa Test, and

(*b*) Factor Reversal Test

Demonstrate how Fisher's Ideal Index Formula satisfies both these tests. Should other formulae for computing index number be rejected because they do not satisfy these tests.

(12) निम्न समंकों से 1995 पर आधारित श्रंखला सूचकांक ज्ञात कीजिए।

वर्ष (Year)	:	1995	1996	1997	1998	1999	2000	2001
उत्पादन	:	20	22	25	28	30	36	40

('000 क्विंटल में)

[Production (In '000 Quintals)

(13) निम्नलिखित आंकड़ों से 1993 को आधार मानकर निर्देशांकों को ज्ञात कीजिए :-

From the following data, construct Index Number by taking 1993 as base year :

वर्ष (Year)	:	1993	1994	1995	1996	1997	1998	1999	2000
मूल्य (रु.)	:	67	90	91	92	87	88	89	90
Price (Rs.)	:	134.3	135.8	137.3	129.8	131.3	132.2	133.3	134.4

(14) निम्न समंकों से 1980 को आधार वर्ष मानकर 1984 के लिए सामूहिक विधि द्वारा सूचकांक की रचना कीजिए।

From the following data construct an Index Number or 1984 taking 1980 as base year by using aggregate method.

Commodity	:	A	B	C	D	E	F
Price in (1980)	:	110	125	415	180	100	70
Prices in (1984)	:	115	140	505	198	95	83

(15) निम्न वस्तुओं के औसत मूल्यों से 1972 से श्रंखलाबद्ध श्रंखला सूचकांक ज्ञात कीजिए :

Calculate the chain base Index Numbers chained to 1972 from the average price of following commodities:

Commodities (वस्तुएँ)	1972	1973	1974	1975	1976
Wheat (गेहूँ)	4	6	8	10	12
Rice (चावल)	16	20	24	30	36
Sugar (चीनी)	8	10	16	20	24

[**Ans.** 100, 133.33, 183.7, 229,63, 275.56]

(16) निम्न समंकों से दिए गए सूत्रों का प्रयोग करके सूचकांक ज्ञात कीजिए :-

(अ) लेसपियर सूत्र (ब) पासचे सूत्र

(स) फिशर का आदर्श सूत्र (ग) मार्शल एजवर्थ का सूत्र

Compute Index numbers from the following data using :-

(*a*) Laspeyre's formula, (*b*) Paasche's formula,

(*c*) Fisher's Ideal Index Formula (*d*) Marshall Edgeworth Formula

Commodities (वस्तुएँ)	Base Year (आधार वर्ष)		Current Year (वर्तमान वर्ष)	
	Quantity (मात्रा)	Price (कीमत)	Quantity (मात्रा)	Price (कीमत)
A	5	100	6	150
B	4	80	5	100
C	2.5	60	5	72
D	12	30	9	33

[**Ans.** 129.8, 131.02, 130.45, 130.41]

(17) कर्मचारियों की मासिक मजदूरी 1991 से 1997 तक निम्न तालिका में दी गयी है। वास्तविक मजदूरी का सूचकांक ज्ञात कीजिए :-

From the following table showing montly wages of workers from 1991 to 1997 construct the real wages index numbers :-

वर्ष (Year)	:	1991	1992	1993	1994	1995	1996	1997
मजदूरी (Wage)	:	800	819	825	876	920	938	924
कीमत निर्देशांक (Price Index No.)	:	100	105	110	120	125	140	140

[**Ans.** 100, 97.5, 93.5, 91.25, 92, 83.75, 82.5]

(18) एक औसत भारतीय मजूदर के पारिवारिक बजट से सम्बन्धित समूह निर्देशांक तथा उनके भार निम्न सारणी में दर्शाये गये हैं। भारित निर्देशांक निकालिए :-

The following table gives group index number and their weights relating to family budget of an average Indian labour. Prepare weighted index number :-

वर्ग (Groups)	निर्देशांक (Index No.)	भार (Weight)
खाद्य पदार्थ (Food)	350	48
ईंधन एवं रोशनी (Fuel and Lighting)	220	10
कपड़ा (Clothing)	230	8
किराया (Rent)	160	12
विविध (Miscellaneous)	190	22

[**Ans.** 269.4]

(19) नीचे दिये हुए आंकड़ों से फिशर आदर्श निर्देशांक परिकलित कीजिए तथा समय उत्क्राम्यता और तत्त्व उत्क्राम्यता परीक्षणों का सत्यापन कीजिए :-

Calculate Fisher's ideal index number from the data given below and verify Time Reversal and Factor Reversal Tests :-

वस्तु (Commodity)	आधार वर्ष (Base Year)		चालू वर्ष (Current Year)	
	मूल्य (Value)	मात्रा (Quantity)	मूल्य (Value)	मात्रा (Quantity)
A	300	50	495	9
B	200	100	375	3
C	240	60	390	6
D	500	50	350	14

[**Ans.** $P_{01} = 146$, $P_{10} = 68.1$, $Q_{01} = 88.4$, $V_{01} = 129.8$]

(20) निम्न आंकड़ों से 2001 वर्ष के लिए निम्न विधियों को अपनाते हुए जीवन-निर्वाह-व्यय निर्देशांक ज्ञात कीजिए :-

(*i*) समूह व्यय विधि

(*ii*) पारिवारिक बजट विधि

Construct cost of Living Index Number from the following data for 2001 using :-

(*i*) Aggregative Expenditure Method

(*ii*) Family Budget Method.

Article	Quantity consumed	Unit	Price in Rs. 2001	Price in Rs. 2001
Wheat	12 mds.	per md.	18	27
Pulses	1 md.	" "	25	30
Ghee	0.5 md.	" "	150	200
Fuel	15 md.	" "	3	3.50
House	—	—	15	20
Misc.	—	—	0.50	0.75

[**Ans.** Index No. 140]

(21) निम्न स्थिर आधार-सूचकांकों को श्रंखला आधार सूचकांकों में परिवर्तित कीजिए : -

Convert into Chain Base Index No. from Fixed Base Index Number.

Years	:	1980	1981	1982	1983	1984
Fixed Base Indices	:	100	98	102	140	190

[**Ans.** 100, 98, 104.08, 137,25, 135.71]

(22) नीचे दिए गए श्रंखला आधार सूचकांकों से स्थिर आधार सूचकांक बनाइए : -

From the chain base index number given below, prepare fixed base index numbers :-

Years	**:**	1992	1993	1994	1995	1996	1997
Index	**:**	92	102	104	98	103	101

[**Ans.** 92, 03.84, 97.59, 95.64, 98.51, 99.50]

(23) निम्नलिखित मूल्य सूंचकांक दिए हुए हैं (आधार वर्ष = 1980) आधार वर्ष 1980 से 1990 से परिवर्तित करो।

The following are the index number of price (base 1980)

Year	1980	1981	1982	1983	1984	1985	1986	1987
Index	100	107	108	95	115	130	125	165
Year	1988	1989	1990	1991	1992	1993	1994	1995
Index	199	220	240	225	265	268	258	290

Shift the base from 1980 to 1990

[**Ans.** 41.6, 44.5, 45, 39.5, 47.9, 54.1, 52.08, 68.7, 82.9, 91.6, 100, 93.7, 110.4, 111.6, 107.5, 120.8]

(24) निम्न आंकड़ों से जीवन-निर्वाह-व्यय निर्देशांक ज्ञात कीजिए :-

Construct the cost of Living Index Number from the data given below :-

समूह (Group)	निदेशांक (Index)	व्यय (Expenditure)
Food	550	46%
Clothing	215	10%
Fuel and Lighting	220	7%
House Rent	150	12%
Miscellaneous	275	25%

[**Ans.** Cost of Living Index No. = 376.65]

(25) निम्न आंकड़ो से जीवन-निर्वाह-व्यय निर्देशांक ज्ञात कीजिए :-

Construct the cost of Living Index from the following data :-

Group	Weights	Group Indices
Food	47	247
Fuel and Lighting	7	293
Clothing	8	289
House Rent	13	100
Miscellaneous	14	236

[**Ans.** Index No. = 231.19]

❑❑

अध्याय - 12

काल-श्रेणियों का विश्लेषण (Analysis of Time Series)

अर्थ-व्यवस्था गतिशील (Dynamic) होती है, स्थिर नहीं, तथा गतिशीलता का सम्बन्ध समय-घटक (Time Factor) से होता है। आर्थिक विश्लेषण क्रमबद्ध गति (Chronological Movement) एक आधारभूत विचार होता है। उत्पादन, राष्ट्रीय आय, बिक्री आदि अनेक आर्थिक तथ्यों का हम गतिमय चित्र लेना चाहते हैं, स्थिर चित्र नहीं। समय के आधार पर अवलोकनों (Observations) की श्रेणी 'काल श्रेणी' (Time Series) कहलाती है। संख्यात्मक तथ्य जिनका संकलन समयान्तर से किया जाता है काल श्रेणी का रूप ले लेते हैं। 'एक काल श्रेणी को किसी आर्थिक चर अथवा मिश्रित चरों, जिनका सम्बन्ध विभिन्न समयाविधियों से होता है, के अवलोकनों के संकलन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।'' **प्रो. कैने तथा कीपिंग** के अनुसार, समय पर आधारित समंक-समूह काल-श्रेणी कहलाते हैं।'' **वर्नर हिर्श** के शब्दों में, ''समय के क्रमिक बिन्दुओं के तत्सवादी उसी चर के मूल्यों का व्यवस्थित अनुक्रम ही काल श्रेणी कहलाता है।'' **सिसिल सी. मेयर्स** लिखते हैं, ''काल श्रेणी को एक चर के समयावधिनुसार पुनवर्तित मापों के क्रम के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।'' **पी. जी. मूर** के अनुसार, मूल्यों की एक समयावधि की श्रेणी, एक काल-श्रेणी कहलाती है।'' अतः समय के क्रमागत बिन्दुओं के अनुसार किसी चर के क्रमबद्ध मूल्यों को काल-श्रेणी कहते हैं।

आर्थिक एवं व्यापारिक क्षेत्रों में समंकों के व्यावहारिक उपयोग की दिशा में एक संख्या-शास्त्री के लिए काल-श्रेणी के विश्लेषण का विशेष महत्त्व है। इसका कारण यह है, कि ''काल-श्रेणी का विश्लेषण करने का एक मुख्य उद्देश्य भावी घटनाओं की गतिविधि का यथार्थ अनुमान लगाने के लिये आर्थिक तथ्यों में होने वाले परिवर्तनों को समझना, समझाना एवं मूल्यांकित करना है।''

निम्न आँकड़ों से काल श्रेणी का अर्थ स्पष्ट होता है :-

Time	Wheat Production of Haryana in ('000 tons)
1990	12
1991	15
1992	18
1993	16
1994	22
1995	25
1996	23

काल श्रेणी विश्लेषण का महत्त्व
(Utility of Analysis of Time Series)

काल श्रेणी का विश्लेषण केवल अर्थशास्त्रियों व व्यावसायिक संस्थाओं के लिए ही उपयोगी नहीं अपितु सरकार, वैज्ञानिक शोधकर्ताओं, भूगोल शास्त्रियों आदि के लिए भी निम्न कारणों से बहुत उपयोगी है :-

(1) पिछले अनुभव से लाभ (Advantages from Previous Experience) : भूतकाल में हुए परिवर्तनों की दशा का अध्ययन करने से अनेकों महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं और भूतकाल में हुए परिवर्तनों के कारणों को विश्लेषण द्वारा जाना जा सकता है।

(2) भविष्य के बारे में अनुमान (Prediction for Future) : इन श्रेणियों के अध्यन से भविष्य में आँकड़ों में होने वाले परिवर्तनों के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। उदाहरणार्थ — भविष्य की बिक्री के आधार पर उत्पादन नीति में उपयोगी परिवर्तन किए जा सकते हैं व सम्भावित हानियों से बचा जा सकता है।

(3) वास्तविक आँकड़ों का मूल्यांकन (Evaluation of Actual Data) : वास्तविक आँकड़ों का काल श्रेणी विश्लेषण से प्राप्त अनुमानित आँकड़ों से तुलनात्मक अध्ययन कर सकते हैं और वास्तविक व अनुमानिक आँकड़ों के अन्तर के विभिन्न कारणों को जाना जा सकता है।

(4) व्यापार चक्र का अनुमान (Prediction of Trade Cycle) : व्यापारिक चक्रीय उच्चावनों (Cyclical Fluctuations) की सहायता से व्यापार में होने वाले परिवर्तन जैसे — समद्धि (Boom), अवनति (Recession), अवसाद (Depression), व पुनरुत्थान (Recovery) का पता चलता है। व्यवसायी इस जानकारी से अपनी क्रियाओं को नियन्त्रित कर सकता है, जिससे सम्भावित हानि से बचा जा सके।

(5) विभिन्न काल श्रेणियों का तुलनात्मक अध्ययन (Comparison of Various Series) : विभिन्न काल मालाओं के पारस्परिक अध्ययन से अनेकों निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं जैसे — विभिन्न देशों की मत्यु -दर, जन्म-दर, कृषि उपज दर प्रति हेक्टेयर, शिक्षा दर आदि को जानकर विभिन्न देशों के बारे में जाना जा सकता है।

(6) सार्वभौमिक उपयोगिता (Universal Utility) : इन श्रेणियों की उपयोगिता केवल व्यवसायी व अर्थशास्त्रियों के लिए ही नहीं बल्कि प्रायः सभी क्षेत्रों में है, जैसे — सरकार, कृषक, राजनैतिक, सामाजिक संस्थाएँ, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों के लिए आदि।

काल श्रेणी के संघटक
(Components of Time Series)

काल श्रेणी पर कालान्तर में अनेक कारणों का प्रभाव पड़ता है, जिनके कारण काल श्रेणी के चल-मूल्य समय परिवर्तन पर बदलते रहते हैं। इन कारणों को काल श्रेणी के संघटक भी कहते हैं। मुख्यतः इन कारणों को चार प्रमुख भागों में बाँटा जा सकता है, जिनका विवरण पहले भी दिया जा चुका है। ये चार घटक इस प्रकार हैं :-

(1) दीर्घकालीन प्रवत्ति (Secular Trend or Trend)

(2) अल्पकालीन उच्चावचन (Short time Oscillations)

(*i*) आर्तव विचरण (Seasonal Variation)

(*ii*) चक्रीय उच्चावचन (Cyclical Fluctuations)

(3) अनियमित या दैव उच्चावचन (Irregular or Random Fluctuations)

(1) दीर्घकालीन प्रवत्ति (Secular Trend or Trend) काल श्रेणी की दीर्घकाल में बढ़ने, घटने अथवा स्थिर रहने की प्रवत्ति को ही आँकड़ों की दीर्घकालीन प्रवत्ति कहते हैं। कालान्तर में आँकड़ों में विभिन्न उतार -चढ़ाव होते रहते हैं, किन्तु दीर्घकाल में यह परिवर्तन प्रायः एक निश्चित दिशा में लेते हैं। जैसे - जनसंख्या में वद्धि का क्रम पाया जाता है। इसी प्रकार मूल्य वद्धि , व्यापारियों की बिक्री व उत्पादन में भी पिछले वर्षों मे बढ़ने की ही प्रवत्ति पायी जाती है। प्रायः चलों में वद्धि की ही प्रवत्ति होती है किन्तु कुछ चल पारिवारिक आय में वद्धि होने पर भी स्थिर प्रवत्ति को ही होते हैं, जैसे — परिवार में नमक का प्रयोग। इसी प्रकार कुछ चलों में घटने की प्रवत्ति भी पायी जाती है , जैसे — मत्यु दर पिछले दो दशकों में घटी है। इसी प्रकार पिछले दशकों में बैलों द्वारा कृषि की प्रवत्ति घटी है।

दीर्घकाल में आँकड़ों की प्रवत्ति में परिवर्तन होने के अनेकों कारण हैं , जिनमें जनसंख्या का लगातार बढ़ना, उत्पादन में तकनीक सुधार, प्राकृतिक साधनों का अधिकतम उपयोग, व्यावसायिक संगठन में सुधार, स्वचालित मशीनों का उत्पादन करने में प्रयोग, उत्पादन प्राथमिकताओं में सरकारी हस्तक्षेप प्रमुख हैं। दीर्घकाल में बढ़ने की प्रवत्ति से यह अभिप्राय कदापि नहीं है कि आँकड़े सदैव ही बढ़ेंगे बल्कि आँकड़े किसी वर्ष बढ़ेगे व किसी वर्ष घटेंगे, किन्तु यह घटने-बढ़ने की प्रवत्ति सामान्य रूप से बढ़ने की ओर अग्रसर होगी।

दीर्घकालीन प्रवत्ति या उपनति का अध्ययन दो प्रकार से किया जा सकता है :

(1) रेखीय प्रवत्ति (Linear Trend)

(2) अरेखीय प्रवत्ति (Non-linear Trend)

जब दीर्घकाल में काल श्रेणी मूल्यों के बढ़ने या घटने की दर निश्चित होती है तो इसे रेखीय प्रवत्ति (Linear Trend or Straight Trend) कहते हैं। इसे निम्न समीकरण द्वारा व्यक्त करते हैं :-

$$Y_t = a + bX$$

where, Yt = trend value of a variable

'a' and 'b' are constants

'a' is the intercept of Y and

'b' is the slope of the line

जिन परिस्थितियों में काल श्रेणी के मूल्यों के बढ़ने अथवा घटने की दर असमान होती है, ऐसी दशा को अरेखीय प्रवत्ति (Non-linear Trend) कहते हैं। इसे निम्न समीकरण द्वारा व्यक्त करते हैं :-

$$Y_t = a + bX + cX^2$$

दीर्घकालीन प्रवत्ति अध्ययन करने से समंकों की भूतकालीन प्रवत्ति का पता चलता है। इसके द्वारा भविष्य के समंकों का अनुमान लगाया जा सकता है। हम विभिन्न स्थानों की काल श्रेणियों का तुलनात्मक अध्ययन कर सकते हैं। इसी प्रकार हम विभिन्न समय की दो या इससे अधिक काल श्रेणियों का भी तुलनात्मक अध्ययन कर सकते हैं। काल श्रेणी से यदि दीर्घकालीन उपनति को हटा दिया जाय तो हम लघु कालीन परिवर्तनों का भी अध्ययन कर सकते हैं।

(2) अल्पकालीन परिवर्तन (Short Term Fluctuations) : अल्पकालीन परिवर्तन नियमित अथवा अनियमित हो सकते हैं।

नियमित अथवा सामयिक परिवर्तन (Regular or Periodic Movements) : अनेक आर्थिक तथ्यों में प्राकृतिक अथवा रीति-रिवाजों से सम्बन्ध के कारण नियमित परिवर्तन होते रहते हैं। सामयिक परिवर्तन में निश्चित समयावधि के पश्चात परिवर्तनों की पुनरावत्ति होती है। सामयिक परिवर्तन दो प्रकार के होते हैं : -

***(i)* आर्तव परिवर्तन (Seasonal Changes) :** इस प्रकार के परिवतनों का सम्बन्ध मौसम में परिवर्तन से होता है। अनेक आर्थिक काल श्रेणियों में इस प्रकार के परिवर्तन पाये जाते हैं। साप्ताहिक, मासिक अथवा त्रैमासिक समयसान्तर से संकलित समंकों में आर्तव परिवर्तन स्पष्ट हो जाते हैं। आर्तव-परिवर्तनों की मात्रा में भले ही परिवर्तन हो जाये, परन्तु परिवर्तनों का समय निश्चित होता है। वार्षिक समंक मालाओं में आर्तव परिवर्तन दष्टिगोचर नहीं होते हैं।

ऐसे परिवर्तन 12 महीनों के अन्दर होते हैं और यह क्रम निश्चित रूप से चलता है। प्रायः प्रत्येक प्रकार के व्यवसायों पर इन परिवर्तनों का असर कम व अधिक होता है और यह असर समान्य है। यहाँ मौसमी परिवर्तनों का अभिप्राय शाब्दिक रूप में केवल मौसम तबदीली के कारण हुए परिवर्तनों से ही नहीं है, बल्कि और सभी प्रकार के परिवर्तन जो प्रतिवर्ष एक विशेष समय पर होते हैं और उनकी पुनरावत्ति प्रति वर्ष होती है। अतः मौसमी परिवर्तन — सर्दी, गर्मी, वर्षा, वसन्त आदि के होने पर हमारे खान-पान व पहनावे में परिवर्तन होता है। उदाहरणार्थ — गर्मियों में मनुष्य शीतल पेय अधिक पसन्द करते हैं किन्तु सर्दियों में गर्म पेय जैसे — चाय, काफी आदि की माँग अधिक होती है। इसी प्रकार गर्मियों में पहिनने वाले व सर्दियों में पहनने वाले कपड़ों में अन्तर होता है अतः कपड़ों की माँग मौसम के परिवर्तन से बदलती रहती है।

वस्तुओं की माँग में परिवर्तन हमारे त्यौहार, रीतिरिवाज, स्वभाव, आदतों, फैशन परम्परा आदि के कारण भी होता है। उदाहरणार्थ — त्योहारों के अवसर पर मिठाई की माँग बढ़ जाती है। विवाह के अवसरों पर कपड़ो, फर्नीचर, जेवरों आदि की माँग अधिक होती है। इसी प्रकार हम अपनी मासिक आय का अधिकतम खर्चा मास के प्रथम सप्ताह में ही करते हैं अतः दुकानदारों की बिक्री मास के प्रथम सप्ताह में ही अधिक होती है।

उपरोक्त सभी प्रकार के परिवर्तन प्रतिवर्ष नियमित रूप से होते हैं अतः इनका पूर्वानुमान करना आसान है उदाहरणार्थ — वर्षा ऋतु आने से पूर्व दुकानदार छतरी की बिक्री का पूर्वानुमान लेते हैं। इसी प्रकार राखी का त्यौहार आने से पूर्व की दुकानदार राखियों की माँग का पूर्वानुमान लगा लेते हैं। यह अनुमान पिछले वर्षों के आँकड़ों के अध्ययन व विश्लेषण से लगाया जा सकता है।

काल श्रेणी के विश्लेषण में मौसमी परिवर्तन के माप का महत्त्वपूर्ण स्थान है। पूर्व नियोजित योजना बनाते समय व्यवसायी इन परिवर्तनों को अधिक महत्व देते हैं, जिससे कि उत्पादन रहतिया, विज्ञापन आदि की लागत को नियन्त्रित रखा जा सके। मौसमी माँग की पूर्ति के लिए व्यवसायी लघु कालीन ऋण की व्यवस्था पहले से ही कर सकते हैं, जैसे — कपड़े का व्यापारी सर्दी शुरु होने से पहले ही ऊनी वस्त्रों की व्यवस्था करने के लिए ऋण की व्यवस्था करता है।

(*ii*) **चक्रीय परिवर्तन (Cyclical Changes) :** आर्थिक क्रियाओं के स्तर में क्रमानुसार उतार-चढ़ाव को अर्थशास्त्री द्वारा ''व्यापारिक चक्र'' की संज्ञा दी जाती है। आर्थिक क्रियाओं के उतार-चढ़ाव की चार क्रमानुसार अवस्थाएँ होती हैं — अभिवद्धि (Inflation), ह्रास (Recession), अवसाद (Depression) तथा पुनरुत्थान (Recovery)। प्रत्येक व्यापारिक चक्र में ये अवस्थाएँ पायी जाती हैं। उतार-चढ़ाव की मात्रा तथा व्यापारिक चक्र की अवधि में भले ही नियमितता न हो परन्तु आर्थिक क्रियाओं से सम्बन्धित श्रेणियों में आठ या नौ वर्षों के व्यापारिक चक्र सामान्यतः पाये जाते हैं। लगभग 3 वर्ष की अवधि के लघु व्यापारिक चक्र भी पाये जा सकते हैं।



उपरोक्त चित्र में विभिन्न स्थितियों को दर्शाया गया है। प्रथम अवस्था में व्यावसायिक क्रियाएँ जैसे — उत्पादन, मूल्य, वद्धि , रोजगार आदि समद्धि की ओर अग्रसित होते हैं अतः समद्धि चिन्ह पाए जाते हैं। किन्तु द्वितीय अवस्था में उपरोक्त व्यावसायिक क्रियाओं में अवनति पाई जाती है। जब सरकार मुद्रा स्फीति को नियन्त्रित करने की कोशिश करती है तो मूल्यों में कमी आने लगती हैं। किन्तु ऐसा करने पर उत्पादक उत्पादन कम कर देते हैं। अतः रोजगार के अवसर प्रभावित होते हैं। इन सभी कारणों से अवनति (Disinflation or Recession) की स्थिति उत्पन्न होती है। यदि यह नियन्त्रण सामान्य स्थिति (Normal Position) से नीचे चला जाता है तो अवसाद (Depression) की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसी स्थिति से निबटने के लिए सरकार बैंक दर में कमी करती है व अन्य कदम उठाती है, सामान्य स्थिति में न आकर पुनः सामान्य स्थिति से बढ़ जाते हैं तो पुनः तेजी आ जाती है अर्थात् समद्धि की स्थिति उत्पन्न होने लगती है। यह व्यापार चक्र निरन्तर इसी क्रम से चलता रहता है। सामान्यतः यह चक्र 3 वर्ष से 8 वर्षों में पूरा हो जाता है किन्तु यह अनिवार्य नहीं कि व्यापार चक्र की चारों स्थितियाँ बराबर समय लें। यह अवधि सरकार की नियन्त्रण नीति पर निर्भर करती है।

व्यापारिक प्रक्रिया को स्थिर बनाए रखने के लिए नीति निर्धारण में चक्रीय उच्चावचन को समझना अनिवार्य है ताकि समद्ध व अवसाद की परिस्थितियों से दूर रहा जा सके क्योंकि देश की आर्थिक प्रगति के लिए दोनों ही स्थितियाँ प्रतिकूल हैं, विशेषकर अवसाद स्थिति। चक्रीय उच्चावचन की इतनी महत्ता होते हुए भी इसको मापना बहुत कठिन है क्योंकि व्यापार चक्र के विभिन्न तत्त्वों में परिवर्तन की न तो अवधि और न ही मात्रा समान होती है। प्रायः चक्रीय उच्चावचन अनियमित परिवर्तनों (Irregular Variations) के साथ-साथ होता है, अतः दोनों प्रकार के परिवर्तनों को अलग-अलग मापना असम्भव भी हो जाता है।

(3) **अनियमित परिवर्तन (Irregular Variations)** अनियमित अथवा भ्रमात्क (Erratic) अथवा दैव (Random) परिवर्तन दो प्रकार के होते हैं — पूर्णतः दैव परिवर्तन, इनसे श्रेणी में कभी एक ओर तो कभी दूसरी ओर परितर्वन केवल अवसर (Chance) के कारण ही होते हैं। दूसरे, ऐसे परिवर्तन जो समय-समय पर विशेष परिस्थितियों के कारण होते हैं तथा जिन्हें पथक किया जा सकता है। ऐसे परिवर्तन हड़ताल , राजनैतिक हलचल, युद्ध आदि घटनाओं के कारण होते हैं अतः इन्हें घटनात्मक परिवर्तन (Episodic Movement) भी कहते हैं।

अल्पकालीन परिवर्तनों के विश्लेषण में प्रवत्ति मूल्यों को मौलिक समंकों से पथक किया जाता है। एक काल श्रेणी के पद मूल्यों में से प्रवत्ति -मूल्यों को घटाकर अल्पकालीन परिवर्तन ज्ञात किये जा सकते हैं।

काल श्रेणी निदर्श

(Time Series Models)

काल श्रेणी के संघटकों के अध्ययन से यह स्पष्ट है कि काल श्रेणी के मूल संमक जो काल श्रेणी में (Y) के नाम से जाने जाते हैं, प्रवत्ति (Trend or T), चक्रीय उच्चावचन (Cyclical Variation or C), मौसमी परिवर्तन (Seasonal Variations or S) तथा अनियमित परिवर्तन (Irregular Variaton or I) द्वारा सामूहिक रूप से प्रभावित होते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि Y का मूल्य इन संघटकों (T, C, S and I) का मिश्रण है।

काल माला के इन संघटकों को अलग-अलग व्यक्त कर उनका गहन अध्ययन ही काल-माला का विश्लेषण (Analysis of Time Series) कहलाता है। अतः किसी एक घटक का अध्ययन करना हो तो सम्पूर्ण समंक से अन्य तीन घटकों को पथक करना होगा। उदाहरण स्वरूप प्रवत्ति (Trend or T) ज्ञात करने के लिए कुल समंक (Y) में से चक्रीय उच्चावचन (C), मौसमी परिवर्तन (S) व अनियमित परिवर्तन (I) को पथक करना होगा।

इस प्रकार हमें काल श्रेणी के संघटकों को विश्लेषण करना होगा। प्रायः विश्लेषण प्रक्रिया में दो रीतियों का प्रयोग किया जाता है।

काल श्रेणी निदर्श (Time Series Model)

योगात्मक निदर्श (Additive Model)	गुणक निदर्श (Multiplicative Model)

(1) योगात्मक निदर्श (Additive Model) : योगात्मक निदर्श के अनुसार काल माला के किसी भी वर्ष का मूल्य उसके चारों संघटकों अर्थात् दीर्घकालीन प्रवत्ति , चक्रीय उच्चावचन, मौसमी परिवर्तन व अनियमित परिवर्तन के योग के बराबर होगा। इसे निम्न सूत्र के रूप में भी व्यक्त किया जा सकता है :-

सूत्र

$$Y = T + S + C + I$$

where, Y = Value of Original Time Series

T = Trend Value

S = Seasonal Variation

C = Cyclical Variation

I = Irregular Variation

योगात्मक निदर्श के अन्तर्गत काल श्रेणी के चारों घटकों को इकाई के रूप में व्यक्त करते हैं। उदाहरणतया इकाई — रुपये, टन, किलो इत्यादि के रूप में व्यक्त की जा सकती है। इस सिद्धान्त के अनुसार किसी भी विशेष घटक का ज्ञात करने के लिए कुल मूल्य में से बाकी तीनो घटकों को घटाना होगा। निम्न समीकरण से इस तथ्य की पुष्टि की जा सकती है :-

$$Y = T + S C + I$$

\ $T = Y - (S + C + I)$

or $S = T - (T + C + I)$

or $C = Y - (T + S + I)$

or $I = Y - (T + S + C)$

(2) गुणक निदर्श (Mulplicative Mode) : काल श्रेणी विश्लेषण के शास्त्रीय मत के अनुसार काल माला के किसी भी वर्ष का मूल्य उसके चारों संघटकों अर्थात् दीर्घकालीन प्रवत्ति , चक्रीय उच्चावचल, मौसमी परिवर्तन व अनियमित परिवर्तन के गुणक के बराबर होता है। सूत्र के रूप में :-

$$Y = T \times S \times C \times I$$

where, Y = Value of Original Time Series

T = Trend Value

S = Seasonal Variation

C = Cyclical Variation

I = Irregular Variation

उपरोक्त सूत्र के दीर्घकालीन प्रवत्ति (T) को दी हुइ इकाई के रूप में ही व्यक्त करते हैं किन्तु मौसमी परिवर्तन (S) चक्रीय उच्चावचन (C) व अनियमित परिवर्तन (I) को अनुपात (Ratios) में व्यक्त करते हैं।

गुणक निदर्श के अन्तर्गत किसी विशेष घटक को निकालने के लिए कुल मूल्य (Y) को बाकि घटकों से विभाजित करना होगा। इसे निम्न सूत्र से व्यक्त कर सकते हैं :-

$$Y = T \times S \times C \times I$$

$$T = \frac{Y}{S \quad C \quad I}$$

$$S = \frac{Y}{T \quad C \quad I}$$

$$C = \frac{Y}{S \quad C \quad I}$$

As

$$\backslash \qquad S \times C \times I = \frac{Y}{T}$$

प्रायः काल श्रेणी विश्लेषण में गुणक, निदर्श का ही अधिक प्रयोग किया जाता है।

दीर्घकालीन प्रवत्ति अथवा उपनति
(Secular Trend)

दीर्घकालीन प्रवत्ति (Secular Trend) से आश्य काल-श्रेणी के सामान्य दीर्घकालीन परिवर्तनों से है। यह श्रेणी की आधारभूत प्रवत्ति होती है। **वर्नर जेड. हिर्श्च** (Werner Z. Hirsh) के अनुसार, "प्रवत्ति , जिसे कभी-कभी दीर्घकालीन प्रवत्ति भी कहते हैं , से हमारा आश्य एक श्रेणी में दीर्घकालीन में धीरे-धीरे होने वाली वद्धि अथवा कमी से है जो जनसंख्या वद्धि , तकनीकी ज्ञान एवं उत्पादकता में सुधार, पूँजी उपकरणों की पूर्ति में वद्धि तथा उपभोग की आदतों में परिवर्तन आदि आधारभूत शक्तियों को व्यक्त करती है।" **सिम्पसन तथा कापका** के शब्दों में, "प्रवत्ति जिसे उपनति अथवा दीर्घकालीन प्रवत्ति भी कहा जाता है, श्रेणी की एक समयावधि के बढ़ने अथवा घटने की आधारभूत प्रवत्ति होती है। प्रवत्ति के विचार के अन्तर्गत अल्पकालीन परिवर्तन शामिल नहीं होते हैं बल्कि दीर्घकाल में हुए नियमित परिवर्तन शामिल होते हैं।"

कुछ तथ्यों की दीर्घकालीन प्रवत्ति वद्धि की ओर तथा कुछ की ह्रास की ओर होती है। उदाहरणार्थ , अधिकांश देशों में सप्ताह के काम करने के घंटों की प्रवत्ति घटने की ओर तथा जनसंख्या , कृषि तथा उद्योगों के उत्पादन की प्रवत्ति वद्धि की ओर पायी जाती है। सभी दीर्घकालीन परिवर्तन समान गति से नहीं होते हैं। प्रवत्ति से अस्थायी विचरणों के बावजूद , समंक-माला में एक निश्चित दिशा में स्पष्ट रूप से दीर्घकालीन प्रवत्ति दष्टिगोचर होती है।

दीर्घकालीन प्रवत्ति को इंगित करने के लिए (1) एक उद्योग, (2) एक उपक्रम, तथा (3) सम्पूर्ण अर्थ-व्यवस्था के लिए प्रवत्ति ज्ञात की जा सकती है। प्रत्येक की प्रवत्ति ज्ञात करने में अलग -अलग सांख्यिकीय तथा सैद्धान्तिक समस्याएँ उत्पन्न होती हैं।

दीर्घकालीन प्रवत्ति के अनुमान की रीतियाँ

(Methods of Estimating Trend)

काल श्रेणियों के सांख्यिकीय विश्लेषण में उन विधियों का प्रयोग किया जाता है जिनका विकास गणित तथा आर्थिक विश्लेषण के संयोग से हुआ है। दीर्घकालीन प्रवत्ति का अनुमान करने की प्रमुख रीतियाँ निम्नांकित हैं : -

(1) स्वतंत्र हस्त वक्र रीति (Freehold Curve Method)

(2) माध्यों की रीति (Method of Averages)

  (अ) चुने गये बिन्दुओं की रीति (Selected Points Method)

  (ब) अर्द्ध-माध्य रीति (Semi-Average Method)

  (स) चल माध्य रीति (Moving Average Method)

(3) न्यूनतम वर्ग रीति (Method of Least Squares)

  (अ) अंकगणितीय सरल रेखा (Arithmetic Straight Line)

  (ब) लघुगणकीय सरल रेखा (Logarithmic Straight Line)

  (ग) एकेन्द वक्र (Parabolic Curve)

(1) स्वतंत्र हस्त वक्र रीति (Freehand Curve Method) : स्वतन्त्र हस्त वक्र रीति से दीर्घकालीन प्रवत्ति का अनुमान लगाने के लिए काल श्रेणी के मौलिक समंकों (Original Data) को बिन्दुरेखीय पत्र (Graph Paper) पर प्रांकित किया जाता है; तत्पश्चात् प्रांकित बिन्दुओं के मध्य से गुजरती हुई एक सरलित वक्र (Smoothed Curve) खींची जाती है। यही सरलित वक्र संख्याशास्त्री के मतानुसार दीर्घकालीन प्रवत्ति को इंगित करती है। सरलित वक्र खींचने में लचीले - पैमाने (Flexible Rulers) की सहायता ली जा सकती है अथवा बिन्दुरेखीय पत्र पर एक डोरा फैला का प्रांकित बिन्दुओं द्वारा प्रदर्शित प्रवत्ति के अनुसार उसे समायोजित करके फिर वक्र खींचा जा सकता है।

Illustration 1 : नीचे दिये समंकों से स्वतंत्र हस्त-वक्र विधि द्वारा उपनति मूल्य ज्ञात कीजिए :-

Calculate the value of Trend by Freehand Curve Method from the data given below :-

वर्ष (Year)	लाभ (Profit) (Thousands of Rs.)	वर्ष (Year)	लाभ (Profit) (Thousanda of Rs.)
1993	12	1997	16
1994	14	1998	15
1995	16	1999	18
1996	13	2000	17

Solution : Trend by Freehand Curve Method.



स्वतंत्र हस्त-वक्र विधि एवं दोष (Merits and Demerits of Freehand Curve Method) :-

गुण (Merits) : स्वतंत्र हस्त-वक्र विधि के निम्न गुण हैं :-

(1) यह दीर्घकालीन प्रवत्ति या उपनति ज्ञात करने की सरलतम विधि है।

(2) वक्र खींचने में अधिक समय नहीं लगता।

(3) इस विधि में गणितीय क्रिया का प्रयोग आवश्यक नहीं है।

दोष (Demerits) : स्वतंत्र हस्त-वक्र विधि के निम्न दोष हैं :-

(1) इसमें निश्चितता का गुण नहीं होता क्योंकि एक ही आँकड़ों से विभिन्न वक्र खींचे जा सकते हैं।

(2) इस विधि में शुद्धता का अभाव रहता है।

(3) यदि प्रयोग करने वाले के मन में पक्षपात की भावना हो तो वक्र खींचते समय उसका प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।

इन दोषों के होने के कारण इस विधि को बहुत कम प्रयोग में लाया जाता है।

(ब) अर्द्ध-माध्य रीति (Semi-Average Method)

यदि यह स्पष्ट होता है कि एक सरल रेखा दीर्घकालीन प्रवत्ति को उचित रूप से व्यक्त कर सकेगी , तब अर्द्ध-माध्य रीति का प्रयोग किया जाता है। काल-श्रेणी को दो समान भागों में विभक्त कर दिया जाता है। यदि श्रेणी में पदों की संख्या विषम (Odd) होती है तो मध्य के पद को छोड़ दिया जाता है। प्रथम अर्द्ध भाग के चर मूल्यों को जोड़कर सम्मिलित पदों की संख्या से भाग देकर उस भाग का माध्य ज्ञात किया जाता है। इसी प्रकार दूसरे अर्द्ध भाग के चर मूल्यों को जोड़कर पदों की संख्या से भाग देकर माध्य ज्ञात किया जाता है। काल-श्रेणी के मौलिक समंकों को बिन्दुरेखीय पत्र पर प्रांकित कर लिया जाता है। दोनों अर्द्ध-भागों के माध्यों को भी प्रत्येक भाग के मध्य में प्रांकित कर लेते हैं तथा उन दोनों बिन्दुओं को सरल रेखा द्वारा जोड़ दिया जाता है। यही सरल रेखा दीर्घकालीन प्रवत्ति को व्यक्त करती है।

यदि उचित समझा जाता है और यदि सम्भव हो तो काल-श्रेणी को दो से अधिक भागों में भी विभक्त किया जा सकता है। प्रत्येक भाग के माध्य ज्ञात करके माध्य मूल्यों को सम्बन्धित भाग के मध्य में प्रांकित कर दिया जाता है। प्रांकित बिन्दुओं को सरल रेखा द्वारा जोड़कर प्रवत्ति रेखा खींची जाती है।

Illustration 2 : Determine the trend of the following by semi-average method.

Year	**Export (Rs. crore)**	
1950	9.5	
1951	14.36	
1952	12.5	
1953	11.9	S = 88.2 ÷ 7 = 12.6 (Average)
1954	10.1	
1955	14.9	
1556	15.0	
1957	15.7	

Year	Export (Rs. crore)	
1958	15.0	
1959	14.4	
1960	18.9	
1961	20.8	S = 126.2 ÷ 7 = 18.6 (Average)
1962	17.8	
1963	17.6	
1964	20.5	

Solution :



अर्द्ध-माध्य विधि के गुण एवं दोष (Merits and Demerits of Semi-Average Method)

गुण (Merits) : अर्द्ध-माध्य विधि के निम्न गुण हैं :-

(1) स्वतंत्र हस्त-वक्र विधि की तरह वह विधि भी सरल है।

(2) वक्र खींचने में अधिक समय और श्रम नहीं लगता।

(3) यदि इस विधि के प्रयोग करने वाले के मन में पक्षपात की भावना हो तो वक्र खींचते समय इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

(4) इस विधि के अन्तर्गत बिन्दुओं को सरलित करने का एक निश्चित एवं स्पष्ट आधार होता है।

दोष (Demerits) : अर्द्ध-माध्य विधि के निम्न दोष हैं :-

(1) चरम मूल्यों (Extreme Values) की उपस्थिति के कारण यदि समान्तर माध्य श्रेणी का उचित प्रतिनिधित्व नहीं करता तो इस विधि द्वारा प्रस्तुत की गई प्रवत्ति भी वास्तविक नहीं होगी।

(2) यह विधि तभी प्रयोग में लाई जा सकती है जब आँकड़ों की आवत्ति लगभग सीधी रेखा की हो।

Illustration 3 : Draw a trend line by the method of semi-averages for the following data. Also predit sales for (1999).

निम्न समंकों से अर्ध-माध्य रीति द्वारा दीर्घकालीन प्रवत्ति ज्ञात कीजिए। 1999 की बिक्री का अनुमान भी लगाइए।

Years	**:**	1992	1993	1994	1995	1996	1997	1998
Sales (in Lakh Rs.)	**:**	21	25	23	30	37	32	36

Solution :

X Years	Sales	Semi-Totals	Semi-Average
1992	21		
1993	25	69	$\frac{21+25+23}{3} = \frac{69}{3} = 23$
1994	23		
1995	30	X (ignored)	
1996	37		
1997	32	105	$\frac{37+32+36}{3} = \frac{105}{3} = 35$
1998	36		



The trend value of 1994 is 41 approx.

1999 की दीर्घकालीन प्रवत्ति का अनुमान लगाने के लिए y_t रेखा का बढाएंगे व 1999 से इस रेखा का लम्ब (^) डालेंगे। जहाँ भी यह लम्ब y_t को काटेगा उस स्थान पर y-axis द्वारा प्राप्त मूल्य की 1999 की अनुमानित बिक्री होगी।

गणितीय विधि द्वारा भी उपनति मूल्य ज्ञात किया जा सकता है।

$$\text{Annual Change} = \frac{35 - 23}{1997 - 1993} = \frac{12}{4} = 3$$

$$\text{Semi Average value of 1997} = 35 \text{ (Given)}$$

$$\text{Trend Value of 1998} = 35 + 3 = 38$$

$$\text{Trend Value of 1999} = 38 + 3 = 41$$

चल-माध्य विधि (The Moving Average Method) : व्यवहार में, दीर्घकालीन प्रवत्ति ज्ञात करने के लिए चल -माध्य विधि को अधिक प्रयोग में लाया जाता है। यह विधि उच्चावचनों को एक बड़ी सीमा तक कम करने की आसान विधि है। चल-विधि की गणना करते समय सबसे पहले एक अवधि निश्चित कर ली जाती है। जैसे चल-माध्य की अवधि तीन वर्ष, चार वर्ष, छः वर्ष, सात वर्ष इत्यादि। मान लीजिए चल-माध्य की अवधि तीन वर्ष है तो सबसे पहले श्रेणी के पहले तीन वर्षों के मूल्यों को जोड़कर उनका माध्य ज्ञात कीजिए और इस माध्य को दूसरे वर्ष के समक्ष लिख दिया जाएगा (क्योंकि पहले तीन वर्षों का औसत वर्ष दूसरा वर्ष होगा) अब अगला माध्य मूल्य ज्ञात करने के लिए वर्ष के मूल्यों को छोड़कर अगले चौथे वर्ष के मूल्य को जोड़कर माध्य मूल्य ज्ञात किया जाता है और इस माध्य-मूल्य को तीसरे वर्ष के समक्ष रखा जाएगा (क्योंकि दूसरे, तीसरे एवं चौथे वर्ष का माध्य वर्ष तीसरा वर्ष होगा) इस प्रकार अगले वर्षों के माध्य मूल्य प्राप्त किए जा सकते हैं।

चल माध्य ज्ञात करने के लिए निम्न सूत्रों का प्रयोग किया जाता है :-

(*i*) तीन वर्षीय चल-माध्य (Three-yearly Moving Averages)

$$\frac{x_1\ x_2\ x_3}{3}, \frac{x_2\ x_3\ x_4}{3}, \frac{x_3\ x_4\ x_5}{3} \text{ इत्यादि}$$

(*ii*) पंचवर्षीय चल-माध्य (Five-yearly Moving Averages)

$$\frac{x_1\ x_2\ x_3\ x_4\ x_5}{5}, \frac{x_2\ x_3\ x_4\ x_5\ x_6}{5}, \frac{x_3\ x_4\ x_5\ x_6\ x_7}{5} \text{ इत्यादि}$$

(*iii*) सातवर्षीय चल-माध्य (Seven-yearly Moving Averages)

$$\frac{x_1\ x_2\ x_3\ x_4\ x_5\ x_6\ x_7}{7}, \frac{x_2\ x_3\ x_4\ x_5\ x_6\ x_7\ x_8}{7} \text{ इत्यादि}$$

उदाहरण (Illustration) 4 : निम्न समंकों से तीन वर्षीय चल-माध्य ज्ञात कीजिए :-

From the following data find out 3-yearly moving averages :-

वर्ष (Year) :	1990	1991	1992	1993	1994	1995	1996	1997	1998	1999
बिक्री (Sales) : ('000 Rs.)	30	25	35	20	24	25	28	26	28	32

हल (Solution) : Three-yearly Moving Averages.

Year ('000 Rs.) (*i*)	**Sales (Moving Totals) (*ii*)**	**Three-yearly Averages (Col. *iii* + 3) (*iii*)**	**Three-yearly Moving (*iv*)**
1990	30	—	—3
1991	25	30 + 25 + 35 = 90	30.00
1992	35	35 + 20 + 24 = 79	26.67
1993	20	35 + 20 + 24 = 79	26.33
1994	24	20 + 24 + 25 = 69	23.00
1995	25	24 + 25 + 28 = 77	25.67
1996	28	25 + 28 + 26 = 79	26.33
1997	26	28 + 26 + 28 = 82	27.33
1998	28	26 + 28 + 32 = 86	28.67
1999	32	—	—

Illustration 5 : Find the 7-yearly moving averages from the following data :-

Year :	1985	1986	987	1988	1989	1990	1991	1992	1993	1994	1995	1996	1997
Value :	19	22	17	18	20	21	16	12	10	23	12	15	30

हल (Solution) : Seven-yearly Moving Averages.

Year (*i*)	**Value (*ii*)**	**Seven-yearly Moving (Totals) (*iii*)**	**Seven-yearly Moving Averages (Col. *iii* + 5) (*iv*)**
1985	19	—	—
1986	22	—	—
1987	17	—	—
1988	18	19 + 22 +17 +18 + 20 + 21 + 16 = 133	19.0

1989	20	22 + 17 + 18 + 20 + 21 + 16 + 12 = 126	18.0
1990	21	17 + 18 + 20 + 21 + 16 + 12 + 10 = 114	16.3
1991	16	18 + 20 + 21 + 16 + 12 + 10 + 23 = 120	17.1
1992	12	20 + 21 + 16 + 12 + 10 + 23 + 12 = 114	16.3
1993	10	21 + 16 + 12 + 10 + 23 + 12 + 15 = 109	15.6
1994	23	16 + 12 + 10 + 23 + 12 + 15 + 30 = 118	16.9
1995	12	—	—
1996	15	—	—
1997	30	—	—

Graph Showing Seven-Yearly Moving Average.



(2) चल-माध्य अवधि सम (Even) होने पर : यदि चल-माध्य सम वर्षों का हो अर्थात 4, 6, 8 अथवा 10 वर्षों का हो तो चल माध्यों को कन्द्रित भी करना पड़ेगा, क्योंकि सम वर्षों का चल-योग व चल माध्य दो वर्षों के मध्य में लिखा जाएगा। उदाहरणार्थ — 1990, 1991, 1992 व 1993 के समंकों का योग 1191 व 1992 के माध्य में लिखा जाएगा और 4 वर्षों का माध्य भी 1991 व 1992 के मध्य में ही होगा। इसी प्रकार प्रथम समंक छोड़कर अगले चार वर्षों का चल-योग व चल-माध्य भी दो वर्षों के मध्य ही आएगा। ऐसी परिस्थिति सम वर्षों के चल-माध्यों निकालते समय आती है। अतः इन वर्षों के चल-माध्य ज्ञात करने के उपरान्त इन्हें केन्द्रित करना पड़ता है। अर्थात् यदि हम दो वर्ष का चल-माध्य निकालें तो समस्त वर्षों के सम्मुख दीर्घकालीन प्रवत्ति ज्ञात की जा सकती है। इस प्रकार सम -वर्षों के चल-माध्य में चल-माध्यों को केन्द्रित करना अनिवार्य हो जाता है। जैसा कि निम्न उदाहरण से स्पष्ट है।

Illustration 6 : Calculate trend to moving average method assuming 4-yearly cycle from the following data relating to the production of tea.

चार वर्षीय चक्र मानकर चल-माध्य रीति द्वारा चाय के उत्पादन से सम्बन्धित निम्न समंकों से दीर्घकालीन प्रवत्ति ज्ञात करें।

Years	Production of Tea (in Quintals)	Years	Production of Tea (in Quintals)
1988	462	1995	560
1989	510	1996	580
1990	525	1997	620
1991	470	1998	645
1992	515		
1993	550		
1994	575		

Solution : Computation of Trendy by 4 yearly moving average.

Column I	2	3	4	5	6
Year	**Production**	**4 yearly moving Total**	**4 yearly moving Average**	**Centring Total**	**Average Y_t**
1998	462		—	—	—
1989	510		—	—	—
		1967	491.75		
1990	525			996.75	498.4
		2020	505.0		
1991	470			1020	510.0
		2060	515.0		
1992	515			1042.5	521.2
		2110	527.5		
1993	550			1077.5	538.75
		2200	550.0		
1994	575			1116.25	558.13
		2265	566.25		
1995	560			1150.0	575.0
		2335	583.75		
1996	580			1185.0	592
		2405	601.25		
1997	620	—	—	—	
1998	645	—	—	—	

Steps to Compute 4 yearly moving average

(1) In column number (13) compute 4 yearly moving data moving totals from data given in column number (2) and write it in the middle of first 4 years and so on.

(2) Divide the totals obtained in column 3 by 4 to get 4 yearly moving average.

(3) Since the moving averages come in the middle of 2 years, so compute 2 yearly moving totals of data obtained in column (4) to get the requisite total against respective years. This is called centring total.

(4) Now divide figures given in column number 5 by 2 to get the centring averages.

(5) Now plot original and computed values graphically.



गुण (Merits) :

(1) यह रीति न्यूनतम वर्ग रीति की तुलना में सरल है।

(2) समंकों की दीर्घकालीन प्रवत्ति जानने में यह विधि अधिक लचीला (Flexible) है क्योंकि यदि काल श्रेणी में कुछ और वर्षों के आँकड़े सम्मिलित कर लिए जाएं तो दीर्घकालीन प्रवत्ति की समस्त गणना नहीं बदलती , बल्कि पुरानी गणना में ही कुछ गणना की और वद्धि हो जाती है।

(3) यदि दीर्घकालीन प्रवत्ति निकालते समय चल -माध्य का समय चक्रीय उच्चावचन के समान हो तो चक्रीय उच्चावचन का उतार-चढ़ाव स्वतः ही दूर हो जाता है।

(4) चल-माध्य का स्वरूप आँकड़ों के स्वरूप पर निर्भर है न कि गणितीय आधार पर।

(5) यदि दीर्घकालीन प्रवत्ति में बहुत अनियमितता है तो चल -माध्य रीति द्वारा प्राप्त निष्कर्ष अधिक विश्वसनीय होंगे।

(6) इस रीति के प्रयाग में मानव की पक्षपात भावना का कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

दोष (Demerits or Limitations) :

(1) इस पद्धति का सबसे बड़ा दोष यह है कि इस रीति में सभी दिए हुए वर्षों का दीर्घकालीन मूल्य प्राप्त नहीं होता। चल-माध्य की अवधि जितनी अधिक होगी, उतने ही अधिक वर्षों के चरम मूल्य (Extreme Values) का मान मालूम नहीं होगा। उदाहरणार्थ, 3 वर्षीय चल माध्य में एक वर्ष प्रथम व एक वर्ष अन्त की दीर्घकालीन प्रवत्ति ज्ञात नहीं होगी। इसी प्रकार 7 वर्षीय चल माध्य में प्रथम तीन वर्षों व अन्तिम तीन वर्षों की दीर्घकालीन प्रवत्ति ज्ञात नहीं की जा सकती।

(2) चल-माध्य अवधि का चयन करते समय बड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

(3) इस रीति से भविष्य के बारे में अनुमानित मूल्य ज्ञात नहीं किए जा सकते।

(4) सैद्धान्तिक रूप से हम यह कह सकते हैं कि चल-माध्य व चक्रीय उच्चावचन अवधि समान होने पर चक्रीय उच्चावचन का असर स्वतः ही समाप्त हो जाता है किन्तु वास्तविक जीवन में चक्रीय उच्चावचन का समय प्रत्येक स्थिति में समान नहीं होता। अतः किसी भी अवधि का चल-माध्य चक्रीय उच्चावचन के प्रभाव को पूर्ण रूप से समाप्त नहीं कर सकता।

(5) यह विधि समान्तर माध्य की परिसीमाओं से प्रभावित होती है।

(2) न्यूनतम वर्ग रीति (Methods of Least Square) दीर्घकालीन प्रवत्ति को मापने की यह सर्वोत्तम विधि है। यह विधि गणितीय होने के कारण विश्लेषण करने के लिये भी सर्वोत्तम है। यह विधि आर्थिक व व्यावसायिक काल श्रेणियों पर प्रयोग की जा सकती है और इस प्रकार भविष्य के उपनति मूल्यों को भी ज्ञात किया जा सकता है। दीर्घकालीन उपनति मूल्य (*i*) रेखीय (linear) व (*ii*) अरेखीय (non-linear) भी हो सकते हैं।

यदि दीर्घकालीन तक काल श्रेणी में समंकों के बढ़ने व घटने की प्रवत्ति एक निश्चित दर से पायी जाती है तो इसे रेखीय उपनति (Straight Line Trend) कहा जाता है और इसे निम्न प्रकार व्यक्त करते हैं :-

Strainght Line Trend

$$Y_t = a + bX$$

where,

Y = '*y*' represents the trend value and is, therefore, also called as Y_t, or computed trend value (Y_c).

a = '*a*' is a constant and represent value of Y variable when X = 0.

b = '*b*' is another constant and represent slope of trend line. This discloses the change in value of '*y*' variable when there is a unit change in X [*i.e.,* 'X' changes by 1].

Generally X represents change in time period by 1 year.

उपरोक्त रेखा समीकरण **($Y_t = a + bX$) द्वारा प्राप्त दीर्घकालीन प्रवत्ति को सर्वाधिक उपयुक्तता की रेखा Line of Best Fit) भी कहते हैं।** यह रेखा समीकरण समंकों की प्रवत्ति को इस प्रकार स्पष्ट करती है कि -

(1) Y व इससे सम्बन्धित प्रवत्ति मूल्य (Y_t or Y_c) के अन्तर का योग सदैव शून्य (Zero) होता है। सूत्र के रूप में $S(Y - Y_t) = 0$।

(2) इसी प्रकार Y व इससे सम्बन्धित प्रवत्ति मूल्यों के अन्तर के वर्गों का योग सदैव कम से कम होगा। सूत्र के रूप से $S(Y - Y_t)^2 = 0$ will be the best. इसी कारण से इसे न्यूनतम वर्ग रीति कहते हैं

यदि दीर्घकाल में काल श्रेणी के समंकों में बढ़ने व घटने की दर असमान है तो ऐसी दशा में अरेखीय उपनति (Non-linear Trend) का प्रयोग किया जाता है। इस समीकरण को निम्न प्रकार से व्यक्त किया जाता है :-

$$\mathbf{Y_t = a + bX + cX^2}$$

इसी द्वितीय घात परवलयिक वक्र (Second Degree Parabolic Curve) भी कहते हैं।

उपरोक्त रेखा माध्य-मूल्यों को प्रदर्शित करती है। अतः इसे रेखा द्वारा प्राप्त प्रवत्ति किसी अन्य रेखा द्वारा प्राप्त प्रवत्ति से अच्छी होगी। अतः इस विधि से प्राप्त भविष्य के अनुमानित प्रवत्ति मूल्य भी अधिक विश्वसनीय होते हैं। प्रवत्ति का सरल (Straight) व परवलयिक वक्र (Parabolic Curve) दोनों ही प्रकार की हो सकती हैं। इस अध्याय में हम सरल रेखा का ही वर्णन करेंगे।

सरल रेखीय प्रवत्ति बनाने की विधि (Procedure of Drawing Straight Line Trend) न्यूनतम वर्ग रीति में सरल रेखा प्रवत्ति ज्ञात करने का समीकरण निम्न है :

$$Yt = a + bX$$

इस समीकरण के विभिन्न मूल्यों को पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है। इसी समीकरण में 'a' व 'b' दोनों अचर मूल्यों (Constant) को ज्ञात करने के लिए निम्न दो समीकरणों की आवश्यकता होती है :-

$$SY = aN + bSX \quad ...(i)$$

$$SXY = aNS + bSX^2 \quad ...(ii)$$

प्रथम समीकरण $Y = a + bX$ के सभी समंकों का योग है, जैसा कि निम्नलिखित समीकरणों से स्पष्ट है :-

पहली समीकरण $Y_1 = a + bX_1$

द्वितीय समीकरण $Y_2 = a + bX_2$

ततीय समीकरण $Y_3 = a + bX_3$

$\vdots$

$\vdots$

$Y_n = a + bX_n$

योग करने पर $SY_n = aN + bSX_n$

इसी प्रकार दूसरी समीकरण $Y = a + bX$ को दोनों ओर X से गुणा करने पर प्राप्त।

प्रथम समीकरण $X_1Y_1 = aX_1 + bX_1^2$

द्वितीय समीकरण $X_2Y_2 = aX_1 + bX_2^2$

ततीय समीकरण $X_3Y_3 = aX_1 + bX_3^2$

$\vdots$

$\vdots$

योग करने पर $SXY = aSX + bSX^2$

